The Book Review Literary Trust has now launched a fundraising campaign to enhance its corpus. We invite all our readers to access the Home Page on our Website: www.thebookreviewindia.org and CLICK DONATE. Every click will take us closer to achieving our target. All donations are eligible for 80 g Exemption.

Cheques to be made in favour of "The Book Review Literary Trust" Payable at New Delhi

**For Wire transfer our account details are:**

Name of Account holder: THE BOOK REVIEW LITERARY TRUST

Address of bank : CHANAKYA PURI, NEW DELHI 110021

Bank Account No: 00340200000064 | Bank name: BANK OF BARODA |
IFSC Code: BARB0CHANAK | MICR Code: 110012012

Posting Date: 10th & 11th of every month at L.P.C. Delhi RMS Delhi-110006.
Publishing Date: 8th of every month

Postal Registration No DL-SW-01/4079/2021-23
R.N.I.No. 28686/76 ISSN: No. 0970-4175


# PEOPLE WHO MADE HISTORY




Presents a bouquet of characters from all eras of Indian history – Ancient, Medieval and Modern

Special pages to mark the turning points and remarkable achievements in Indian socio-cultural history

Photographs and illustrations that bring to life characters out of the pages of history

Rama Sagar P. Ltd.

Education, Our Mission!

हिन्दी अकादमी, हैदराबाद ISSN 2277-9264
यूजीसी केयर सूची में सम्मिलित पत्रिका (क्रमांक-120)

# संकल्य

51 वर्षों से
निरंतर दक्षिण से
प्रकाशित



# विनम्र श्रद्धांजलि



## प्रो. टी. मोहन सिंह जी

(1943-2023)

'जन्म सत्यं ध्रुवं मृत्यु', यह संसार का शाश्वत सत्य है। इस सत्य से कल्मषयुक्त चराचर जगत के हर प्राणी को साक्षात्कार करना पड़ता है। आत्मा अजर है, अमर है और यह देह नाशवान। जिसने जन्म लिया है उसे एक न एक दिन जाना ही होगा। 19 जून, 2023 की सुबह हैदराबाद हिन्दी जगत के भीष्म पितामह संत स्वभावी प्रो. टी. मोहन सिंह जी के हृदयाघात से निधन होने की खबर से न केवल पूरा हैदराबाद, बल्कि देश के कोने-कोने में रहने वाले प्रो. मोहन सिंह जी के मृदुल व्यक्तित्व से परिचित कई दिग्गज स्तब्ध दिखे। सभी के शोक संदेश मिले। 1943 को तेलंगाना के नागरकर्नूल जिले के एक पिछड़े गाँव में जन्मे प्रो. मोहन सिंह जी भारी संघर्ष के बीच हैदराबाद स्थित उस्मानिया विश्व विद्यालय के हिन्दी विभाग में प्राध्यापक के रूप में पहुँचे थे तथा विश्वविद्यालय के कई उच्च पदों पर सेवा देते हुए वर्ष 2003 में सेवानिवृत्त हो गए थे। अपने पूरे कार्यकाल में छात्रवत्सल रहे प्रो. मोहन सिंह जी को गरीबी का दर्द मालूम था। इसीलिए विश्वविद्यालय के हर गरीब विद्यार्थी की मदद उनकी प्राथमिकता रही। उस समय उस्मानिया विश्वविद्यालय के आर्ट्स कॉलेज के प्राचार्य का पद खतरे का पद हुआ करता था। कोई प्राचार्य बनने को तैयार नहीं होता था, किन्तु वही प्रो. मोहन सिंह जी थे, जिन्होंने एक दशक तक निर्भीक रूप में प्राचार्य पद पर कार्य किया। यह उनकी प्रशासनिक दक्षता तथा छात्रवत्सलता का मिसाल है।

साथ ही हिन्दी अकादमी, हैदराबाद से पिछले 50 वर्षों से निरंतर प्रकाशित हिन्दी पत्रिका 'संकल्य' के लगभग दो दशक से प्रधान संपादक के रूप में निःशुल्क सेवा देने वाले प्रो. मोहन सिंह जी की कमी 'संकल्य' परिवार को अवश्य खलेगी। 'संकल्य' परिवार के लिए प्रो. मोहन सिंह जी का चले जाना एक अपूरणीय क्षति है। स्मृति शेष प्रो. टी. मोहन सिंह जी की आत्मा को चिर शांति मिले यह ईश्वर से प्रार्थना करते हुए 'संकल्य' परिवार उन्हें अश्रुल श्रद्धांजलि अर्पित करता है...

ISSN : 2277-9264

यू. जी. सी. केयर सूची में सम्मिलित जर्नल

मधुसूदन चतुर्वेदी, प्रो. बैजनाथ चतुर्वेदी, प्रो. वसंत चक्रवर्ती कीर्ति स्तंभ

*स्थापना वर्ष : 1956*

# *संकल्य*

*त्रैमासिक*

(संयुक्तांक) वर्ष : 51 : अंक–1 एवं 2, जनवरी–मार्च एवं अप्रैल–जून, 2023

प्रधान संपादक
प्रो. टी. मोहन सिंह
अध्यक्ष : हिंदी अकादमी, हैदराबाद

प्रेरणास्रोत
विवेकी राय

संपादक
डॉ. गोरखनाथ तिवारी
डॉ. शशिकांत मिश्र

परामर्शदाता मंडल

प्रो. टी. आर. भट्ट
प्रो. त्रिभुवननाथ शुक्ल
प्रो. दिलीप सिंह
प्रो. तेजस्वी कट्टीमनी
प्रो. आर. एस. सर्राजु
प्रो. नंद किशोर पांडेय
प्रो. शुभदा वांजपे
प्रो. जयंत कर शर्मा
श्री ओम धीरज
श्री रूद्रनाथ मिश्र
डॉ. राजनारायण अवस्थी

प्रकाशक
डॉ. गोरखनाथ तिवारी
सचिव : हिंदी अकादमी, हैदराबाद

सम्मानीय संरक्षक

श्री राजेश्वर तिवारी, आई.ए.एस.
श्री लाल जी राय, आई.ए.एस.
श्री जितेंद्र रेड्डी, पूर्व संसद सदस्य
प्रो. आर. के. मिश्रा (विश्व प्रसिद्ध अर्थशास्त्री)

सुश्री कविता ठाकुर, कानूनी सलाहकार
रेखा तिवारी, प्रबंध संपादक

## संपादकीय कार्यालय

प्लॉट नं. 10, रोड नं. 6, समतापुरी कॉलोनी
न्यू नागोल के पास, हैदराबाद– 500 035 (तेलंगाना)

## संकल्य (त्रैमासिक)

- प्रकाशित सामग्री की रीति–नीति या विचारों से **हिंदी अकादमी, हैदराबाद** या संपादक मंडल की सहमति अनिवार्य नहीं है।
- **'संकल्य'** से संबंधित सभी विवादास्पद मामले केवल हैदराबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## शुल्क भेजने का पता :

मनीआर्डर या बैंक ड्राफ्ट **हिंदी अकादमी** के नाम

**सचिव : डॉ. गोरखनाथ तिवारी**

फ्लैट नं. 258/ए, ब्लॉक नं.11, तीसरी मंजिल,
जनप्रिया टाउनशिप, मल्लापुर
हैदराबाद– 500 076 (तेलंगाना), ई–मेल : **hindiakadami@gmail.com**
फोन : 09441017160/9032117105

**ऑनलाइन संकल्य की सदस्यता शुल्क भेजने हेतु पृष्ठ 50 पर बैंक डिटेल देखें।**

## मूल्य :

**विशेषांक एक अंक का मूल्य रु. 200/–**

**वार्षिक :** रु.500/–, **आजीवन :** रु.5,100/– (व्यक्तिगत),
संस्थागत आजीवन : रु.7,500/–, संस्थाओं के लिए : **वार्षिक** : रु. 800/–,
**संरक्षक सदस्यता शुल्क** : रु.7,500/– (आजीवन)

## आवरण चित्र

- **सुरभि राय,** चित्रकार
- **प्रमोद कुमार मणि त्रिपाठी,** प्रूफ रीडर

## मुद्रक :

**कर्षक आर्ट प्रिंटर्स**
40–ए.पी.एच.बी.
विद्यानगर, हैदराबाद–500 044
फोन : 040–27618261, 27653348

**संकल्य पत्रिका में प्रकाशन हेतु Kruti Dev 010 या Unicode Mangal फ़ांट में सामग्री टाइप करवाकर ई–मेल : hindiakadami@gmail.com पर भेजें।**

ISSN 2277-9264/यू. जी. सी. केयर सूची में सम्मिलित जर्नल RNI No. 25388/74

# संकल्य त्रैमासिक

(संयुक्तांक) वर्ष : 51 : अंक–1 एवं 2, जनवरी–मार्च एवं अप्रैल–जून, 2023

## अनुक्रम Contents

### संपादकीय

फिजी से 'कृत्रिम मेधा' का संदेश..... : प्रो. टी. मोहन सिंह 05

### साक्षात्कार

हिंदी के शिखर पुरुष प्रो. चक्रधर त्रिपाठी के साथ डॉ. गोरखनाथ तिवारी की विशेष बातचीत : 07

### आलेख

1. 'नई नारी' को जन्म देने वाली फकीरमोहन सेनापति की कहानी 'रेवती' : प्रो. जयंत कर शर्मा 13
2. 21वीं सदी में भारतीय प्रवासी और उनके साहित्य : अमित कुमार गुप्ता एवं रजनी बाला 21
3. हिंदी की स्त्रीवादी कविता का सौंदर्यबोधीय परिदृश्य : डॉ. अमिय कुमार साहु 27
4. निर्मल वर्मा की कहानियाँ : स्वरूप एवं संवेदना : प्रो. अखिलेश कुमार शंखधर एवं डॉ.लाङ्जम रोमी देवी 34
5. अरूणाचल प्रदेश के गुमनामी स्वतंत्रता सेनानी : डॉ. विश्वजीत कुमार मिश्र 39
6. भाषा के प्रचार–प्रसार में पत्रकारिता का योगदान : एक अध्ययन : सुरेंद्र कुमार 45
7. हिंदी दलित कविता में अंबेडकरवादी चेतना : सोनटके गौतम 51
8. नासिरा शर्मा की 'मेरी प्रिय कहानियाँ' में चित्रित सामाजिक परिवेश : डॉ. पठान रहीम खान 54
9. एबीसीडी उपन्यास में सांस्कृतिक संघर्ष : विनोद बाबुराव मेघशाम 61
10. प्रवासी हिंदी साहित्य में चित्रित नस्लभेद : प्रियदर्शिनी बारिक 67
11. 'टोपी शुक्ला' में चित्रित साझी संस्कृति : साहिबा खातूऩ 71
12. हिंदी कहानियों में कामकाजी नारी की समस्याएँ : आलिया परवीन एस. कलकेरी 77
13. गिलिग्डु में चित्रित वृद्ध जीवन संघर्ष : डॉ. रेणुका बालेहोसुर 80

| | | | |
|---|---|---|---|
| 14. | उषा प्रियंवदा का कथा साहित्य : स्त्री मुक्ति का आख्यान | : डॉ. किरण तिवारी | 87 |
| 15. | गीता में योग का स्वरूप : एक अध्ययन | : अजय चौधरी एवं डॉ. नितिन घोमने | 95 |
| 16. | श्रीमद्भगवद्गीता में ज्ञान, कर्म व भक्तियोग की उपादेयता | : वीना रानी | 104 |
| 17. | वैदिक वाङ्मय में नारी एवं स्वास्थ्य : एक विवेचनात्मक अध्ययन | : सुनीता देवी | 111 |
| 18. | डॉ. शिवबहादुर सिंह भदौरिया का काव्य संसार | : डॉ. रत्नेश कुमार यादव एवं अमन वर्मा | 115 |
| 19. | समकालीन हिंदी स्त्रीवादी कहानियों में नारी–विमर्श | : डॉ. सी. संगीता | 119 |
| 20. | हिंदी दलित कथा साहित्य का समाजशास्त्रीय अध्ययन | : डॉ. अजय कुमार | 123 |
| 21. | समकालीन कहानियों में स्त्री–पुरुष | : डॉ. शकीला बेगम मुस्तफा | 126 |
| 22. | रूपनारायण सोनकर की कहानियों में चित्रित दलित अस्मिता | : डॉ. दोड्डा शेषु बाबु | 130 |
| 23. | हिसार में सामाजिक, आर्थिक और तकनीकी विकास | : सुनीता | 135 |
| 24. | हिंदी में रोजगार की संभावनाएँ | : डॉ. बसवराज के. बारकेर | 141 |
| 25. | कोरोना काल में लोगों की मीडिया आदतों में परिवर्तन का अध्ययन | : डॉ. सुरेश कुमार | 144 |
| 26. | बामसेफ संगठन : गठन, स्थापना और विकास | : अशोक कुमार | 150 |

**कहानी**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 27. | लगन | : डॉ. शशिकांत मिश्र | 155 |

**संपादकीय**

# फिजी से 'कृत्रिम मेधा' का संदेश........

फिजी के नादी शहर के देनाराऊ आइलैंड कन्वेंशन सेंटर में 15 से 17 फरवरी 2023 तक आयोजित 12वें विश्व हिंदी सम्मलेन वैश्विक इतिहास में एक स्वर्णिम पृष्ठ बन गया। साथ ही 1948 में स्थापित हुए भारत और फिजी के राजनयिक संबंध को और सुदृढ़ता मिली। सच्चाई तो यह है कि फिजी के साथ भारत का एक विशेष संबंध शताब्दी पूर्व रहा है। इतिहास साक्षी है कि 143 वर्ष पहले भारत से एक संविदा के तहत हजारों श्रमिकों को फिजी ले जाया गया था। आज उन हिंदुस्तानियों की तीसरी, चौथी व पाँचवीं पीढियाँ वहाँ रहती हैं, जो अपनी भारतीय विरासत पर गर्व करती हैं। वे अपनी भाषा व संस्कृति के प्रति समर्पित हैं। फिजी में विश्व हिंदी सम्मलेन का आयोजन उन पूर्वजों के प्रति विनम्र श्रद्धांजलि है, जिनके कारण हिंदी ने फिजी में अपना स्थान बना लिया है। विश्व हिंदी सम्मलेन की संकल्पना हिंदी को भावनात्मक धरातल से उठाकर व्यापक स्वरुप प्रदान करने के लिए की गई है। 12वें विश्व हिंदी सम्मलेन की थीम "हिंदी–पारंपरिक ज्ञान से कृत्रिम मेधा तक" रखी गयी थी। इसमें जहाँ एक ओर हम अपनी परंपरा और प्राचीन ज्ञान के प्रति सम्मान दर्शा रहे हैं, वहीं दुनिया को यह बताना चाहते हैं कि हिंदी केवल साहित्य की भाषा नहीं, बल्कि आधुनिक ज्ञान–विज्ञान के साथ चलने और नई तकनीकी से कदम मिलाने में सक्षम भाषा है। यह विश्व हिंदी सम्मेलन दुनिया भर के हिंदी प्रेमियों, हिंदी सेवियों, हिंदी विद्वानों और लेखकों को हिंदी की दशा–दिशा पर विचार करने का एक मंच प्रदान करता है।

ज्ञात रहे कि हिंदी न सिर्फ भारत की सबसे प्रमुख संपर्क भाषा है, बल्कि यह विदेशों में भारतीयों की पहचान से भी जुड़ी है। हिंदी भारत की महान संस्कृति की संवाहिका ही नहीं, आज **'विश्वबंधुत्व' और 'वसुधैव कुटुम्बकम्'** जैसे भारतीय दर्शन को समग्र विश्व में फैलाने का काम करती है। हमारी गौरवशाली संस्कृति व संस्कारों को तकनीकी के वर्तमान दौर में विभिन्न माध्यमों से दुनिया के हर हिस्से में पहुँचाने में हिंदी का अहम् योगदान रहा है। फिजी में हिंदी की स्थिति इस तथ्य का स्पष्ट प्रमाण है। 1879 ई. में भारतीय श्रमिकों के साथ फिजी पहुँची हिंदी आज वहाँ की आधिकारिक भाषाओं में शामिल है। विश्व हिंदी सम्मेलन में भारत और फिजी सहित विश्व के अन्य देशों के प्रतिनिधियों ने प्रतिवेदन में इस सम्मलेन को सफल बताते हुए इस बात पर सहमति जतायी कि कृत्रिम मेधा जैसी आधुनिक सूचना, ज्ञान एवं अनुसंधान की तकनीक का हिंदी के माध्यम से प्रयोग करते हुए भारतीय ज्ञान परंपरा और अन्य पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों को विश्व की बहुत बड़ी जनसंख्या तक पहुँचाया जा सकता है। प्रतिवेदन में यह भी कहा गया कि प्रतिस्पर्धा पर आधारित विश्व व्यवस्था को सहकार, समावेशन और सह–अस्तित्व पर आधारित वैकल्पिक दृष्टि प्रदान करने में हिंदी एक महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर

सकती है। इसमें यह भी कहा गया कि **'वसुधैव कुटुम्बकम' और 'सर्वे भवन्तु सुखिनः'** के आधार पर अंतरराष्ट्रीय आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए वैश्विक बाजार का निर्माण किया जा सकता है। सूचना प्रौद्योगिकी एवं कृत्रिम मेधा जैसी आधुनिक ज्ञान प्रणालियों का समुचित उपयोग करते हुए हिंदी मीडिया, सिनेमा और जनसंचार के विविध नए माध्यमों ने हिंदी को विश्व–भाषा के रूप में विस्तारित करने की नई संभावनाओं के द्वार खोले हैं। हिंदी भाषा को पारंपरिक प्रयोजनों से अधिक आधुनिक प्रयोजनों के लिए तैयार करना ही भाषिक आधुनिकीकरण है और इस प्रकार के सम्मेलनों का उद्देश्य भी यही होता है। 'कृत्रिम मेधा' का अर्थ तकनीक की उस शक्ति से है, जिसका प्रयोग करते हुए वह न सिर्फ इंसानों की तरह, बल्कि अपेक्षाकृत बहुत बड़े पैमाने पर सीख सकती हैं, व्यापक स्तर पर आँकड़ों का विश्लेषण कर सकती है, भिन्न–भिन्न परिस्थितियों का मंथन कर सकती है, अपनी क्षमताओं में वृद्धि कर सकती है, निर्णय ले सकती है और परिणाम दे सकती है। कृत्रिम मेधा ने यह संभव कर दिखाया है कि कोई एक भाषा जानने पर भी आप सब भाषा–भाषियों के बीच संवाद, कारोबार कर सकते हैं। हिंदी प्रयोक्ताओं की संख्या ही आज इस भाषा की सबसे बड़ी शक्ति है, जो अंतरराष्ट्रीय कारोबार में हिंदी को हमेशा केंद्रीय भूमिका में रखेगी। भारत में कृत्रिम मेधा से संचालित जनोन्मुखी प्रणालियों के लिए हिंदी व भारतीय भाषाएँ सबसे उपयुक्त विकल्प हैं। कृत्रिम मेधा हमारी पूर्व की गतिविधियों के आधार पर हमारी पसंद या नापसंद का सहज अनुमान लगा लेती है। कृत्रिम मेधा पूर्व के अनुभवों, व्यवहार विश्लेषण और पैटर्न की पहचान के द्वारा एक विशिष्ट अल्गोरिद्म पर कार्य करती है। अतएव वेब पर हिंदी का जितना अधिक कंटेंट होगा, कृत्रिम मेधा के साथ हिंदी उतने ही प्रभावी तरीके से कार्य करेगी। भारत में कृत्रिम मेधा का भविष्य सूचना ज्ञान और आँकड़ों पर आधारित है और इनके उपयोग में हिंदी की भूमिका सिद्ध है।

आगे आनेवाली पीढ़ी यह जानें कि हिंदी एक सशक्त भाषा है और कृत्रिम मेधा के साथ कदमताल करने में समर्थ है। ज्ञान–विज्ञान के सभी नए पहलुओं पर कार्य करने का माध्यम भी हिंदी किसी की राह में वाधा नहीं है। यह तो प्रगति पथ पर अग्रसर करनेवाली शक्ति है। आज हमारे पास हिंदी से संचालित एलेक्सा तथा अन्य स्वचालित मशीनें हैं, रोबोट हैं, चैटबॉट है, जो हिंदी भाषा समझते हैं। वर्तमान समय में भाषाओं के विकास उसके संचार के लिए कृत्रिम मेधा का साथ समय की माँग है। किसी भी भाषा को जीवित रखने के लिए उसे भावी पीढ़ी को सौंपना सबसे ज्यादा जरूरी है। यह तभी संभव है, जब हम उसे तकनीकी व प्रौद्योगिकी के साथ कदमताल करने में सक्षम बनाएँ।

भारत ने दुनिया को गिनना सिखाया है। आत्मनिर्भरता के स्तर पर भारत को आगे बढ़ना है तो पारंपरिक ज्ञान बहुत आवश्यक है। प्राचीन ज्ञान को आधुनिक तकनीक से जोड़ने की जरूरत है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में भी इसकी बात कही गई है। भारतीय ज्ञान परंपरा को आज के संदर्भ में ढालने की जरूरत है।

**प्रो. टी. मोहन सिंह**
*प्रधान संपादक*

साक्षात्कार

# हिंदी के शिखर पुरुष प्रो. चक्रधर त्रिपाठी से डॉ. गोरखनाथ तिवारी की विशेष बातचीत



**प्रो. चक्रधर त्रिपाठी**
कुलपति, ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय

बचपन में पल्ली में बढ़े, गरीबी में जीए तथा कड़े त्याग व निष्ठा से अध्ययन करते हुए शांति निकेतन में विश्वगुरु रवींद्रनाथ से प्रेरणा प्राप्त कर राष्ट्र सेवा को सर्वोपरि मानने वाले व्यक्तित्व हैं प्रो. चक्रधर त्रिपाठी, जिन्होंने हाल ही में ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय में कुलपति के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है। किशोरावस्था से हिंदी के प्रति निष्ठावान रहे प्रो. त्रिपाठी हिंदी भाषा और साहित्य के एक मर्मज्ञ विद्वान हैं, जिनकी कलम से कई साहित्यिक विधा की सरिताएँ प्रवाहित हुई हैं। उनके कुशल प्रशासनिक प्रज्ञा सर्वविदित है। छात्रवत्सल रहे प्रो. चक्रधर त्रिपाठी से 'संकल्य' के संपादक डॉ. गोरखनाथ तिवारी ने विशेष बातचीत की तथा उनके संघर्षमय आदर्श जीवन को 'संकल्य' के पाठकों के सामने प्रस्तुत किया—

**प्रश्न : कुलपतिजी, नमस्कार। त्रैमासिक पत्रिका 'संकल्य' की ओर से आपका हार्दिक अभिनंदन। आपके सौम्य व शांत व्यक्तित्व से प्रतीत होता है कि आप बहुमुखी प्रतिभा के धनी हैं। आप सबसे पहले हमारे पाठकों को अपने जन्म व शिक्षा—दीक्षा के बारे में बताएँ।**

**उत्तर :** गोरखनाथ जी, नमस्कार। मेरा जन्म 1961 को उत्कल प्रांत के केउंझर जिले के हाटडिही प्रखंड के जगन्नाथपुर गाँव में हुआ था। मैं तीन भाई—बहनों में एक हूं। मेरी प्राथमिक शिक्षा गाँव में हुई। माध्यमिक शिक्षा के दौरान हमारे हिंदी शिक्षक से सुनने के लिए मिला कि गांधीजी बोला करते थे कि हिंदी की सेवा राष्ट्र की सेवा है, इसलिए मैं इस दिशा में आगे बढ़ा। पहले से ही मैं अपने स्वार्थ से हटकर कुछ करना चाहता था, क्योंकि मैंने कभी खुद की परवाह नहीं की। मैं कुछ और बनना चाहता था। अतः मैंने गांधीजी के नारे "हिंदी की सेवा— राष्ट्र की सेवा" को जीवन का पाथेय बना लिया और उस राह पर चल पड़ा। माध्यमिक शिक्षा के पश्चात मैं हिंदी विद्यापीठ, देवघर (बिहार) पहुँचा। वहाँ पर भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद के नाम पर राजेंद्र शोध संस्थान में हमने साहित्य भूषण में प्रवेश लिया और वहाँ से मेरे जीवन में एक नया मोड़ आया। बाद में विश्वभारती, शांतिनिकेतन से जुड़ा। वहाँ से मेरे जीवन में दूसरा मोड़ आया और मैं एक बड़ी दुनिया से जुड़ा। किंतु हमेशा राष्ट्र की सेवा को सर्वोपरि मानते हुए मैं स्वयं के जीवन को गति देता रहाँ इस दरम्यान मुझे कई बड़ी—बड़ी विभूतियों की संगति मिली। इस दौरान मुझे राष्ट्र के साथ—साथ विश्व के बारे में अधिक जानकारी मिली। विश्वभारती में काम करते समय गुरुदेव रवीन्द्रनाथ के चिंतन से अत्यंत प्रेरित

हुआ। उससे पहले मैं जो राष्ट्र चेतना तक सीमित था, वहाँ पर मेरी विश्व चेतना जगी। रवींद्र साहित्य से मुझे यह ज्ञात हुआ कि कैसे एक व्यक्ति स्वयं को विश्व की सेवा में ढाल सकता है और अपने जीवन को आनंदमय बना सकता है। सच्चाई तो यह है कि जब व्यक्ति को सही ज्ञान प्राप्त होता है, तब आसक्तियाँ कम होती जाती है और जब आसक्तियाँ मनुष्य में कम होती जाती हैं, तब उसमें एक स्थिरता आ जाती है। जब हमें यथार्थ का ज्ञान होता है, तब हम जीवन के अर्थ को सही मायने में समझ सकते हैं। किंतु यह यथार्थ तथाकथित यथार्थ से भिन्न है। यह हिंदी साहित्य का यथार्थवाद नहीं है। कहने का मतलब यह है इस यथार्थ से जीवन को सच्चा सुख मिलता है। यह यथार्थ है—हम सब एक हैं। यह यथार्थ है **'वसुधैव कुटुंबकम्'।** सत्य है कि व्यक्ति सत्ता कुछ होती ही नहीं है, वह सामूहिक होता है और यह शाश्वत है।

**प्रश्न : महोदय, आपकी मातृभाषा ओड़िआ है, किंतु कड़ी मेहनत के बल पर आप हिंदी भाषा और सहित्य में सर्वोच्च उपाधि ग्रहीता भी हैं। क्या आप बताएंगे कि हिंदी भाषा और साहित्य की ओर आपका झुकाव क्यों रहा?**

**उत्तर :** जैसा हमने बताया कि हिंदी शिक्षक से गांधीजी के बारे में सुनकर मैं हिंदी की ओर आकर्षित हुआ, किंतु उस हिंदी को अपना बनाने के क्रम में मुझे कई परेशानियों से गुजरना पड़ा था। देवघर (बिहार) में जब मैं छात्रावास में रहता था, मेरे अंदर हिंदी सिखने का एक जुनून था। मैं सिनेमा आदि देखने जाता था, तो हाथ में एक नोटबुक और पेंसिल जरूर रखता था। उसमें हर डायलॉग के शब्द, उसका लिंग, अर्थ आदि लिखा करता था और बाद में उसका अभ्यास भी किया करता था। कुलमिलाकर मैं हिंदी भाषा को आत्मसात करना चाहता था। एक दिन की बात, रात को मैंने हिंदी में सपना देखा। मेरी नींद खुल गई और मैं भावविभोर होकर सोचने लगा कि अब हिंदी मेरे पल्ले पड़ी है। मैं हिंदी में कुछ कर सकता हूं। मैं हिंदी में कुछ बन सकता हूं। तबसे मैने हिंदी को अपने जीवन का सबकुछ मान लिया तथा उसी के साथ आगे बढा।

**प्रश्न : आप अपने शोध कार्यों के बारे में बताएंगे।**

**उत्तर :** जहाँ तक शोध की बात है मेरे शोध का विषय 'नई कविता में युगबोध' रहाँ बाद में यह ' नई कविता का प्रतिपाद्य' शीर्षक से पुस्तक के रूप में छपी। मैंने अपने शोध में यह बताने का प्रयास किया कि नई कविता सिर्फ स्व—केंद्रित कविता नहीं है, बल्कि इसमें समाज चेतना तथा युगबोध भी है।

**प्रश्न : आप अपनी अध्ययन—यात्रा के दौरान आने वाली कठिनाइयों के बारे में बताइए।**

**उत्तर :** मरे जीवन में सबसे बडी कठिनाई थी आर्थिक समस्या। किंतु बुलंद इरादे के सामने आर्थिक कठिनाई हार मान लेती है। पढ़ाई के समय हॉस्टेल में जब हम रहते थे तब हमारे पास एक पैसा भी नहीं होता था। तब चावल बनने के बाद फेंक दिये जाने वाले माढ हमारे मित्र थे। सुबह—शाम दो लोटा माढ हम पी लिया करते थे, साथ ही सरकारी नल का पानी हमारा साथ दिया करता था। इसके अलावा अध्ययन के समय और कई कठिनाइयाँ हुआ करती थी। कभी—कभी थोड़े बहुत पैसे मिल जाते थे तो उस पैसे से कभी किताब तो कभी रोजगार समाचार रखीद लिया करता था। बाद में उत्कल विश्वविद्यालय

से ग्रेजुएशन पास् होने के पश्चात हमें यह विश्वास हो गया था कि जरूर हमें कोई नौकरी मिल जाएगी और इसे पाने में हमने सफलता प्राप्त की।

**प्रश्न : आप हिंदी साहित्य में किसे महान लेखक मानते हैं और क्यों?**

**उत्तर :** हिंदी में जयशंकर प्रसाद को मैं महान लेखक मानता हूँ, क्योंकि उनकी रचनाओं में सांकृतिक चेतना व दर्शन मिलते हैं, जिनको पढ़ने से मनुष्य की चेतना को ऊर्ध्व गति मिलती है। चाहे यह उनकी कहानी हो या कविता। इनके अध्ययन से मनुष्य की चेतना का स्तर बहुत ही विकसित हो जाता है। दूसरी ओर तुलसीदास के अलावा अगर हम खड़ीबोली की बात करें तो इसमें जयशंकर प्रसाद ही श्रेष्ठ लगते हैं। उनकी रचना 'कामायनी' तो हिंदी साहित्य की गीता है।

**प्रश्न : सुना है कि आपके कुशल नेतृत्व में अनुवाद कार्यों के माध्यम से हिंदी साहित्य की श्रीवृद्धि हुई है, क्या आप इस पर प्रकाश डालेंगे।**

**उत्तर :** गोरखनाथजी, ऐसे में हमने बहुत सारे अनुवाद कार्य किये हैं। खासकर हमने विश्वगुरु रवींद्रनाथ की रचना 'जन्म दिने' का खड़ीबोली व हिंदुस्तानी में अनुवाद किया है। हमने ओड़िआ तथा बांग्ला भाषा से कई रचनाओं का अनुवाद हिंदी में किया है और अनुवाद करते समय हमने प्रांतीयता का प्रभाव नहीं आने दिया है। खासकर मानक हिंदी पर विशेष ध्यान दिया गया है।

**प्रश्न : कृपया आप हमारे पाठकों को यह बताने का कष्ट करें कि आपके आरंभिक जीवन से लेकर केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति पद तक पहुंचने में अपने परिवारजनों का क्या योगदान रहा है?**

**उत्तर :** सच्चाई तो यह है कि मेरे पिताजी नहीं चाहते थे कि मैं पढ़ूं। वह मुझे पुजारी बनाना चाहते थे। किंतु मेरा अथक प्रयास व लगन ने मुझे यहाँ तक पहुंचाया है। हाँ , बीच में मुझे एक बड़ी बीमारी ट्युबरक्युलोसिस हो गई थी और यह भी अंतिम स्टेज पर थी। डाक्टरों ने मेरे जीवित रहने की आशा छोड़ दी थी, साथ ही मेरी भी आशा जिंदा रहने की नहीं रही। इसके बाद जब इलाज चला उस दरम्यान मैं अधिक आध्यात्मिक बन गया। उस दौरान मेरी पत्नी ने बडी आशा बंधाई तथा घर की तमाम जिम्मेदारियों से मुझे मुक्त करा दिया गया, तब मैं सही हो सका और आज मैंने इस मुकाम पर पहुंच पाया है।

**प्रश्न : विश्वकवि रवींद्रनाथ ठाकुर द्वारा स्थापित विश्वभारती विश्वविद्यालय, शांतिनिकेतन के हिंदी विभाग में कई वर्षों तक कार्य किया है, यहाँ आपको मिले सुखद अनुभवों के बारे में बताइए।**

**उत्तर :** गोरखजी, शांतिनिकेतन के जिस आश्रम में रवींद्रनाथ के साथ–साथ हजारी प्रसाद द्विवेदी रहा करते थे, उसी आश्रम की मिट्टी और कई महान विद्वानों शरतचंद्र चट्टोपाध्याय, क्षितिमोहन सेन, सुधाकर चट्टोपाध्याय, कालिदास भट्टाचार्य के अलावा विश्व की कई विभूतियों के पदरज से पुण्य का भागी बन पायी है। उन विभूतियों की भावनाएं भी उस आश्रम के साथ जुड़ी हैं। हम भी उस आश्रम का अंश होने के कारण उन भावनाओं से ओतप्रोत हैं। उन भावनाओं के वातायन से हम यह मानते हैं कि वहाँ रवींद्रनाथ आज भी विद्यमान हैं। भले ही सशरीर न हों, किंतु अशरीर रूप में उनकी गूंज सुनाई देती हैं। संसार में मानवता के निर्माण के लिए दी गई वाणी उस परिसर में विद्यमान है। इस विश्वविद्यालय ने कई लोगों को मानवता का पाठ पढ़ाते हुए शांति का मार्ग

दिखाया है। वर्तमान में ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय, जो कोरापुट में विद्यमान है, यह भी दंडकारण्य क्षेत्र है, जहाँ प्रभु श्रीराम शबरी के पास आये थे और उनका जूठे बैर खाये थे। शबरी जैसी महान विभूति कोरापुट में थी। इनके अलावा यहाँ एक साधु समाज रहता था और मुझे यहाँ उस परमब्रह्म ने बुला लिया।

**प्रश्न : आपने अध्ययन व अध्यापन के कार्यों के दौरान कई देशों की यात्रा की है, क्या इस संबंध में आपके अनुभवों को हमारे पाठकों के साथ साझा करेंगे?**

**उत्तर :** जहाँ तक विदेशों में भ्रमण की बात है, मैंने सिर्फ एक देश की यात्रा की और वह है थाईलैंड। बाद में 5 वर्ष के लिए अमेरीका जाने का मौका मिला था किंतु मैं किसी कारण से जा न सका। इसलिए विदेशों में रहने का ज्यादा अनुभव मुझे नहीं है। किंतु विदेशियों को हिंदी पढ़ाने का कई सुखद अनुभव मुझे जरूर है। विदेशियों को हिंदी पढ़ाने का अर्थ उन्हें भारतीय समाज, संस्कृ ति आदि की जानकारी देनी है। किंतु उन्हें भारतीय समाज व संस्कृति और हिंदी भाषा के उच्चारण की पूर्व जानकारी नहीं होने के कारण हमें उन्हें हिंदी पढ़ाते समय भारी कठिनाइयों का सामना करना पडता है।

**प्रश्न : हिंदी भाषा और साहित्य के एक विशिष्ट विद्वान होने के नाते क्या आप विद्यार्थियों को हिंदी भाषा और साहित्य की महानता के संबंध में कुछ कहेंगे?**

**उत्तर :** देश का धरोहर भारतीय साहित्य है। इससे देश में सांस्कृतिक विनिमय संभव है। भारतीय साहित्य में वेद सर्व पुरातन है तथा इसका महत्व जीवन में आनंद प्राप्ति में है। व्यक्ति का सर्वांगीण विकास साहित्य शिक्षा से ही संभव है और वेद से मिली यह शिक्षा सर्वोत्तम है।

**प्रश्न : आपके कुशल निर्देशन में हिंदी विभाग, ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय, कोरापुट द्वारा हाल ही में 'हिंदी की दशा और दिशा' पर एक अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। क्या आप बताएंगे कि वर्तमान में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सचमुच हिंदी की दशा और दिशा क्या है?**

**उत्तर :** हाँ, गोरखनाथजी! जहाँ तक राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिंदी की दशा और दिशा की बात है, पहले से हमारे यहाँ किसी साधु के नेतृत्व में चारधाम की यात्रा की मान्यता रही है और प्राचीन काल से इसके लिए खडीबोली हिंदी काम करती रही है। दूसरी ओर व्यापार की भषा भी पहले से हिंदी रही है। कहा जाता है 'जहाँ न पहँचे बैलगाडी, वहीं पहुँचे मारवाडी'। अतः पहले से ही हिंदी व्यापार की तथा तीर्थाटन की भाषा रही है। भारतीय संस्कृति प्रेम की संस्कृति है, इसलिए हिंदी में प्रेम की संस्कृति बसी है। भारत में प्रातः होते ही जगह–जगह पर मीराबाई के भजन तो तुलसी के रामचरितमानस या फिर हनुमानचालीसा की गूंज गुंजायमान मिलती है।

जहाँ तक अतरराष्ट्रीय स्तर पर हिंदी की बात है, जिस राष्ट्र की जितनी शक्ति होती है, उसकी आवाज उतनी सुनी जाती है। यहाँ शक्ति का अर्थ आर्थिक सशक्तता से है। इससे स्पष्ट है कि आर्थिक रूप से भारत सशक्त होने के कारण विदेशों में भारत की मांग तथा पहचान बढ़ी है। इसलिए कई अन्य देशों जैसे जापान, चीन, यूरोप के कई देशों से लोग हिंदी सिखने भारत आ रहे हैं। उनके हिंदी सिखने के पीछे व्यवसाय ही मुख्य उद्देश्य रहा है।

वैश्विक स्तर पर आध्यात्मिक चेतना का प्रचार–प्रसार बड़े जोरों पर चल रहा हैं, चाहे वह प्रवचन के माध्यम से हो या फिर योगाभ्यास के माध्यम से। ये सब हिंदी के द्वारा ही संभव हो रहा है। कुल मिलाकर चाहे राष्ट्रीय स्तर पर हो या अंतरराष्ट्रीय स्तर पर, धर्म, अर्थ और मोक्ष की भाषा हिंदी रही है।

**प्रश्न : केंद्र सरकार की नई शिक्षा नीति– 2020 में भारतीय भाषाओं के अध्ययन पर अधिक बल दिया गया है। क्या इससे हिंदी सहित अन्य भारतीय भाषाओं का विकास संभव है?**

**उत्तर :** गोरखजी, जो नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 है, इसमें शिक्षा को जमीन से जुड़ने का प्रयास किया गया है। शिक्षा को व्यवहार से तथा कौशल से जुड़ने का प्रयास किया गया है। सच्चाई तो यह है कि पहले शिक्षा का संबंध कागज से था। हम पहले पश्चिम की शिक्षा के कायल थे। उसी ढांचे से हमारी शिक्षा नीति बनाई गई थी। वेदों की शिक्षा को हमने नजरअंदाज कर दिया था। हम अगर ब्रिटेन को देखेंगे, तो पाएंगे कि सबसे ज्यादा भद्र व्यक्ति यानी शिक्षित व्यक्ति वहाँ हैं, तो उनकी शिक्षा व्यावहारिक शिक्षा है। व्यावहारिक शिक्षा व्यक्ति को संयमित बनाती है। जो व्यक्ति संयमित होता है वह उतना शिक्षित बनता है। यह एसिया और यूरोप की शिक्षा में अंतर है। जहाँ एसिया की शिक्षा अतर्मुखी होती है, वहाँ यूरोप की शिक्षा बहिर्मुखी होती है।

व्यक्ति की सोच, विचार, भावना तथा सपने उसके व्यक्तित्व का निर्माण करते हैं। कहने का अर्थ जिसकी जो सोच है वह वैसे ही बन जाता है। अतः मातृभाषा व्यक्ति के चिंतन की तथा चेतना की भाषा है। इसे विश्व के विद्वानों ने स्वीकार किया है। शिक्षाशास्त्री यह मानते हैं कि शिक्षण का माध्यम मातृभाषा होनी चाहिए, क्योंकि मातृभाषा में ही बच्चा कुछ नया सोच सकता है, कुछ नया कर सकता है। उसे कर्मपथ पर डरने की आवश्यकता नहीं पड़ती। इसलिए नई शिक्षा नीति–2020 में मातृभाषा अधारित शिक्षा पर बल दिया गया है। यहाँ तक भी कहा गया है कि सिर्फ संविधान में स्वीकृत भाषा नहीं, बल्कि जो भाषाएं संविधान स्वीकृत नहीं है उन भाषाओं में भी उस भाषाभाषी समाज को शिक्षादान करने की व्यवस्था हो। हाल ही में ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय के दौरे पर आये भारत के शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधानजी ने हमारे विश्वविद्यालय को यहाँ की जनजातीय भाषा कुई, जो संविधान की आठवीं सूची में सम्मिलित नहीं है, उसमें पुस्तक तैयार करने का जिम्मा सौंपा है। इसलिए एनईपी–2020 गेमचेंजर साबित हुई है।

अगर हम प्राचीन कल की बात करें तो तत्कालीन भारत में स्थित तक्षशीला, नालंदा आदि विश्वविद्यालयों में विद्याध्ययन के लिए विदेशों से कई विद्यार्थी आते थे, क्योंकि भारत की ज्ञान परंपरा में कुछ खास बात होती थी, किंतु उस खासियत को अंग्रेजी शिक्षा ने जड़ से काट दिया। आज भारत सरकार नई शिक्षा नीति तैयार कर पुनः उस जड़ को जोड़ने का प्रयास कर रही है, जो एक न एक दिन जरूर सफल साबित होगा। एनईपी–2020 सिर्फ भाषा और साहित्य की बात नहीं करती, बल्कि इसमें प्रद्यौगिकी को साथ लेते हुए भाषाई चिंतन तथा चेतना के विकास पर ध्यान दिया गया है। सत्य तो यह

है कि शिक्षा का मूल उद्देश्य मानवता को कायम रखना है, जिस पर नई शिक्षा नीति में जोर दिया गया है।

**प्रश्न : आप माँ भारती के स्वयंसेवी पुत्र हैं। आप बताएँ कि देश की एकता और अखंडता बनाये रखने में शिक्षा और शिक्षक की क्या भूमिका होती है?**

**उत्तर :** देश की अखंडता सबकी पहली शर्त होनी चाहिए। देश में एकता तथा अखंडता नहीं होगी तो देश की संस्कृति नहीं बचेगी। देश के हर नागरिक में देशबोध की भावना होनी चाहिए और हर नागरिक में देशबोध का भाव जगाने में शिक्षा और शिक्षक की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। राष्ट्र की प्रकृति के महत्व को हमें समझना चाहिए। हमारे यहाँ धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष का जो संतुलन बनाया गया है, इससे हमारी संस्कृति बनी है। इससे भारतीय मानव सभ्यता बनी है। इसलिए हमें हमारे राष्ट्रीय मूल्य को बचाये रखना चाहिए।

**प्रश्न : एक सुरम्य बनानी तथा गिरिप्रांत में बने एक नये केंद्रीय विश्वविद्यालय को उन्नत बनाने के लिए आपकी क्या–क्या योजनाएँ हैं?**

**उत्तर :** गोरखनाथजी, अभी–अभी तो मैंने कुलपति के रूप में कार्यभार लिया है। सर्वप्रथम मैंने विश्वविद्यालय के आर्थिक विकास पर ध्यान केंद्रित किया है। इसके लिए एक बडी योजना बनाई गई है डायरी फार्मी की। यहाँ कृषि विज्ञान विभाग के साथ दुग्ध उत्पादन केंद्र विकसित करना है। इसके लिए स्थानीय उद्योगों से बातचीत चल रही है। दूसरी ओर, कोरापुट एक आदिवासी अंचल है। इसे ध्यान में रखते हुए यहाँ जनजातीय पुस्तकालय, संग्रहालय बनाये जाने की योजना है।

**प्रश्न : 50 वर्षों से अहिंदी भाषी क्षेत्र हैदराबाद से प्रकाशित हिंदी त्रैमासिक पत्रिका 'संकल्य' के पाठकों को हिंदी पत्र–पत्रिकाओं के पठन–पाठन के बारे में कुछ संदेश देंगे!**

**उत्तर :** सर्वविदित तो यह है कि हैदराबाद शुरू से ही साहित्यिक केंद्र रहा है। हैदराबाद एक अहिंदी भाषाभाषी स्थान होने के बावजूद पहले वहाँ से निकलने वाली पत्रिका 'कल्पना' ने हिंदी साहित्य के महान हस्ताक्षरों के निर्माण में अहम भूमिका निभाई थी। जहाँ तक पत्रिका की बात है, चाहे हिंदी भाषाभाषी क्षेत्र हो या हिंदीतर भाषाभाषी क्षेत्र, हिंदी के विद्यार्थियों को अधिक से अधिक पत्र–पत्रिकाओं के पठन–पाठन की ओर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। हिंदी के प्रचार–प्रसार में त्रैमासिक पत्रिका 'संकल्य' बहुत ही सराहनीय प्रयास कर रही है, अतः पत्रिका से जुडे सभी कार्यकर्ता बधाई के पात्र हैं।

**गोरखनाथ :** महोदय, हमें आपके बहुमूल्य समय देने तथा आपके जीवन की अनुभूति हमारे साथ साझा करने के लिए आपका बहुत–बहुत आभार। धन्यवाद।

आलेख

# 'नई नारी' को जन्म देने वाली फकीरमोहन सेनापति की कहानी 'रेवती'

प्रो.जयंत कर शर्मा

'द न्यू वुमन' अर्थात 'नई नारी' की अवधारणा एक नारीवादी आदर्श रही जो 19वीं शताब्दी के अंत में उभरी और 20वीं शताब्दी में इसका गहरा प्रभाव पड़ा। सन् 1894 ई. में, आयरिश लेखिका सारा ग्रैंड (1854–1943) ने एक प्रभावशाली लेख में "नई नारी" शब्द का इस्तेमाल किया, जो क्रांतिकारी परिवर्तन चाहने वाली स्वतंत्र महिलाओं को संदर्भित करती है, और इसके जवाब में अंग्रेजी लेखिका ओइदा (मारिया लुईसा रामे) ने इस शब्द का इस्तेमाल "नई नारी" के रूप में किया। इस शब्द को ब्रिटिश–अमेरिकी लेखक हेनरी जेम्स द्वारा और अधिक लोकप्रिय बनाया गया, जिन्होंने यूरोप और संयुक्त राज्य अमेरिका में नारीवादी, शिक्षित, स्वतंत्र कैरियर महिलाओं की संख्या में वृद्धि के लिए इसका इस्तेमाल किया। इसकी संकल्पना एक व्यक्ति और व्यक्तिगत स्वायत्तता के रूप में स्वतंत्र मन और आत्मा के साथ स्वतंत्र नारीत्व के रूप में पहचाने जाने के अपने मजबूत आग्रह की खोज में एक लंबी यात्रा के बाद उभरी है। सिमोन डी बेवॉयर जैसे आलोचक का दावा है कि "स्त्री पैदा नहीं होती बल्कि बन जाती है" (बेवॉयर. 295)। 'नई नारी' शब्द परिवार और समाज में अपने स्थान और स्थिति के एक नए अहसास में महिलाओं के जागरण को दर्शाने के लिए आया है। यह आंदोलन महिलाओं के विचारों पर समाज के नैतिक कम्पास के रूप में विस्तारित हुआ और उनकी भूमिका को घरेलू क्षेत्र से सार्वजनिक क्षेत्र में विस्तारित करने का आह्वान किया। मैरी वोलस्टनक्राफ्ट जिन्हें 'नारीवाद की जननी' भी माना जाता है, महिलाओं की शिक्षा और विवाह की संस्था के लिए आवाज उठाती हैं। 19वीं सदी के अंत में, हेनरी जेम्स द्वारा 'नई नारी' की अवधारणा को लोकप्रिय बनाया गया और डेज़ी मिलर ने 'द पोर्ट्रेट ऑफ़ ए लेडी' और इसाबेल आर्चर के माध्यम से नई नारी की छवियों का प्रतिनिधित्व किया गया। 'नई नारी' अनिवार्य रूप से परिवार और समाज में अपनी निम्न स्थिति के बारे में जागरूकता और चेतना की महिला है और इसे सुधारने की कोशिश करती है। मरियम–वेबस्टर शब्दकोष के अनुसार "नई नारी" विशेष रूप से 19वीं सदी के उत्तरार्ध की वह महिला है जो पारंपरिक नियंत्रणों का सक्रिय रूप से विरोध करती है और दुनिया में एक पूर्ण भूमिका निभाने की कोशिश कर रही है। इस शब्द का इस्तेमाल उन्नीसवीं शताब्दी के अंत में उन महिलाओं का वर्णन करने के लिए किया गया था जो समाज द्वारा महिलाओं पर थोपी गई सीमाओं के खिलाफ दबाव बना रही थीं। आज उन्हें एक मुक्त महिला या नारीवादी कहा जा सकता है। 19वीं शताब्दी में विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक

 

कारकों के कारण 'नई नारी' का उदय हुआ लेकिन 'नई नारी' की यह छवि कभी स्थिर नहीं रही बल्कि यह समय के साथ कई रूपों और रंगों को ग्रहण करती रही। जहाँ 19वीं सदी की न्यू वुमन साहसी, फैशनेबल, शिक्षित, सब कुछ बदलने के लिए जुनूनी थी और यौन स्वतंत्रता भी चाहती थी, वहीं 20वीं सदी की 'नई नारी' एक तर्कसंगत, विरोधाभासी चरित्र वाली, अंतर्मुखी और संघर्षों और तनावों के जाल में फँसी हुई थी। 21वीं सदी की बात करें तो यह देखा जा सकता है कि पश्चिमी नारीवादियों के विचारों और आंदोलनों और उनकी महिला विषयों के उनके प्रतिनिधित्व का भारत जैसे उभरते देशों की महिलाओं पर भी कुछ प्रभाव पड़ा है। नारीवाद जो आज भारत में मौजूद है, अपने पश्चिमी समकक्ष से आगे बढ़ गया है। "तीसरी दुनिया का नारीवाद एक स्पष्ट और सरल अर्थ में पश्चिमी एजेंडे की नासमझ नकल नहीं है। भारतीय नारीवाद स्पष्ट रूप से भारतीय महिलाओं से संबंधित मुद्दों की प्रतिक्रिया है। (नयनतारा 243)

महिलाओं की स्थिति का विकास सामाजिक विकास की एक महत्वपूर्ण शर्त मानी जाती है। महिलाओं का सशक्तिकरण तभी प्राप्त किया जा सकता है जब उनकी आर्थिक और सामाजिक स्थिति में सुधार हो। इस संदर्भ में पाँच आयाम महत्वपूर्ण हैंः– आर्थिक भागीदारी, आर्थिक अवसर, स्वास्थ्य और संपन्नता, राजनीतिक सशक्तिकरण और शैक्षिक सशक्तिकरण। सशक्त होने की पहली शर्त शिक्षा है, क्योंकि यह अन्य क्षेत्रों के लिए हमारी आंखें खोलती है। यह प्रपत्र फकीरमोहन सेनापति की कहानी "रेवती" (1898 ई.) के माध्यम से महिला शिक्षा पर उनके दृष्टिकोण की पड़ताल करता है। फकीरमोहन उन विषम सामाजिक संरचनाओं का खुलासा करते हैं जो महिलाओं पर अत्याचार करती हैं और साहसी महिलाओं को भी पैदा करती हैं जो परंपरा को चुनौती देती हैं। उनकी कहानी "रेवती" उस 'नई नारी' (न्यू वीमेन) को आकार देती है जिसे वे निकट भविष्य में भारत में विशेषकर ओड़िशा में आगमन के रूप में देखते हैं। ऐसा करते हुए, फकीरमोहन महिलाओं से अपनी खुद की पहचान खोजने का आग्रह करते हैं। "रेवती" को फकीरमोहन सेनापति द्वारा (पहली बार उत्कल साहित्य में प्रकाशित, खंड–2, संख्या–7) पहली ओड़िया आधुनिक लघु कहानी मानी जाती है और यह भारतीय साहित्य में उस समय लिखी गई अन्य कहानियों की तुलना में कई असाधारण और उन्नत गुणों के साथ भारतीय कथाओं की एक ऐतिहासिक कहानी है। नारीवाद और विशेष रूप से शिक्षा के लिए महिलाओं के अधिकार से संबंधित मध्यवर्गीय जीवन पर लिखी गई यह पहली कहानी है। इसमें न केवल महिला शिक्षा के बारे में एक कहानी की व्याख्या की गई है, बल्कि यह महिला–पहचान और सशक्तिकरण से भी संबंधित है। शुभकांत बेहरा ने इस कहानी की व्याख्या महिला सशक्तिकरण, पहचान और नारीवाद के परिप्रेक्ष्य में की है। (1999) रेवती एक युवा मासूम लड़की की कहानी है जिसकी शिक्षा की इच्छा को ओड़िशा के एक पिछड़े हुए गाँव के एक रूढ़िवादी समाज के संदर्भ में रखा गया है जो घातक महामारी हैजा से प्रभावित है। कहानी की प्रमुख पात्र रेवती सीखने की वर्जित इच्छा प्रदर्शित करती है और इस तरह अपने और अपने पूरे परिवार पर दुर्भाग्य को आमंत्रित करती है। कहानी में महिला शिक्षा के सभी समर्थक अर्थात उसके

माता–पिता, उसके शिक्षक महामारी हैजा से मर गए, जबकि उसकी दादी, जो उनसे अलग थी और महिला शिक्षा का विरोध करती थी, कहानी के अंत तक जीवित रही। वह पूरे समय रेवती को शिक्षा की इच्छा के लिए डाँटती और कोसती रही। रेवती की यही इच्छा उसके दुर्भाग्य का मूल कारण है।

बोलचाल, मुहावरेदार ओड़िया में लिखी गई "रेवती" एक बहुत ही सरल कहानी है। कटक जिले के पाटपुर गाँव में, श्यामबंधु मोहंती का परिवार रहता था, जिसे स्थानीय जमींदार ने ग्रामीणों से राजस्व वसूल करने के लिए नियुक्त किया था। श्यामबंधु की बूढ़ी माँ भी उनके साथ रह रही थी और उनका रहन–सहन अच्छा चल रहा था। श्यामबंधु की एक ही संतान थी, दस वर्ष की पुत्री रेवती जिसे विद्या का बहुत शौक था। बिना किसी औपचारिक शिक्षा के, उसने कई ओड़िआ भक्ति गीत सीखने में कामयाबी हासिल की थी और अपने पिता की मदद से पवित्र 'भागवत' की पंक्तियों को याद किया था। गाँव में एक उच्च प्राथमिक विद्यालय था जहाँ वासुदेव एकमात्र शिक्षक थे। समय के साथ, वासुदेव श्यामबंधु के परिवार के करीब आ गए। एक दिन जब श्यामबंधु को कटक के एक बालिका विद्यालय के बारे में पता चला, तो उन्होंने वासुदेव से अपनी बेटी को पढ़ाने का अनुरोध किया। वासुदेव भी बहुत उत्सुक थे कि रेवती को शिक्षित किया जाए। इसलिए, उन्होंने प्रस्ताव पर सहमति व्यक्त की। रेवती उड़िया वर्णमाला और पढ़ना–लिखना सीखने में सफल रही। लेकिन जल्द ही रेबती के परिवार पर दुर्भाग्य आ गया। उसके माता–पिता दोनों की एक के बाद एक जानलेवा महामारी हैजा से मृत्यु हो गई। जमींदार ने उन्हें दी गई जमीनें छीन लीं और उनके दो बैल बेच दिए। परिवार की अर्थव्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। वासुदेव, जो उस समय तक परिवार के बहुत करीब थे और रेवती के लिए प्रेम स्नेह विकसित कर चुके थे, उनके संकट में उनकी मदद करने के लिए आगे आए। लेकिन अचानक एक दिन वासुदेव की भी हैजे से मृत्यु हो गई और रेवती को बिना किसी सहारे के अकेला छोड़ दिया; बल्कि, रेवती की बूढ़ी दादी, जो उसकी शिक्षा का विरोध कर रही थीं, को यकीन हो गया था कि रेवती की शिक्षा के कारण परिवार के साथ दुर्भाग्य की यह श्रृंखला बनी है। इसलिए, वह प्रतिक्रियावादी हो गई और रेवती को गाली देने लगी। बासुदेव की मृत्यु के बाद, रेवती मानसिक रूप से टूट गई, बीमार पड़ गई, उसने खाना छोड़ दिया और बाद में अपनी बूढ़ी दादी को छोड़कर चल बसी। इस तरह उसका परिवार पूरी तरह से खत्म हो गया।

कहानी उस समय के ग्रामीण लोकाचार को खूबसूरती से उजागर करती है। फकीरमोहन अपने अनुभव से अपनी कहानियों के लिए सामग्री एकत्र करते हैं और चरित्र चित्रों की एक विस्तृत श्रृंखला पेश करते हैं। (मोहन लालः 1992) कहानी का मुख्य विषय रेवती की शिक्षा और तत्कालीन ग्रामीण ओड़िआ समाज में प्रचलित अंधविश्वासों के इर्द–गिर्द घूमता है। 'रेवती' उन्नीसवीं शताब्दी के दौरान ओड़िशा के पिछड़े लोगों के रूढ़िवादी और संकीर्ण दिमाग का चित्र है। रेवती ओड़िशा के एक दूरवर्ती गाँव से ताल्लुक रखती हैं जहाँ लड़कियों की शिक्षा वर्जित लगती है। उसने 'सीखने' की केवल एक वर्जित इच्छा से दुर्भाग्य को आमंत्रित किया। यह व्यापक रूप से माना जाता था कि शिक्षा लड़कियों के लिए अनावश्यक है, यह लड़कों के लिए है, क्योंकि उन्हें

घर चलाने के लिए और लड़कियों को घर में काम करने के लिए पैसा कमाना पड़ता है। बाद में "रेवती" कहानी के प्रकाशन के बाद इस मानसिकता में काफी बदलाव आया। फकीरमोहन की अधिकांश कहानियाँ परंपरा और आधुनिकता के बीच संघर्ष को दर्शाती हैं। "रेवती" को यहाँ एक उदाहरण के रूप में लिया जा सकता है। बूढ़ी माँ पुरानी मान्यता और परंपरा का प्रतिनिधित्व करती हैं, जबकि शिक्षक वासुदेव और रेवती आधुनिक पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करते हैं। रेवती का कृत्य अंततः प्रमुख पितृसत्ता और पाटपुर के ग्रामीण समुदाय के सामंती लोकाचार के खिलाफ अवज्ञा का कार्य है। रेवती की कहानी उन्नीसवीं सदी के अंत में ओड़िशा के प्रभावी रुख के लिए एक 'काउंटर पॉलिटिक्स' पेश करती है।

फकीरमोहन की 'रेवती' एक प्रतीक बन गई और उसकी कहानी महिला शिक्षा और मुक्ति की रूपक बन गई। कहानी फकीरमोहन के सुधारवादी उत्साह का एक ज्वलंत उदाहरण है। महिला सशक्तिकरण के लिए शिक्षा प्राथमिक साधन है– यह फकीरमोहन को बहुत अच्छी तरह से पता था। अपने लेखन की अन्य महिला पात्रों के विपरीत, रेवती स्पष्ट रूप से भक्ति गीत गाना सीखने के अलावा अन्य कारणों से शिक्षा चाहती है। वह श्रीपंचमी के दिन अक्षर सीखती है, जिसे परंपरागत रूप से विद्या की देवी सरस्वती को समर्पित दिन के रूप में मनाया जाता है। यह सीखने के लिए उसकी दृढ़ प्रतिबद्धता को इंगित करता है लेकिन विनाश के एजेंट के रूप में हत्यारे महामारी हैजा के हस्तक्षेप को इस चरण में कहानी में पेश किया गया है। इसने लोककथाओं और मौखिक परंपरा की एक लंबी परंपरा से एक नए साहित्यिक रूप के उद्भव को चिह्नित किया। अठारहवीं शताब्दी में, भारत में बालिकाओं के लिए कोई मानकीकृत संस्थागत शिक्षा सुविधाएँ नहीं थीं। उन्हें वर्नाक्यूलर भाषा को पढ़ना, लिखना सिखाया जाता था, विशेष रूप से सभी पुराणों और शास्त्रों के पढ़ने के कौशल के उद्देश्य से, और शायद थोड़ा अंकगणित और संस्कृत भी। लड़कियों के लिए पढ़ना–लिखना इतना अनिवार्य नहीं था; उन्हें खाना बनाना, सिलाई करना और घरेलू प्रबंधन सिखाया जाता था। इन सबसे ऊपर, शिक्षा एक पारिवारिक जिम्मेदारी थी, सामाजिक दायित्व नहीं। शायद पूर्व–औपनिवेशिक भारत में सबसे प्रसिद्ध शैक्षिक व्यवस्था निजी ट्यूटर्स के हाथ में थी, जिन्होंने 'ग्रामीण विद्यालय' खोले, जिन्हें 'चटसला' या 'पाठशाला' के रूप में जाना जाता था और यह ऐसे शिक्षकों के लिए एक पारंपरिक पैतृक व्यवसाय था। उन्नीसवीं सदी की शुरुआत में एक ब्रिटिश कंपनी ने भारतीयों को शिक्षित करना शुरू किया और बच्चों के लिए स्कूल खोले। 1821 में, चर्च मिशनरी सोसाइटी ऑफ इंडिया ने हिंदू लड़कियों के लिए 30 स्कूल स्थापित करने का फैसला किया और मिस मैरी ऐनी कुक को उनका प्रबंधन करने के लिए कहा गया। लड़कियों के लिए पहला बोर्डिंग स्कूल उस वर्ष तिरुनेलवेली में स्थापित किया गया था। 1871 में, पहली बार हिंदू लड़कियों के लिए एक स्कूल कटक में अविनाश चंद्र चट्टोपाध्याय के घर में स्थापित किया गया था। (उत्कल दीपिका)।

फकीरमोहन ने अपने करियर का काफी हिस्सा अध्यापन, लेखन और पत्रकारिता में बिताया। फकीरमोहन की आत्मकथा से पता चलता है कि उनके

और उनकी बाल वधू के बीच काफी शैक्षिक और सांस्कृतिक अंतर था। अंतर के इस तथ्य ने महिलाओं की शिक्षा और समाज में उनके स्थान के स्पष्ट मुद्दे पर लेखक की सोच को आकार दिया। इसके अलावा, केवल ईसाई लड़कियाँ ही फकीरमोहन के पैतृक स्थान बालासोर के मिशनरी स्कूल में जाती थीं। रूढ़िवादी हिंदू माता–पिता अपनी बेटियों को घर में बंद करके रखते थे। जबकि ओड़िशा में सार्वजनिक शिक्षा निराशाजनक थी और महिलाओं के लिए शिक्षा कमोबेश अनुपस्थित थी, महिलाओं को जो भी शिक्षा दी जाती थी वह निजी और घर तक ही सीमित थी। ईसाई और रूढ़िवादी हिंदू मानसिकता के बीच इस तुलना ने फकीरमोहन को विशेष रूप से हिंदू बालिकाओं के लिए महिला शिक्षा पर गंभीर विचार करने के लिए मजबूर किया। यही कारण है कि फकीरमोहन के जीवन और कला में नारी शिक्षा का महत्वपूर्ण स्थान है। महिला शिक्षा के स्थान को घरेलू क्षेत्र से सार्वजनिक क्षेत्र में स्थानांतरित करने में फकीरमोहन की बढ़ती रुचि उनके शिक्षाशास्त्र के विविध चित्रण और उनके साहित्यिक कार्यों में महिला शिक्षक की भूमिका में स्पष्ट रूप से प्रकट होती है। जहाँ 'मामू' की चंद्रमणि और सरस्वती और 'प्रायश्चित' की इंदुमती की शिक्षा घर तक ही सीमित थी, वहीं 'रेवती' में फकीरमोहन इस तरह की प्रथा से विराम लेते हैं। शिक्षा के लिए रेवती की इच्छा घर से बाहर कदम रखने और सार्वजनिक क्षेत्र में शिक्षा प्राप्त करने की है। वह कटक के गर्ल्स स्कूल में दाखिला लेना चाहती है। यहाँ, रेवती का कृत्य गाँव के प्रमुख पितृसत्ता और सामंती लोकाचार के विरुद्ध अवज्ञा का कार्य है। हालाँकि, ग्रामीण शिक्षा के खिलाफ नहीं हैं, उन्हें महिलाओं को शिक्षित करने के बारे में केवल कुछ आपत्तियाँ हैं। उनके अनुरोध पर एक उच्च प्राथमिक विद्यालय खोला गया है। स्कूल में अब एक शिक्षक है जिसका नाम वासुदेव है, जो कृष्ण का दूसरा नाम है। कृष्ण की तरह, बासुदेव आशा का प्रतिनिधित्व करते हैं। वह रेवती के लिए मुक्ति की संभावनाओं का भी प्रतीक है। जब रेवती को जानवरों और पक्षियों के चित्रों वाली एक प्राथमिक पुस्तक मिली, तो फकीरमोहन उस खुशी का मूल विवरण प्रस्तुत नहीं करते हैं जो एक प्रतिबंधित लड़की को अचानक पढ़ने की दुनिया का सामना करने में महसूस होता है। वह शिक्षार्थी पर उत्पन्न शक्तिशाली प्रभाव छवियों को दिखाता है। कथावाचक हमें बताता है, 'कुछ हाथी या घोड़े की सवारी करने में खुशी महसूस करते हैं, हमारी रेबी (रेवती) किताब की तस्वीरें देखकर प्रसन्न होती है।' रेवती के लिए, प्रतीक के रूप में छवियाँ महत्वपूर्ण हैं क्योंकि वे उसे अपने जाल से बचने और बाहरी दुनिया के साथ मध्यस्थता करने में मदद करती हैं। इसीलिए शिक्षा सशक्तिकरण का प्राथमिक साधन बन जाती है।

स्त्री शिक्षा में फकीरमोहन की भूमिका महत्वपूर्ण थी। वह ओड़िशा के प्रथम गर्ल्स स्कूल से जुड़े थे। लेकिन इसकी स्थापना के दस वर्षों के बाद केवल चार हिंदू लड़कियों को नामांकित किया गया था। फकीरमोहन ने व्यक्तिगत रूप से माता–पिता का ध्यान खींचा और उनसे अपनी बेटियों को अधिक से अधिक संख्या में स्कूल भेजने का आग्रह किया। लेकिन उनकी कहानी में रेवती का परिवार बर्बाद हो गया है और उनकी दादी का मानना था कि यह आपदा परंपरा के खिलाफ लड़कियों की शिक्षा को लागू करने का

परिणाम है। फकीरमोहन अपने समय के अन्य लेखकों की तरह आदर्शवादी प्रचारक नहीं थे। वह लड़कियों की शिक्षा को ग्लैमराइज नहीं करना चाहते थे, लेकिन इस शिक्षा के बारे में अपने समकालीन समाज के विचार को चित्रित करने का प्रयास किया। उन्होंने रेवती के माध्यम से स्त्री शिक्षा के संबंध में अपने समकालीन समाज के विचार को चित्रित करने का प्रयास किया। रेवती ने भले ही खुद शिक्षा की लालसा के लिए दुर्भाग्य को न्यौता दिया हो लेकिन उसकी दुर्दशा ने लोगों को अपनी बेटियों को स्कूल भेजने के लिए मजबूर कर दिया। कहानी 19वीं शताब्दी में ओड़िशा राज्य की लड़कियों की शिक्षा पर एक व्यंग्य हो सकती है, लेकिन इसने अपनी बेटियों को शिक्षा प्रदान करने के लिए राज्य में पुरुषों के मन को प्रज्वलित किया।

"रेवती" कहानी से ओड़िशा का सांस्कृतिक परिदृश्य बहुत बदल गया है। न केवल महिला शिक्षा, महिला लेखन या नारीवाद में बल्कि रेवती की कहानी ने भी बाद के दौर में ओड़िशा के कहानीकारों को बहुत प्रभावित किया है। पिछली शताब्दी के शुरुआती अस्सी के दशक में जगदीश मोहंती ने प्रमुख चरित्र रेवती पर आधारित एक कहानी लिखी और इसने एक नई परंपरा बनाई। तब से महिलाओं की व्यथा पर सैकड़ों कहानियाँ लिखी गईं, जहाँ रेवती समय के बदलते परिदृश्य में महिलाओं के भाग्य का प्रतिनिधित्व करती हैं। प्रोफेसर सच्चिदानंद मोहंती प्रारंभिक महिला लेखन को 'रेवती की बहनें' कहते हैं। (2005) वे कहते हैं, "1898 में प्रकाशित फकीरमोहन की कहानी 'रेवती' ने एक नई परंपरा और महिलाओं की एक नई नस्ल की शुरुआत की जिन्होंने लिखना सीखा और अपने साहित्य का निर्माण किया।" इस हालिया संग्रह में, व्यापक अभिलेखीय शोध के आधार पर, सच्चिदानंद मोहंती 19वीं सदी के अंत और 20वीं सदी की शुरुआत में बीस उड़िया महिलाओं के अनुवादित लेखन पर प्रकाश डालते हैं। ये महिलाएँ, बंगाल की काफी प्रसिद्ध साहित्यिक महिलाओं के विपरीत, अल्पज्ञात लेखिका हैं। मोहंती उन्हें 'साहित्यिक घरेलू' के रूप में संदर्भित करते हैं, जो महिलाएँ खुद को घरेलू सेटिंग में पाती हैं। मोहंती स्पष्ट करते हैं कि साहित्यिक घरेलू से मेरा मतलब उन महिलाओं से है जो खुद को घरेलू सेटिंग में पाती हैं और फिर भी उनकी साहित्यिक आकांक्षाएं थीं' (द हिंदू) और इस शब्द का कोई अपमानजनक अर्थ नहीं है, लेकिन यह केवल उस स्थिति के तथ्य का बयान है जिसमें 19वीं शताब्दी के मध्य के दौरान साहित्यिक महिलाएं खुद को पाती हैं। उनके लेखन, मुख्य रूप से घरेलू संदर्भ से आते हैं तथा ओड़िशा में कई प्रगतिशील आंदोलनों के इतिहास के साथ इंटरफेस भी करते हैं, जैसे कि महिला शिक्षा, व्यापार आंदोलनों और नागरिक और राजनीतिक जीवन में महिलाओं की भागीदारी आदि। अपने समय के सांस्कृतिक, राजनीतिक और वैचारिक मुद्दों की उनकी व्याख्या उस समय की ओड़िया महिलाओं की स्थिति में बहुमूल्य अंतर्दृष्टि प्रदान करती है। जबकि ओड़िशा बंगाल प्रेसीडेंसी के अधीन था और उड़िया भाषा को मान्यता नहीं दी गई थी तथा 1936 तक इसकी अलग पहचान नहीं थी, तथापि महिला लेखकों ने अपने लेखन में खुशी और गम को व्यक्त किया है। अधिकांश महिला लेखकों ने स्वतंत्रता संग्राम में भाग लिया और अपने लेखन के माध्यम से अपने समय में हुए अत्याचारों के खिलाफ आवाज उठाई।

फकीरमोहन सेनापति को आधुनिक ओड़िआ साहित्य के व्यासकवि या ओड़िआ भाषा के संस्थापक कवि माना जाता है। उन्हें मुख्य रूप से आधुनिक ओड़िआ कथा साहित्य के जनक के रूप में भी जाना जाता है। उनके उपन्यासों और कहानियों में सामाजिक यथार्थवाद, सामाजिक सुधार, सामाजिक मूल्यों के संरक्षण और सामाजिक व्यवस्था का विषय है। वह ब्रिटिश शासन से कम से कम पच्चीस साल पहले और रूस की अक्टूबर क्रांति से बहुत पहले साहित्य में सामाजिक यथार्थवाद पेश करने वाले अग्रणी थे। (सुरेंद्र मोहंती) डॉ मायाधर मानसिंह उन्हें 'ओड़िशा के थॉमस हार्डी' कहते हैं। मध्यम वर्ग की समस्याओं और उनके समाधान के बारे में उन्होंने बहुत सटीक रूप से महसूस किया है। यही कारण है कि उनकी कथाएँ इतनी सटीक, यथार्थवादी और जीवंत हैं। उन्होंने केवल चार उपन्यासों और पच्चीस कहानियों का योगदान दिया है, जिसने उन्हें साहित्य के 'कथा सम्राट' की उपाधि प्रदान की। उन्होंने हमें नए युग के अनुकूल कुछ बहुत ही शक्तिशाली महिला पात्र दिए और नए युग के लिए इस नई नारी (न्यू वीमेन) को निश्चित रूप से रेवती कहानी में सबसे सशक्त रूप से चित्रित किया गया है।

हो सकता है कि रेवती ने सीखने की वर्जित इच्छा प्रदर्शित करके बहुत कुछ झेला हो, लेकिन उनकी कहानी महिलाओं की एक नई नस्ल की शुरुआत करती है, जिन्होंने लिखना और अपना खुद का साहित्य बनाना सीखा। (मोहंतीः 2008 पृ.26) ओड़िशा में महिला साहित्यिक परंपरा की निरंतरता की एक कड़ी है। वे कुंतला कुमारी साबत, सीता देवी खडंगा, सरला देवी, बसंत कुमारी पटनायक, विद्युत प्रभा और कई अन्य हैं। वे शिक्षा के माध्यम से पहचान के लिए रेवती की पीड़ादायक खोज को दोहराती हैं। कुंतला कुमारी का लेखन राष्ट्रीय स्तर पर एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है और ओड़िशा की कई महिला साहित्यकारों के लिए महान प्रेरणा का स्रोत रहा है। विभाजन के दौरान और स्वतंत्रता के बाद की अवधि में महिलाओं के अनुभवों के विषयों पर केंद्रित शक्तिशाली कविता और गद्य को उजागर करने वाले उनके उत्तराधिकारियों में शकुंतला देवी, सुशीला देवी, नंदिनी पाणिग्रही (शतपथी), उर्मिला देवी, मालती चौधरी और हेमलता मानसिंह शामिल हैं। उनका साहित्य औद्योगीकरण, गरीबी, निर्वासन, विधवा पुनर्विवाह और पितृसत्तात्मक व्यवस्था में फँसी महिलाओं के सभी लक्षणात्मक प्रभावों जैसी सामाजिक वास्तविकताओं से जुड़ा है। अन्य साहित्यकार जैसे शैलवाला दास (1875–1968), जो उच्च अध्ययन के लिए इंग्लैंड की यात्रा करने वाली पहली ओड़िआ महिला थी, अपने यात्रा लेखन में एक महिला परिप्रेक्ष्य और ब्रिटेन से देखे गए औपनिवेशिक भारत का एक दृश्य प्रस्तुत करती हैं। बसंत कुमारी पटनायक ओड़िशा साहित्य अकादमी का सर्वोच्च पुरस्कार 'अतिबड़ी पुरस्कार' प्राप्त करने वाली पहली ओड़िआ महिला थीं। 19वीं सदी की शुरुआत में शैलबाला लेखन से लेकर 20वीं सदी के अंत में बसंत कुमारी पटनायक के लेखन तक इन महिलाओं की रचनाएँ और अपने सभी समकालीन साथियों के लिए मील के पत्थर हैं। ओड़िआ साहित्य में कुछ ऐसे लेख जिनमें 'रेवती की बहनों' के रूप में महिलाओं को एक मजबूत और स्वतंत्र व्यक्ति के रूप में महिमामंडित किया गया है, वे लेखिकाएँ हैं, अबंती राव, शैलबाला दास, रेबा रे, कोकिला देवी, नर्मदा कर, प्रतिभा कर, सुप्रभा कर,

रमा देवी, कुन्तला कुमारी साबत, सरला देवी, मालती चौधरी, निर्मला देवी, हरिप्रिया देवी, उर्मिला देवी, शकुंतला देवी, सुशीला देवी, हेमलता मानसिंह, बसंत कुमारी पटनायक, विद्युत प्रभा देवी, नंदिनी पाणिग्रही (सतपथी), वीणापाणी मोहंती आदि।

फकीरमोहन की महिला पात्र वास्तव में पुनर्जागरण की महिलाएँ हैं। एक पुरुष लेखक होने के नाते, उन्होंने अधिकांश समकालीन लेखकों की तुलना में महिलाओं की समस्याओं के कारणों को बेहतर समझा। रेवती 19वीं सदी के शुरुआती दौर की एक किशोर उम्र की लड़की है जिसे ज्ञान की तलाश है। वह अपने निर्माता की तरह आत्मिक रूप से एक सच्ची पुनर्जागरण की लड़की है। रेवती ओड़िशा में महिला शिक्षा के लिए एक प्रोटोटाइप के रूप में कार्य करती है और ओड़िशा में सामंतवाद, उपनिवेशवाद और जातीयता के अद्वितीय संयोजन को नाटकीय बनाने में सेनापति की व्यापक ऐतिहासिक और सामाजिक–यथार्थवादी रुचि तथा महिलाओं के प्रश्न को समझने के लिए महत्वपूर्ण है। (मोहंती 2008, पृ.9) फकीरमोहन एक महान सामाजिक चिंतक हैं। कहानी में उन्होंने कुरीतियों और सामाजिक वर्जनाओं का चित्रण किया है। इस प्रकार, रेवती एक प्रतीक और उसकी कहानी, महिला शिक्षा और मुक्ति के लिए एक रूपक बन जाती है। इसके साथ 'नई नारी' (न्यू वीमेन) की अवधारणा को जन्म देती है।

**सन्दर्भ**


1. सेनापति, फकीरमोहन, "आत्मचरित", फ्रेंड्स पब्लिशर्स, कटक, 2007.
2. उत्कल दीपिका. अंक– 16, संख्या– 44, नवंबर. 5, 1881

3- Behera, Subhakanta. Phakirmohun's 'Rebati': Empowerment, Identity and Feminisim. Economic and Political Weekly. Vol. 34. No. 50 (Dec. 11-17, 1999). Pp. 3505-3507
4- Mansingh, Mayadhar. A History of Oriya Literature. New Delhi: Sahitya Akademi, 1962
5- Mohanty, Sachidananda. Gender and Cultural Identity in Colonial Orissa. Hyderabad: Orient Longman Pvt. Ltd, 2008.
6- Mohanty, Jatindra Mohan.History of Oriya Literature.Bhubaneswar:Vidya, 2006
7- Mohanty, Sachidananda.(Edt.) Early Women's Writing in Orissa, 1989-1950: A Lost Tradition. Sage, New Delhi, 2005. Pp.15-40
8- Mohanty, Surendra. Fakirmohan samiksha. New Students' Store, Cuttack
9- Rout, Ramakanta. Vyasakavi Fakirmohan Senapati: Leader of Odia Nationalist and Linguistic Movement. Orissa Review, April, 2010, Bhubaneswar.
10- Siddique, Rumana. The Voices of Rebati's Sisters. (Book Review). The Daily Star. Vol.-5. No. 533.
11- Beauvoir, Simone de. The Second Sex. London: Vintage, 1997.
12- The Encyclopeadia of Indian Literature. Edt. Mohan Lal. Vol. Five. Sahitya Akademi, New Delhi, 1992. Pp. 4061-62.
13- The Hindu. An Insight into Oriya women's world. Monday, Dec. 13, 2004
14- Merriam-Webster.com Dictionary, Merriam-Webster, https://www.merriam-webster.com/dictionary/new%20woman. Accessed 6 Mar. 2023.



**संपर्क : प्रोफेसर एवं पूर्व कुलसचिव (से.नि.), ओड़िशा राज्य मुक्त विश्वविद्यालय, संबलपुर–768001, मो. 9861168455,**
jayantakarsharma@gmail.com

संकल्प / ISSN 2277-9264

# 21वीं सदी में भारतीय प्रवासी और उनके साहित्य

✰ अमित कुमार गुप्ता
✰ ✰रजनी बाला

भारतीय डायस्पोरा पर सूरज कभी अस्त नहीं होता'' (गुप्ता, 2013)। यह एक तथ्य है कि प्रवासी भारतीय, विश्व में सबसे बड़ा, समूह है इसके लगभग 25 मिलियन होने का अनुमान है, भारतीय प्रवासी विश्व के समस्त देशों में फैले हुए हैं। इस प्रवासी समूह की विशेषता केवल इसकी बड़ी संख्या नहीं है, बल्कि सबसे महत्वपूर्ण बात उनकी गुणवत्ता है, जिसे उनके मेजबान देश स्पष्ट रूप से स्वीकार करते हैं। वर्तमान में, प्रवासी भारतीय अपने अच्छे आचरण और गुणों से दुनिया का दिल जीत रहे हैं। प्रवासी भारतीय अपने कौशल, समर्पण और कड़ी मेहनत के माध्यम से अपने पसंदीदा पेशे में सफल हुए हैं, चाहे वह व्यवसाय किसी कुशलता से संबंधित होया नही। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इन्होंने अपने मूल देश के साथ अपने भावनात्मक और सांस्कृतिक संबंधों को भी बनाए रखा है और उन सम्बन्धो का लगातार ध्यान रखा किया है। अपनी मातृभूमि, परंपराओं, धर्म और भाषा के प्रति इस लगाव ने उन्हें ऐसे साहित्य का निर्माण करने में सक्षम बनाया है, जिन्हें डायस्पोरिक साहित्य कहा जाता है। पिछले बीस वर्षों से, भारतीय डायस्पोरा के लेखक अपने कार्यों से प्रमुख केंद्र बन गए हैं। इस प्रकार भारतीय डायस्पोरा के लेखको ने इस तरह के साहित्य के माध्यम से अपने निवास के देशों के साथ बेहतर संबंधों को बढ़ावा देने के लिए एक 'सेतु' के रूप में कार्य किया है और इसके अतिरिक्त, भारतीय डायस्पोरा ने भारत को दुनिया के सामने पेश करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस प्रकार यह लेख विश्लेषण करने का प्रयास करता है। डायस्पोरिक साहित्य की प्रकृति के प्रभाव ने विदेशों में भारत की सौम्य छवि को बढ़ावा दिया है।

**प्रवासी कौन है?**

सामान्य शब्दों में डायस्पोरा की अवधारणा का उपयोग जनसंख्या के एक वर्ग का वर्णन करने के लिए किया जाता है जो या तो स्वेच्छा से या अनैच्छिक रूप से अपनी मातृभूमि से कई अन्य देशों में फैल गए हैं, ये अपने इतिहास और फैलाव के परिणामों के आधार पर अपना समुदायों और पहचान बनाते चले गए हैं (पियरे), रा)। डायस्पोरा शब्द का अर्थ और परिभाषा विभिन्न बौद्धिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक एजेंडे को समायोजित करने के लिए समय के साथ विस्तर्त और विस्तारित हुई है। डायस्पोरा की पहले की चर्चाएँ और परिभाषाएँ मुख्य रूप से यहूदी डायस्पोरा मामले से संबंधित थीं, शब्दकोशों ने पहले यहूदियों के मामले के संदर्भ में इस शब्द को परिभाषित किया था। धीरे–धीरे, अर्मेनियाई और ग्रीक मामलों को भी संदर्भ में शामिल करने के साथ ही इस शब्द का दायरा चौड़ा होने लगा (गेब्रियल, 1986)। डायस्पोरा की चर्चा फैलते ही, इसमें अफ्रीकी डायस्पोरा, फिलीस्तीनी डायस्पोरा और धीरे–धीरे दूसरे

मामले भी इस शब्द में शामिल हो गया, जो सभी बिखरी हुई आबादी को संदर्भित करता है, जिन्होंने प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से अपने मूल देश के साथ अपने सांस्कृतिक संबंधों को बनाए रखा है। डायस्पोरा शब्द के उपरोक्त विकासवादी पथ को ध्यान में रखते हुए, रॉबिन कोहेन, लिसा एंटेबी–येमिनी और अन्य ने डायस्पोरा के कुछ आदर्श प्रकारों की पहचान की है जो अकादमिक प्रवचनों में बहुत लोकप्रिय हो गए हैं। जिनमें से कुछ इस प्रकार हैं–

**पीड़ित डायस्पोरा :** यहूदियों, अफ्रीकियों, आर्मीनियाई, आयरिश और फिलीस्तीनियों को पीड़ित डायस्पोरा के रूप में संदर्भित किया जाता है, क्योंकि वे ऐसे लोगों के समूह हैं जिन्हें अपने घरेलू देशों से भागने के लिए मजबूर किया गया है, आम तौर पर इसका कारण कुछ विनाशकारी घटनाओं जैसे, विजय, सामूहिक उत्पीड़न, दासता, नरसंहार, वगैरह के परिणामस्वरूप मूल स्थान से विस्थापन है व्यापारिक प्रवासी रू चीनी, लेबनानी, जापानी और पेशेवर भारतीयों को व्यापारिक प्रवासी कहा जाता है, क्योंकि वे लोगों के समूह हैं, विशेष रूप से व्यवसायी जो मेजबान समाज में व्यापार करने के लिए विदेश गए थे।

**प्रवासी श्रमिक :** प्रवासी श्रमिक को सर्वहारा डायस्पोरा के रूप में भी जाना जाता है, जो मुख्य रूप से उन गिरमिटिया मजदूरों और श्रमिक प्रवासियों थे जो काम करने के लिए औपनिवेशिक मेजबानों के पास गए और परिणामस्वरूप उन देशों में बस गए। इसमें प्राथमिक उदाहरण भारतीय, चीनी और उत्तरी अफ्रीकी आते है।

**इंपीरियल डायस्पोरा :** इंपीरियल डायस्पोरा उन प्रवासियों को संदर्भित करता है जो किसी अन्य देश में गए थे जो उनके देश द्वारा उपनिवेशित किया गया था। शासक शक्ति के साथ अपने जातीय संबंधों के कारण उन्हें उच्च दर्जा प्राप्त था और स्थानीय लोगों के रीति–रिवाजों और परंपराओं को अपने द्वारा प्रभावित करने में सफल रहे। यहाँ प्राथमिक उदाहरण ब्रिटिश, स्पेनिश, फ्रेंच, पुर्तगाली और रूसी हैं।

**सांस्कृतिक डायस्पोरा :** यह वर्ण–संकरता और विकेंद्रीयकरण की धारणा को संदर्भित करता है, जिसका उपयोग आधुनिकतावादी लेखकों द्वारा मिश्रित संस्कृतियों के साथ एक वैश्विक गाँव के विकास को दर्शाने के लिए किया जाता है। इस संबंध में कोहेन डायस्पोरा का वर्णन उन लोगों के रूप में करते हैं जो 'राष्ट्र–राज्यों' और श्यात्रा करने वाली संस्कृतियों' के बीच कहीं स्थित हैं, जिसमें वे एक राष्ट्र–राज्य में भौतिक रूप से शामिल हैं, लेकिन एक सूक्ष्म या आध्यात्मिक अर्थ में राष्ट्र–राज्य के  क्षेत्र से बाहर के शामिल हैं"।

**भारतीय प्रवासी**

भारतीय डायस्पोरा गैर–प्रवासीय भारतीयों (एनआरआई) और भारतीय मूल के व्यक्तियों (पीआईओ) से बना है, जहाँ एनआरआई उन भारतीय नागरिकों को संदर्भित करते हैं जो भारत में नहीं रह रहे हैं और पीआईओ भारतीय मूल के उन व्यक्तियों को संदर्भित करते हैं जिन्होंने किसी दूसरे देश की नागरिकता अधिग्रहण किया है। भारतीय डायस्पोरा में पूरे विश्व में फैले हुए

उनके वंशज हैं,। उनकी संख्या बहुत बड़ी है और संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक और सामाजिक मामलों के विभाग (डीईएसए) द्वारा किए गए 2015 के अध्ययन के अनुसार, भारत के डायस्पोरा की आबादी में दुनिया की सबसे बड़ी है (प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया, 2016)। विश्व मंच पर भारतीय डायस्पोरा समुदायों का यह विशाल गठन विदेशी प्रवासन की विभिन्न लहरों का परिणाम है जो सैकड़ों वर्षों से विभिन्न कारणों से संचालित है, जिनमें से मुख्य रूप से औपनिवेशिक काल में व्यापार, धार्मिक मिशनरी समूह, गुलामी, औपनिवेशिक स्वामी के अधीन अनुबंधित श्रमिक और उत्तर–औपनिवेशिक और वैश्वीकृत अवधि में अतिथि कार्य कार्यक्रम (लोकसभा सचिवालय, दक) है। विदेशों में प्रवास करने वाले भारतीयों के इन उदाहरणों की मोटे तौर पर तीन चरणों में जाँच की जा सकती है, पहला, प्राचीन और मध्यकालीन चरण, दूसरा, औपनिवेशिक चरण और तीसरा उत्तर–औपनिवेशिक चरण (भास्कर, 2011)।

प्राचीन और मध्यकालीन चरण रू भारतीयों का आदिकाल से ही विदेशों में प्रवास होता रहा है। पहले की अवधि के दौरान प्रवासन का पता ग्रीक और मेसोपोटामिया सभ्यताओं जैसी प्राचीन सभ्यताओं के साथ व्यापार और धार्मिक संपर्कों से लगाया जा सकता है। उन सभ्यताओं में पाई जाने वाली हड़प्पा की मुहरों से यह स्पष्ट होता है। बाद में बौद्ध भिक्षुओं द्वारा धार्मिक उपदेशो को विदेशों के देशों में फैलाने के उदाहरण मिले,जो मुख्य रूप से मध्य और पूर्वी एशिया में प्रवास से संबंधित था। सम्राट अशोक के पूर्ण समर्थन से विदेशों में बौद्ध अभियानों को एक बड़ा बढ़ावा मिला था। भारतीय इतिहास भी भारतीय साम्राज्यों के समुद्रों में फैले होने के उदाहरणों से भरा पड़ा है। एक मुख्य उदाहरण, दक्षिण भारतीय चोल साम्राज्य के अभियान हैं जिन्होंने श्री विजया के महान इंडोनेशियाई साम्राज्य को जीत लिया। एन. जयराम के अनुसार 'पूर्व–औपनिवेशिक भारत का समुद्री इतिहास कोरोमंडल तट के राज्यों और दक्षिण पूर्व एशिया के द्वीपों के बीच निरंतर संपर्क का प्रमाण दर्ज करता है' (जयराम, 2004)। हालाँकि, प्राचीन और मध्ययुगीन काल के दौरान प्रवसन की एक दिलचस्प विशेषता यह थी कि इसने कभी भी विदेशों में स्थायी भारतीय बस्तियों का निर्माण नहीं किया (भास्कर, 2011)।

औपनिवेशिक चरण 1830 के दशक के दौरान ब्रिटेन में गुलामी पर प्रतिबंध लगाने के साथ, ब्रिटिश और यूरोपीय उपनिवेशों के चीनी बागानों में श्रमिकों की भारी कमी पैदा हो गई। इस प्रकार संकट से निपटने के लिए, अंग्रेजों ने श्रम के अनुबंधित रूप की शुरुआत की, जिसके तहत नियोक्ता और मजदूर के बीच पांच साल का अनुबंध होना था। अनुबंध के अनुसार, उस विशेष अवधि के लिए श्रमिक को उसके बागान के खेत में काम करने के लिए नियोक्ता द्वारा भुगतान किया जाएगा। अनुबंध समाप्त होने के बाद, मजदूर घर जाने या किसी अन्य बागान के खेतों में काम करने के लिए स्वतंत्र था। मजदूर के पास एक नया अनुबंध करके पिछले नियोक्ता के साथ रहने और जारी रखने का विकल्प भी था। मजदूर को यह भी विकल्प दिया गया था कि वह जमीन का एक टुकड़ा जब वहनीय हो तो खरीद ले। हालाँकि, गिरमिटिया मजदूरों का जीवन बहुत कठोर और कठोर था। बहरहाल, लाखों भारतीय, अपनी आर्थिक मजबूरियों से मजबूर होकर, औपनिवेशिक मालिकों के अधीन

काम करने के लिए दूर देशों में चले गए। आज उन गिरमिटिया मजदूरों के वंशज विदेशों में भारतीय प्रवासी बहुसंख्यक हैं। इस अवधि में विशेष रूप से 1890 के दशक के दौरान श्रम का 'कंगानी' या 'मैस्त्री' रूप भी देखा गया। 'कंगानी' एक बिचौलिए का रूप था, जो विदेश यात्रा करने और वृक्षारोपण पर बसने के खर्च को पूरा करने के लिए अपने करीबियों को पैसा उधार देता था। कंगनी मजदूर ज्यादातर दक्षिण पूर्व एशियाई देशों में चले गए। यहाँ ध्यान देने वाली बात यह है कि इस चरण में प्रचलित गिरमिटिया और कंगनी प्रकार के श्रम के अलावा, ऐसे मुक्त प्रवासी भी थे जो अपने व्यक्तिगत खर्चों को स्वयं पूरा कर सकते थे। उनमें मुख्य रूप से छात्र, व्यापारी और राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण व्यक्ति शामिल थे। (भास्कर, 2011)

उत्तर–औपनिवेशिक चरणरू उत्तर–औपनिवेशिक चरण की विशेषता मध्य वर्ग और उन अमीर भारतीयों के प्रवास से है जिनके पास अंग्रेजी भाषा में निर्देश हैं और कुशल हैं। भारत से हुनरमंदों के इस पलायन को विद्वानों ने 'ब्रेन ड्रेन' कहा है। भारत के कुशल श्रम के प्राथमिक गंतव्य संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा, यूके, यूरोप और ऑस्ट्रेलिया हैं। भारत से अकुशल मजदूर मुख्य रूप से मूल नौकरियों की तलाश में अरब देशों की ओर पलायन कर रहे हैं। उत्तर–औपनिवेशिक चरण में प्रवास वैश्वीकरण की प्रक्रिया द्वारा तेज किया गया है, जिसके परिणामस्वरूप दुनिया भर में भारतीय डायस्पोरा का तेजी से विकास हुआ है।

**भारतीय प्रवासी और उनकी साहित्यिक अभिव्यक्तियाँ**

दूर देशों में रहने वाले, भारतीय डायस्पोरा के सदस्यों ने अपने एकनिष्ठ समर्पण और कड़ी मेहनत के बल पर अपने चुने हुए व्यवसायों में शानदार सफलता हासिल की है। इतना ही नहीं, उन्होंने अपने मूल देश के साथ अपने भावनात्मक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक संबंध बनाए रखे हैं। विदेशों में भारतीय अपने कौशल और कड़ी मेहनत करने के दृढ़ संकल्प के लिए जाने जाते हैं। इसका हवाला देते हुए, विदेशो में कुशल और अर्ध–कुशल भारतीयों ने जहाँ वे काम कर रहे हैं अपनी योग्यता का सफलतापूर्वक प्रदर्शन किये है

साहित्यकार इन सब के बीच एक बहुत ही महत्वपूर्ण समूह है। भारतीय डायस्पोरा का साहित्य वैश्विक मंच पर मातृभूमि के विकल्प के रूप में कार्य करता है, यह विभिन्न ऐतिहासिक काल और भौगोलिक क्षेत्रों में फैला हुआ है। यह प्रतिनिधित्व के सवालों की पड़ताल करता है, और अव्यवस्था, हाशिए पर जाने और उत्पीड़न के अनुभवों के विश्लेषण में तल्लीन करता है जो आमतौर पर एक व्यक्ति के विदेशी भूमि में प्रवास से जुड़े होते हैं। साथ ही, यह एक 'घर' के विचार और अपनेपन की अधारणा की पड़ताल करता है। यह लिंग, राजनीति, पीढ़ीगत संघर्ष, जाति, वर्ग और अंतरराष्ट्रीय मुठभेड़ों जैसे मुद्दों का मूल्यांकन करने के लिए साहित्यिक और डिजिटल संस्कृतियों के विभिन्न दृष्टिकोणों को भी प्रयोग करता है। इन साहित्यकारों के ग्रंथों के माध्यम से इन विषयों का एक अंतरविषयक अन्वेषण किया जाता है, जिसमें लेखक अपनी सांस्कृतिक पहचान के आधार पर सवाल उठाते हैं। प्रवासी साहित्य काफी हद तक वी.एस. जैसे लेखकों से जुड़ा है। नायपॉल, अनीता देसाई, झुंपा लाहिड़ी,

भारती मुखर्जी, रोहिंटन मिस्त्री, किरण देसाई, मीना अलेक्जेंडर, सलमान रुश्दी, और हाल ही में बेन्यामिन, दीपक उन्नीकृष्णन और कई अन्य साहित्यकार मुख्य रूप से इसमें सम्मिलित है (सिरीशा, 2019) के साथ। प्रवासी लेखकों में वी एस नायपॉल सबसे मुखर आलोचक हैं। भारत और कैरेबियाई पर उनकी व्यंग्यात्मक टिप्पणी और गैर–अरब देशों में मुस्लिम कट्टरवाद का उनकानिर्णायक मूल्यांकन बेहद बदनाम विषय रहा है। अपनी मातृभूमि के साथ–साथ अपने मेजबान देश के विरोध के बावजूद, नायपॉल आज भी साहित्यिक विकास के केंद्र में हैं। सलमान रुश्दी ने अपने पथ–प्रदर्शक उपन्यास, मिडनाइट्स चिल्ड्रन के साथ अंग्रेजी में भारतीय लेखन के पुनर्जागरण की अगुवाई की है। उनका काम एक महत्वपूर्ण भाग भारतीय उपमहाद्वीप के इर्द–गिर्द घूमता है और उनकी 'अपसामान्य व्यावहारिकता' भारतीयों के सामने एक अपील है। अमिताव घोष ने मूल निवासियों पर उपनिवेशवाद के परिणामों पर कुछ सबसे गीतात्मक और अंतर्दृष्टिपूर्ण रचनाएँ रची हैं। झुंपा लाहिड़ी ने एक युवा लड़के की आँखों के माध्यम से अपने पहले उपन्यास, 'नेमसेक' में अप्रवासियों के परिवार के जीवन को मार्मिक रूप से चित्रित करके एक नई प्रवृत्ति शुरू की। (श्रीनिवासन, 2017)

निष्कर्षतः यह कहा जा सकता है कि, मलयालम और आदि सहित क्षेत्रीय भाषाओं में बहुत महत्वपूर्ण डायस्पोरा साहित्य मौजूद है। डायस्पोरा समाचार पत्र, पत्रिकाएँ, टेलीविजन और वेबसाइटें आधुनिक समय में भारत को महत्वपूर्ण स्थान देती है डायस्पोरा की टिप्पणियाँ भारत की सफलता पर खुशी मनाती हैं, लेकिन विफलताओं की तीखी आलोचना करती हैं। यहाँ यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि जहाँ भारत से पहली पीढ़ी के अप्रवासी मातृभूमि के खिलाफ अपनी शिकायतों को लगातार पालते हैं, वहीं दूसरी और तीसरी पीढ़ी भारत को बिना किसी पूर्वाग्रह के देखती हैं और भारत की उपलब्धियों पर गर्व करती हैं। उनके लिए भारत एक ब्रांड नाम है, जिसे वे अपनी उन्नति के लिए उपयोग कर सकते हैं और वे देश के लिए सच्ची संपत्ति बन जाते हैं। इसलिए यह कहना गलत नहीं होगा कि प्रवासी भारतीय भारत की सबसे बड़ी विचारधारायी संपत्ति हैं।

**संदर्भ :**


Amit Kumar Gupta, Relevance of Soft Power as an Instrument of India's Foreign Policy (PhD Dissertation, New Delhi: Jamia Millia Islamia, 2013), 146.

Gabriel Sheffer, "A New Field of Study: Modern Diasporas in International Politics", in Modern Diasporas in International Politics, ed. Gabriel Sheffer (London: Croom Helm, 1986), 2.

Indian Diaspora, Reference Note No.19/RN/Ref./2013, Lok Sabha Secretariat: Parliament Library and Reference, Research, Documentation and Information Service (LARRDIS), https://www.scribd.com/document/210964652/Indian-Diaspora (accessed June 02, 2016)

Lisa Anteby Yemini, "Diaspora: A Look Back on a Concept", *Bulletin du Centre de recherche français à Jérusalem, 2005,* https://bcrfj.revues.org/257 (accessed May 20, 2016)
N Jayaram, "Introduction", in The Indian Diaspora: Dynamics of Migration, ed. N.Jayaram& Yogesh Atal (New Delhi, Sage Publications, 2004), 19.

Pierre Jemima, "Diaspora" Oxford Bibliography, http://www.oxfordbibliographies.com/view/document/obo-9780199766567/obo-9780199766567-0091.xml (accessed May 16, 2016).
Press Trust of India, "India has the Largest Diaspora Population in the World: UN", The Tribune, Jan 15, 2016.

Robin Cohen, Global Diasporas: An Introduction, (London: Routledge-Taylor & Francis Group, 2008), 17-18.

Sireesha Telugu (2019). At Home, Away from Home: Literatures of the New Indian Diaspora. Diplomacy and Beyond: A Journal of Foreign Policy and National Affairs, https://diplomacybeyond.com/at-home-away-from-home-literatures-of-the-new-indian-diaspora/ (Accessed May 30, 2023).

Sreenivasan, T P. (2017). Indian Diaspora and its Literary Expressions. On Manorama, https://www.onmanorama.com/news/columns/global-indian/2017/04/01/india-diaspora-literary-expressions-t-p-sreenivasan.html (Accessed May 31, 2023).

TLS Bhaskar, "Indian Diaspora", Shodhganga, 2011, http://shodhganga.inflibnet.ac.in/bitstream/10603/1827/8/08_chapter2.pdf (accessed June 02, 2016)

---

**संपर्क सूत्र** ☆ सहायक प्राध्यापक, राजनीति शास्त्र विभाग, सिक्किम विश्वविद्यालय, गंगटोक (पूर्व निदेशक, सुषमा स्वराज विदेश सेवा संस्थान, विदेश मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली), ईमेल– amitchess123@gmail.com; मोबाइल– 8372801243

☆☆ रजनी बाला, सहायक प्राध्यापक, राजनीति शास्त्र विभाग, श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय, ईमेल– rajnibalajnu@gmail.com; मोबाइल– 9582314779

# हिंदी की स्त्रीवादी कविता का सौंदर्यबोधीय परिदृश्य

डॉ. अमिय कुमार साहु

सौंदर्यबोध कुल मिलाकर जीवनबोध है, अर्थात् जीवन को कैसे जिया जाए और दूसरों को कैसे जिलाया जाए; जीवन से कैसे संघर्ष किया जाए; जीवन विरोधी हर तत्व को कैसे निर्मूल कर दिया जाए; दूसरों से कैसे उदारता और शालीनता से व्यवहार किया जाए; यही जीवन–बोध की मूल शर्त है। यह सौंदर्यबोध या जीवनबोध एक मानवीय संस्कार है जो व्यक्ति तथा सामाजिक जीवन में छिपी विसंगतियों और विषमताओं के प्रति मानव को भावात्मक दृष्टि से सजग करता हुआ सहानुभूति या संवेदना का दायरा बढ़ाता है। यह जीवन की जटिलता का ज्ञान मनुष्य को देता है और इस जटिलता से उत्पन्न समस्याओं को सुलझाने की कोशिश भी करता है; मनुष्य को बेचैन करता है और तिलमिला भी देता है। यही बेचैनी ही मनुष्य को कर्म के जरिए समाधान की ओर ले जाती है। इस समाधान को खोज पाने के लिए कर्म के साथ–साथ व्यक्ति को सहृदय होने की भी आवश्यकता है। सहृदयता के बिना सौंदर्यबोध या जीवनबोध अर्जित नहीं किया जा सकता। आदमी जितना सहृदय होगा, उसका सौंदर्य–बोध उतना श्रेष्ठ होगा। पर यह सौंदर्य–बोध सिर्फ इंद्रियजन्य नहीं हो सकता क्योंकि यह स्वस्थ सौंदर्य–बोध का लक्षण नहीं है। कारण यह है कि इंद्रियजन्य सौंदर्य–बोध मनुष्य को भोग के लिए प्रेरित करता है, त्याग के लिए नहीं और यह सही मायने में जीवनबोध के एकदम विपरीत है।

अतः सिर्फ इंद्रियबोध से काम नहीं चल सकता। इसके साथ–साथ बौद्धिकता और व्यवहारिकता की आवश्यकता भी है। इन तीनों के संयोग से एक सही सौंदर्यबोध का विकास हो सकता है जो जीवन सापेक्ष है। इसी सौंदर्यबोध के कारण मनुष्य पशु प्रवृत्ति से हटकर मानव कहलाने की योग्यता हासिल कर लेता है। रमेश कुंतल मेघ के शब्दों में "वे मनुष्य केवल पाँच इंद्रियों को ही नहीं, बौद्धिक–बोध तथा व्यवहारिक–बोध को क्रमशः विकसित कर अपनी वन्य प्रवृत्ति को भी मानवीय–बोध में परिवर्तित कर देते हैं; चाहे वह रति हो या उत्साह या घृणा"। इंद्रियानुभव, सोचने समझने की शक्ति और व्यावहारिक ज्ञान अर्थात परिवेश या वातावरण के साथ तालमेल बिठाने की प्रवृत्ति या परिवेश वातावरण को बदलने की प्रवृत्ति ही मानव को पूर्णता प्रदान करती है।

युग के बदलने के साथ–साथ मनुष्य के सौंदर्य–बोध में परिवर्तन आता है और वह इसी के अनुकूल बदलने की कोशिश करता है। साहित्य भी इससे अछूता नहीं है। आज के इस बदलते जीवनबोध ने स्त्रीवादी साहित्य को जन्म दिया है, सदियों से पीड़ित शोषित स्त्रियों ने अपना स्वर मुखरित किया है। सदियों से दोयम दर्जे पर रहती आ रही स्त्री ने आज एक सांस्कृतिक आंदोलन छेड़ दिया है और अपना हथियार साहित्य को बनाया है। अपनी आत्म–गरिमा, आत्मसम्मान को स्थापित करने के लिए आज स्त्रीवादी साहित्य सक्रिय हो उठा

है। इस आंदोलन को ज्यादातर हिंदी कविता ने आगे बढ़ाया है। स्त्रियों का यह सौंदर्य–बोधात्मक आंदोलन समय के साथ–साथ बदलती उनकी बौद्धिक एवं सामाजिक चेतना का विकास है। यद्यपि इस आंदोलन का आरंभ पश्चिम में बहुत पहले हो चुका था पर भारत में हम इसका आरंभ सन् 1960 से मान सकते हैं। इस देरी का मुख्य कारण स्त्रियों की शिक्षा और सचेतनता का अभाव था, पर आज स्त्रीवादी साहित्य सक्रिय हो उठा है।

आज स्त्रीवादी लेखिकाओं की भीड़ लग गई है और धीरे–धीरे उनकी संख्या बढ़ती ही जा रही है। स्त्रीवादी कविताओं की ओर ध्यान दें तो हमें उनमें कला के चमकीले भड़कीले प्रदर्शन नहीं मिलेंगे; उनमें कलात्मक सौष्ठव की रक्षा नहीं है, ना ये कला के हिमायती हैं। स्त्रीवादी कविता 'कला कला के लिए' का पक्षधर नहीं है, 'कला जीवन के लिए' का पक्षधर है। हिंदी भाषा–साहित्य के माध्यम से नए जीवन मूल्यों की स्थापना– उनका उद्देश्य है।

स्त्रीवादी कविता स्त्रीवादी–चेतना का प्रतिनिधित्व करती है जो स्त्री के विरुद्ध कोई भी हरकत सहन नहीं करती और तिलमिला उठती है। वह स्त्री विरोधी हर तत्व पर कभी प्रत्यक्ष ढंग से तो कभी अप्रत्यक्ष ढंग से प्रहार करती है। स्त्रीवादी कविता कहीं डंडा, लाठी, बंदूक लेकर खड़ी हो जाती है तो कहीं अति सरलता के साथ कल कल करते निर्झर की तरह पत्थर रूपी हर बाधा को काटकर अपना रास्ता बना लेने को तत्पर रहती है।

स्त्री की चेतना का यह सौंदर्यबोधीय रूपांतरण कभी उसे अपनी यथास्थिति का वर्णन करने को बाध्य करता है तो कभी परंपरा की चारदीवारी को तोड़कर बाहर आने की कामना करता है। और कभी वह अपने स्वत्व विघटन के विरुद्ध अपनी अस्मिता की तलाश करता है। सदियों से नारी पुरुष की कैद में एक गुलाम, सोने के पिंजरे में बंधी एक असहाय पंछी है। वह कितने भी स्वप्न क्यों ना देखे पर उसकी नियति उसको नहीं छोड़ती। अंत में उसे गृहस्थी के दाँव–पेंच में उलझना ही पड़ता है। एक कवयित्री के शब्दों में–

**एक अरसे बाद / देखती / सपनों की गुनगुनाहट में /**
**तल्लीन लड़की का / तब्दील होना /**
**उचाट गृहस्थी के दाँव–पेंच में / बेतरह उलझे /**
**समझदारी, संजीदगी के बोझ तले दबते /**
**रंगो की स्याह बैंगनी उदासी में / डूबते–उतराते**
**और भय से सिहर उठती है लड़की।**[1]

पुरुषवादी संस्कृति में स्त्री अपने स्वाधीन होने का, घर से बाहर आकर खुली हवा में सांस लेने का सपना कैसे देख सकती है; वह तो पुरुष के हाथ की कठपुतली है। जब भी नारी स्वतंत्र होने की कोशिश करती है तो पुरुष का पुरुषत्व ठहाका लगाता हुआ अपनी श्रेष्ठता का बयान करता है–

कठपुतलियों की / आजादी की बात सुनकर / देर तक ठहाका लगाता है / नया सूत्रधार कठपुतलियाँ और आजादी।[2]

हर बार सूत्रधार बदलते गए। पुरुष कभी बाप बना, कभी भाई तो कभी पति। पर स्त्री की हालत में कोई सुधार नहीं हुआ और वह कठपुतली बनी रही और सब के इशारे पर नाचती रही–

**ससुराल की जिस दहलीज पर / कभी / मेरा पिता खड़ा था /**

**आज/वहीं तुम खड़े हो/और कल वहीं खड़ा होगा तुम्हारा दामाद/**
**क्या सोचती हूँ/ या फर्क पड़ता है/पीढ़ियों के बदल जाने से।**[3]

पुरुष को यह भ्रम रहा कि वह स्त्री को सुरक्षा प्रदान करता आ रहा है। पर उसके पीछे उसका एक बहुत बड़ा स्वार्थ है। वह एक अल्सेशियन कुत्ते की तरह उसके चारों और मंडराता रहता है। इसलिए नहीं कि स्त्री को सुरक्षा की जरूरत है; इसलिए कि वह स्त्री को अपने अधीन रखने में अपनी सार्थकता समझता है और इससे उसके अहं की पुष्टि होती है। समय आने पर वह स्वयं शिकारी बन जाता है। वह चूस लेता है उसके हिस्से की धूप, उसकी हवा, उसका जल। बरगद की तरह वह अपने नीचे उगे पौधों का सुरक्षा–कवच बनकर मिट्टी का सारा रस खुद चूस कर उन्हें खत्म कर देता है। यही है एक स्त्री की करुण कहानी–

**बरगद के नीचे/हम छोटे–छोटे पौधे/**
**पैदा होते ही मर जाते हैं/... हमारी सुरक्षा का ढोंग रचता/**
**और बड़ा और बड़ा/और और बड़ा/गहरा/**
**बहुत अधिक गहरा/मजबूत होकर फैल जाता है/**
**बरगद का छाता/हम सूख जाते हैं।**[4]

स्त्री सिर्फ एक असहाय, बेसहारा चीज बन कर रह जाती है। बस एक चीज जिसे जो जैसा चाहे उपयोग करे। जैसे वह एक सिर्फ उपयोग की वस्तु हो। भारतीय मध्यम वर्गीय नारी इस वेदना से जितना होकर गुजरती है शायद ही और कोई गुजरता हो। कमला दास ने सही कहा है कि– "मध्यवर्गीय स्त्री हमेशा से सिर्फ एक बिछौना बन कर रह गई है। बाद में पूँजीवादी संस्कृति ने यद्यपि स्त्री को चारदीवारी से बाहर निकाला तो और भी कठिन परिस्थितियों में डाल दिया। घर में जहाँ स्त्री के शरीर का आनंद एक लेता था वहाँ पूंजीवादी संस्कृति ने यह आनंद सबके लिए मुहैया करा दिया। वह घर से बाहर निकली तो एक उपभोग की वस्तु बन कर; सामाजिक उपभोग की वस्तु बन कर, पुरुष की लोलुप दृष्टि को उत्तेजित करती हुई। उसकी स्थिति बदतर हो गई। वह जाए तो फिर कहाँ जाए, यही है एक कवयित्री की वेदना –

**बाहर आने पर भी तो/उतनी ही लहूलुहान होती है/**
**जितनी अंदर रहने पर/जान नहीं पा रही/**
**कहाँ कम कहाँ ज्यादा।**[5]

इस प्रकार की अवस्था में उसके मन में द्वंद उठना स्वाभाविक है। आखिर वह कैसे जिए, कैसे घर वालों को संतुष्ट करें; इधर पुरुष है कि हमेशा अपनी श्रेष्ठता अपना अधिकार सिद्ध करने लग जाता है। वह नारी के प्रश्न का कोई उत्तर भी नहीं देता; जैसे उसके प्रश्न और उसकी बातों का कोई मूल्य न हो। क्योंकि वह कभी भी पुरुष की दृष्टि में साध्य नहीं बनी है वह तो सिर्फ एक साधन है ऊँचे स्थान पर पहुँचाने वाली की एक सीढी है। इस बात को शकुंतला माथुर ने सही पहचाना है–

**मैं हीरा नहीं, मैं फूल नहीं हूँ/**
**मैं चाँदनी नहीं हूँ/दुनिया की नजर में मुझे मत चिढ़ा/**
**सौदागर हीरा नहीं चाहता/उसकी आँख उसकी रकम पर रहती है/.**
**मैं फूल उस बाग का हूँ/जिसका मालिक फूलों को नहीं चाहता/**

**उसकी आँख बँगले की सजावट पर रहती है/....**
**मैं मात्र रकम हूँ/मात्र सजावट।**[6]

इस सजावट, इस रकम के विरुद्ध उसका प्रश्न है; आखिर वह सिर्फ रकम क्यों बने? यह तड़पन स्त्री को एक बवंडर की तरह फूटने को मजबूर कर देती है

**मगर तुम कभी जवाब नहीं देते/मुझे नगण्य मानते हो/**
**या चाहते हो परंपरा चलती रहे/.. श्रवण शक्ति सुनती है स्वयं के प्रश्न/हर बार यही इतिहास दोहराया जाता है/तुम नहीं जानते हो अनुत्तरित प्रश्न/उतनी ही पीड़ा देता है/जितना कि कोई आपराधिक भाव/जो अधपुजा रह जाए/.. अगर बन जाऊं सनातन परंपरा को तोड़ने हेतु/ तुम्हारे लिए अभिशाप/तब तुम मेरे प्रश्न का उत्तर जरूर दोगे/ केवल इतना ही नहीं/ उन्हें बार–बार दोहराते रहोगे।**[7]

यही तड़प, यही घुटन स्त्री के मन में संघर्ष पैदा करती है। वह सदियों से एक सहिष्णु मानव की भूमिका निभाती आ रही है। उसके लिए उसका परिवार सब कुछ है। वह घुटन में भी सब कुछ सहते हुए समझौता करती है। पर यह समझौता कब तक? क्या स्त्री का जन्म सिर्फ समझौता के लिए है। उसे भी उसका अधिकार चाहिए। कभी–कभी उसका अंतर विद्रोह कर उठता है, पर उसका पारंपरिक मन घर को नहीं छोड़ पाता। एक अजीब सी स्थिति पैदा हो जाती है–

**मेरी दो जिंदगियाँ समानांतर/ ......**
**एक रोशनी को तरसती/एक रोशनी से चुँधियाई/**
**एक तुम तक पहुँचने को व्याकुल/दूसरी तुमसे बचती कतराती।**[8]

द्वंद और समझौता ही जिंदगी नहीं है। स्त्री का अबलत्व और बेशर्त समर्पण उसे आज मंजूर नहीं है। पुरुष यदि स्त्री को अपना सहभागी बनाने को राजी नहीं है तो उसे अपना रास्ता खुद बनाना होगा। इस रास्ते को अपनाने के लिए उसे संघर्ष करना होगा। यही चाहत यही विद्रोह स्त्रीवादी कविता को सौंदर्य प्रदान करता है–

**तुम्हारे मूड में उतरती/देवी और कुलटा बनती/**
**एक बेजान लौंदा/प्राणहीन तस्वीर बनकर/**
**नहीं रह सकती/मैं स्वयं मूर्त हूँ– मूरत नहीं/**
**तुम्हारे मन के पैमाने/नशे का उफान बनने को/**
**तैयार नहीं/तुम्हारे बदलते तेवर के साथ/**
**बदलने को तैयार नहीं।**[9]

स्त्री अपने आप को अब पहचान चुकी है, वह सिर्फ एक कठपुतली नहीं है जो पुरुष के हाथों में नाचती रहे। वह देवी, माता, धरती की संज्ञा पाकर अपने को धन्य मानने को तैयार नहीं है। उसे पता है इसके पीछे कौन–सी राजनीति है। वह खुद को इन रूपों से मुक्त करना चाहती है; एक नए जन्म के लिए, एक नए रूप के लिए। वह टूटना चाहती है, वह फूटना चाहती है–

**अब मैं उठना चाहती हूँ/अब टूटना चाहती हूँ/**
**मैं हजारों बूंदों में बटुँ/देखूँ अपने सामने खड़े/**
**अपने हजार रूप/मैं चाहती हूँ क्षण क्षण बिखरना/**
**एक दिन था/मधु भरा घड़ा संचित था/**

**उंडेलने में डर लगता था/ अब/टूटना/बिखरना स्वयं मैं हूँ।**[10]

स्त्रीबादी कविता स्त्री की अस्मिता की उसके 'स्व' की पहचान कराती है। स्त्री किसी भी क्षेत्र में पुरुष से कम नहीं है। उसे अपनी अस्मिता की रक्षा करनी है। इसलिए वह अपने को खुद की निगाह से देखने की आदी है ना कि पुरुष की निगाहों से। इसी संदर्भ में कुसुम अंसल का कहना है कि "ये कविताएँ एक मानसिक विशेषताओं की कविताएँ हैं। इन कविताओं में एक खोज है, अपने विस्मृत 'स्व' की ओर निरंतर चलती रहती है तथा मन का गोपनीय भी है जो सामने आ खड़ा हुआ है"।[11] उसका 'स्व' पुरुष के 'स्व' से कहीं बढ़कर है, कहीं ऊँचा है, जिसकी पुरुष कल्पना भी नहीं कर सकता। अगर घर बनता है तो सिर्फ उसके कारण, उसके बिना घर का कोई अस्तित्व है ही नहीं। संगीता गुप्ता के शब्दों में–

**घर जिसके लिए/ औरत/पल–पल मिटती है/**
**ईंट, पत्थर, गारे, सीमेंट से नहीं बनता/.. बनता है**
**उसके प्रेम/अगाध विश्वास/जीवन में/उसकी आस्था से।**

लेकिन अगर पुरुष इसे नहीं समझता तो यह गलती उसकी है। अगर पुरुष घर छोड़ भी दे तो स्त्री को आस्था नहीं खोनी है –

**औरत का/आत्म–विश्वास कायम रहे/**
**धुरी वह है/घर उसका है/उसके दम से है।**[12]

स्त्री प्रेम से, विश्वास से घर बनाती है पर पुरुष के लिए प्रेम एक छलावा है, प्रेम उसके लिए एक खेलने की चीज है। स्त्री इस तरह के प्रेम को स्वीकार नहीं करती। शकुंतला माथुर लिखती हैं–

**प्रेम शब्द/और उसके समस्त अर्थ को/**
**मैंने अस्वीकार कर दिया है/इस बड़े हुए नाखून जैसे/**
**जिसे आज ही सुबह/मैंने तराश दिया है।**[13]

स्त्री के प्रेम से, अगाध विश्वास से घर बसता है। पर उसमें उसकी सुरक्षा कहाँ? वह कभी मुक्त हवा, सुबह की मदमाती धूप, चिड़ियों की चहचहाहट को महसूस भी नहीं कर पाती है। चारों और अंधेरे में जीना उसकी नियति है। यदि उसका समर्पण अगाध विश्वास प्रेम उसे बंधन में डाल देते हैं, उसे पराधीन रहने को मजबूर करते हैं तो वह इन्हें क्यों पकड़े रहे? अतः वह इससे भी बाहर निकलना चाहती है। उसे पता है बाहर भी असुरक्षा का माहौल मिलेगा। पर उसे मुक्त हवा चाहिए, इसके लिए उसे कितना भी कष्ट क्यों न झेलना पड़े। इसी असुरक्षा के बीच कुछ पल की मुक्त–हवा उसे ग्राह्य है। इसी में उसका सुख है। कात्यायनी के शब्दों में–

**इस अरण्य से दूर/मुझे उन फसलों तक जाने दो/**
**अपने यौवन को अमरत्व प्रदान करने के लिए/**
**जिसका रस निचोड़कर तुम पीते हो/मुझे उन पौधों तक जाने दो/**
**जिनके कंठ फूटने को है/उन विशाल सघन वृक्ष तक जाने दो मुझे/**
**जिसके पत्तों से फूटती मर्मर/ध्वनि/यहाँ सीधे मेरी आत्मा तक आ रही है/ऐसे ही एक वृक्ष के तने से पीठ टिका कर/कम से कम एक बार/**
**भले ही वह जिंदगी में आखिरी बार हो/अपने मन से गीत गाना है मुझे/जिसकी कभी किसी ने फरमाइश ना की हो।**[14]

स्त्री जी लेना चाहती है एक छोटा–सा क्षण जो अपना हो, सिर्फ अपना, न किसीका आदेश हो, ना किसी का बंधन। कुछ समय के लिए वह अपने लिए जीना चाहती है; अपने मन से खुले आसमान के नीचे जी लेना चाहती है। इसके लिए उसे कोई भी कीमत क्यों न चुकानी पड़े; वह इसके लिए तैयार है–

**क्या कहूँ/क्या होता है/झूठी और संकीर्ण/सुरक्षा तोड़/असुरक्षा के सच में/खड़े होने का सुख/अथवा दूसरों का स्वर्ग छोड़/अपने हाथों की/मौत या नर्क/चुनने स्फूरण और रोमांच।**[15]

स्त्री खुद अपने हाथों अपनी अस्मिता और सार्थकता को तलाशती है। वह हर उन इतिहास और मिथकों से बाहर आना चाहती है, जिसमें वह सदियों से कैद है। "दुनिया के तमाम मिथकों ने औरत की पहचान एक ऐसी हस्ती के रूप में कराई है, जो सभ्यता के आदिपर्व से आज तक सारे फसादों की जड़ में किसी रूप में मौजूद होती है। मगर असंख्य न किये अपराधों के बोझ से झुकी हुई गर्दन अब उठने लगी है और इतिहास की अंधेरी सुरंग से निकलकर उस छद्म के चिथड़े करने लगी है जिसने उन्हें अपनी ही पहचान से बेदखल कर रखा है"।[16] उसका रूप अब कठोर हो उठा है, सारे बंधन, सारे मिथकों को तोड़ने के लिए। उसकी नजरें एक सहनशील नारी की तरह नीचे झुकी नहीं रहती, सीधे झाँकती है। –

**वन्य पशु/डरते हैं आग से/वे–/हमारी निर्भीक आँखों से/**
**जो झाँकती हैं/सीधे उनकी आंखों में।**[17]

एक और जहाँ स्त्री डटकर पुरुष के सामने खड़ी है तो दूसरी और अपने स्त्री होने को कभी नहीं नकारती। अपने स्त्री होने पर भी उसे गर्व है। अगर सिमन–द–बुवा का वाक्य "स्त्री पैदा नहीं होती बल्कि बनाई जाती है" सही है तो यह भी सही है कि 'स्त्री पैदाइशी स्त्री होती है और किसी में इतनी ताकत नहीं है कि स्त्री को स्त्री बना सके'। स्त्री के पास ऐसे बहुत सारे गुण है जो सहज प्राकृतिक हैं; कुदरत का वरदान है न उसे कोई व्यक्ति बना सकता है ना कोई युग। स्त्री का माँ बनने का सुख क्या और किसी को मिल सकता है? स्त्री की सर्जनशीलता की शक्ति, जिसके आधार पर संसार खड़ा है, क्या इसे कोई बना सकता है? यह प्राकृतिक है। इस अर्थ में वह पुरुष से बड़ी है–

**कितनी अच्छी लगती है/माटी को अपने भीतर/उगते अंकुर की प्रतीति/एक अनूठा सुख/जिसे माटी सिर्फ माटी जानती है।**[18]

स्त्रीवादी कविता एक ऐसी काव्यात्मक शक्ति को लेकर सामने आती है, जो तिलमिला देती है। आदमी को झकझोर कर रख देती है। कभी विस्फोट के साथ तो कभी एक सजगता और चिंतनशीलता के साथ। वह अपना सिर ऊँचा किए, किसी से खुद को नीचे ना समझते हुए चलती है; एक अजस्र बहाव की तरह। यही है उसका सौंदर्यबोधीय परिदृश्य, जहाँ वह मानव को मानव की तरह जीने देने की माँग करती है और इसके लिए संघर्ष करते हुए समाधान की तरफ अपना कदम बढ़ाती है।

**संदर्भ**


1. 'स्याह बैंगनी उदासी में सिहरती लड़की'— संगीता गुप्ता— 'अक्षरा' जुलाई—सितंबर 1999, पृ.55
2. 'कठपुतलियाँ सोचती हैं'—माया प्रसाद— आधुनिक महिला लेखन (कविता), संपादक—रमणिका गुप्ता, पृ.78
3. शशिसहगल—आधुनिक महिला लेखन (कविता), संपादक —रमणिका गुप्ता, पृ.48
4. रमणिका गुप्ता— 'वैचारिकी संकलन'— जनवरी 1997, पृ.57
5. चौतरफा लड़ाई'—स्नेहमई चौधरी—आधुनिक महिला लेखन (कविता), संपादक—रमणिका गुप्ता, पृ.09
6. 'अभी और कुछ' पृ.11
7. सुशीला टाकभोरे—आधुनिक महिला लेखन (कविता), संपादक—रमणिका गुप्ता, पृ. 51
8. सुषम वेदी— आधुनिक महिला लेखन (कविता), संपादक —रमणिका गुप्ता, पृ.32
9. रमणिका गुप्ता— आधुनिक महिला लेखन (कविता), संपादक —रमणिका गुप्ता, पृ.111
10. 'स्वयं की पहचान'— शकुंत माथुर 'अभी और कुछला' पृ.47
11. आधुनिक महिला लेखन (कविता), संपादक— रमणिका गुप्ता, पृ. 02
12. पत्रिका 'वैचारिकी संकलन', अगस्त 1997 पृ.30
13. काव्य संग्रह 'अभी और कुछ' पृ.41
14. काव्य संग्रह 'इस पौरुषपूर्ण समय में' पृष्ठ 65
15. मंजूरानी सिंह— पत्रिका 'वैचारिकी संकलन', जून 1998, पृ. 80
16. माया प्रसाद— आधुनिक महिला लेखन (कविता), संपादक —रमणिका गुप्ता, पृ.74
17. कात्यातनी— आधुनिक महिला लेखन (कविता), संपादक—रमणिका गुप्ता, पृ.174
18. सुनो युधिष्ठिर'— माया प्रसाद— आधुनिक महिला लेखन (कविता), संपादक —रमणिका गुप्ता, पृ.75


---


**संपर्क : विभागाध्यक्ष, हिंदी विभाग, राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, खड़कवासला, पुणे— 411 023, मो. 8600329383**

# निर्मल वर्मा की कहानियाँ : स्वरूप एवं संवेदना

✰ प्रो. अखिलेश कुमार शंखधर
✰✰ डॉ. लाङ्जम रोमी देवी

निर्मल वर्मा नई कहानी आंदोलन से संबद्ध विशिष्ट कहानीकार हैं। निर्मल वर्मा की कहानियाँ सच्चे अर्थों में पारंपरिक कहानियों से भिन्न धरातल पर रची गई हैं। दूसरे शब्दों में कहा जाए तो हम कह सकते है कि निर्मल वर्मा की कहानियाँ वस्तुतः नई कहानियाँ हैं। संभवतः इसीलिए प्रतिष्ठित आलोचक ''डॉ. नामवर सिंह ने उनकी कहानी 'परिंदे' को नई कहानी की पहली कृति माना है।''1 उनकी कहानियाँ भाव, विचार और संवेदना की दृष्टि से बिलकुल अलग है, निर्मल वर्मा के कहानी संग्रहों में 'परिंदे'(1959), 'जलती झाड़ी' (1965), 'पिछली गर्मियों में' (1968), 'बीच बहस में' (1973), कव्वे और काला पानी' (1983) और 'सूखा तथा अन्य कहानियाँ (1995) प्रमुख हैं। निर्मल वर्मा को उनके संग्रह 'कव्वे और काला पानी' के लिए वर्ष 1985 का साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त हुआ।

निर्मल वर्मा की अनेक कहानियों को क्लासिक का दर्जा प्राप्त है। इन कहानियों में 'परिंदे', 'कव्वे और काला पानी', 'पिक्चर पोस्टकार्ड', 'सूखा', 'जलती झाड़ी', आदि का उल्लेख किया जा सकता हैं। निर्मल वर्मा की कहानियाँ इस दृष्टि से विशेष महत्त्व रखती है कि वे पाठक का साक्षात्कार एक ऐसी दुनिया से कराती हैं जिससे कि वह अभी तक सर्वथा अपरिचित था। पश्चिम का समाज, वहाँ के लोगों की दिनचर्या उनका रहन–सहन और पाश्चात्य संस्कृति के विविध रूप निर्मल वर्मा के यहाँ देखे जा सकते हैं। इसके साथ ही भारतीय संदर्भ में निर्मल वर्मा शायद एक मात्र ऐसे कहानीकार हैं जिनके यहाँ पहाड़ का सौंदर्य, शिमला, नैनीताल के विविध दृश्य देखने को मिलते हैं। मानव मन के एकांत कोनों में झाँकने वाले कहानीकार के रूप में निर्मल वर्मा की ख्याति है। प्रेम और वात्सल्य की बिलकुल अलग दुनिया से वे हमारा साक्षात्कार कराते हैं।

'परिंदे' निर्मल वर्मा की अत्यंत चर्चित कहानी है। प्रेम कहानी के रूप में इसका महत्त्व असंदिग्ध है। लतिका एक ऐसा चरित्र है जिसके इर्द–गिर्द ही कहानी की धूरी घूमती रहती है। लतिका का जीवन एकांत और अकेलेपन का है। निर्मल यह दिखाते हैं कि अकेलापन उसकी नियति बन गया है। उसके जीवन में प्रेम अथवा किसी आत्मीय का प्रवेश बिलकुल भी नहीं हैं। ऐसे में गर्ल्स हॉस्टल की वार्डन के रूप में निर्मल वर्मा ने उसके चरित्र का बहुत प्रामाणिक और यथार्थ अंकन किया है। निर्मल वर्मा के कहानीकार व्यक्तित्व का यह वैशिष्ट्य है कि वे मानव मन के गहरे कोनों की परख करते हैं। लतिका के बारे में निर्मल वर्मा लिखते हैं– ''इस छोटे–छोटे से हिल दृस्टेशन पर रहते आज उसे अरसा हो गया, किंतु कब समय पतझड़ और गरमियों का घेरा पार करके सर्दियों की छुट्टियों की गोद में सिमट जाता है, उसे कभी याद नहीं

रहता।''[2] 108 इस प्रकार निर्मल वर्मा यह दिखाते हैं कि एकांत और अकेलापन उसके जीवन की त्रासदी बन गई है। लड़कियों के हॉस्टल में रहते हुए वह अपने को थोड़ा बहुत व्यस्त तो रखती हैं। 'परिंदे' कहानी की पंक्तियाँ द्रष्टव्य है– ''अँधेरे गलियारें में चलते हुए लतिका ठिठक गई। दिवार का सहारा लेकर उसने लैंप की बत्ती बढ़ा दी। सीढ़ियों पर उसकी छाया एक बेडौल कटी–फटी आकृति खींचने लगी। सात नंबर कमरे से लड़कियों की बातचीत और हँसी–ठहाकों का स्वर अभी तक आ रहा था। लतिका ने दरवाजा खटखटाया। शोर अचानक बंद हो गया।''[3]

नई कहानी से जुड़े हुए कहानीकारों में निर्मल वर्मा का महत्त्व इस–दृष्टि से बढ़ जाता है कि उन्होंने निम्नमध्यवर्ग के जीवन संघर्ष को उजागर करने के बजाय व्यक्तिमन के एकांत और उसकी अपनी दुनिया को स्वर प्रदान किया। कहना न होगा कि निर्मल वर्मा की कहानियाँ उनके अपने समकालीन दूसरे कहानीकारों की तुलना में बिलकुल अलग प्रकार की थीं। उनकी कहानियों में निहित इसी वैशिष्ट्य को उजागर करते हुए प्रतिष्ठित आलोचक प्रो.कृष्णदत्त पालीवाल लिखते हैं– ''निर्मल वर्मा की कहानियाँ जीवनानुभवों के विविध परिप्रेक्ष्य को सामने लाती हैं। वे ऐसे अनुपम हिंदी के कहानीकार हैं कि उनकी जैसी कहानियाँ हिंदी में कोई और लिख ही नहीं पाया। अलीकी विद्रोही –लेकिन शांत। प्रसाद–स्कूल, जैनेंद्र– अज्ञेय– स्कूल, अमृतलाल नागर–कमलेश्वर, मोहन राकेश से उन्होंने सीखा बहुत कुछ, लेकिन इनमें से अनुकरण किसी का नहीं किया। चेखव, तोल्स्तोई, प्रूस्त, मिलान कुंडेरा, लोरेंस आदि को खूब पढा–गुना–सराहा, लेकिन कहानी का ईडीयम किसी से नहीं चुराया। उनका कहानी मुहावरा बारीक मुलायम, कुटा–छना, एकदम उनका. मौलिक है। न कोई उन जैसा वाक्य–विन्यास कर सकता है, न वर्णन, न बिंब प्रतीक गढ़ सकता है। इसलिए पूर्ववर्ती कहानी–कला से निर्मल वर्मा की कहानी कला में समानताएँ बहुत कम, भिन्नताएँ बहुत ज्यादा हैं।''[4] अतः हम यह कह सकते है कि निर्मल वर्मा को भारतीय और पाश्चात्य कहानी परंपरा से खूब परिचय था, तथापि उनकी कहानियों पर किसी भी दूसरे कहानीकार का प्रभाव लक्षित नहीं किया जा सकता है। उनकी अपनी ही विशिष्ट शैली है।

'कव्वे और काला पानी' निर्मल वर्मा की प्रसिद्ध कहानी है। अपनी इस कहानी में निर्मल वर्मा ने सर्वथा एक नए विषय पर कहानी रची। कहानी का शुरूआती पाठ यह भ्रम दिलाता है कि कहानी जीवन को त्याग कर संन्यासी बनने वाले व्यक्ति की कथा है, किंतु जब हम कहानी का गहन पाठ करते है तो पता चलता है कि यह कहानी जीवन की निराशा अथवा घर परिवार से दूर होने की कहानी नहीं वरन् व्यक्ति के एकांत और शांत व्यक्तित्व के महत्त्व को उजागर करने वाली कहानी है। कहानी की पंक्तियाँ द्रष्टव्य हैं– ''आप छुट्टियों में कहीं नहीं जाते? एक आध दिन के लिए अल्मोड़ा उतर जाता हूँ लेकिन वहाँ मेरा मन घुटता है, वही पुराने लोग आ घेरते हैं, जिनसे बचना चाहता हूँ। यहाँ अकेला नहीं लगता? वे कुछ देर चूप रहे, फिर कुछ सोचते हुए कहा; यहाँ अकेला रहता हूँ तो भी वैसी ऊब नहीं होती जैसी अल्मोड़े में–फिर जब मन करता है, तो बाबा के पास जा बैठता हूँ।''[5] कहानी की पंक्तियाँ यह दर्शाती है कि भीड़ भाड़ और शोरगुल से अलग व्यक्ति की अपनी भी दुनिया है। 'कव्वे

और काला पानी' कहानी अपनी विशिष्ट भाषा शैली और प्रतीकात्मकता की– दृष्टि से भी उल्लेखनीय है। निर्मल वर्मा एक ऐसी दुनिया में पाठक को ले जाते हैं जिससे कि वह पहले कभी परिचित नहीं था। हिंदी कहानी में बाबाओं और संन्यासियों का जीवन अभी तक किसी कहानीकार ने चित्रित नहीं किया था। यह पहली बार हुआ कि निर्मल वर्मा ने इस ओर संकेत किया कि बाबा कैसे बनते है। यह बात अलग है कि इसी कहानी के आधार पर कुछ लोगों ने निर्मल वर्मा पर बाबावाद का आरोप लगाया। इस कहानी के संदर्भ में कृष्णदत्त पालीवाल की पंक्तियाँ उल्लेखनीय है– ''निर्मल वर्मा की कहानियाँ सुपरिचित किन्तु परिष्कृत संवेदना और 'उजले भाव–बोध' की कहानियाँ हैं। यह कहना कि इन कहानियों में समाज गायब है– समझ का उथलापन है या किसी विचारधारा का अंधापन। फार्मूलाबद्ध नाप–जोख। मानव–संबंधों की बारीकी का यथार्थ ही यहाँ सामाजिकता है। समाज–निरपेक्षता में 'कव्वे और काला पानी' जैसी कहानी का सृजन संभव ही नहीं है। कहानी का भारतीय 'घर' पाठक की चेतना में चक्र की तरह घूमता मिलता है। समाज और सत्य का मध्यवर्गीय परिवेश जीवनानुभवों का पूरा इतिहास कहने में सक्षम है।''[6] प्रो.पालीवाल की बातों से सहमति जताते हुए कहा जा सकता है कि 'कव्वे और काला पानी' कहानी भारतीय जीवन संदर्भों को उजागर करने वाली कहानी है। इस कहानी में भले ही संन्यासी जीवन को केंद्र में रखा गया है, फिर भी इसमें कोई संदेह नहीं कि कहानी में घर ओझल नहीं हुआ है।

निर्मल वर्मा नई कहानी के कहानीकारों में इसलिए विशेष महत्त्व रखते है क्योंकि उनकी कहानियाँ जीवन और जगत की विविध कुंठाओं और संत्रासों से रहित हैं। निर्मल वर्मा की कहानियों के पात्र अकुंठ जीवन की छवि प्रस्तुत करते हैं। कहने का आशय यह कि जीवन के रागात्मक और रसमय पक्ष को निर्मल वर्मा की अनेक कहानियाँ उजागर करती हैं। इन कहानियों में 'परिंदे', 'पिक्चर पोस्टकार्ड' तथा 'सूखा' आदि का विशेष रूप से उल्लेख किया जा सकता है। 'पिक्चर पोस्टकार्ड' निर्मल वर्मा की अत्यंत प्रभावशाली कहानी है। यह कहानी नई दिल्ली के एक अति प्रतिष्ठित महाविद्यालय संभवतः सेंट स्टीफेंस के कुछ सहपाठी मित्रों की कहानी है। कहानीकार ने इस कहानी में यह दिखाया है कि पिक्चर पोस्टकार्ड न केवल किसी ऐतिहासिक स्थल की जानकारी प्रदर्शित करते हैं वरन् व्यक्ति विशेष की मनःस्थिति को भी प्रकाशित करते हैं। 'पिक्चर पोस्टकार्ड' कहानी के संदर्भ में प्रतिष्ठित कहानीकार और कथालोचक मार्कण्डेय की पंक्तियाँ ध्यातव्य है– ''पिक्चर पोस्टकार्ड' का परिवेश अतीत का सर्वथा परित्याग ही नहीं कर देता, वरन् लेखक की समूची दृष्टि में सिमट कर आज की नयी वास्तविकता का केंद्र बिंदु बन जाता है। इस कहानी में तो सहसा ऐसा लगता है, जैसे निर्मल के पास कोई अतीत है ही नहीं, और आज के वर्तमान की बहुत कुछ शगल भी यही है। मन नहीं करता, कि इस कटु तथ्य को माना जाय, और यह सोचने–समझने का वैज्ञानिक ढंग भी नहीं हो सकता लेकिन आज का यही वर्तमान टूटने की संचेतना से भी मुक्त हो जाना चाहता है। इस प्रकार स्वीकार और अस्वीकार की दुहरी प्रक्रिया से बहुत आगे बढ़कर अस्वीकार की चेतना तक का प्रयास इस कहानी में नहीं मिलता। लगता है, उस अपाहिज अतीत को याद करने से क्या फायदा जो आज हमारे

किसी काम का नहीं रह गया है, फिर भी लाश की तरह हमारे बीच पड़ा हुआ है? वस्तुतः नया जीवन तो 'पिक्चर पोस्टकार्ड' के 'परेश' और 'सी.डी.'का है।''[7] इस प्रकार 'पिक्चर पोस्टकार्ड' कहानी जीवन के प्रेममयी और रागात्मक क्षण की सशक्त अभिव्यक्ति है।

हिंदी कहानी जगत के मानचित्र पर निर्मल वर्मा की कहानियाँ इसलिए विशेष रूप से अनुपेक्षणीय है क्योंकि पाश्चात्य सभ्यता और संस्कृति के सकारात्मक और नकारात्मक उभय पक्षों को उनकी कहानियाँ समग्रता में रूपायित करती हैं। यह सर्वविदित है कि निर्मल वर्मा ने लंबे समय तक यूरोप के विभिन्न नगरों में निवास किया था। इस प्रवास की उपलब्धि जहाँ 'हर बारिश में' सदृश्य उनके यात्रावृत्तांत हैं वही दूसरी ओर उनकी अनेक कहानियाँ पश्चिम के संसार को दिखाती है। प्राग और लंदन दो ऐसे शहर है जो निर्मल वर्मा की कहानियों में बार–बार वर्णित हैं। पश्चिम की पृष्ठभूमि में रची गई उनकी कहानियों में 'लवर्स', 'दूसरी दुनिया', और 'लंदन की एक रात' का नामोल्लेख किया जा सकता हैं। निर्मल वर्मा पर प्रायः यह आरोप लगाया जाता है कि उनकी कहानियों में पश्चिमी पियानो है, मदिरालय अर्थात पब हैं। निर्मल वर्मा के विरोधी कहते हैं कि उनकी कहानियाँ पश्चिम की तड़क–भड़क और उपभोक्तावादी संस्कृति को प्रकाशित करती हैं, किन्तु आश्चर्य की बात है कि निर्मल वर्मा पश्चिम के जिस प्रकृति प्रेमी और पठनीयता की संस्कृति वाले समाज का वर्णन अपनी कहानियों में करते हैं वह इन आलोचकों को नहीं दिखता है। 'दूसरी दुनिया' पश्चिम के प्रकृति के प्रति और उसकी संलग्नता को दर्शाती हैं। कहने का अर्थ यह कि पाश्चात्य जगत में सब कुछ नकारात्मक ही हो ऐसा नहीं है। कुछ ऐसे सकारात्मक और प्रशंसनीय पक्ष है जिनकी तरफ भी हमारा ध्यान जाना चाहिए। यहाँ इस तथ्य को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता कि पश्चिम की अपसंस्कृति को भी निर्मल वर्मा ने अपनी कहानियों में उजागर किया है।

निर्मल वर्मा की कहानियाँ स्वरूप और संवेदना की दृष्टि से विविध आयामी हैं। मानव जीवन के अनेक संदर्भों को उनकी कहानियाँ उद्‌घाटित करती है। उनकी कहानियाँ सफलतापूर्वक यह स्थापित करती हैं कि जीवन रागात्मकता, प्रेम और सौंदर्य से परिपूर्ण हैं। इसके साथ ही उनकी कहानियाँ सशक्त स्वरों में यह दर्शाती है कि व्यक्ति की अपनी इयत्ता और उसका अपना अस्तित्व हैं। उनकी कहानियों में चित्रित चरित्रों का जो एकांत और अकेलापन है वह सिर्फ उनका एकांत नहीं बल्कि समकालीन मानव जीवन की व्यर्थताओं के बीच किसी व्यक्ति के अस्तित्व को दृढ़तापूर्वक स्थापित करने वाला हैं। भारतीय और पाश्चात्य जगत के अनेक अलक्षित पक्षों को उनकी कहानियाँ प्रकाशित करती हैं। निर्मल वर्मा की कहानियाँ इस दृष्टि से भी विशिष्ट है कि वे मनोरंजक न होकर हमें सोचने के लिए विवश करती है। कहने का कुल आशय यह कि निर्मल वर्मा एक दृष्टिसंपन्न कहानीकार है और उनकी कहानियाँ वैचारिकता की दृष्टि से भी अत्यंत समृद्ध हैं। भाषिक वैभव की दृष्टि से भी निर्मल वर्मा की कहानियाँ उल्लेखनीय हैं। निर्मल वर्मा छोटे–छोटे वाक्यों से अपनी कहानी रचते हैं। भाषा सहज सरल और संप्रेषणीय है। संप्रेषणीयता उनकी कहानियों की शक्ति है। भाषा में कहीं भी किसी भी प्रकार का उलझाव

दिखाई नहीं पड़ता है। अपनी कुछ कहानियों में संकेत के माध्यम से वे अपनी बात कहते हैं किंतु इससे कहानी अपने उद्देश्य से बिलकुल भी नहीं भटकती है। अंग्रेजी के प्रसिद्ध उपन्यासकार और नॉबल पुरस्कार विजेता अर्नेस्ट हेमिंग्वे ने कहीं लिखा है कि एक अच्छी कहानी वह होती है जो हमें अंत में यह सोचने पर विवश कर दे कि आगे क्या होगा। निर्मल वर्मा की अनेक कहानियाँ हमें ऐसे मोड़ पर ले जाकर छोड़ देती है जहाँ हम यह सोचने के लिए विवश हो जाते हैं कि आगे क्या हुआ होगा या आगे क्या होगा। इसके बाद भी ये कहानियाँ अधूरी नहीं है बल्कि अपने कथ्य को सफलतापूर्वक उजागर करती हैं।

**संदर्भ**


1. नामवर सिंह, कहानी नई कहानी, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद, संस्करण 1999 ई, पृ. 61
2. बटरोही सं.,हिंदी कहानी के अठारह कदम, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, प्रथम संस्करण 2002 ई, पृष्ठ 108
3. निर्मल वर्मा, परिंदे, राजकमल पेपरबैक्स, पहला संस्करण 1999 ई, पृ. 132
4. कृष्णदत्त पालीवाल, भारतीय साहित्य के निर्माता–निर्मल वर्मा, साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली, प्रथम संस्करण 2009 ई, पृ. 35
5. निर्मल वर्मा, कव्वे और काला पानी, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, चौथी आवृत्ति 1999 ई, पृ. 110
6. कृष्णदत्त पालीवाल, भारतीय साहित्य के निर्माता–निर्मल वर्मा, साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली, प्रथम संस्करण 2009 ई, पृ. 34
7. मार्कण्डेय, कहानी की बात, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद, प्रथम संस्करण 1984 ई, पृ. 19


---


**संपर्क : ✩ हिंदी विभाग, मणिपुर विश्वविद्यालय, कॉचीपुर, इंफाल–795003 मणिपुर**

**✩✩ थांगमैबंद हिजम दीवान, लैकाय, नियर ग्रीनकेन, इंडस्ट्री, इंफाल–795001, मणिपुर**

# अरूणाचल प्रदेश के गुमनाम स्वतंत्रता सेनानी

डॉ. विश्वजीत कुमार मिश्र

दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश भारत ने अंग्रेजों से अपनी आजादी प्राप्त करने के लिए स्वतंत्रता–संग्राम का एक बहुत लंबा इतिहास देखा है। ब्रिटिश शासन के उत्पीड़क बेड़ियों को तोड़ने के लिए लाखों भारतवासियों ने अपनी जान दे दी। पूरे देश में हजारों स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान के कारण ही आज भारत स्वाधीन हो पाया है। आज़ादी के लिए राष्ट्रीय आंदोलन को खड़ा करने में देश भर के अनेक स्वतंत्रता–सेनानियों ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। रानी लक्ष्मीबाई, मंगल पांडे, नाना साहिब, तात्या टोपे, सुरेंद्रनाथ बनर्जी, सुभाष चंद्र बोस, बाल गंगाधर तिलक, भगत सिंह, राजगुरु, चन्द्रशेखर आज़ाद, दादाभाई नौरोजी, चितरंजन दास और जवाहरलाल नेहरू आदि जैसे स्वतंत्रता सेनानियों ने इस देश को स्वतंत्रता दिलाने में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया है।

भारत के अन्य हिस्सों की तरह पूर्वोत्तर राज्यों के स्वतंत्रता सेनानियों ने भी स्वतंत्रता आंदोलन में अपने प्राणों की आहुति दी। अत्याचारी ब्रिटिश शासकों के अत्याचार के विरुद्ध डटकर संघर्षों का सामना किया। इस संदर्भ में लेखिका स्वर्ण अनिल कहती हैं कि "अपनी महान परंपराओं की प्राणपण से रक्षा करने वाले इस प्रदेश के सुसंस्कृत जन–समुदाय को आक्रमणकारी अंग्रेजों ने असभ्य, जंगली, बर्बर, दासतुल्य और हेड–हंटर्स के रूप में प्रचारित किया। अंग्रेजों द्वारा संचालित कोलकाता और असम के छापेखानों (प्रेस) से छपने वाले प्रपत्रों द्वारा इस महान संस्कृति–संपन्न प्रदेश के लोगों की सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक, पारिवारिक और राष्ट्रीय आस्थाओं एवं संस्कारों को 'एशियाटिक सोसाइटी ऑफ बंगाल' के कार्यकर्ताओं ने अपने पूर्वाग्रह और राजनीतिक स्वार्थों से प्रेरित होकर जिस रूप में रखा, उसी का प्रचार उन्होंने इस 'स्प्रिंगबोर्ड' से शेष भारत को और विश्व को दूर रखने के लिए भी किया।"[1] इस क्षेत्र में ईस्ट इंडिया कंपनी का शासन 1826 में प्रथम अंग्रेज़–बर्मी युद्ध के बाद यांदाबू की संधि के साथ शुरू हुआ। फिर विजयी अंग्रेजों ने इस क्षेत्र पर अधिकार कर लिया। असम में, ब्रिटिश शासन को गोमधर कंवर के नेतृत्व वाले तत्कालीन कुलीनों के एक समूह द्वारा चुनौती दी गई थी। हालाँकि, उनका प्रयास 1828 में दबा दिया गया था और गोमधर और उनके सहयोगियों को कैद कर लिया गया था। उनकी एक सहयोगी पियाली बोरफुकन को फाँसी दे दी गई थी।

आगे के वर्षों में ब्रिटिश अधीनता का विरोध बढ़ता गया। पहाड़ियों पर ब्रिटिश विस्तार को पहाड़ी जनजातियों द्वारा उग्र प्रतिरोध का सामना करना पड़ा। तिरोत सिंह के नेतृत्व में खासियों ने 1829 से 1833 तक अंग्रेजों के खिलाफ बहादुरी से लड़ाई लड़ी। हालांकि, अंत में उनका प्रतिरोध अंग्रेजों के आगे झुक गया और तिरोत सिंह को ढाका जेल में कैद कर लिया गया। 1830 और 1860 के दशक के बीच, पहाड़ी जनजातियों जैसे सिंगफो, खामती, नागा,

गारो आदि ने पहाड़ियों में ब्रिटिश विस्तारवादी नीतियों को कड़ी चुनौती दी, जिससे अंग्रेजों को भारी नुकसान हुआ। आगे 1857 का प्रभाव असम में भी महसूस किया गया और मणिराम दीवान ने असम से अंग्रेजों को खदेड़ने में अहम भूमिका निभाई। हालांकि, ये योजनाएँ आगे जा कर विफल हो गईं और मनीराम और पियाली बरुआ को 1858 में फांसी दे दी गई। उनके कई करीबी सहयोगियों जैसे बहादुर गाँव बूढ़ा और फरमुद अली को गिरफ्तार कर नजरबंद कर दिया गया। 20 सितंबर, 1942 को, 'भारत छोड़ो' आंदोलन जब अपनी ऊंचाई पर था तब कनकलता बरुआ को वर्तमान गोहपुर, असम में ब्रिटिश सेना ने गोली मार दी थी। 17 साल की कनकलता बरुआ तब एक थाने में तिरंगा फहराने की कोशिश कर रही थी।

उसी दिन, असम के एक अन्य हिस्से में, भोगेश्वरी फुकनानी का भी अंग्रेजों के हाथों ऐसा ही हश्र हुआ। वह भी भारतीय ध्वज फहराने की कोशिश कर रही थी। उपनिवेशवादियों के खिलाफ उठने वालों में रानी गाइदिन्ल्यू भी थीं। रानी गाइदिन्ल्यू एक नागा आध्यात्मिक नेता थी, वह मणिपुर में एक प्रमुख राजनीतिक व्यक्तित्व बन गईं। उन्हें 16 साल की उम्र में गिरफ्तार किया गया था और उन्हें 14 साल जेल में बिताने पड़े थे। इसके अलावा ऐसे कई महान स्वतंत्रता–सेनानी हैं जिनका जन्म देश के पूर्वोत्तर भाग में हुआ था। हालांकि भारत की अधिकतर जनता अंग्रेजों के खिलाफ उनके महान संघर्ष के लिए रानी गाइदिन्ल्यू, भोगेश्वरी फुकनानी, वीर टिकेंद्रजीत सिंह, त्रिलोचन पोखरेल आदि जैसे नामों से परिचित हैं, लेकिन कुछ नाम ऐसे हैं जो वर्षों से खो गए हैं। कुछ को सुर्खियाँ मिल जाती हैं जबकि कुछ अंधेरे में रहते हैं। पूर्वोत्तर भारत के अरुणाचल प्रदेश राज्य के भी कुछ स्वातंत्रता सेनानी ऐसे हैं जिनके बारे में मुख्यतः भारत के देशवासियों को नहीं पता है। अरुणाचल प्रदेश के मातमूर जामोह, लुट्िनयुंग मेगु, मोजे रीबा आदि ऐसे ही स्वतंत्रता सेनानी हैं जिनके त्याग और बलिदान से शेष भारत अनभिज्ञ है। इस सूची में प्रथम नाम मातमुर जमोह का है, जिसने 31 मार्च, 1911 को कमसिंग गाँव में ब्रिटिश अधिकारी विलियम्सन की हत्या कर दी थी, जबकि उसके अनुयायियों ने पूर्वी सियांग जिले के पांगी में डॉ. ग्रेगर्सन की हत्या कर दी थी। "जब तत्कालीन सदिया (असम) का सहकारी राजनैतिक अधिकारी मि. नॉएल विलियम्सन सिपाहियों के साथ पासीघाट के समीपस्थ यंगरू गाँव आया, तब उस गाँव के मुखिया मातमुर जमोह का खून खौल उठा, मातमुर जमोह ने अपने साथी लतियांग तालोह के साथ यंगरू गाँव से कमसिंग गाँव तक चलकर योजना बनाई। उन्होंने केबां गाँव में जाकर अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने के लिए एक टुकड़ी तैयार की, जिसमें लमलो दरंग, बापक लेरांग, लानरुंग तामुक, नामु नोनाङ, बिसंग ताबियों आदि शामिल हुए। मि. नॉएल विलियम्सन के नेतृत्व में सिपाहियों की एक टुकड़ी ने कमसिंग गाँव में और डॉ. ग्रेगर्सन की टुकड़ी ने सियांग नदी पार कर पनजी गाँव में डेरा डाला। 31 मार्च, 1911 को मातमुर जमोह और उसके साथियों ने कोमसींग गाँव के ब्रिटिश सहायक राजनीतिक अधिकारी नॉएल विलियम्सन और पांगी में डॉ. ग्रेगर्सन इन दोनों अंग्रेज अधिकारियों समेत 42 सिपाहियों को मौत के घाट उतार दिया।"[2] मातमुर जमोह ने अंडमान की सेलुलर जेल में अंतिम साँस ली थी। हालांकि, उनकी मृत्यु

गुमनामी में हुई और उनके बारे में बहुत कम रिकॉर्ड उपलब्ध हैं। "जमोह अरुणाचल प्रदेश के 'आदि' समुदाय से थे जिन्होंने समय–समय पर अंग्रेजों के साथ युद्ध लड़ा था – 1858 में केबांग में, 1859 में रोंगटन में, 1894 में दांबुक में और 1911 में कोम्सिंग में। मध्य अरुणाचल में 'आदि', पूर्व में इदु–मिशमी, वांचो, सिंगफो, खाम्पती और पश्चिम में अका जनजाति ने भी अंग्रेजों का विरोध किया था और उनके साथ युद्ध लड़ा था।"[3]

जब अंग्रेजों ने सियांग घाटी की अबोर पहाड़ियों के आंतरिक भाग में प्रवेश किया, तो 'आदि' जनजाति के लोगों ने कई स्थानों पर कई बार दृढ़ता से अंग्रेजों से लड़ाई लड़ी और उन्हें अत्याचारी ब्रिटिश शासकों के द्वारा अनेक यातनाओं का सामना करना पड़ा। इन सभी संघर्षों के दौरान, उन्होंने मातृभूमि के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। उन्होंने देश के वास्तविक नायकों की तरह अपनी देशभक्ति की मिसाल प्रस्तुत की। वर्तमान में यह विडंबना है कि आजादी के 75 वर्ष बाद भी पूर्वोत्तर भारत के लोगों के सर्वोच्च बलिदान, शौर्य और देशभक्ति पर ध्यान नहीं दिया गया और उन्हें मान्यता भी नहीं दी गई। पूर्वोत्तर भारत के सभी राज्यों के निवासियों ने सच्चे देशभक्तों के रूप में मातृभूमि के सम्मान की रक्षा में अपना उल्लेखनीय योगदान दिया है। अरुणाचल प्रदेश के एक और ऐसे ही स्वतंत्रता सेनानी मोजे रिबा भी थे, वह अरुणाचल प्रदेश के सियांग ज़िले के रहने वाले थे। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में कूदने से पहले वो एक व्यापारी थे। लेकिन डिब्रूगढ़ की अपनी एक यात्रा में उन्होंने भारत के स्वतंत्रता संग्राम के बारे में सुना, तभी मोजे रिबा का हृदय परिवर्तन हो गया और वह भी भारत के स्वतंत्रता संग्राम में कूद गए। वह अखिल भारतीय कांग्रेस में शामिल होने वाले अरुणाचल प्रदेश के पहले व्यक्ति थे। लेखिका स्वर्ण अनिल की पुस्तक 'पूर्वोत्तर भारत के स्वातंत्र्य वीर' के अनुसार– "अरुणाचल प्रदेश के पश्चिमी सियांग क्षेत्र के बासार मंडल के दारिंग गाँव के मोजे रीबा संत स्वभाव के थे, इसलिए लोग उन्हें 'आबो निजी' अर्थात् 'बापू' कहकर संबोधित करते थे। गांधीजी के आह्वान को सुनकर और असम के गोपीनाथ बारदोलोई से दिशा–निर्देश लेकर उन्होंने दारिंग के लोगों की एक सभा बुलाई और स्वतंत्रता संग्राम के लिए लोगों का आह्वान किया। इनके नेतृत्व में अरुणाचल प्रदेश में स्वतंत्रता संग्राम को नई गति मिली। स्वतंत्रता की रजत जयंती के अवसर पर 15 अगस्त, 1972 को इन्हें ताम्रपत्र देकर सम्मानित किया गया था ।"[4] भारत में ब्रिटिश शासन के संकटपूर्ण दिनों में इस पूर्वोत्तर क्षेत्र की जनता ने भी क्रूरता और अत्याचार की चरम सीमा को झेला था। उनके क्षेत्रों में घुसपैठ की गई और उन्हें लूट लिया गया, जो स्वतंत्रता–प्रेमी स्वदेशी जनजातियों के लिए पूरी तरह से अस्वीकार्य था। यह मान लेना गलत है कि भारत की आजादी के लिए अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई देश की मुख्य भूमि में ही लड़ी गई थी। उस समय इस देश का कोना–कोना क्रांतिकारी और देशभक्ति के जोश से जगमगा उठा। देशभर के स्वतंत्रता सेनानी ने अपने–अपने स्थानों पर लड़ाई लड़ी। उन दिनों की बहुत कुछ बातें, विशेष रूप से देश के इस दूरस्थ कोने की, जो उचित संचार की कमी के कारण दर्ज नहीं हो पायीं। अधिकतर लोग 1875 के वांचो–ब्रिटिश युद्ध से भी अनजान हैं; वांचो–ब्रिटिश युद्ध अंग्रेजों के खिलाफ विरोध और विद्रोह की पराकाष्ठा थी।

औपनिवेशिक ब्रिटिश शासक नहीं चाहते थे कि कोई भी मूल निवासी उन आर्थिक गतिविधियों में शामिल हो जहाँ अंग्रेजों का एकाधिकार था। अंग्रेजों के इस एकाधिकार के विरुद्ध ही वांचो–ब्रिटिश युद्ध हुआ। वांगचिन वांगसा अरुणाचल प्रदेश के लोंगडिंग जिले के निनू (नगिनु) गाँव के रहने वाले थे। वह तुंबांग वांगम के बेटे और निनू गाँव के तत्कालीन प्रमुख खंजिंग वांगम के भाई थे। वह नीनू की परिषद के प्रमुख के शासन में सबसे महत्त्वपूर्ण व्यक्ति थे। बोरदुरिया चीफ को चानू और रुनू जैसे गाँव ों से विदेशियों के आने के बारे में जानकारी मिलते ही, चीफ के आदेश के तहत उन्होंने अपने वांचो क्षेत्र में अंग्रेजों के घुसपैठ का विरोध करने के लिए वांचो समुदाय के लोगों को एकत्रित किया।"[3] फरवरी 1875 को लगभग 6:00–6:30 बजे वह अपने बड़े भाई (खुंजिंग) के साथ निनू गाँव के सुमजनुक में सैकड़ों वांचो का नेतृत्व करते हुए ब्रिटिश अभियान दल के शिविर में घुस गये और असम के सिबसागर जिले के सहायक कमांडर लेफ्टिनेंट होल्कोम्बे और कप्तान डब्ल्यू.एफ. बैडली के नेतृत्व वाले विदेशी अन्वेषण दल को बाहर खदेड़ने में सफल रहे। वह ब्रिटिश दल पर हमला करने वाले पहले व्यक्ति थे और युद्ध में लेफ्टिनेंट होल्कोम्बे को मारने वाले व्यक्ति भी थे। उन्होंने मार्च 1875 और अप्रैल 1876 में क्रमिक ब्रिटिश दंडात्मक अभियानों के खिलाफ लड़ने के लिए वांचो योद्धाओं को एकत्रित किया था। युद्ध के दौरान निनू (नगिनु), निसा (नगिसा), कैमोई, लोंगकाई, कमहुआ नोक्नु–नोक्सा और नियानु के कई वांचो गाँव  जला दिए गए।"5 इनके अभियान की भीषणता का पता इससे चलता है कि 44वीं सिलहट लाइट इन्फैंट्री के प्रभारी सर्जन डॉ. एच.के. मैके ने घायलों का इलाज करते हुए बताया कि 7 फरवरी को 197 लोगों में से 80 लोग मारे गए, जिनमें लेफ्टिनेंट होलकोम्बे भी शामिल थे।

ब्रिटिश शासकों की नीति के विरुद्ध 1836 से तीव्र प्रतिरोध शुरू हो गया था। 1893–1894 का अबोर अभियान उनमें से एक था। चूँकि 'बोर–अबोर्स' बोमजिर और दांबुक के विद्रोही गाँवों का रिमोट कंट्रोलर था इसलिए, ब्रिटिश विरोधी रवैये के लिए ब्रिटिश शासन ने दमरूह गाँव के बोर–अबोर्स को दंडित करने के लिए एक सैन्य अभियान चलाने का निर्णय लिया। दमरोह के रास्ते में, ब्रिटिश अभियान दल को बोमजीर, दांबुक और सिलुक में कड़े प्रतिरोध का सामना करना पड़ा। उपलब्ध अभिलेखों के अनुसार, उन्होंने 28 जनवरी, 1894 को सिलुक पर आक्रमण किया।

एक सेनानी, लुटि्नयुंग मेगु ने अपने लोगों की रक्षा करते हुए अपनी जान दे दी और सिलुक के बाहरी इलाके देलांग यापगो में उतरे। इसके बाद, मेबो गाँव को नष्ट कर दिया गया, और फिर, आयंग के माध्यम से, बलों ने बोदक की ओर मार्च किया, जहाँ बाद में ऐतिहासिक बोदक नरसंहार हुआ। सिल्ली और पाडू गाँव ने जानबूझकर कोई प्रतिरोध नहीं किया और सेना को अपने गाँव ों को पार करने दिया। सेनाएं और आगे बढ़ीं और दमरोह से लगभग 10 किलोमीटर दूर यामने–सीजोन संगम के तट पर ब्रिटिश सेनाओं ने अपना डेरा जमा लिया। "25 फरवरी, 1894 वर्तमान पासीघाट–मरियांग सड़क के बीच स्थित पिंपू दोटा में एक युद्ध हुआ। आक्रमणकारियों को खदेड़ने के उद्देश्य से दमरोह और उसके आस–पास के गाँवों के लोगों ने युद्ध किया। इस

अभूतपूर्व भीषण लड़ाई में अपनी मातृभूमि की रक्षा करते हुए, दमरोह के तीन लड़ाकों, अर्थात् केंगकी मेगू, जोंगकेंग पर्टिन और टोई लेगो ने अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। ब्रिटिश अभिलेखों द्वारा यह पता चलता है कि तीन शहीदों में से, केंगकी मेगु, जो एक प्रसिद्ध धनुर्धर थे, पूरी बहादुरी और देशभक्ति का प्रदर्शन करते हुए उन्होंने सामने से अपनी सेना का नेतृत्व किया और अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए उन्होंने अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। उन्होंने कई सिपाहियों को मार गिराया और ज़हरीले तीर से लेफ्टिनेंट ईस्ट को गंभीर रूप से घायल कर दिया जिनकी सदिया/डिब्रूगढ़ तक एक स्ट्रेचर पर वापस ले जाने के दौरान चोट के कारण मृत्यु हो गई थी। ब्रिटिश अभियान दल बिना किसी सफलता के पीछे हट गए।"[6] उल्लेखनीय है कि केंकी मेगू के वीरतापूर्ण कार्यों की स्मृति में अतीत में पासीघाट के साथ–साथ ईटानगर में सोलंग उत्सव समितियों द्वारा उनके नाम पर तीरंदाजी प्रतियोगिताओं की शुरुआत की गई थी। केंकी मेगू के समान ही निंगरू थुमुंग भी अरुणाचल प्रदेश के एक वीर योद्धा थे निंगरू थुमुंग, निंगरू गौम के प्रमुख सदस्यों में से एक थे। उनका जन्म निंगरू कॉन्ग (जिसे मनमोमुख के नाम से भी जाना जाता है) में हुआ था। वह एक बहादुर और चतुर व्यक्ति थे। "वर्ष 1828 में, निंगरू थुमुंग ने अपने नेतृत्व में सैकड़ों सिंफो लड़ाकों को इकट्ठा किया और ब्रिटिश सरकार के खिलाफ युद्ध की घोषणा की। हालाँकि, इससे पहले कि वह योजना को अंजाम दे पाते, ब्रिटिश इंटेलिजेंस ने इस कदम को रोक दिया, ब्रिटिश सरकार ने विद्रोहियों पर तेजी से कार्रवाई की और शुरुआती चरण में विद्रोही समूह को कुचलने में कामयाब रही। विद्रोही समूह के नेता निंगरू थुमुंग को तुरंत हिरासत में ले लिया गया और कलकत्ता जेल भेज दिया गया। लेकिन, वह जेल से भागने में सफल रहे और नए जोश के साथ विद्रोह को और संगठित करने और नेतृत्व करने के लिए अपनी मातृभूमि वापस लौट आये। लौटने के बाद, उन्होंने अंग्रेजों को सिंगफो–भूमि से बाहर करने के लिए फिर से विद्रोही समूह को पुनर्गठित किया। लेकिन इस बार भी यह योजना कारगर नहीं हुई और कलकत्ता में ब्रिटिश सरकार के खिलाफ राजद्रोह के आरोप में उन्हें फिर से पकड़ लिया गया और फाँसी की सजा सुनाई गई।"7 सिंगफो जनजाति में, निंगरू थुमुंग को उन नायकों में से एक माना जाता है जिन्होंने अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए शक्तिशाली ब्रिटिश साम्राज्य के खिलाफ लड़ाई लड़ी।

वास्तव में, "सन् 1858 से इंग्लैंड की महारानी विक्टोरिया द्वारा भारत पर ब्रिटिश राज की स्थापना के साथ ही पूर्वोत्तर में भी असंगत कर प्रणाली, अंग्रेजों के भारतीयों के प्रति अमानवीय व्यवहार और दमनकारी शासन–तंत्र के विरोध में तीव्र स्वर उभरे और जन–संघर्ष ने रायेजमल (पंचायत) के समर्थन से किसान आंदोलन, फुलागुड़ी धावा, रंगिया, लुछिमा,पथरुघाट आदि कई आंदोलन हुए। सन् 1756 से विदेशी शक्तियों के प्रति संघर्षरत रहने वाले पूर्वोत्तर के विशाल अंचल के स्वातंत्र्य–वीर बहुसंख्यक हैं।"[8] निःसंदेह भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में पूर्वोत्तर भारत का योगदान अविस्मरणीय है। अरुणाचल प्रदेश के जन–समुदाय का वीरतापूर्वक संघर्ष सराहनीय है। जो चिर स्मरणीय है।

**संदर्भ :**


1. अनिल,स्वर्ण, पूर्वोत्तर भारत के स्वातंत्र्य वीर, प्रकाशन विभाग, नई दिल्ली, ISBN 978-93-5409-069-1, भूमिका
2. अनिल,स्वर्ण, पूर्वोत्तर भारत के स्वातंत्र्य वीर, प्रकाशन विभाग, नई दिल्ली, ISBN 978-93-5409-069-1, पृष्ठ संख्या 46–47
3. https://arunachal24.in/arunachal-state-govt-has-recognised-matmur-jamoh-from-the-adi-community-as-unsung-hero/#
4. अनिल,स्वर्ण, पूर्वोत्तर भारत के स्वातंत्र्य वीर, प्रकाशन विभाग, नई दिल्ली, ISBN 978-93-5409-069-1, पृष्ठ संख्या 54
5. https://amritmahotsav.nic.in/unsung-heroes-detail.htm?4941
6. https://arunachaltimes.in/index.php/2020/08/15/remembering-kengki-megu-an-unsung-hero-of-the-freedom-movement/
7. https://amritmahotsav.nic.in/unsung-heroes-detail.htm?5132
8. अनिल, स्वर्ण, पूर्वोत्तर भारत के स्वातंत्र्य वीर, प्रकाशन विभाग, नई दिल्ली, ISBN 978-93-5409-069-1 भूमिका



**संपर्क : असिस्टेंट प्रोफ़ेसर, हिंदी विभाग, राजीव गांधी विश्वविद्यालय, रोनो हिल्स, दोईमुख, अरुणाचल प्रदेश–791112**

# भाषा के प्रचार–प्रसार में पत्रकारिता का योगदान : एक अध्ययन

सुरेंद्र कुमार

मनुष्य के पृथ्वी पर जन्म लेते ही आवश्यकताओं की अर्गला बनना प्रारंभ हो जाती है। यह प्रक्रिया मरणोपरांत तक चलती रहती है। मनुष्य अपनी मूलभूत आवश्यकताओं के अतिरिक्त विचार, हर्ष–विषाद आदि को किसी न किसी माध्यम द्वारा व्यक्त करने का प्रयास करता है और इन विचारो को व्यक्त करने के लिए उसे एक सशक्त जनसंचार माध्यम की आवश्यकता रहती है। मनुष्य के दैनिक जीवन में समाचार पत्र–पत्रिका आदि जनसंचार माध्यमों का विशेष महत्त्व रहा है। मनुष्य इन माध्यमों के माध्यम से अपनी भाषा में या सम्प्रेषणीय भाषा में अपनी बात जन–जन तक पहुँचा सकता है। राष्ट्रीय स्तर पर और कुछ हद तक अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिंदी भाषा की सम्प्रेषणीयता में काफी वृद्धि देखने को मिल रही है। इसी तथ्य को हमारी सरकार भी स्वीकार कर दिन–प्रतिदिन हिंदी को बढ़ावा देने के लिए भरपूर प्रयास कर रही है। जनसंचार के माध्यमों ने हिंदी विकास की अवधारणा को अधिक बल प्रदान किया है।

**समाचार पत्रों का भाषायी योगदान :** समस्त जनसंचार माध्यमों में समाचार पत्र अपनी विशेष उपयोगिता रखते हैं। यह माध्यम (समाचार पत्र) सबसे पुरातन जनसंचार माध्यम होने के कारण संपूर्ण विश्व में अपना पाठक वर्ग एवं लोकप्रियता बनाने में आज तक सफल रहा है। समाचार पत्रों का भाषायी योगदान हमेशा उल्लेखनीय रहा है। हिंदी समाचार पत्रों को भी इन्हीं सदंर्भों में देखा जा सकता है। अपने आरंभिक काल में हिंदी समाचार पत्रों ने जनचेतना को जागृत करने का जो बीड़ा उठाया था उसके कारण समाज में इनकी पहचान और लोकप्रियता बहुत तीव्र गति से बढ़ने लगी। जिस समय लोगों के पास खाने– पहनने के मूलभूत ससांधनों की कमी थी, उस समय भी इनकी बिक्री बडे स्तर पर होना दर्शाता है कि समाज जनसंचार के इस माध्यम को सार्थक रूप में अंगीकार कर रहा था। लोक सामूहिक रूप से चंदा एकत्र करके भी समाचार पत्रों को खरीदते और पढ़ते थे। यह उस समय की आवश्यकता थी। धनाभाव था अतःपंचायती रूप में एक समाचार पत्र को खरीदकर पढ़ने का प्रचलन बना। इससे हिंदी जनसंचार माध्यम को एक नई दिशा मिलनी प्रारंभ हुई जो वर्तमान तक आते–आते व्यापक सदंर्भों में बहुत विशाल पटल पर उपस्थित हो चुकी है। अब हिंदी समाचार पत्र हिंदी संचार का अमोघ अस्त्र बन चुका है। जिस रूप में आज इसकी लोकप्रियता समाज में व्याप्त है वह निश्चित रूप से उल्लेखनीय भी है और अनुकरणीय भी। यदि हम राष्ट्रीय संदर्भ में देखें तो हिंदी समाचार पत्रों एवं उनकी प्रतियों की संख्या अन्य भाषायी समाचार पत्रों से सर्वाधिक है। इन पत्रों की सर्वाधिक संख्या हिंदी भाषा के प्रसार को अपने मूल रूप में रेखांकित करती है। दैनिक समाचार पत्रों के

प्रकाशन में उत्तर प्रदेश का स्थान अग्रिम रहा है। स्वाभाविक है कि जिस भाषा को बोलने एवं समझने वाले अधिक लोग होंगे, उसी भाषा को जनसंचार माध्यमों में प्राथमिकता प्राप्त होगी। इस दृष्टि से हिंदी भाषी समाचार पत्रों की संख्या का सर्वाधिक होना स्वाभाविक है। हिंदी समाचार पत्रों की संख्या अधिक होने से इनका प्रसार अधिकाधिक जन तक होता है। इस दृष्टि से ये हिंदी समाचार पत्र हिंदी भाषी क्षेत्रों तक पहुँचते हैं। हिंदी भाषियों द्वारा इन्हें पढ़ने एवं समझने की कोशिश की जाती है जिससे उनके बीच हिंदी को लेकर एक सकारात्मक भूमिका का निर्माण होता है।

इस प्रक्रिया के दौरान हिंदी भाषियों के मध्य हिंदी भाषा का प्रचार और प्रसार समाचार पत्रों के माध्यम से होता है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिंदी समाचार पत्रों की संख्या एवं लोकप्रियता प्रत्येक हिंदी भाषी के लिए गौरव का विषय है। यह भाषा भारत उपमहाद्वीप में तो आसेतु हिमालय तक व्याप्त है ही, इसके अतिरिक्त दक्षिण–पूर्व एशिया, पूर्व तथा दक्षिण अफ्रीका, यूरोप के कई देशों, अमेरिका और कनाड़ा तथा एटलांटिक महासागर के कई देशों में विद्यमान है। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से इन दो युगों के लंबे दौर में भारत की परराष्ट्र नीति के अनुसार उसके जो अंतर्राष्ट्रीय संबंध विकसित हुए हैं, इनमें भाषा की बहुत बड़ी भूमिका रही है। किसी भी देश के जन–जीवन का परिचय चूँकि उसकी भाषा को आत्मसात् किये बिना नहीं प्राप्त किया जा सकता, इसलिए भारतीयता का अध्ययन करने वाले विद्वानों ने हिंदी भाषा को बड़ा प्रश्रय दिया है। इधर अनेक देशों में भारतविद्या या "इंडोलोजी" को एक विषय के रूप में प्रतिष्ठित किया गया है और विश्वविद्यालयों एवं शोध संस्थानों में उसका एक सुव्यवस्थित पाठ्यक्रम स्वीकार करके उसमें हिंदी भाषा को भी समुचित स्थान दिया है। परिणामतः यूरोप और अमेरिका में हिंदी के सैंकड़ों विद्यार्थी एकत्र हो गये हैं। हिंदी भाषा की जीवंतता का परिचय पाते रहने के कारण ये हिंदी पत्र–पत्रिकाओं के प्रति विशेष लालायित रहते हैं, जिससे विदेशों में हिंदी पत्रकारिता को विकसित होने का अवसर मिला है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिंदी भाषा की लोकप्रियता हिंदी समाचार पत्रों के माध्यम से दिन–प्रतिदिन बढ़ती जा रही है।

वैश्विक परिदृश्य से हिंदी समाचार पत्रों की धूम मची हुई है। दिन–प्रतिदिन इनको पढ़ने वालों की संख्या में लगातार वृद्धि देखने को मिल रही है। ऐसा लगता है कि हिंदी समाचार पत्रों के माध्यम से हिंदी वैश्विक स्तर पर महत्त्वपूर्ण भूमिका में रहेगी। 'अतीत और वर्तमान की कुछ पृष्ठभूमि इस विवरण से मिल जाती है। विदेशों में हिंदी पत्रकारिता का भविष्य बहुत ही भव्य दिखायी पड़ रहा है। जहाँ आज कई साप्ताहिक निकल रहे हैं वहाँ के लोग दैनिक का प्रयास कर रहे हैं और जहाँ कुछ भी नहीं है वहाँ साप्ताहिक, मासिक, त्रैमासिक पत्रिका का श्रीगणेश होने वाला है। संसार के कोने–कोने में हिंदी के प्रति जो प्रेम का भाव आज उमड़ रहा है वह निश्चित रूप से विदेशों में हिंदी पत्रकारिता के समुज्जवल भविष्य की सुदृढ़ आधार–भूमि प्रस्तुत करेगें।' विदेशों में हिंदी समाचार पत्रों एवं पाठकों का संतुलित समीकरण दर्शाता है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनकी माँग व लोकप्रियता बढ़ रही है।

राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य में हिंदी प्रचार–प्रसार को समाचार पत्रों ने जिस रूप में स्थापित किया है वह अनन्य है। क्योंकि हिंदी समाचार पत्रों के

माध्यम से केवल हिंदी भाषा का विकल्पन ही उपस्थित नहीं किया जाता बल्कि उसका सुदृढ़ीकरण, मानकीकरण, स्थायीकरण और नियमन भी होता है। जनसंचार का यह माध्यम पाठक वर्ग के सम्मुख वैकल्पिक सुविधा के साथ उपस्थित रहता है। पाठक जब चाहे, जितनी बार चाहे इसे पढ़ सकता है। इससे हिंदी पठन–पाठन की प्रक्रिया को प्रोत्साहन मिलता है। वर्तमान में प्रकाशित समाचार पत्रों की भाषा इतनी सरल, व्यावहारिक और रोचक होती है कि जिससे मातृभाषियों के अतिरिक्त अन्य संपर्क भाषी और निकट भाषी उसे सहजता के साथ आत्मसात् कर सकते हैं। संदर्भ और प्रसंग को समझने में विशेष बाधा न आए इसका विशेष ख्याल समाचार पत्र लेखन में रखा जाता है हिंदी समाचार पत्रों के समाचार किसी भी भाषा–भाषी को सरलता से समझ में आ जाते हैं। इन सब कारणों से जनसंचार के इस माध्यम द्वारा हिंदी का प्रचार–प्रसार संभव हो सका है।

राष्ट्रीय संदर्भ में हिंदी समाचार पत्रों की स्थिति काफी आशाप्रद प्रतीत हो रही है।' विभिन्न सर्वेक्षणों के अनुसार जागरण, पंजाब केसरी, दैनिक भास्कर, नई दुनिया, नवभारत टाइम्स, अमर उजाला, हिंदुस्तान, ट्रिब्यून आदि सर्वाधिक बिक्री वाले पत्र हैं। मासिक पत्रों में 'कल्याण' की संख्या देश में सर्वाधिक हैं। हिंदी के ये पत्र आज पुस्तकाकार फोल्डर, पेम्फलेट, पोस्टकार्ड साइज, डाइजेस्ट और टेबलोयड–इन रूपों में प्रकाशित दिखाई देते हैं। इनमें लघु पत्रों की संख्या सर्वोपरि है। इधर सम्पादन कला के व्यवस्थित प्रशिक्षण, पी. टी. आई., भाषा, समाचार भारती और अन्य एजेन्सीज के सुसंचालन की दिशा में गंभीर प्रयत्न किए जा रहे हैं। निश्चय ही हिंदी पत्रकारिता के समुज्ज्वल भविष्य की अनेक सम्भावनाएँ हैं।' इस प्रकार विविध प्रकार के हिंदी समाचार पत्रों द्वारा हिंदी भाषा को प्रचारित होने का अवसर प्राप्त हो रहा है।

भाषायी योगदान की दृष्टि से हिंदी समाचार पत्रों का महत्त्वपूर्ण स्थान रहा है। इस बात की अनदेखी किया जाना बिल्कुल संभव नहीं है बल्कि इन्हें और अधिक पुष्ट करने की आवश्यकता है। वर्तमान परिस्थिति आशान्वित करती है कि हिंदी भाषा भारतीय महाद्वीप से होती हुई विश्व भाषा की ओर केवल कदम ही नहीं बढ़ायेगी बल्कि उस पदवी से स्वयं को विभूषित करने में सफल भी होगी।

**भाषा प्रसार में पत्रिकाओं की भूमिका :** हिंदी भाषा के प्रचार–प्रसार के दृष्टिकोण से हिंदी पत्रिकाओं ने सदैव अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह किया है। वर्तमान संदर्भ में हिंदी पत्रिकाएँ लोकप्रियता की दृष्टि से प्रथम पंक्ति में खड़ी दिखाई दे रही हैं। इसी का परिणाम है कि आज बड़ी संख्या में हिंदी पत्रिकाओं का प्रकाशन हो रहा है। इन हिंदी पत्रिकाओं का प्रकाशन केवल हिंदी भाषी क्षेत्रों तक ही सीमित नहीं है बल्कि हिंदी भाषी क्षेत्रों में भी इनका प्रकाशन हो रहा है। हिंदी पत्रिकाओं के प्रकाशन में हिंदी भाषी क्षेत्रों में सामाजिक स्तर पर भाषा विरोध जैसी कोई स्थिति देखने को नहीं मिलेगी, भले ही राजनैतिक स्तर पर कुछ भी होता रहे। हिंदी भाषी क्षेत्रों में केवल हिंदी भाषी पाठक वर्ग को ही ध्यान में रखकर हिंदी पत्रिकाओं का प्रकाशन नहीं होता बल्कि संबंधित संपूर्ण क्षेत्र को ध्यान में रखकर होता है। आज हिंदी पत्रिकाओं का प्रकाशन मिशन से होते हुए एक भारी उद्योग तक पहुँच चुका है।

आज संपूर्ण भारत में हिंदी पत्रिकाएँ अपने उत्कृष्ट स्वरूप में प्रकाशित हो रही हैं। इन पत्रिकाओं की माँग बढ़ने का सबसे बड़ा कारण इनका क्षेत्रीय स्तर से उठकर राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर का होना है। अधिकांशतः स्थानीय भाषा की पत्रिका का क्लेवर क्षेत्रीय और प्रांतीय पृष्ठभूमि तक सीमित रहता है जबकि हिंदी में प्रकाशित होने वाली पत्रिकाएँ मुख्यतः राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय वैचारिकता की पोषक रहती हैं। वर्तमान संदर्भ में हिंदी पत्रिकाएँ जहाँ संपूर्ण भारत में प्रमुखता के साथ प्रकाशित हो रही हैं वहीं इनका अंतर्राष्ट्रीय प्रकाशन भी सामने आने लगा है जो एक बहुत ही शुभ संकेत है। यह परिपाटी निकट भविष्य में पूर्ण सार्थकता के साथ आगे बढेगी इसके संकेत मिल रहे हैं। अभी तक केवल हिंदी साहित्य, मनोरंजन, ज्ञान–विज्ञान, राजनीति, कृषि आदि सामाजिक संदर्भों से जुड़े विषयों वाली हिंदी पत्रिकाएँ बहुत प्रभावी रूप से प्रकाशित होती रहती थी।

लेकिन अब तकनीकी, वैज्ञानिक अनुसंधानात्मक, चिकित्सा आदि विषयों से संबंधित लगभग सभी प्रकार की पत्रिकाओं के प्रकाशन हमारे सामने आ रहे हैं। जो लोग मानते रहे हैं कि विज्ञान आदि से संबंधित सामग्री की उपलब्धता केवल अंग्रेजी माध्यम में ही संभव है उनकी अवधारणाएँ अब खंडित हो रही हैं। वर्तमान में न्यायिक दण्ड संहिता से जुड़ी पत्रिकाएँ एवं विभिन्न विज्ञान एवं अनुसंधान केंद्रों द्वारा अपने विभाग, विषय और अनुसंधन से जुड़ी पत्रिकाएँ अंग्रेजी के अतिरिक्त हिंदी में भी प्रकाशित हो रही हैं। इन सभी विभागों और अनुसंधान केंद्रों में केंद्र और राज्य सरकार की ओर से हिंदी अधिकारियों सहित उनका एक पूरा विभाग संबंधित कार्यों को देखता है एवं संबंधित कार्यों एवं क्रियाकलापों से संलग्न होकर हिंदी पत्रिकाओं का संपादन करता है। निजी संस्थानों द्वारा भी इस ओर विशेष ध्यान दिया जा रहा है तथा वे भी अब अपनी हिंदी की वार्षिक पत्रिकाओं का प्रकाशन करने में रूचि दिखा रहे हैं। यह सब हिंदी प्रचार–प्रसार को वेग प्रदान करने वाली प्रक्रिया साबित हो रही है।

आज भारत के बहुत बडे हिंदी भाषी समुदाय द्वारा भी हिंदी पत्रिकाओं को खरीदा और पढ़ा जा रहा है। भारत का मध्यमवर्गीय हिंदी भाषी समाज इसके प्रति सर्वाधिक रूप से जागृत होकर हमारे सामने आ रहा है। परिणामतः उसकी आवश्यकताओं के संदर्भ में हिंदी पत्रिकाओं के प्रकाशन दिखाई दे रहे हैं। एक प्रकार से यह हिंदी भाषा की समसामयिकता के फलस्वरूप ही हो रहा है। आज हिंदी भाषा ने अपने आप को भाषा उद्योग के रूप में सिद्ध कर दिखाया है। इससे भाषिक औद्योगिकता की संकल्पना सिद्ध हुई और लोग हिंदी को औद्योगिक क्षेत्र के रूप में देखने लगे तथा उसके साथ जुड़कर अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के संदर्भों को तलाशने में प्रवृत्त हुए। इससे हिंदी पठन–पाठन को नई पहचान मिली।

आधुनिक समय में हिंदी का जो विस्तृत रूप दिखाई दे रहा है वह हिंदी पत्रिकाओं पर भी आधारित है। हिंदी पत्रिकाएँ हिंदी रचनाओं, हिंदी साहित्यकारों एवं हिंदी आंदोलनों का संचालन करती रही हैं। आज उत्तम प्रकार की हिंदी रचनाएँ पाठकों तक हिंदी पत्रिकाओं के माध्यम से पहुँच रही हैं। 'हंस' और 'आलोचना' जैसी पत्रिकाओं को पढ़कर पाठक वर्ग गर्व महसूस करता है। इस प्रक्रिया के दौरान हिंदी भाषा के साथ–साथ हिंदी भाषी पाठक

भी धीरे–धीरे इन हिंदी पत्रिकाओं से जुड़ने लगता है।' हिंदी के आधुनिक साहित्य का इतिहास एक तरह से पत्र–पत्रिकाओं में लिखे गए साहित्य का इतिहास है। आधुनिक हिंदी में जितने महत्त्वपूर्ण आंदोलन छिडे, पत्र–पत्रिकाओं के माध्यम से छिडे। न जाने कितनी श्रेष्ठ रचनाएँ पाठकों के सामने पत्र–पत्रिकाओं के माध्यम से आई।' हिंदी भाषी पाठक का इन हिंदी पत्रिकाओं के जुड़ने से उनके बीच हिंदी की विभिन्न प्रयुक्तियों का निर्माण होता है। और हिंदी हिंदी भाषियों के बीच पनपने लगती है।

हिंदी पत्रिकाओं ने बहुत ही तीव्र गति से आधुनिक संदर्भ में अपने स्वरूप को बदला है। लोगों को सभी प्रकार की जानकारी मनोरंजन के साथ हिंदी माध्यम द्वारा प्रेषित करना यही एकमात्र इनका लक्ष्य रहा है। अब तो मल्टी लेंग्युअल पत्रिकाओं का भी प्रकाशन धड़ल्ले से हो रहा है। इसमें हिंदी के अतिरिक्त अन्य भाषाओं के भी लेख छपते हैं। जब अन्य भाषी हिंदी के अतिरिक्त अन्य आलेखों को पढ़ता है तो अनायास ही वह हिंदी आलेखों की ओर भी कुछ हद तक मुड़ता है। इस प्रकार वह हिंदी के आलेखों का आनंद ले सकता है और हिंदी भाषा से रूबरू हो पाता है। इस प्रकार विभाषियों के बीच इस प्रकार की पत्रिकाएँ अपना स्थान निर्धारित करने में सफल होती हैं। इन पत्रिकाओं में मेरठ शहर से प्रकाशित 'समय–सरिता' का नाम प्रमुखता के साथ लिया जा सकता है।

वर्तमान संदर्भ के अनुरूप अपने आप को आकर्षक बनाने के लिए हिंदी पत्रिकाओं ने अपने कलेवर में काफी परिवर्तन किए हैं। 'हिंदी पत्रकारिता ने पत्रकारिता के विभिन्न आयामों में एक प्रतिस्पर्धात्मक स्वरूप अख्तियार कर लिया है। इसके साथ ही साथ हिंदी पत्रकारिता ने बदलती परिस्थितियों के अनुकूल खुद को काफी बदला और व्यावसायिक प्रतिस्पर्धा के युग में आकर उसमें बदलाव होने की प्रक्रिया अब और तेजी से जारी है।' इन परिवर्तनों के चलते हिंदी पत्रिकाएँ अन्य पत्रिकाओं से प्रतिस्पर्धा कर सकेंगी एवं अधिकाधिक पाठक वर्ग को अपनी ओर आकर्षित कर पायेंगी। इसकी पूरी सम्भावना व्यक्त की जा रही है।

जब हम भाषा प्रचार की चर्चा पत्रिकाओं के संदर्भ में करते हैं तो इस धरातल पर हमें देखने को मिलता है कि इसमें हिंदी की पत्रिकाओं ने बहुत ही महत्त्वपूर्ण योगदान आज तक प्रदान किया है। पहले जहाँ इनका पाठक वर्ग केवल हिंदी क्षेत्र तक सीमित हुआ करता था वहीं आज भारत के हिंदी भाषी क्षत्रों में हिंदी पत्रिकाओं को पढ़ा जा रहा है। इनकी सार्थकता को स्वीकार किया जा रहा है। यह तो राष्ट्रीय संदर्भ है। हिंदी पत्रिकाएँ इससे बढ़कर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी स्थिति निरंतर सुदृढ़ करने की ओर अग्रसर हैं। हिंदी पत्रिकाओं के उपयोगी प्रकाशन भारत से बाहर बडे ही प्रभावी रूप में देखने को मिल रहे हैं। यह स्थिति दर्शाती है कि हिंदी पत्रिकाओं द्वारा वैश्विक समुदाय को हिंदी भाषा की ओर आकर्षित करने में सफलता मिल रही है। आने वाले समय में यह स्थिति और अधिक सुदृढ़ होगी तथा भाषा प्रचार में इसकी भूमिका भी निर्विवाद रूप से प्रभावी होकर सामने आयेगी।

**संदर्भ**


1. हिंदी पत्रकारिता इतिहास एवं संरचना, प्रो. रमेश जैन, आविष्कार पब्लिशर्स, डिस्ट्रीब्यूटर्स, जयपुर, प्रथम संस्करण–2006, पृ. 51
2. हिंदी पत्रकारिता विविध आयाम भाग–1, डॉ. वेदप्रताप वैदिक, हिंदी बुक सेंटर, नई दिल्ली, प्रथम संस्करण–2002, पृ. 289
3. वही, पृ. 299
4. जनपत्रकारिता जनसंचार एवं जनसम्पर्क, प्रो. सूर्यप्रसाद दीक्षित, संजय प्रकाशन, दिल्ली, द्वितीय संस्करण–2009, पृ. 103
5. हिंदी पत्रकारिता कल, आज और कल, सुरेश गौतम, वीणा गौतम, सत्साहित्य प्रकाशन, दिल्ली, प्रथम संस्करण–2001, पृ. 372
6. इक्कीसवीं सदी और हिंदी पत्रकारिता, अमरेंद्र कुमार और निशांत सिंह, सामयिक प्रकाशन, नई दिल्ली, प्रथम संस्करण–2006, पृ. 197



## 'संकल्य' की सदस्यता हेतु सूचना

- **वार्षिक** : रु.500/–
- **आजीवन** (व्यक्तिगत) : रु.5,100/–
- संस्थागत आजीवन : रु.7,500/–
- संस्थाओं के लिए वार्षिक : रु. 800/–
- **संरक्षक सदस्यता शुल्क** (आजीवन) : रु.7,500/–
- खाताधारक का नाम : Hindi Akadami
- बैंक का नाम : Bank of Baroda
  East Marredpally Branch, Hyderabad-26
- बैंक खाता संख्या : 71700100002507
- IFSC CODE : BARB0DBSECE

सदस्यता ग्रहण करने हेतु उपर्युक्तानुसार शुल्क प्रेषित करें। खाते में जमा की गई राशि का विवरण पूर्ण डाक पते सहित 'संकल्य' कार्यालय को फोन नं. 9441017160 या hindiakadami@gmail.com पर मेल कर सूचित करें। **–सचिव हिंदी अकादमी**

# हिंदी दलित कविता में अंबेडकरवादी चेतना

**सोनटके गौतम**

दलित' का शाब्दिक अर्थ है—'कुचला हुआ।' अतः दलित वर्ग का सामाजिक संदर्भों में अर्थ होगा, वह जाति समदुाय जिसका अन्यायपूर्वक सवर्ण उच्च जातियों द्वारा दमन किया गया हो, रौंदा गया हो। दलित शब्द व्यापक रुप में पीड़ित के अर्थ में आता है, पर दलित वर्ग का प्रयोग हिंदू समाज— व्यवस्था के अंतर्गत परंपरागत रुप में शूद्र माने जाने वाले वर्णो के लिए रुढ़ हो गया है। दलित वर्ग में वे सभी जातियाँ सम्मिलित हैं जो जातिगत सोपान—क्रम में निम्नतम स्तर पर हैं और जिन्हें सदियों से दबाये रखा गया है। मानक अंग्रेजी शब्दकोश में दलित शब्द के लिए 'डिप्रेस्ड' शब्द दिया गया है, जिसका अर्थ दबाना, नीचा करना, झुकाना, विनत करना, नीचे लाना, स्वर नीचे करना, धीमा करना, मलामत करना, दिल तोड़ना है।

दलित चेतना साहित्य में संघर्ष से नाता रखने वाली क्रांतिकारी मानसिकता है। दलित कविता वंचित और उपेक्षित जनता की आवाज बनकर सामने आती है। अंबेडकरवादी विचारधारा से प्रभावित दलित कवि अपनी कविता के माध्यम से गुलाम को गुलामी से अवगत कराता है। साहित्य समाज का दर्पण होता है, तो उस समाज में व्याप्त चतुर्थ वर्णव्यवस्था जैसी व्यवस्था का चित्रण साहित्य में जिस तरह होना चाहिए था वैसा नहीं हुआ। भारतीय इतिहास में दलित अपने हक् और अधिकार की लड़ाई लड़ता दिखाई पड़ता है। दलित अपने समाज के प्रति हो रहे अन्याय एवं अत्याचारों के खिलाफ संघर्ष करता दिखाई पड़ता है।

साहित्य के क्षेत्र में दलित साहित्य का उद्देश्य इसी संघर्ष की देन है। साहित्य के माध्यम से दलित अपने अधिकारों के प्रति जागृत हुए और दलित साहित्य ने एक नये समाज के निर्माण की अवधारणा रखी। भारतीय समाज के इतिहास में दलित साहित्य एक ऐसे साहित्य के रूप में उभरकर सामने आया है, जो क्षेत्र, भाषा की सीमाएँ पार—कर संवेदना एवं बंधुत्व की भावना को जागृत कर समतामूलक समाज की स्थापना उसका मुख्य उद्देश्य रहा है। दलित साहित्य के प्रेरणाश्रोत डॉ. आंबेडकर ही है। अम्बेडकरवादी विचारधारा से प्रभावित दलित साहित्य सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनैतिक और आर्थिक बाधाओं को ध्वस्त करने की प्रखर अभिव्यक्ति है। साहित्य के क्षेत्र में कविता मनुष्य की सहज और स्वाभाविक अभिव्यक्ति होती है। कई दशकों का लम्बा सफर तय करके दलित साहित्य आज जिस मुकाम पर पहुँचा है, उसमें कविता की बहुत बड़ी भूमिका है। दलित साहित्य की शुरुवात भी कविता से होती है, कविता दलित साहित्य की प्रमुख विधा है। दलित कविता ने हिन्दू धर्म, वर्ण व्यवस्था जातिभेद से उत्पन्न समता और एकता विरोधी तमाम तत्वों को अपनी रचनाओं

में नकारा है। दलित कवि कविता के लिए कविता नहीं लिखते, बल्कि कविता उनकी मुक्ति का मार्ग है।

इसी क्रम से कविता की सार्थकता को स्वीकार करते हुए 'ओमप्रकाश वाल्मीकि' लिखते है– "जीवन संघर्ष में आदमी का सहारा बनकर जो हौसला दे, वही तो कविता है। कविता कला से ज्यादा जीवन की अदम्य लालसा , गतिशीलता की संवाहक है।" दलित रचनाकारों ने कविता को ही अपनी अभिव्यक्ति का मुख्य आधार बनाया है।

दलित चेतना का अभिप्राय सिर्फ दलितों की चेतना व्यक्त करने से नहीं है। यद्यपि चेतना अपने आप में एक व्यापक शब्द है और इसके प्रयोग की एक लम्बी परम्परा है। चेतना शब्द का अर्थ जितना व्यक्तिगत जागरूकता से है, उतना ही उसका संबंध सामाजिक जागरूकता से भी है। अतः दलित चेतना का अर्थ है– एक ऐसी चेतना, जो दलितों के उत्थान एवं प्रगति में सहायक हो और समाज के हर व्यक्ति को उस चेतना का हिस्सा बनाती हो। दलित चेतना दलित प्रश्नों को ग़ैर दलितों से जोड़ते हुए उसे व्यापक सामाजिक प्रश्न की तरह उपस्थित करती है। इस अर्थ में ओमप्रकाश वाल्मीकि की कविताएँ महत्त्वपूर्ण हैं। 'सदियों का संताप' में ओमप्रकाश वाल्मीकि की पीड़ा, वेदना इस प्रकार बयां होती है–

"बिता दिए हमने हजारों वर्ष बस इस इंतजार में
कि भयानक त्रासदी का युग
अधबनी इमारत के मलबे में
दबा दिया जाएगा किसी दिन
जहरीले पंजों समेत"।

वाल्मीकि जी इन पंक्तियों में बड़े ही मार्मिकता से दलितों के साथ हो रहे सामाजिक विषमता का वर्णन करते है। अंबेडकर ने कहा था कि स्वाभिमान के बिना व्यक्ति शून्य के समान है। दलित साहित्य आत्म–सम्मान के लिए संघर्ष का शाब्दिक रूप है। स्वाभिमान की आवाज आज के अस्तित्व आंदोलनों की जननी है। मलखान सिंह अपने समाज के तमाम लोगों की तरफ से कहते हैं कि पीछा नहीं छोड़ती। संग्रह की अंतिम कविता 'सुनो ब्राह्मण' एक चुनौती की तरह है। कवि लिखते है–

'हमारी दास्तां का सफर
तुम्हारे जन्म से शुरू होता है
और इसका अंत भी
तुम्हारे अंत के साथ के साथ होगा"।

दलितों के मसीहा अम्बेडकर ने दलित समाज के प्रतिनिधि के नाते यही संघर्ष किया था। उन्होंने दलितों से कहा था कि एक बार जाति से मुक्त हो जाओ तो प्रगति के रास्ते चल पड़ेंगे। उन्होंने दलितों के प्रतिरोध–प्रतिशोध और नकार की भाषा दी।

दलित मतलब मानवीय अधिकारों से वंचित सामाजिक तौर पर जिसे नकारा गया हो। उसकी चेतना यानी दलित चेतना। यहीं दलित चेतना दलित साहित्य की अन्त, ऊर्जा में नदी के तेज बहाव की तरह समाविष्ट है, जो उसे पारम्परिक साहित्य से अलग करती है।

यानी मानव को जीने भर के लिए साधनों पर निर्भर रहना हो, तो उसे मानव के बजाय पशु के करीब देखा जा सकता है। जो दुखद है और यह दुख दलितों ने विवशतः सदियों से भोगा है। दलित कवि डॉ. अम्बेडकर के विचारों को दलित चेतना का एक माध्यम बनाता है। वह पूरे समाज का आह्वान करता है कि–

"अम्बेडकर ने यह कहा निज देश की तू शक्ति है
निर्माण कर्ता देश का तू धर्म है, तू भक्ति है
पहचान अपनी तू बना, उठ जाओ दलित संघर्ष कर,
बलि का न बकरा तू बन उठ हो निडर उठ हो निडर"।

बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर ने दलित समाज के लोगों को दासता से मुक्त करने के लिए संघर्ष किया था। भारतीय संविधान में उन्होंने शिक्षा का अधिकार दिलाया। स्त्रियाँ भी वर्जनाओं से मुक्त होकर अपने जीवन को इच्छानुसार जीने के लिए स्वतंत्र हो गई हैं। सुदेश कुमार 'तनवर' जी ने अपनी कविता 'मैं हैरान हूँ' के माध्यम से स्त्रियों को दासता प्रदान करने वाले लोगों और ग्रंथों के विरुद्ध अनदेखी पर चिंता व्यक्त की है।

इस कविता के माध्यम से कवि यही बताना चाहता है कि आज तो क्यों नहीं किसी औरत ने आज तक मनुस्मृति का दहन किया।

**निष्कर्ष :**अंततः दलित समाज में बाबा साहेब अम्बेडकर की विचारधारा से बहुत परिवर्तन हुआ है। आज लोग पढ़–लिख कर बड़े बड़े पदों पर काम करने लगे हैं। आज उसे नौकरी करते समय सवर्ण समाज की ओर से अछूत कहकर समय–समय पर अपमानित नहीं होना पड़ता है। बाबा साहेब अम्बेडकर के दिए अधिकारों के प्रति वे जागृत होने लगा है। इन दलित साहित्यकारों ने सामाजिक यथार्थ को समझा और अपनी लेखनी में उतारा।

**संपर्क सूत्र : पीएच.डी, शोधार्थी, हिंदी विभाग, मौलाना आज़ाद नेशनल उर्दू यूनिवर्सिटी, गच्चीवाउली, टेलीकॉम नगर, हैदराबाद–500032 (तेलंगाना)**

# नासिरा शर्मा की 'मेरी प्रिय कहानियां' में चित्रित सामाजिक परिवेश

डॉ. पठान रहीम खान

सन् 1947 का भारत–पाक विभाजन का असर भारतीय समाज व साहित्य पर पड़ा है। भारत–पाक विभाजन के परिणाम स्वरूप, देश भर में सांप्रदायिक दंगे हुए हैं। भारत को आजाद कराने के लिए भारतीय हिन्दू–मुस्लिम समाज ने राष्ट्रीय एकता का परिचय देते हुए, इस देश को आजाद कराया। उसी देश में आजादी के बाद दोनों धर्मों के बीच हुए सांप्रदायिक दंगों ने बरसों की राष्ट्रीय एकता व भाईचारे को गहरा आघात पहुँचाया। देश विभाजन और इन सांप्रदायिक दंगों का भारतीय साहित्य पर व्यापक प्रभाव पड़ा है। भारतीय साहित्य सहित, हिंदी साहित्य में अनेक लेखकों ने अपने कथा–साहित्य के माध्यम से इसका बखूबी चित्रण किया है। नासिरा शर्मा ने तत्कालीन सामाजिक परिवेश को अपने साहित्य में बखूबी चित्रण किया।

**शोधालेख सारांश :** खासकर लेखिकाओं के लेखन की शुरूआत बंगमहिला से मानी जाती है, जिस समय महिलाएँ घरों की चार दिवारी में बंद होकर अपने परिवार को ही अपनी दुनिया समझती थी, उस समय कुछ लेखिकाएँ हिम्मत कर अपने जीवन तथा परिवेश को साहित्य में अंकित करने की कोशिश की है। अतीत से लेकर अभी इक्कीसवीं शती के पूर्वार्ध तक अनेक लेखिकाएँ हुई, जिन्होंने अपनी कहानियों में समकालीन समाज को चित्रित करने का प्रयास किया है। इक्कीसवीं सदी की हिंदी लेखिकाओं में से नासिरा शर्मा का नाम प्रमुख रूप से लिया जा सकता है। उन्होंने अपनी रचनाओं के माध्यम से भारतीय सामाजिक एवं सांस्कृतिक व्यवस्था को पाठकों के सामने रखने का प्रयास किया है। खासकर इनकी कहानियों में पारिवारिक सम्बन्धों का चित्रण अधिक मिलता है।

भारतीय समाज में आज उच्च शिक्षित युवाओं का बढ़ता प्रमाण और बढ़ती बेरोजगारी समाज को खोखला बना रही है। आर्थिक या रोजगारगत समस्या आज एक बड़ी समस्या है, जो कि मुस्लिम और हिंदू समुदाय दोनों के मन में भयंकर स्थिति उत्पन्न करने का एक जरिया बना है। आर्थिक रूप से निराश्रित मन किसी भी कार्य को अपनाने में तैयार होता है, तथा क्रोध का आवेग उसमें ज्यादा पाई जाती है। समाज में अर्थ के कारण फैला हुआ खोखला वर्ग भेद एवं खानदानी ऊँच–नीच भावना की मानसिकता को आज भी बढ़ावा दिया जा रहा है। यहाँ तक कि, पढ़े–लिखे लोग भी खानदानी अकड़ में जी रहे हैं। लड़का नौकरी पेशा है, तो खानदानी अकड़ कम होती है। लेकिन लड़का पढ़–लिख कर भी बेरोजगार हो, तो वहाँ पर खानदान की अकड़ का प्रमुख स्थान होता है। इसी यथार्थ को नासिरा शर्मा की 'सरहद के इस पार' कहानी में रेखांकित किया गया है। जैसे कि– "रेहान ने फर्स्ट क्लास में एम.ए.

पास किया था। पाँच साल से नौकरी की तलाश थी। पीएच.डी. मन उचटा हुआ। सुरैया से उसकी दोस्ती बी.ए. में हुई थी। दोस्ती इश्क में बदली और फिर शादी के वायदे में, मगर जब घरवालों को पता चला, तो उन्होंने सुरैया से साफ कह दिया कि– सैयद की लड़की, शेखों में नहीं जाएगी। खानदान भी छोटा, औसत लोग है, फिर दो वर्ष से बेकार लड़का। लड़की का गला न घोंट दें, ऐसे घर में शादी करने से?"[1] इस प्रकार सुशिक्षित बेरोजगार की बेबसी का यथार्थपूर्ण चित्रण किया गया है।

पारिवारिक जीवन में बच्चों के विवाह की चिंता हर माँ–बाप को सताती रहती है। लेकिन लड़कों से अधिक लड़कियों की विवाह की चिंता उन्हें अधिक होती है। वर्तमान समय में कई लड़कियाँ अपने माता–पिता की सेवा करती हैं और अपने परिवार की जिम्मेदारी भी उठाती हैं। आज के दौर में कई लड़कियों का पारिवारिक जिम्मेदारी के वजह से समय पर विवाह नहीं हो पा रहा है। इस यथार्थता को नासिरा शर्मा की 'पतझड़ का फूल' कहानी में चित्रण किया गया है। इस कहानी में आमूजगार जो तलाक शुदा है, वे अनाहिता के रिश्ते के लिए फातमा खानम के पास पैगाम लेकर आते हैं। किन्तु फातमा खानम को समझ में नहीं आता कि– वह अनाहिता को कैसे बताए और समझाएँ। जैसे कि अपने आप से कहती है कि– "आ गए आमूजगार तुम्हारे लिए आये थे। उन्होंने अनाहिता के चेहरे की ओर गौर से देखा। इस माह में पूरे बत्तीस साल की हो जाएगी। खुद तो कुछ करती–धरती नहीं है और मैं भी क्या करूँ? उन्होंने आह भर कर सोचा।"[2] इस प्रकार बेटी के विवाह की चिंता माँ को सताती रहती है। लेकिन बीमार माँ आह भरने के अलावा कुछ नहीं कर सकती है। वर्तमान समय में भी कई लड़कियाँ अपने परिवार की जिम्मेदारी उठाते–उठाते उनकी उम्र ढलती जा रही है। वह अपने शादी के बारे में सोचे बिना ही अपने काम में व्यस्त रहती है।

नासिरा शर्मा की 'पतझड़ का फूल' कहानी में अनाहिता की बढ़ती उम्र को देखकर माँ उसकी शादी के बारे में चिंतित रहती है। किसी के कहने पर वह अपनी बेटी से कहती हैं कि– वे तलाक शुदा है और दूसरा विवाह करना चाहते हैं। यह सुनकर "अनाहिता के कुँवारे मन को बड़ी ठेस लगी थी। थोड़ी देर बैठी रही, फिर सामान समेट कर अपने कमरे में गयी। आईने के सामने खड़े होकर अपना चेहरा, सीना, कमर और पिंडलियाँ देखने लगी, 'क्या मैं इतनी बड़ी दिखने लगी हूँ कि– एक अधेड़ उम्र का आदमी, वह भी दो बच्चों का बाप?' चारों तरफ घूमी। लगा, कहीं से भी तो थकी–मुरझाई नहीं लगती हूँ। फिर भी? प्रश्न शरीर पर पड़े फफोलों–सा चोट कर रहा था। सामने रखी अपनी चंद साल पहले की तस्वीर देखी कितनी देर कर दी है। क्या करती रही आखिर इतने दिन कयातुन से वह दस साल बड़ी है। जिम्मेदारियों ने कहीं उसे मजबूर तो नहीं किया? वह यह तो नहीं कह सकती है, तो फिर, फिर क्या था? कहीं उसने अपनी पसंद को बहुत ऊँचा तो नहीं कर रखा था? शायद हाँ, यह सच है।"[3] इस प्रकार अधिकांश लड़कियों का समय पर विवाह न होने के कारण परिवार के सदस्य उनके विवाह के लिए चिंतित रहते हैं। कई लड़कियाँ अपने सपनों का अंत करके पारिवारिक जिम्मेदारी के वजह से विवाह से दूर रह जाती हैं। आखिर ढलती उम्र और समाज के ताने–बाने तथा

स्वार्थियों से भयभीत होकर वह जैसा पुरुष मिले उनके साथ शादी के बंधन में बँध जाती हैं। जैसे 'पतझड़ का फूल' कहानी में लेखिका कहती है कि– "आखिर इतने दिनों से उसे किस पुरुष का इंतजार था? किसे सौंपना चाह रही थी अपनी निधि, अपना जीवन? उसे हँसी आ गयी। इतने सँभाल के रखने पर तो बिल्लौर का मूल्य यह आँका गया, तो कल कहीं किसी अनजान पत्थर से कुचल कर चूर–चूर न कर दिया जाये।"[4] अर्थात् स्त्री के विवाह के लिए एक उम्र तय की जाती है, और वह उम्र गुजरने पर भी अगर उसकी शादी न हो पाये, तब उसे किसी भी खूँटे से बाँध दिया जाता है। अर्थात् लड़का सही हो या गलत, इस बात से कुछ फरक नहीं पड़ता है, जो लड़की अपने से पहले अपने परिवार के बारे में सोचती है। वे अपने सपनों से पहले परिवार की जिम्मेदारियों के बारे में सोचती हैं। उसके लिए अंत में उसके इच्छा का ध्यान न रख कर या यूँ कहें कि उसकी मनःस्थिति के बारे में न सोचते हुए, किसी भी लड़के के साथ बस बंधन में जोड़ दिया जाता है, जो स्त्री के सपनों को चूर–चूर कर देती हैं।

इस प्रकार कई लड़कियाँ पारिवारिक जिम्मेदारियों की वजह से अपने सपनों को भूल जाती है। लेकिन एक औरत होने की वजह से उसे पुरुष का अभाव महसूस होता है, ताकि उसे इस स्वार्थी समाज में रहने के लिए एक सहारा मिल सके। इसलिए अपने सपनों से समझौता करके विवाह के बंधन में बँध जाती है। नासिरा शर्मा 'पतझड़ का फूल' कहानी में कहती है कि– "अनाहिता का आत्मबल, आत्मविश्वास जली फुलझड़ी की तरह समाप्त हो चुका था। अनाहिता को महसूस हुआ, यह सपना तो उसका अपना है। बिलकुल कोरे कल्पना जैसा। यथार्थ से कोसों दूर। जिस तरह चाहे देख सकती है, पर कब्र का मिल जाना बहुत बड़ी बात है। उसे इसको कबूल कर लेना चाहिए, वरना पेड़ के नीचे पड़ी लाश को गिद्ध नोच–नोच कर खा डालेंगे।"[5] अगर स्त्री पुरुष हीन हो, तो उसकी स्थिति खुली तिजोरी के समान होती है। यह कथन स्त्री के लिए कई बार समाज में सुनने को मिलता है। इसलिए स्त्री को हमेशा कभी पिता, कभी पुत्र तो कभी अपने बेटे के संरक्षण एवं आश्रित होकर रहना पड़ता है। इस कहानी में भी इसी प्रकार की स्थिति मौजूद है। वह अपने जीवन को सुरक्षित रखने की कल्पना कर, अपने सपनों को मार कर, पतझड़ के फूल के समान जीवन व्यतीत करती है। यही स्त्री जीवन का यथार्थ है, जिसे इस कहानी में लेखिका ने बड़े ही सरलता के साथ चित्रण किया है।

पारिवारिक जीवन में पति–पत्नी के संबंधों में मनमुटाव सहज ही रहता है। लेकिन कभी–कभी मनमुटाव अधिक होने की वजह से तलाक की नौबत तक आ जाती है और पति–पत्नी का संबंध टूट जाता है। पारिवारिक जीवन में पत्नी की सहनशीलता अधिक दिखाई देती है, किन्तु पति अपने पत्नी की कदर किए बिना उससे अलग हो जाता है। नासिरा शर्मा की 'नयी हुकूमत' में हाजरा के माध्यम से लेखिका कहती है कि– "तलाक तो मुझे अलताफ को देनी चाहिए थी। मगर गुजार दी सारी जवानी उस आदमी के साथ, जिसका चेहरा मुझे कभी न भाया और आज उसने किस तरह दूध की मक्खी की तरह मुझे निकाल फेंका।"[6] इस पारिवारिक जीवन में स्त्री को ही तकलीफ सहनी पड़ती है। लेकिन स्त्री पर कितने भी अत्याचार क्यों न हो, उसको अपनी तकदीर

समझकर ही सहनी पड़ती है। लेकिन स्त्री चाहे कितनी भी तकलीफें सहन कर लें, अपनी सौतन को कभी बरदाश्त नहीं कर सकती है। पुराने रिश्तों में कड़वाहट पैदा हो जाती हैं और एक दिन उसे पति द्वारा घर से निकाल दिया जाता है। इस कहानी में स्त्री की पारिवारिक जीवन की वास्तविकता को सामने रखती है।

**भारतीय समाज वर्गों में विभाजित है**

भारतीय आर्थिक व्यवस्था उच्च, मध्य एवं निम्न वर्ग में बँटा हुआ है। निम्नवर्गीय समाज को आर्थिक अभाव का सामना करना ही पड़ता है। उनकी जिंदगी एक डिब्बे की तरह रहती है। कभी भरा हुआ, तो कभी खाली। इसी तरह निम्नवर्गीय समाज अपना जीवन व्यतीत करता है। इस वास्तविकता को नासिरा शर्मा ने "नयी हुकूमत" कहानी के माध्यम से चित्रिण किया है। इस कहानी में लेखिका कहती है कि– "परसों खिचड़ी बनायी थी। थोड़ा–थोड़ा खाती हूँ।" अर्थात् भूख को पूरी तरह न मिटा कर, खाने को रख–रख कर खाती है, ताकि दूसरे दिन तक वह खाना बचा रहे। "हाजरा ने माँ का थका चेहरा देखा और कोने में खड़ी झाड़ू उठा दालान आँगन बुहारने लगी। कूड़ा समेट उसने टोकरी में डाला और चूल्हे की राख निकाल पतीली को खंगाल चाय का पानी रखा। ताक पर न दिया सलाई थी न डिब्बे में चाय की पत्ती थी। हाजरा ने सारे डिब्बे खोल डाले। माँ की जिंदगी की तरह सब खाली थे। एक पुडिया में मूँग की दाल अलबत्ता वड़ी थी और कुछ नमक के ढेले..तभी उसने देखा माँ कूड़े की टोकरी से सुखी पत्तियाँ निकाल रही थी।"[7] इस प्रकार इस कहानी में लेखिका ने निम्नवर्गीय समाज की आर्थिक स्थिति को रेखांकित किया है। आज के दौर में भी कितने ही परिवार आर्थिक अभाव की वजह से आधे पेट खाना खाकर जी रहे हैं। इसका सही चित्रण लेखिका ने बड़े ही सरलता से किया है। स्त्री घर को चलाते हुए, अपने पेट को खाली रखकर सबको खिलाती है।

नासिरा शर्मा की 'सतघरवा' कहानी में मुस्लिम संस्कृति का चित्रण किया गया है। इस कहानी में सलाम और नमाज के वक्त की पाबन्दी को स्पष्ट करते हुए, लेखिका ने दादीजान और अब्दुल के कथन के माध्यम से चित्रण किया है। जैसे–

"दादीजान, सलाम!"

"सलाम कब आए?" माता जी चहक पड़ी।

"कल ही हिमाचल के जंगलों से लौटा हूँ।"

"वहाँ क्या करने गया था? बैठ न, खड़ा क्यों है?" माताजी दुलार से बोली। "दादीजान, सूरज ओट में जा रहा है, अगर आप कहें तो मैं नमाज पढ़ लूँ। फिर आपसे बात करूँगा।" कहता हुआ अब्दुल कुछ दूर पर बाल्टी और झोला रख एक बड़ी सी सूती तौलिया बिछा उस पर नमाज पढ़ने लगा। नमाज पढ़ने के बाद वह माता जी के पैरों के पास पालथी मारकर बैठ गया।"8 इस प्रकार लेखिका ने इस कहानी में मुस्लिम संस्कृति और आदर्श व्यक्तित्व का चित्रण किया है।

भाषा, विचारों की अभिव्यक्ति का माध्यम होती है। किसी भी कहानी में कथ्य और शिल्प एक सिक्के के दो पहलू होते हैं। जहाँ कथ्य कहानी को

सशक्त बनाता है, वहीँ शिल्प आकर्षक भी। कथ्य और शिल्प विचार और रूप में अलग–अलग होते हैं। ऐसा भी कहा जाता है कि– कथ्य महत्वपूर्ण होता है। वह अपनी अभिव्यक्ति के अनुकूल शिल्प की तलाश कर लेता है। कुछ विद्वानों का मानना है कि– कला में विषय–वस्तु कभी भी इतनी महत्वपूर्ण नहीं बन सकती है कि– वह रचनाकार के शिल्प कौशल के महत्व को समाप्त कर दे। नासिरा शर्मा ने अपनी कहानियों में अनेक शैलियों का प्रयोग किया है।

नासिरा शर्मा की 'सतघरवा' कहानी में पूर्वदिप्ती शैली का प्रयोग किया गया है। इस कहानी में अब्दुल के पूर्व दिनों के बारे में लेखिका कहती है कि– "बहुत पहले एक बार उसने पेड़ के नीचे छत्ते के लिए आग जला कर धुआँ किया था। उसी समय तेज आँधी आ गई और जाने कैसे उडी चिंगारी दूर एक घर में जा गिरी। जब तक घर वाले होश में आते, तब तक उसका अस्सी किलों गेहूँ, बीस किलो अरहर की दाल और घर जल गया। बस, जो बचा वह कच्ची दीवारें, एक भैंस और घर वाले थे। किसी को पता नहीं चला कि– उसी की जलाई आग से किसान का घर जला है। किसान की औरत भाग्य को कोसती रही। किसान पूर्वजन्म के लिए पाप को कोसता रहा, मगर उसकी आँखों ने सब कुछ देखा था। तब से आग और धुएँ के खेल से घबराने लगा था।"[9]

इसी प्रकार नासिरा शर्मा की 'नयी हुकुमत' कहानी में हाजरा को अपने शादी के दिन बताई गई दादी की बात याद आ जाती है। जैसे कि– "सत्ताईस साल पहले इस घर में वह लाल जोड़ा पहनकर अलताफ के साथ बिदा हुई थी। आँचल में गुड़–चावल डालते हुए, दादी ने कुरान के साये से निकलते हुए, उससे कहा था कि बेटी, लड़की का असली घर शौहर का होता है। जहाँ से उसका जनाजा ही उठता है।"[10] इस प्रकार इस कहानी में लेखिका ने पूर्वदिप्ती शैली का प्रयोग करते हुए पारिवारिक महत्व को स्पष्ट किया है।

इसी प्रकार नासिरा शर्मा की 'नौ–ताप' कहानी में चित्रात्मक शैली का प्रयोग किया गया है। जैसे कि– "जून का तपता महिना। सूरज का गोला अपने पूरे तैश में आसमान का आधा रास्ता तय करता अब सीधे सर पर आकर सवार हो गया था। बाएँ हाथ को जो छोटा–सा बाजार था, वहाँ की चहल–पहल सन्नाटे में बदल गई थी। भीगे बोरे के नीचे ककड़ी बेचने वाले तक भरी दोपहर में जाने कहाँ गायब हो गए थे। लच्छू को भूख, प्यास एक साथ सताने लगी। उसने धूप से भरी गली को देखा, फिर बड़ी नाउम्मीद से अपना सामान समेटा और गली पार करने लगा। सफेद घर के सामने से गुजरा तो उसे दरवाजे में ताला लटका दिखा।"[11] इस प्रकार इस कहानी में गर्मी के महीने की भरी दोपहर के गर्माहट का चित्रण लेखिका ने किया है।

नासिरा शर्मा की 'नयी हुकूमत' कहानी में संवादात्मक शैली का प्रयोग हुआ है। जैसे–

"क्या बात है हाजरा?"

"कुछ नहीं अम्माँ !"

"जब से आयी है, बिन पानी की मछली की तरह बेकरार है। मियाँ–बीवी में तो मनमुटाव होता रहता है। देखना, नौशाद दूल्हा दो दिन बाद तुम्हें लेने आ पहुंचेंगे।"

"अब वह कभी नहीं आएंगे मुझे लेने।"
"आखिर क्यों भला?"[12] इस प्रकार इस कहानी में संवादात्मक शैली का प्रयोग किया गया है।

इसी प्रकार 'गूँगी गवाही' कहानी में नासिरा शर्मा ने नाटकीय शैली का प्रयोग किया है। जैसे कि– "हबीब चुपचाप पटरे पर बैठ गया। बड़की भौजी ने कटोरे में भरे लड्डू आगे बढाए और चाय छानते हुए कहा– "आज पतंग वाले के लड़के की मुसलमानी हो रही न... बड़ी धूमधाम, शहनाई, बाजा–गाजा, खाना–पीना...लड्डू देखों, पाव–पाव भर के है।"

"अच्छा," हबीब ने सुस्त आवाज में कहाँ

"अब उठो चाय ठंडी हो रही है," बड़की भौजी ने मियां की तरफ मुँह फेरकर कहाँ

"बदन टूट रहा है जैसे बुखार आए को है..." इतना कह गौहर गुस्साल जम्हाई लेता उठ खड़ा हुआ।

"ई मुरदार काहे खड़ी है फिर से आय के?" चौखट पर खड़ी चमेली को देखकर जाने क्यों हबीब किचकिचा उठा।

"सुबह से कई चक्कर लगा चुकी है महारानी। महतारी खाट पकड़े हैं। अब यह डोलत है यहाँ–वहाँ, बड़की भौजी ने कहा और उसकी तरफ बढ़ी। उन्हें देखकर गूँगी चमेली ने इशारा किया। उसके चहेरे पर विश्वास जगा।"[13] इस प्रकार नाटकीय शैली का इस कहानी में प्रयोग किया गया है।

नासिरा शर्मा की 'पतझड़ का फूल' कहानी में स्वप्न शैली का प्रयोग किया गया है। जैसे कि– "कब्रिस्तान का विस्तृत मैदान है। फूलों और पेडों से ढके कब्रिस्तान के एक पेड़ के नीचे उसकी जिन्दा लाश कफन में लिपटी गहवारें में रखी है। सब परेशान है। कोई कब्र खाली नहीं है कि वह दफनायी जाए। वह खामोश बेजान सी पड़ी है। गुस्साल की आवाज उभरती है, "यह क्या किया? कब्र के बिना लाश कब तक यूँ पड़ी रहेगी? मैंने तो नहलाने–धुलाने का काम कर दिया। अभी मुझे एक के बाद एक चार औरतें नहलानी हैं। उधर दोनों हाल अलग लोगों से भर गए हैं। ईरानदुख्त अगरबत्ती ले जाओ। चलो–चलो। तुम लोग नीचे गुसलखाने में चलो" कहती हुई वह औरत बाकी गुस्साल (मुर्दे को नहलाने वाला या वाली) औरतों के साथ लौट जाती हैं। अनाहिता ऊपर नजर उठाती है। ऊपर पेड़ पर बेशुमार गिद्ध बैठे हैं। वह डर से चीखना चाहती है। तब ही उसे ख्याल आता है, वह तो मर चुकी है। पसीने से लथपथ अनाहिता की आँख खुल जाती है।"[14] इस प्रकार लेखिका ने इस कहानी में स्वप्न शैली का प्रयोग किया है।

**निष्कर्ष :** इस प्रकार हम कह सकते है कि– नासिरा शर्मा की कहानियों में समाज के अनेक मुद्दों का चित्रण किया गया है। आज भी भारत में सभी लोग आपस में मिल–जुलकर सद्भवाना से रह रहे हैं, इसका प्रमाण भी इनकी कहानियों के माध्यम से देख सकते हैं। यही भारत देश की अखंडता है, जिस को इसी रूप में ले जाने में हिंदी लेखकों ने अपना योगदान दिया है। उनके लेखन न केवल दो धर्मों में बँटे समाज को एक करने में सक्षम है, बल्कि दो भागों में बँटे लोगों में सद्भाव उत्पन्न करने का काम भी किया है। अतः उनका साहित्य केवल समस्या के साथ समाधान भी प्रस्तुत करने की क्षमता

रखा है। इस प्रकार हम कह सकते हैं कि– इनकी अधिकांश कहानियों में भारतीय समाज, संस्कृति एवं सांप्रदायिक सद्भावना का चित्रण हुआ है।

**संदर्भ**


1. सरहद के इस पार, मेरी प्रिय कहानियाँ, नासिरा शर्मा, पृ.113
2. पतझड़ का फूल, मेरी प्रिय कहानियाँ, नासिरा शर्मा, पृ.30
3. पतझड़ का फूल, मेरी प्रिय कहानियाँ, नासिरा शर्मा, पृ.30
4. पतझड़ का फूल, मेरी प्रिय कहानियाँ, नासिरा शर्मा, पृ.31
5. पतझड़ का फूल, मेरी प्रिय कहानियाँ, नासिरा शर्मा, पृ.31
6. नयी हुकूमत, मेरी प्रिय कहानियाँ, नासिरा शर्मा, पृ.102
7. नयी हुकूमत, मेरी प्रिय कहानियाँ, नासिरा शर्मा, पृ.101
8. सतघरवा, मेरी प्रिय कहानियाँ, नासिरा शर्मा, पृ.72
9. सतघरवा, मेरी प्रिय कहानियाँ, नासिरा शर्मा, पृ.68
10. नयी हुकूमत, मेरी प्रिय कहानियाँ, नासिरा शर्मा, पृ.102
11. नौ–ताप, मेरी प्रिय कहानियाँ, नासिरा शर्मा, पृ.135
12. नयी हुकूमत, मेरी प्रिय कहानियाँ, नासिरा शर्मा, पृ.102
13. गूँगी गवाही, मेरी प्रिय कहानियाँ, नासिरा शर्मा, पृ.47
14. पतझड़ का फूल, मेरी प्रिय कहानियाँ, नासिरा शर्मा, पृ.25



**संपर्क : असिस्टेंट प्रोफेसर, हिंदी विभाग, मौलाना आजाद नेशनल उर्दू यूनिवर्सिटी, गच्चीबौली, हैदराबाद–500032 फोन नो. 9440214888, 8328397170, drprahimkhan@gmail-com**

# 'ए.बी.सी.डी.' उपन्यास में सांस्कृतिक संघर्ष

**विनोद बाबुराव मेघशाम**

'संस्कृति' शब्द अपने में सभी सामाजिक संस्कारों, परम्पराओं, सभ्यता के विभिन्न तत्वों तथा लौकिक, आध्यात्मिक और धार्मिक मान्यताओं को समेटा हुआ है। संस्कृति और परम्पराओं में गहरा सम्बन्ध होता है। भारतीय परम्परा में लोग संस्कारों का निर्वाह करते हैं, पर उनके धार्मिक नियम विभिन्न हैं। क्योंकि भारतीय संस्कृति 'अनेकता में एकता' का रूप धारण करती है और सभ्यता, संस्कार, रीतिरिवाज और परम्पराओं का भारतीय संस्कृति में आध्यात्मिक महत्व है। 'संस्कृति' मानव जाति के किसी भी व्यक्ति, राष्ट्र और अपने परिवार के बड़े–बूढ़ों का मान करना, उनके प्रति श्रद्धा रखना ही भारतीय संस्कृति है। साथ ही मानव का आचरण, विचार, कलागत–कौशल और सभ्यता के क्षेत्र में बौद्धिक प्रगति संस्कृति का सूचक होती है। अर्थात् यह कह सकते है कि 'संस्कृति' जीवन जीने की दृष्टि है। इसकी अभिव्यक्ति का माध्यम परम्परागत् मूल्यों के आधार पर आधारित आचरण है।

'संस्कृति' किसी समाज में गहराई तक व्याप्त गुणों के समग्र स्वरूप का नाम है, जो उस समाज के सोचने, विचारने, कार्य करने के स्वरूप में अन्तर्निहित होता है। यह 'कृ' (करना) धातु से बना है। इस धातु से तीन शब्द बनते हैं। 'प्रकृति' की मूल स्थिति यह संस्कृत हो जाता है और जब यह बिगड़ जाता है तो 'विकृत' हो जाता है।

संस्कृति मानव के व्यावहारिक आचरण एवं उसके अन्तर्बाह्य पवित्रता पर अधिक जोर देने का काम करती है। भारतीय संस्कृति में संस्कार, आचरण, संप्रदाय, कर्म, ज्ञान और भक्ति को महत्व दिया जाता है, इसीलिए यह माना जाता है कि संस्कृति जीवन से भागने का नहीं वरन् मानव को जीवन और समाज से जोड़ने का प्रयत्न करती है। व्यक्ति का समाज तथा संस्कृति के साथ समान रूप से संबंध है। व्यक्ति के व्यवहार के ये दोनों ही महत्वपूर्ण आधार हैं। इस रूप मे व्यक्ति, समाज एवं संस्कृति तीनों ही अन्योन्याश्रित हैं। व्यक्ति का समग्र विकास समाज तथा संस्कृति दोनों के प्रभाव से होता हैं। इस समीकरण द्वारा स्पष्ट है कि समाज का सामूहिक जीवन भी व्यक्ति के व्यवहार को प्रभावित करता हैं तथा दूसरी तरफ संस्कृति के आदर्श नियम भी मानव–व्यवहार को दिशा प्रदान करते हैं। एक जगह बी.वी. कारंत ने कहा है कि, "संस्कृति वैयक्तिक नहीं, सदा सामाजिक होती है और उसका स्वरूप नेतृत्व परक होता है। सांस्कृतिक मूल्य, मान्यताएँ, धारणाएँ, आदर्श आदि व्यक्तिगत नहीं, बल्कि सामाजिक आवश्यकताएँ हैं और एक नागरिक के रूप में ये सभी के पास होता है, या होनी चाहिए।"[1] अतः यह कह सकते है कि भारतीय संस्कृति मानव समाज के शरीर की आत्मा है। संस्कृति में सत्य, संस्कार, त्याग, करूणा, मानवता, प्रेम, स्नेह आदि मानव जीवन के मूल्य इसमें समाये हुए हैं।

इन मूल्यों से युक्त हिंदी साहित्य में प्रसिद्ध कथाकार रवीद्र कालिया का 'ए.बी. सी.डी' उपन्यास बहु चर्चित है।

कथाकार रवीन्द्र कालिया का लघु उपन्यास 'ए.बी.सी.डी.' पश्चिम में रह रहे प्रवासी भारतीयों के सांस्कृतिक समस्याओं का हमें रू–ब–रू दर्शन कराता है। भारत से जाने वाले भारतीय लोग अपने साथ भारतीय संस्कार और संस्कृति को लेकर जाते हैं, जबकि विदेशों में उन्हें एक अलग ही परिवेश और संस्कृति का दर्शन मिलता है। 'भारतीयों की दृष्टि में पश्चिम की संस्कृति, संस्कृति न होकर अपसंस्कृति है तो पश्चिम की दृष्टि में भारतीय संस्कृति पिछड़ी हुई और असभ्य। यह लघु उपन्यास इन्हीं दो विपरीत सांस्कृतियों के द्वन्द्व की एक सघन झलक से हमें परिचित करता है।

इस उपन्यास में रवींद्र कालिया ने भारतीय मूल निवासियों की भावना को चित्रित किया है और पाश्चात्य संस्कृति के सामने भारतीय संस्कृति को बहुत ही श्रेष्ठ और महान प्रस्तुत करने का कार्य किया है। भारतीय लोगों के मन में पश्चिमी संस्कृति, संस्कृति न होकर एक अपसंस्कृति के रूप में दिखाने का प्रयत्न किया हैं। इस उपन्यास में पश्चिमी संस्कृति और भारतीय संस्कृति की विचारधारा को शील और हरदयाल के बेटियों के माध्यम से प्रस्तुत किया है। आधुनिक समाज में लोग सांस्कृतिक संघर्ष के कारण या अपनी संस्कृति से भी ज्यादा विदेशी संस्कृति से प्रभावित होने के कारण किस प्रकार से जीवन यापन करते हैं, उसका चित्रण किया है। इसके साथ इस उपन्यास में विदेश में बसे प्रवासी भारतीयों के जीवन में आये सांस्कृतिक बदलाव को भी कालिया जी ने बहुत अच्छे ढंग से प्रस्तुत किया है।

भारतीय लोग या भारतीय परिवार पश्चिम में या कहीं भी रहें तो अपने मन में भारतीय संस्कृति और सभ्यता, संस्कार कभी भुला नहीं पाते। क्योंकि भारतीय संस्कृति उनके रग–रग में बसा हुआ है। भारतीय संस्कृति, रूढ़ि, परम्पराएँ, भारतीय संस्कार और सांस्कृतिक सभ्यता एवं धार्मिक विचारों को बचाए रखना ही भारतीयों की मानसिकता बनी है। जैसे श्री. कून के अनुसार," संस्कृति उन विधियों का समुच्चय है जिसमें मनुष्य एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक सीखने के कारण रहता है।"2 लेकिन इस उपन्यास में वह दिखाई नहीं देता है। जैसे प्रवासी भारतीय विदेश में बसने के उपरान्त उनके बच्चों में यह बात दिखाई नहीं देती है। क्योंकि बचपन से ही वें पश्चिमी संस्कृति में पलने से विदेशी संस्कृति के प्रति अकर्षित होने का भास होने लगता है। इससे प्रवासी भारतीय परिवारों में सांस्कृतिक संघर्ष दिखाई देता है। 'ए. बी. सी. डी.' उपन्यास के माध्यम से हम यह समझने का प्रयत्न करते है कि माता–पिता जो भारतीय संस्कृति के पालन–पोषण के प्रतीक है तो, उनके बच्चे पाश्चात्य संस्कृति के पालन–पोषण के प्रतीक है। माता–पिता भारतीय संस्कृति के विचारक हैं तो बेटियाँ आधुनिक विदेशी संस्कृति के प्रति आकर्षित हैं। जैसे इस उपन्यास के पात्र शीनी और नेहा आदि विदेशी और हरदयाल और शील भारतीय संस्कृति की तरफ़ झुके हुए हैं। इसलिए इन दो विचारों के इर्द–गिर्द चलता रहता है जैसे– शीनी की माँ अपनी बेटी शीनी को विदेशी संस्कृति के प्रति प्रभावित होकर जीवन शैली में आए बदलाव को देखकर उससे बोलती है कि–"जीवन शैली अपनाने से तुम्हें किसने रोका है। मैं तो सिर्फ इतनी सी बात

तुम्हारे भेजे में डालना चाहती हूँ कि बेटा यहाँ की चकाचौंध से इतना प्रभावित न हो जाओ कि नारीसुलभ गुणों को भुला बैठो। नारी का सबसे बड़ा आभूषण लज्जा है। शील है। कोमलता है। कन्याओं का तो कौमार्य भी है।"[3] इस वाक्य से शील अपनी बेटी को अपनी भारतीय संस्कृति को समझाते हुए विदेशी संस्कृति से जागरूक कराती है। साथ ही भारतीय संस्कार और सभ्यता का स्मरण कराती है।

शीनी और नेहा पाश्चात्य संस्कृति में पले बड़े होने के कारण वे पाश्चात्य जीवन शैली एवं विवाह पद्धति उन्हें ज्यादा प्रभावित करती है। इसलिए वें अपने माता–पिता के वैवाहिक संदर्भ की एक फोटो देखकर उसके प्रति हास्य व्यंग्य का प्रहार करते है और अपने ही माता–पिता की खिल्ली उड़ाते हुए कहते हैं कि, "ऐसा लगता है कि दो बाल ब्रह्मचारियों की ज़ोर ज़बरदस्ती से शादी करके तस्वीर खींच ली गयी है। मम्मी ने सिर ऐसे ढाँप रखा है जैसे बहुत बर्फ गिर रही हो और डैडी को तो देखो, कैसी गोल टोपी पहन रखी है। लगता है खास तौर पर शादी के लिए खरीदी थी।"[4] इससे यह पता चलता है कि शीनी और नेहा को भारतीय समाज में विवाह एक महत्वपूर्ण संस्कार है। साथ ही यह संस्कृति का अंग है। जहाँ पर एक स्त्री और पुरुष एक दूसरे को अपने जीवन साथी के रूप में स्वीकार कर पारिवारिक जीवन प्रारंभ करना भारतीय संस्कृति की पहचान है। जिसमें एक नहीं अनेक प्रकार के रीति–रिवाज, सभ्यता, आचरण एवं परंपराओं को अपनाकर दो युवा वैवाहिक जीवन में प्रवेश कर एक नया जीवन प्रारंभ करते हैं। किंतु शीनी और नेहा को इसके बारे में कुछ भी पता नहीं है। क्योंकि वे पाश्चात्य संस्कारों से प्रभावित हुई है और भारतीय संस्कृति को पिछडी संस्कृति समझती हैं और वे भारतीय विवाह पद्धति के छायाचित्रों को देखकर उपहास करती है।

भारतीय समाज में भारतीय संस्कृति केवल एक पद्धति न रहकर जीवन का अंग बना हुआ है। भारतीय संस्कृति में केवल आचरण नहीं है बल्कि जीने का तरीका है। संस्कार, सभ्यता, मानव का वस्त्र विन्यास आदि ऐसे अनेक विषय भारतीय संस्कृति के अधीन आते हैं। संस्कृति केवल समाज का प्रतिनिधित्व करते हुए मानव जाति के जीवन शैली का भी एक प्रतीक बन जाती है। क्योंकि भारतीय समाज में हर एक प्रकार के प्राकृतिक निवेश के अनुसार भौगोलिक विभिन्नता के अनुसार वहाँ की संस्कृति वहाँ के पोशाक एवं आचरण, संस्कार या संस्कृति का प्रतिनिधित्व करते हैं। और विशेष रूप से भारतीय समाज में स्त्रियों के लिए, युवतियों के लिए उनका वस्त्र विन्यास भी एक संस्कृति, संस्कार एवं सभ्यता का प्रतीक माना जाता है। क्योंकि भारतीय संस्कृति में स्त्री को जिस प्रकार के वस्त्रों को अपनाने का उपदेश दिया जाता है। तो विदेशी जीवन शैली में छोटे कपड़ों में भी स्त्री स्वतंत्र एवं स्वच्छद रूप से, निसंकोच भाव से दिखाना ही वें अपनी सभ्यता समझते है, लेकिन भारतीय संस्कृति में चाहे वह साड़ी पहने या सलवार या चूड़ीदार वह अपनी संस्कृति और सभ्यता का ख्याल रखते हैं। इस कपड़ों के संदर्भ में शील अपनी बेटियों की पहनावा को नकारते हुए अपनी सहेली भारतीय प्रवासी अपुर्वा के पहनावें के आचरण पर प्रशंसा करती है। उस समय इस प्रशंसा से चिढ़कर शीनी अपनी माँ शील से कहती है कि– "माँ सिर्फ दिन–रात शलवार पर पहरा देने वाली

लड़कियाँ ही पवित्र नहीं होतीं। मैं देख रही हूँ, इस देश में हिंदुस्तानियों ने अपनी बेटियों को यही एक काम दे रखा है। आज पूरी दुनिया में लड़कियाँ मर्दों के कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रहीं है"5 इस वाक्य से शीनी अपनी माँ को आधुनिक शैली के साथ–साथ आधुनिक स्त्री की जीवन पद्धति को समझाने का प्रयास करती है।

प्रवासी भारतीय परिवारों में एक और समस्या को इस उपन्यास में दर्शाने का प्रयत्न रविंद्र कालिया करते हैं। संस्कृति केवल भाषा, आचरण और संस्कार से ही प्रतीत नहीं होती है, बल्कि व्यक्ति के चरित्र, शील एवं लज्जा से भी देखा जाता है। क्योंकि भारतीय संस्कृति में स्त्री–पुरुषों के संबंध पर एक प्रकार का दूरी बनाया हुआ है। साथ में स्त्री कितनी भी शिक्षित क्यों न हो किंतु उसे अपने संस्कृति का आचरण या पालन–पोषण के साथ–साथ शील और अपनी कौमार्य का भी बचाव करना उसका प्रथम कर्तव्य माना जाता है। जैसे कि इस उपन्यास में शील अपनी बेटी को समझाती हैं कि स्त्री का जो कौमार्य है उसे बचाए रखना ही उसका मूल उद्देश्य है, बल्कि विदेशी संस्कृति में जो विवाह से पहले स्त्री–पुरूष का मेल–मिलाप का खुलापन है, किन्तु भारतीय संस्कृति में विवाह से पहले स्त्री–पुरुषों के मेल मिलाप को स्वीकार नहीं किया जाता। कारण यह है कि विदेशी संस्कृति में जितना खुलापन स्वतंत्र रूप से अपनाया जाता है भारतीय संस्कृति में वह भारतीय संस्कार या संस्कृति के विरोध में देखा जाता है।

भारतीय हो या प्रवासी भारतीय अपनी संस्कृति का पालन–पोषण करने वाले माता–पिता कभी इस प्रकार के स्त्री–पुरुषों के संबंधों को स्वीकार नहीं करते हैं और पाश्चात्य संस्कृति का अनुकरण भी करना नहीं चाहते है। इस उपन्यास का पात्र शील प्रवासी भारतीय के रूप में विदेश में स्थायी हो गई है। लेकिन वह अपने बेटियों को स्त्री सुलभ गुणों को बचाएँ रखने का आदेश देती है साथ ही स्त्री कौमार्य का भारतीय संस्कृति में कितना महत्व है इसको भी समझाती है तो माता के उपदेश पर शीनी कहती है कि– "चड्डी के भीतर क्या हीरे जवाहरात रखे हैं?"[6] इस बात पर शीनी की माँ प्रति उत्तर में कहती है कि – "हमारी संस्कृति में तो यह हीरे जवाहरात से भी ज़्यादा मूल्यवान है। हीरा खो जाए तो दुबारा खरीदा जा सकता है, मगर इसे नहीं। यह स्त्री का ऐसा आभूषण है जो खो जाने पर दुबारा हासिल नहीं किया जा सकता।"[7] इस उपरोक्त कथन के माध्यम से रवींद्र कालिया भारतीय संस्कृति में स्त्री के शील का महत्व बताते हुए उसके प्रति व्यंग्य करते है। साथ ही आधुनिक जीवन शैली में स्त्री के प्रति इस प्रकार के विचारों का पालन–षोषण करने की प्रथा पर दृष्टिपात करते है। रवीद्र कालिया भारतीय संस्कृति में बदलाव को स्वीकार करने का संकेत देते हैं। जो भारतीय सभ्य, सुसंस्कृत परिवारों के लिए स्वीकार करना इतना आसान नहीं है।

भारतीय संस्कृति की एक विशेषता यह है कि पारिवारिक जीवन में प्रत्येक व्यक्ति एवं प्रत्येक व्यक्ति के संबंधों को एक गौरवपूर्ण सम्मान के साथ देखा जाता है। इसके साथ जब कोई स्त्री पर–पुरूष को मिलती है या पुरूष स्त्री को मिलता है तो अपनी सभ्यता, संस्कार और लज्जा को संभालते हुए अंतर रखती है। परंतु विदेश संस्कृति में स्त्री पर–पुरुष के साथ मिलती है तो

वह स्त्री–पुरुष एक दूसरे को चुंबन करना एक सामान्य बात मानी जाती है। इस संदर्भ में उपन्यास की पात्र शीनी जब अपने मित्र को अपनी माँ से मिलने को कहती है उस समय शीनी की माँ पाश्चात संस्कृति के आचरण के व्यवहार से असंतुष्ट होकर मिलना नहीं चाहती और वह इस स्त्री–पुरुष की मिलन और चुंबन की पाश्चात्य संस्कृति पर करारा प्रहार करते हुए कहती है कि, "अंग्रेजों की यह छूनेछुआने की और चूमाचाटी करने की बहुत बुरी आदत है। शील बुदबुदायी, "इन्हें जरा भी तमीज़ नहीं है कि औरतों के साथ कैसा व्यवहार करना चाहिए।"[8]

आज कल भारतीय संस्कृति में भी 'डेट संस्कृति' (विवाह पूर्व का सह–जीवन संस्कृति) प्रिय और प्रचलित होती जा रही है। क्योंकि आधुनिक जीवन शैली के क्लब संस्कृति और होटल संस्कृति ने आलिंगन एवं चुंबन को आम बात बना दिया है। इसके साथ ही आज के इस आधुनिक समाज में विवाह से पहले स्त्री–पुरुष का आपस में मिलना, संबंध बनाना सामान्य–सी बात हो गई है। लेकिन आज भी भारतीय संस्कृति के धारा में रहने वाले माता–पिता को यह खुली संस्कृति बिल्कुल पसन्द नहीं है। उसी बात को रवीद्र कालिया ने 'डेट संस्कृति' को भी इस उपन्यास के माध्यम से दिखाने का प्रयास किया है। जैसे उपन्यास का पात्र शीनी डेट पर जाती है तो उसकी माँ को पसन्द नहीं आता और वह गुस्सा करती है तो उसकी बेटी नेहा अपनी बहन शीनी का साथ देती हुई वह अपनी माँ से कहती है कि, "अब क्या हुआ मॉम। शीनी डेट पर गयी है, हमेशा के लिए ससुराल नहीं चली गयी।"[9] इस वाक्य से भारतीय संस्कृति की विचारधारा में रहने वाले शील और हरदयाल एवं पाश्चात्य संस्कृति के विचारधारा से रहने वाली शीनी और नेहा के माध्यम से भारतीय और पाश्चात्य संस्कृति के संघर्ष का यथार्थ चित्रण इसमें देखने को मिलता है।

निष्कर्ष के रूप में हम यह कह सकते हैं कि इस उपन्यास में पश्चिम जाने वाला प्रत्येक भारतीय अपने मन में एक भारतीय संस्कृति की छवि को बचाकर रखना चाहते हैं। उसके मन में भारतीय संस्कृति के छवि को बचाकर रखने का मतलब है अपनी रूढ़ियों और संस्कारों सहित अपनी सांस्कृतिक और धार्मिक चेतना को अपने अंदर बचाए रखना है। परंतु इन प्रवासी भारतीयों के सामने समस्या तब जन्म लेती है जब इनके बच्चे बड़े होकर विदेशी संस्कृति के परिवेश में ही पले और बढ़े होते हैं, जिनके खून में तो भारत है, पर परिवेश में पश्चिम संस्कृति कूट–कूट कर भरी हुई है। इसलिए अपने ही भारतीय संस्कृति के प्रति एक प्रकार से अनदेखा कर पाश्चात्य संस्कृति को अपनाते है। और इसके साथ–साथ अपने ही माता–पिता के भारतीय संस्कृति के विचारों का विरोध करके अपने मन में एक सांस्कृतिक द्वंद्व को जन्म देते हैं। उपन्यास में एक ओर जहाँ भारतीय संस्कृति में पले–बढ़े शील और हरदयाल हैं तो दूसरी ओर अमेरिकी संस्कृति में पली–बढ़ी शीनी और नेहा हैं, जो भारतीय संस्कृति के बारे में संशयग्रस्त हैं और इसके साथ तालमेल नहीं बिठा पाती हैं। ये द्वंद्व दो पीढ़ियों के बीच का द्वन्द्व न होकर दो भिन्न संस्कृतियों या जीवन मूल्यों के बीच का संघर्ष है। इस तरह से रवीद्र कालिया अपने उपन्यास ए.बी.सी.डी. में दो पीढ़ियों के बीच के संघर्ष को दर्शाते है। भारतीय मूल निवासी विदेश में ऐसे

द्वन्द्व स्थिति में फँसे रहते है कि ना वह भारतीय संस्कृति को छोड़ सकते है न ही पाश्चात्य संस्कृति के आचरणों को या संस्कारों को स्वीकार करने की मानसिकता रखते हैं। जिससे एक ही परिवार में दो सांस्कृतिक संघर्ष की छवि पाठकों के सामने आती है। साथ ही इस उपन्यास के माध्यम से उपन्यासकार ने यह बताने का प्रयास किया है कि जिस परिवेश में हम रहते हैं उसके साथ समझौता कर लेना ही एक संदेश भी हो सकता है। इस तरह से सांस्कृतिक संघर्ष देखने को मिलता है।

**संदर्भ**


1. भारतीय संस्कृति के विविध आयाम, संपादक : डॉ ओम प्रकाश झंवर, विद्या प्रकाशन कानपुर, पृ.221
2. संस्कृति क्या है? संस्कृति का अर्थ, कैलाश, पृ.2
3. ए.बी.सी.डी उपन्यास, रवीन्द्र कालिया, वाणी प्रकाशन नई दिल्ली, पृ.13
4. ए.बी.सी.डी उपन्यास, रवीन्द्र कालिया, वाणी प्रकाशन नई दिल्ली, पृ.10
5. ए.बी.सी.डी उपन्यास, रवीन्द्र कालिया, वाणी प्रकाशन नई दिल्ली, पृ.11
6. ए.बी.सी.डी उपन्यास, रवीन्द्र कालिया, वाणी प्रकाशन नई दिल्ली, पृ.14
7. ए.बी.सी.डी उपन्यास, रवीन्द्र कालिया, वाणी प्रकाशन नई दिल्ली, पृ.14
8. ए.बी.सी.डी उपन्यास, रवीन्द्र कालिया, वाणी प्रकाशन नई दिल्ली, पृ.32
9. ए.बी.सी.डी उपन्यास, रवीन्द्र कालिया, वाणी प्रकाशन नई दिल्ली, पृ.23


---


**संपर्क : पीएच.डी शोधार्थी, पी.जी. विभाग, दक्षिण भारत हिंदी प्रचार, हैदराबाद केंद्र सहायक प्राध्यापक, क्रिस्तु जयंती महाविद्यालय, (स्वायत्त), बेंगलूरू, कर्नाटक– 560077**

# प्रवासी हिंदी साहित्य में चित्रित नस्लभेद

**प्रियदर्शिनी बारिक़**

साहित्य में कई प्रकार के विमर्शों का समावेश है। जैसे– स्त्री विमर्श, आदिवासी विमर्श, दलित विमर्श एवं मुस्लिम विमर्श आदि। वर्तमान समय में प्रवासी विमर्श एक नया विमर्श बन कर हमारे सामने उभरा है। प्रवासी साहित्य काफी समय से लिखा जा रहा था, परंतु 21वीं सदी में उसे अपना एक अस्तित्व मिला। वर्तमान प्रवासी साहित्य वट वृक्ष की तरह पूरे विश्व में अपनी काया विस्तार कर चुका है। प्रवासी उसे कहते हैं जो अपना घर–परिवार, मातृभूमि एवं मातृभाषा को छोड़ कर किसी दूसरे देश में बसने के लिए जाते है। प्रवासी भारतीय विदेश में रहते हुए अपनी भाषा–संस्कृति को अपनाते हुए प्रवास के वातावरण, संस्कृति एवं समस्यायों को साहित्य के माध्यम से सृजन करते है, उसे ही प्रवासी साहित्य कहा जाता है। अपना देश छोड़ कर प्रवास में रहना इतना आसन नहीं होता है। वहाँ पर भी लोगों को कई सारी समस्याओं एवं चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जिसमें नस्लभेद एक मुख्य समस्या है। व्यक्ति जितना भी पढ़ा–लिखा एवं काबिल क्यों न हो उसको हमेशा प्रवास में अपने से निम्न माना जाता है। यह समस्या भारतीयों का पीछा ही नहीं छोड़ती है। प्रवासी भारतीयों को प्रत्येक स्थान पर नस्लभेद जैसे समस्या से जूझना पड़ता है। यह समस्या ज्यादात्तर नौकरी के क्षेत्र में देखने को मिलती है। प्रवास में नौकरी के क्षेत्र में गोर लोगों के लिए जितनी छूट है, उतना भारतीयों के लिए नहीं होता है। भारतीय वहाँ रह कर जितना भी अधिक परिश्रम कर ले, परंतु हमेशा उन्हें नीचे स्थान पर ही रखा जाता है एवं हमेशा उन्हें दबाने की कोशिश की जाती है। विश्व के कोने–कोने में बसे साहित्यकार प्रवासी भारतीयों की प्रत्येक समस्या को साहित्य में सृजन करते है एवं पाठकों को उन समस्याओं के साथ रु–ब–रु कराते है।

प्रवासी हिंदी साहित्य जिसमें कई नई समस्याओं का समावेश है जैसे –अकेलापन, बेगानेपन, भाषा समस्या, मानवीय मूल्यों में टकराहट, दोनों संस्कृतियों के बीच अंतर्द्वंद्व आदि। इन सभी समस्याओं से व्यक्ति जैसे–तैसे करके निकल आता है। परंतु नस्लभेद एक ऐसे समस्या है, जिसमें व्यक्ति को कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है। प्रवास में यह समस्या का शिकार सिर्फ आम भारतीय नहीं हुए है, साथ ही वहाँ पर बसे साहित्यकार भी इस समस्या को भोगे है। हम बात करेंगे उषा प्रियंबदा जी की, जो भारतीय हिंदी साहित्य एवं प्रवासी हिंदी साहित्य क्षेत्र में बहुत बड़ी पहचान हासिल की हैं। वह खुद कहती है कि भारतीय होने के नाते उन्हें कई प्रकार की अवहेलना का सामना करना पड़ा। शाकाहारी होने के कारण उन्हें कई पार्टियों में बुलाया नहीं जाता था। वे अपने पति को लेकर भी कहती है कि, उनके पति यूरोपीय थे। वह आसानी से अमेरिकी लोगों के साथ घुल–मिल गए थे। परंतु उषा जी भारतीय होने के नाते अमेरिकी परिवेश में खुद को इतने आसानी से ढाल नहीं

पाई थीं। वे कहती है कि–"जब हम साथ होते है, यूरोपीय पुरुष होने के कारण उन्हें हमेशा सद्भावना और शिष्ट शब्द ही मिलते है और मुझे मिलती है अवहेलना और अवज्ञा।" इस प्रकार खुद भोगे हुए समस्या को एवं भारतीयों के साथ हुए भेदभाव को उषा जी ने अपनी रचनाओं में शामिल किया है।

नस्लभेद जिसका कई अर्थ है। जैसे– प्रजाति भेद, रंग भेद, रेसिज्म आदि। मुख्यतः विदेशों में रंग के आधार पर नौकरी एवं शिक्षा के क्षेत्रों में भारतीयों के साथ भेद–भाव किया जाता है। स्त्रियों के क्षेत्र में यह भेदभाव अधिक मात्रा में देखने को मिलता है। उषा प्रियम्बदा का उपन्यास 'भया कबीर उदास' में लीली शोध करने के लिए विदेश जाती है वहाँ उसे नस्लभेद का शिकार होना पड़ता है। लेखिका कहती है कि:– "स्कालरशिप, आसिस्टेंटशिप, नौकरी सभी में उसे उचिष्ट मिली, पहले सफ़ेद पुरुष, फिर सफ़ेद स्त्रियाँ, फिर अश्वेत पुरुष, टर्की, पाकिस्तान, नेपाल, आंध्र प्रदेश के बाद उसका नंबर। इस समुदाय में केवल एक भारतीय लड़की।" इस प्रकार विदेशों में शिक्षा के क्षेत्र में भारतीयों के साथ घृणित व्यवहार किया जाता है।

अंग्रेज जब भारत में प्रवेश किए थे, तब से उन्होंने भारतीयों के ऊपर अत्याचार करना शुरू कर दिया था। उन्हें गुलाम की तरह रखते थे। वैसे ही प्रवास में भारतीय जितना भी पढ़ा–लिखा एवं काबिल क्यों न हो, उनको हमेशा अंग्रेजों ने अपने से निम्न ही माना है। प्रवास में भारतीयों के लिए नौकरी पाना अत्यंत कठिन होता है। ऐसी ही समस्या का चित्रण उषा राजे सक्सेना की 'प्रवास में' कहानी में किया गया है। जिसमें शशांक को नौकरी के क्षेत्र में नस्लभेद का सामना करना पड़ा है। इस कहानी में शशांक अच्छी नौकरी पाने के लिए मेहनत करता है। नौकरी के सभी कामों में मजबूत पकड़ रहता है। कोई भी काम हो चुटकी में कर लेता है। ऑफिस के बॉस एवं उसके गोरे दोस्त हमेशा उसकी तारीफ करते हैं। जिसके कारण वह उनके असली मुखौटा को पहचान नहीं पाया था। वह हमेशा गोरे लोगों का प्रशंसा करते हुए भारतीयों को भी नीचा दिखाता है। शशांक कहता है कि– "दीदी, हम लोग अंग्रेजों को 'रेसिस्ट' कहकर उनसे घृणा करते हैं; पर मेरे अनुभव में तो अभी तक ऐसा कुछ भी नहीं आया। मेरे सभी अंग्रेज साथियों और अधिकारिओं का व्यवहार हम सबके साथ बहुत मुदृल है...। कई बार रंग और नस्ल पर भी करार व्यंग्य तानेबाजी हो जाती है; किन्तु ऐसा तो भारत में भी होता है।" इस प्रकार शशांक का व्यक्तित्व अत्यंत स्वच्छ था। वह उन लोगों की चाल को समझ नहीं पा रहा था। उसकी प्रगति को देख कर उसके मित्र सहन नहीं कर पाते थे। वह पीठ पीछे उसकी बुराई करते थे। शशांक उनके भेड़चाल में पूरी तरह से फँस चुका था। विदेश में उसके साथ छल किया जाता है। वह विदेश के वातावरण के बारे में गहराई से जानकारी लेता है। उसी समाज में खुद को समायोजित करने का प्रयास करता है, परंतु उसी के दोस्त ही उसको धोखा देते है। उसके प्रतिभा को दबोच दिया जाता है। कड़ी मेहनत करने के बाद भी उसे बिना कारण से ऑफिस से निलम्बित किया जाता है। शशांक की पत्नी शैलजा कहती है कि:– "दीदी, उनके साथ बहुत अन्याय हुआ। उन्होंने सदा सबका भला चाहाँ खास तौर पर अपने लोगों की तो उन्होंने हर तरह से सहायता की, शायद वही उनके लिए जाल बन गया। उनकी वरिष्ठता,

प्रतिभाशक्ति का आयास और उसका समुचित प्रयोग जो पहले उनके गुण थे, बाद में वही उनके अंग्रेजी साथियों और अधिकारियों की आँख की किरकिरी बन गई।" इसी प्रकार भारतीय विदेश में जितना भी परिश्रम कर ले, उनको हमेशा दबाया जाता है। बिना कारण से भारतीयों के साथ अन्याय किया जाता है। कड़ी मेहनत करने के बावजूद भी सारी मेहनत पर पानी फेर जाता है। व्यक्ति का मनोबल टूट जाता है। उसकी सारी इच्छाएँ एवं आंकाक्षाएँ भी टूट जाती है। उषा जी कहानी 'प्रवास में' शशांक ऐसे अचानक नौकरी से निकाल देने के बाद, वह हताश हो जाता है। उसकी पत्नी शैलजा कहती है कि– "वह अत्यंत दुःखी, हताश और अशांत हो गए। सारा आत्मविश्वास एक ही झटके में खंड–खंड हो गया। सारा दुःख अपने अंदर ही समाए रहे, फिर एक लंबे अरसे तक वह नैराश्य से पीड़ित, अंतर्मुखी हो स्वंय से लड़ते रहे।" इस प्रकार शशांक जैसे कई काबिल भारतीय हैं, जिनको प्रवास में नस्लवाद का सामना करना पड़ता ही है।

यह सभी को पता है अफ्रीका एवं अमेरिका जैसे बड़े शहर नस्लवाद से अभी तक उभरा नहीं। अमेरिका जैसे सबसे अधिक तरक्की करनेवाला देश में लोग अच्छी नौकरी एवं अच्छं रोजगार के लिए आते है। परंतु इतनी आधुनिकीकरण वाले देश में आकर भी उन्हें नस्लीय भेद का शिकार होना पड़ता है। अमेरिका में नस्लवाद की जड़ बहुत गहरी है। यहाँ के संघर्षमय जीवन को उषा प्रियंबदा ने अपने कहानी 'शून्य' में चित्रित करके कहती है कि– "वहाँ की जिंदगी, खासकर हम विद्यार्थियों की बेहद मुश्किल है। कैनेडियन, अमेरिकन, अंग्रेजों से कॉम्पटिशन करना पड़ता है।" इस प्रकार भारत में यदि वर्णों के आधार पर शोषण होता है, तो विदेशों में नस्ल के आधार पर शोषण होता है।

नस्लभेद की बात करें, वहाँ नीग्रो की बात न हो, यह हो ही नहीं सकता। अफ्रीकन नीग्रों के हालत किसी से नहीं छुपा है। प्रवासी हिंदी लेखिका उषा वर्मा की कहानी 'रॉनी' में इसका सही चित्रण किया गया है। सात वर्षीय रॉनी नीग्रो था। उसकी माँ को बिना कारण से पुलिसवाले जेल ले गए थे और पिता का कुछ पता ही नहीं था। उसका जीवन अत्यंत संघर्ष के साथ बीत रहा था। रॉनी 'फोस्टर पेरेंट्स' के साथ रहने लगा। नीग्रो होने के कारण विद्यालय में भी उसका तिरस्कार किया जाता था। रॉनी के क्लास टीचर मि. ह्यूबर्ट नामक व्यक्ति था। एक शिक्षक होने के कोई भी गुण, उसके व्यक्तित्व में नहीं दिखाई दे रहा था। रॉनी नीग्रो होने के कारण, वह उसे खरी–खोटी सुनाते थे एवं बिना कुछ कारण के उसको पिटते थे। जैसे किः– "रोनी जैसे अंग्रेजी बोलने वालों को बड़ी ही नीची निगाह से देखते थे।" स्कूल के सभी बच्चों के सामने भी उसकी कोई इज्जत नहीं था। कोई उसका दोस्त बनना पसंद नहीं करता था। उसके लिए अपशब्द का प्रयोग करते थे। उसको "ब्लडी निगर' कहा जाता था। 'सारे काले चोर होते हैं कहा जाता था। साले दुकान से स्वीट चुरा ले जाते हैं।" इस प्रकार कई अपमानजनित शब्द उसके लिए प्रयोग करते थे। क्या काला होना उसके लिए अभिशाप था? रॉनी को अपने दोस्तों की बातें, शिक्षक की बेरहमी से मार, फोस्टर पेरेंट्स के अत्याचार सहन नहीं हो रहा था। अपने माँ को याद करते हुए वह कहता है किः– "मैं काला हूँ तो क्या, मैं

इन(दोस्त) सबसे तेज दौड़ता हूँ। आएँ, मेरे साथ रेस करें, मैं आगे निकलकर न दिखा दूँ तो कहें। मेरा रंग काला हैं न!" इस प्रकार से एक छोटा सा बच्चा जो रंग भेद के बारे में बिलकुल भी अनभिज्ञ है। सिर्फ उसका रंग काला है, जिसके लिए वह शोषण का शिकार होता है। एक शिक्षक जिसको हम गुरु मानते है, जो हमें अन्याय से न्याय का मार्ग दिखता है, वह भी इतना हिंसक बन जाता है कि उस सात साल के बच्चे के साथ बेरहमी से पेश आता है। इस प्रकार नस्लभेद एक ऐसी समस्या है, जिसमें हर कोई पिसता रहता है।

**निष्कर्ष**

अतः प्रवासी महिला लेखिकाएँ प्रवास की प्रत्येक समस्या पर कलम चलाई हैं। प्रवासी हिंदी साहित्यकार ने ऐसे–ऐसे मुद्दों की चर्चा की हैं, जो आज तक भारतीयों को ज्ञात भी नहीं है। वे कभी अपने अनुभवों को लेखन का आधार बनाते हैं तो, कभी दूसरों के भोगे हुए यथार्थ का चित्रण करते हैं। वे सिर्फ सामाजिक समस्याएँ नहीं, उसके साथ आर्थिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक समस्याओं को भी उजागर किए है। नस्लभेद एक ऐसी समस्या है, जो प्रत्येक भारतीय को किसी–न–किसी क्षेत्र में झेलना ही पड़ा होगा। यह सभी को पता है, आजादी से पहले जब महात्मा गांधी विदेश गए थे, उन्हें काला कह कर, टिकट होते हुए भी गोरे लोगों ने ट्रेन से उतार दिया था, परंतु आज तो हम आधुनिक युग में जी रहे हैं। देखा जाए तो, भारत के बाहर एक अलग भारत बसा है। प्रायः सभी देशों में भारतीय प्रवास कर रहे हैं। फिर भी वे नस्लभेद से अपने आपको बचा नहीं पाए। गोरें लोगों के मुकाबले, उन्हें सर्वदा कम दर्जा ही प्राप्त हो रहा हैं। प्रवासी हिंदी लेखिकाएँ अपनी रचनाओं में अधिकत्तर शिक्षा एवं नौकरी के क्षेत्र में इस समस्या को चित्रित करते हुए भारतीयों को सचेत कर रही हैं। परंतु प्रवासी हिंदी साहित्य को पढ़ते हुए यह स्पष्ट हो रहा है कि यह नस्लभेद पीढ़ीदर–पीढ़ी चलता ही रहेगा।

---

**संपर्क सूत्र : पीएच.डी, शोधार्थी, हिंदी विभाग, मौलाना आज़ाद नेशनल उर्दू यूनिवर्सिटी, टेलीकॉम नगर, गच्चीवाउली, हैदराबाद–500032, (तेलंगाना)**

# 'टोपी शुक्ला' में चित्रित साझी संस्कृति

**साहिबा खातून**

'टोपी शुक्ला' किसी एक व्यक्ति की कहानी नहीं है यह कहानी है पूरे समाज की, जहाँ धर्म, सम्प्रदाय, जाति के आधार पर व्यक्ति का भविष्य निर्भर करता है। फिर चाहे वो बड़े–बड़े केंद्रीय विश्वविद्यालय हों या स्कूल, कॉलेज। भेदभाव का सिद्धांत आपको हर जगह मिल जायेगा। राही मासूम रज़ा ने इस उपन्यास में जहाँ एक ओर साम्प्रदायिकता का चित्रण किया है, वहीं दूसरी ओर टोपी और इफ्फन की दोस्ती मिसाल बनी है। साम्प्रदायिकता हमारे समाज में फैले जहर की तरह है जो धीरे–धीरे समाज को खोखला कर रही है। लोग अपने निजी हित साधने के लिए इस नफरत को बढ़ावा दे रहें है। राही मासूम रज़ा ने इसी साम्प्रदायिकता पर चोट की है। राही कहते हैं कि मैं नहीं मानता कि हिन्दू–मुस्लिम भाई–भाई है क्योंकि यदि वह भाई–भाई है तो बोलने की क्या जरूरत है। क्या हम अपने भाई को जाकर बोलते है कि आप मेरे भाई हो। राही ने लेखन के माध्यम से साझी संस्कृति को उजागर किया है। वे सदैव हिन्दू–मुस्लिम एकता के समर्थक थे। टोपी शुक्ला में भी राही ने साझी संस्कृति को ही उदधृत किया है। सकीना वह टोपी को राखी नहीं बाँधती इसलिए क्योंकि उसे लगता है वह जिसे राखी बाँधती है वह मर जाता है। रिश्तों के जाल ऐसे ही होते है जो आपसी प्रेम में पिरोये गये है। राही ने भी इन्हीं साझे रिश्तों को उपन्यास में दिखा है।

'टोपी शुक्ला' राही मासूम रज़ा द्वारा लिखित उपन्यास है। इसमें समाज में व्याप्त साम्प्रदायिकता को चित्रित करते हुए वर्षो से बनाए गए संबंधों को उद्धृत करता है टोपी शुक्ला। राही ने इस उपन्यास में समरसता की संस्कृति को उल्लेखित किया है। विधाता ने मनुष्य की रचना के समय कोई भेदभाव नहीं किया है। किंतु जब मनुष्य समाज में रहने लगा तो उसने अपने आपकों धर्मो के खांचे में बाँट लिया है। इस पर राही कहते है–"पैदा तो केवल बच्चे होते हैं। मरते–मरते वह हिंदू, मुसलमान, ईसाई, नास्तिक, हिन्दुस्तानी, पाकिस्तानी, गोरे, काले और जाने क्या–क्या हो जाते हैं"।1 समाज के अंदर मनुष्य ने अपने को विभिन्न वर्गो में विभाजित कर लिया है। जो उसके अनुसार सभ्य होने के बीच आई दूरियों को और एकता को भी उल्लेखित किया है। हिंदू–मुस्लिम वर्षो से इस देश में एक साथ रहते आये है। यह वही देश है जहाँ सूफियों ने प्रेम के गीत गाये है। जहाँ पर राम और अनेक संस्कृतियाँ मिल–जुलकर रच बस गई है। विशेष तौर पर हिंदू–मुस्लिम संस्कृति जो पूर्ण रूप से एक–दूसरे में मिल गई इसी पर रज़ा कहते है कि– "नाम कृष्ण हो तो अवतार कहते हैं और मुहम्मद हो तो पैगंबर। नामों के चक्कर में पड़कर लोग यह भूल गए कि दोनों ही दूध देनेवाले जानवर चराया करते थे। दोनों ही पशुपति गोबरधन और ब्रज–कुमार थे"।[2] विभाजन के उपरांत पनपी

साम्प्रदायिकता ने इन नामों की एकता को भुला दिया। एक–दूसरे के अंदर इतनी नफरत आ गई कि मानो अभी खा जायेंगे। यह नफरत के बीज हमारी मानसिकता में बो दिए गये है। साम्प्रदायिक शक्तियों ने अपने राजनीतिक हित साधने के लिए दो धर्मों के अंदर नफरत के बीज बो दिए है। 'टोपी शुक्ला' में राही ने इस मानसिकता के लोगों का वर्णन किया है। साथ ही उपन्यास में यह भी द्रष्टव्य हैं कि यह कहीं–न– कहीं बचपन में भी बीज बोये जाते हैं। जैसे टोपी को मुसलमानों से नफरत थी जब वह जनसंघियों के बीच बैठता था तो वहाँ पर मुस्लिम विरोधी माहौल होता था। वह लोग देश की सारी समस्याओं का दोष मुसलमानों के सिर ही मढ़ते थे। उन्हीं लोगों के बीच बैठकर टोपी को पहले पहल यह पता चलता है कि–"मुसलमानों ने किस तरह देश का सत्यानाश किया है। देश भर में जितनी मस्जिदें हैं, वे मंदिर को तोड़कर बनाई गई हैं। टोपी को यह बात मानने में जरा शंका थी, क्योंकि शहर की दो मस्जिदें तो उसके सामने बनी थी और कोई मंदिर–वंदिर नहीं तोड़ा गया था। गौ हत्या तो मुसलमानों का ख़ास शगल है। फिर उन्होंने देश का बँटवारा करवाया। पंजाब और बंगाल में लाखों हिन्दू बूढ़ों और बच्चों को उन्होंने बेदर्दी से मारा। औरतों की लाज लूटी और क्या–क्या नहीं किया इन मुसलमानों ने।"[3] इन बातों के बीच टोपी को रह–रहकर इफ्फन की याद आ रही थी, क्योंकि टोपी और इफ्फन की दोस्ती इस नफरत से कहीं ऊपर थी।

साम्प्रदायिकता का यह जहर धीरे–धीरे घुल रहा था। यह परिवर्तन इतनी धीमी गति से हो रहा था कि किसी की नजर भी इस पर नहीं पड़ी थी। लेखक ने इस बात पर गौर किया कि कैसे लोगों के बीच नफरत बढ़ती जा रही थी। विशेष तौर पर आज़ादी के बाद हुए दंगों ने साझी संस्कृति की नींव हिला दी थी। इस पर राही कहते हैं कि–"बलवाइयों के हाथों परम्परा मरती है, सभ्यता मरती है, इतिहास मरता है, कबीर की राम की बहुरिया मरती है, जायसी की पद्मावती मरती है,कुतुबन की मृगावती मरती है, सूर की राधा मरती है, वारिस की हीर मरती है, तुलसी के राम मरते है, अनीस के हुसैन मरते है, कोई लाशों के इस अम्बार को नहीं देखता।"[4] कोई इंसानियत को नहीं देखता। इन साम्प्रदायिक दंगों में इंसान मरते है, इंसानियत मरती है, नहीं मरती तो साम्प्रदायिकता जो आपस में बार–बार जहर घोलती है और नफरत बढ़ाती है। किंतु 'टोपी शुक्ला' में ही हमें यह भी देखने को मिलता है कि साम्प्रदायिक वैषम्य कितना भी बढ़ जाए पर वह साझी संस्कृति को नहीं तोड़ सकता। क्योंकि साझी संस्कृति की जड़ें वर्षो से सींचे गये प्रेम से गहरी हुई है। जिसे यह साम्प्रदायिकता रूपी कुल्हाड़ी नहीं काट सकती। समाज में ऐसे बहुत से लोग है जो अपने निजी हित साधने के लिए नफरत फैलाते हैं। इसका चित्रण हमें उपन्यास के पात्रों में देखने को मिलता है। इफ्फन टोपी के बीच मुसलमानों को लेकर चर्चा हो रही थी टोपी कहता है–" चूँकि उन्होंने पाकिस्तान बनवा लिया है इसलिए भारत पर उनका क्या हक़ रह गया है। भाई हर मुसलमान के दिल में पाकिस्तान की ओर एक खिड़की खुली हुई है।"
"फिर मैं पाकिस्तान क्यों नहीं गया?"[5]

इस सवाल का जवाब टोपी के पास नहीं था कि विभाजन के बाद भी चार–साढ़े–चार करोड़ मुसलमान हिन्दुस्तान में क्यों रुक गये है। वह क्या था

जो उनको रोके हुए था। अपनी सरजमी से प्रेम था जो उनको पराये मुल्क नहीं जाने दे रहा था। विभाजन के वक्त बंटवारा प्रेमियों ने पाकिस्तान को सब्ज बाग़ की तरह दिखाया था किन्तु बाद में लोगों का यह भ्रम टूट गया। आम जनता कभी भी पाकिस्तान के पक्ष में नहीं थी। वह तो एक भेड़चाल में चली गयी। राही ने 'टोपी शुक्ला' में हिंदू–मुसलमानों के दिलों में खड़ी की गयी नफरत की इस दीवार का अत्यंत सूक्ष्म चित्रण किया है। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में फैली साम्प्रदायिकता को भी उजागर किया है। किस तरह एक पढ़ा–लिखा वर्ग भी धर्म के आधार पर नफरत फैलाते है। शिक्षा तो समाज में व्याप्त अंधकार को दूर करती है, किंतु कुछ रुढ़िवादी लोग इस पर भी अपनी मानसिकता का बोझ डाले है। इफ्फन से कक्षा में एक लड़का सवाल करता है– कि सर मुगल बादशाहों ने भारत की प्राचीन सभ्यता को नष्ट किया। मुसलमान सम्राटों का युग भारतीय सभ्यता का काला युग है। क्या प्राचीन मन्दिरों जैसे सुंदर कोई एक मस्जिद बन सकी? इसी इंफीरियटी काम्पलेक्स के कारण औरंगजेब ने मंदिर गिरवाए।"[6] इस पर इफ्फन को लगता है कि हिन्दुस्तान की किस्मत में हिस्ट्री नहीं है और जो गलत इतिहास अंग्रेजों ने लिखा है हमें उसी को पढ़ाना पढ़ता है जिसे लोगों को हकीकत नहीं पता चलती है। यह सत्य है कि वर्तमान शिक्षा प्रणाली में भी सामजिक समरसता का ज्ञान नहीं दिया जाता है। हम वही घिसी–पिटी सोच के साथ भविष्य की नींव रख रहें है, जबकि साझा संस्कृति का इतिहास अनुपम है। विश्व के किसी भी देश में इस प्रकार की संस्कृति के उदाहरण दुर्लभ है। साझा संस्कृति तो हमारा गौरव है।

साझी संस्कृति के समन्वय की बात करते हुए लेखक ने इन संबंधों की मजबूती को भी परखा है। वर्षों के बनाये सम्बन्ध एक झटके में नहीं टूटते है। भले ही उनमें कुछ समय के लिए कड़वाहट आ जाये। सकीना जो हिन्दुओं से नफरत करती है। क्योंकि विभाजन के समय हुए साम्प्रदायिक दंगों में उसके पिता मारे जाते है जिसका कारण वह हिन्दुओं को मानती है। इसलिए वह रमेश को राखी नहीं भेजती। किन्तु जब रमेश का खत आता है तो उसके अंदर बना हुआ नफरत का पहाड़ एक पल में ही पिघल जाता है। इस पर लेखक कहता है कि उसके बक्स में तले ऊपर चौदह राखियाँ रखी हुई हैं। इन दोनों में से सच्चा कौन था? सच और झूठ में फ़र्क करना कोई आसान नहीं है। यह बात शायद सकीना को भी नहीं मालूम थी कि उसकी नफरत झूठी है या उसकी राखियाँ।"[7] इस प्रकार धर्म से पहले हम एक इन्सान है दिल से माने हुए रिश्ते को कोई भी इतने आसानी से तोड़ नहीं सकता ऊपर से भाई–बहन का रिश्ता तो एक मजबूत बंधन है जो आसानी से नहीं टूट सकता। राही ने 'टोपी शुक्ला' में देश के अंदर व्याप्त साम्प्रदायिक राजनीति को दर्शाया है जो अपना हित साधने के लिए आम जनता का इस्तेमाल करते है। उपन्यास में मुन्नी बाबू गोपीनाथ जैसे पात्र धर्म का सहारा लेकर राजनीति करते है। मुन्नी बाबू ने धर्म का सहारा लिया लेखक कहता है कि– "मुन्नी बाबू को हिंदू–संस्कृति और सभ्यता का नारा अच्छा लगा। आख़िर यह मुसलमान जो गो–हत्या करते हैं और जो एक विदेशी भगवान की पूजा करते हैं, यहाँ क्या कर रहें है। अगर ये सारे मुसलमान पाकिस्तान भेज दिए जाएँ तो जो नौकरियाँ

इन्हें मिलती हैं वह भी हिंदुओं ही को मिल जाएँगी।"8 इस प्रकार की घिनौनी मानसिकता वाले बहुत से लोग वर्तमान में भी इस समाज में है जो अपना हित साधने के लिए धर्म का सहारा लेते है। जबकि कोई भी धर्म आपस में बैर नहीं सीखता है। यदि हम सभी धर्मों का मूल सार देखे तो उसमें सर्वधर्म सम्भाव की भावना निहित रहती है। अन्यथा लोग धर्म,भाषा को आधार बनाकर साम्प्रदायिकता फैलाते है। राही ने टोपी शुक्ला में हिंदी–उर्दू विवाद को लेकर भी किस प्रकार लोग भ्रम फैलाते है इसका उल्लेख किया है। वैसे भी भाषा का कोई धर्म नहीं होता है उस पर तो सभी का बराबर अधिकार है। वे कहते है कि–"मैं तो ग़ालिब की तरह हिंदी का शायर और प्रेमचन्द की तरह हिंदी का कथाकार हूँ उर्दू केवल एक लिपि है। और लिपि साहित्य का आधार नहीं होती। लिपि केवल वस्त्र है। भाषा भी मनुष्य की ही तरह कपड़े पहन कर पैदा नहीं होती है। चोचलों में माँ बच्चों को फ्रॉक पहना दे तो बच्चे जात से अंग्रेज नहीं हो जाते है। पर यदि आप यह नहीं मानते और लिपि ही को सब कुछ मानतें हैं तो मलिक मोहम्मद जायसी को उर्दू का शायर मानिए, क्योंकि पद्मावत फ़ारसी लिपि में लिखी गई। कुतुबन, ताज और उस्मान से भी हाथ धो लीजिए कि यह लोग भी देवनागरी में नहीं लिखते थे। आत्महत्या के कई आसान तरीके भी हैं, तो हम गले में किसी लिपि का पत्थर बाँधकर डूबने क्यों जाए?"[9] राही ने इस बात से उन लोगों को आईना दिखाया है जो भाषा को धर्म से जोड़कर देखते हैं। भारतीय परिवेश में हिंदी–उर्दू को यह तो हमारे घरों में भी फ़ैल गया है। इफ्फन के घर से वापस आकर जब टोपी अपनी माँ को 'अम्मी' बोल देता है तो उस समय के दृश्य को लेखक कुछ इस प्रकार लिखता हैं– "अम्मी! मेज पर जितने हाथ थे रुक गए। जितनी आँखे थी, वह टोपी के चेहरे पर जम गई। यह म्लेच्छ शब्द इस घर में कैसे आया? अम्मी! परंपराओं की दीवार अम्मी! धर्म संकट में पड़ गया। यह लफ्ज़ तुमने कहाँ सीखा? सुभद्रा देवी ने सवाल किया।"[10]

जबकि टोपी की दादी खालिस उर्दू बोलती थी और आम बोलियों को वह गँवारों की भाषा समझती थी। परंतु विभाजन के बाद जिस प्रकार से हमारे वातावरण में परिवर्तन आया है उससे ऐसा लगने लगा कि शायद अब धर्मो की भी अपनी भाषा होगी। अर्थात लोग भाषा का भी विभाजन करने की कोशिश में थे किंतु वह इस मनसूबे में कामयाब नहीं हो पाए। आज भी ऐसे बहुत से कवि है जो हिंदी–उर्दू दोनों भाषाओँ में लिखते है। उर्दू में प्रेमचंद, कृष्णचन्द्र आदि अनेक कवि हुए जिन्हें उर्दू में भी उतना ही सम्मान मिला जितना हिंदी में।

मनुष्य समाज का प्राणी है। वह इस समाज में रहकर अपना जीवन यापन करता है। वह समाज में रहकर ही साझे रिश्तों को बुनता है। 'टोपी शुक्ला' में राही मासूम रजा ने इन साझे रिश्तों को चित्रित करता है। जहाँ पर धर्म से ऊपर इंसानियत है। प्रायः हम देखें तो भारत में विभाजन के बाद उत्पन्न हुई साम्प्रदायिकता के कारण परस्पर उत्पन्न वैषम्य का चित्रण किया है। भारत में साझी संस्कृति का चित्रण करते हुए वे इफ्फन के माध्यम में कहते है कि– "मुझे हिंदुओं से नफरत है, लेकिन शंकर से में प्रेम करता हूँ। क्योंकि यह बिलकुल आदमी के नाप के हैं। बेवकूफ। कोई पूछे की समंदर मथने में तुम भी शामिल थे। फिर जहर अकेले ही क्यों पी गए? अमृत पीनेवालों को ज़रा–ज़रा

जहर भी चटाको ही दिया हो तो मगर जहर शायद अकेले ही क्यों पी गए? अमृत पीनेवालों को ही पीना पड़ता है। आदमी और देवता में यही फर्क है शायद। जहर अकेले शिव पीते है। जहर अकेला शुकरात पिता है। सलीब पर अकेले ईसा चढ़ते है। दुनिया त्यागकर एक अकेला राजकुमार निकलता है। इम्तिहान के वक्त भीड़ नहीं लगती। बस हद–से–हद करबला में सत्तर–बहत्तर आदमी इकठ्ठा हो जाते हैं।" यही समाज की वास्तविकता है। जो भी समन्वय की कोशिश करता है उसी समाज के अन्दर साम्प्रदायिकता का विष पीना पड़ता है। उपन्यास में इफ्फन और टोपी ऐसे ही पात्र है जिन्हें इसका खामियाजा भुगतना पड़ा था। ऐसा नहीं है कि आज भी समन्वय तथा समरसता के बंधन ढीले हो गए है। बल्कि तमाम तरह की चोट खाकर यह साझी संस्कृति का लोहा और मजबूत होने की कोशिश कर रहा है।

रिश्तों की वैषमता के अन्दर में हमें प्रेम ही देखने को मिलता है। उपन्यास में इफ्फन टोपी से कहता है कि– "टोपी तुम हिन्दू क्यों हो, मैं मुसलमान क्यों हूँ? क्यों? यह बात भी कितना अजीब शब्द है। मनुष्य को जबाव देने पर मजबूर कर देता है। परंतु अगर किसी के पास जबाव ही न हो तो? तो वह क्या करे आख़िर? ईश्वर ने बनाने में भेद नहीं किया, पर हमने अपने धर्मों के खांचे में बाँट लिया। इंसान से बड़ा कोई बड़ा धर्म नहीं है। इफ्फन कहता है कि– "तुमसे डरता था और तुम मुझसे नफरत करते थे। फिर भी हम दोस्त थे। मैं तुम्हे मार क्यों नहीं डालता। तुम मुझे क़त्ल क्यों कर देते? कौन हमारे हाथ थाम रहा हैं?"

राही मासूम रजा ने 'टोपी शुक्ला' में साम्प्रदायिकता और साझी संस्कृति का चित्रण किया है। समाज में मनुष्यों ने आपस में ही भेदभाव करने लगे जबकि यही वह समाज है जिसमें तमाम संस्कृतियाँ पनपती है और एक दूसरे में मिल जाती है। समाज में भले ही साम्प्रदायिकता के तमाम चेहरे हो किंतु अंत में सब मिल जाते है। लेकिन वर्षो से सींचे गये रिश्तों की यह इमारत नहीं गिरती है। बल्कि यह तो दिनों दिन मजबूत होती जाती है और मजबूत हो रही है। वर्तमान समय में भी साझी संस्कृति के माध्यम से ही समाज में समरसता बरकरार है। आज भले ही कुछ साम्प्रदायिक शक्तियाँ इस संबंध को तोड़ना चाहती है, परंतु वह इस मंसूबे में कामयाब नहीं होती है।

**निष्कर्ष**

लेखक ने 'टोपी शुक्ला; में साझी संस्कृति के बनते–बिगड़ते सम्बन्धों को दर्शाया है। लोग जहाँ धर्म के नाम पर लड़ रहे हैं वही टोपी–इफ्फन जैसे लोग इस साम्प्रदायिक मानसिकता से लड़ रहे हैं। वर्तमान भारतीय समाज की रुपरेखा हम टोपी शुक्ला को कह सकते हैं। बँटवारा तो केवल जमीन पर हुआ था पर इस बँटवारे ने लोगों के दिलों को भी बाँट दिया था। किंतु राही हमेशा हिंदुस्तानी की बात करते रहें। क्या हिंदू, मुसलमान होने से बेहतर नहीं कि हम हिंदुस्तानी है। मज़हबी पहचान क्यों जरूरी है। राही ने टोपी शुक्ला के माध्यम से यह बात स्पष्ट की है। वे इस उपन्यास में दिखाते है कि यही हिंदुस्तानी होने की कीमत टोपी को आत्महत्या करके चुकानी पड़ी। वर्तमान में हमारे समाज में ऐसे बहुत से टोपी और इफ्फन मिल जायेंगे जो साझी संस्कृति पर जोर डाला गया है। क्योंकि साम्प्रदायिकता तो समाज में व्याप्त है जिसका

चित्रण लेखक ने किया है पर साथ ही साझी संस्कृति के समन्वय का भी उदाहरण दिया है। क्योंकि साम्प्रदायिकता रूपी दानव को साझी संस्कृति ही रोक सकती है राही मासूम रज़ा साझी संस्कृति के वाहक हैं।
वे कहते है–

**मेरा फन तो मर गया यारों**
**मुझे ले जाकर गाजीपुर की गंगा की गोदी में सुला देना**
**अगर शायद वतन से दूर मौत आए**
**तो मेरी यह वसीयत है**
**अगर उस शहर में छोटी सी एक नदी भी बहती हो**
**तुम मुझको उसकी गोद में सुला कर**
**उससे कह देना**
**कि गंगा का बेटा आज से तेरे हवाले है...।**

**संदर्भ सूची–**


1.राही मासूम रज़ा, टोपी शुक्ला, पृ.सं. 13
2.राही मासूम रज़ा, टोपी शुक्ला, पृ.सं.23
3.राही मासूम रज़ा, टोपी शुक्ला, पृ.सं.33
4.राही मासूम रज़ा, टोपी शुक्ला, पृ.सं.90
5.राही मासूम रज़ा, टोपी शुक्ला, पृ.सं.59
6.राही मासूम रज़ा, टोपी शुक्ला, पृ.सं.33
7.राही मासूम रज़ा, टोपी शुक्ला, पृ.सं.87
8.राही मासूम रज़ा, टोपी शुक्ला, पृ.सं.69
9.राही मासूम रज़ा, लगता है बेकार गए हम, कुंवरपाल सिंह (संपा) आवृति–2013, पृ.सं.1
10.राही मासूम रज़ा, टोपी शुक्ला, पृ.सं.27
11.राही मासूम रज़ा, टोपी शुक्ला, पृ.सं.49
12.राही मासूम रज़ा, टोपी शुक्ला, पृ.सं.58



**संपर्क : शोधार्थी, हिंदी विभाग, मौलाना आज़ाद उर्दू नेशनल यूनिवर्सिटी, हैदराबाद, तेलंगाना–500032**

# हिंदी कहानियों में कामकाजी नारी की समस्याएँ

आलिया परवीन एस. कलकेरी

आदिकाल से नारी मनुष्यता के इतिहास की जननी मानी गई है। राष्ट्रों का उत्थान और पतन धर्मों का अभ्युदय और पराभव मानव का हास्य और रूदन उसके आँचल से बँधा रहा है। नारी की पवित्रता आचार निष्ठा कोमलता युक्त दृढ़ता, व्यवहार प्रियता और त्याग पूर्ण सेवा प्रियता ने ही हमारी आदिम संस्कृति को जन्म दिया है। इस पुण्य भूमि भारत की सभ्यता और संस्कृति का केंद्र नारी ही रही है। मनुष्य के जीवन की प्रथम धड़कन नारी की पवित्र कोख से ही संचारित होती है और उसी की स्नेहमयी छाया में वह रेंगना, उठना, बैठना, चलना, तुतलाना, रोना और हँसना सीखता है। इस प्रकार मानव जीवन उषाकाल से लेकर अंत तक नारी द्वारा अनुप्राणित प्रेरित और प्रभावित होता आया है। भारतीय दर्शन, संस्कृति, साहित्य तथा सभ्यता में भी नारी को विशिष्ट स्थान प्राप्त हुआ है। महर्षि मनु का यह कथन **"यत्र नार्यस्तु पूज्यंते रमंते तत्र देवताः"** हमारे सामने सदैव एक उच्च आदर्श रहा है।

स्वतंत्रता के बाद नारी की और नारी विशेष स्थितियों में अनेक परिवर्तन हुए हैं स्वातंत्र्योत्तर नारी के संदर्भ और संबंध बदल चुके हैं। आधुनिक नारी को लेकर कमलेश्वर की निम्नलिखित पंक्तियाँ विचारणीय हैं, "आधुनिक नारी अपनी पूरी गरिमा देह संपदा और वास्तविक सम्मान के साथ आई है बहुत–सी कहानियों की नारियाँ नितांत प्रामाणिक संदर्भों और जीवन प्रसंगों से जुड़ी हुई हैं। जो पुरुष के माध्यम से जीवन मूल्यों या उसके अर्थों की खोज में तृप्त नहीं है। वह अपने पूरे व्यक्तित्व के साथ सहयोगी जीवन पद्धति की भागीदार या स्वयं जिम्मेदार है।"

स्वतंत्रता के बाद हिंदी कथाकार के संदर्भ में जब मूल्य मर्यादा और सामाजिक दायित्व को निर्वहन की बात उठती है तो भारतीय जीवन पद्धति में हुए परिवर्तनों की तरफ ध्यान आकृष्ट हो जाता है। पाश्चात्य जातियों के संपर्क में आने के परिणाम स्वरूप हमारी जीवन पद्धति में निरंतर परिवर्तन होता गया और स्वतंत्र होते होते हमारी सभ्यता और संस्कृति प्रत्येक क्षेत्र में पाश्चात्य जीवन से प्रभावित हो गई। अकेलापन और अजनबीपन हमारे जीवन पर इतनी बुरी तरह हावी होने लगा कि व्यक्ति समाज में रहते हुए भी अलग अलग इकाई बन गया और उसे अपने अस्तित्व की चिंता सताने लगी। आर्थिक बोझ धीरे–धीरे संयुक्त परिवार की कमर तोड़ने लगा। "पति–पत्नी, माता–पिता और पुत्र–पुत्री, भाई–भाई, और भाई–बहन एक दूसरे के लिए अजनबी और अपरिचित हो गए और इस प्रकार की विभिन्न स्थितियों पर ढेर सारी कहानियाँ लिखी गई।[1]

आधुनिक युग में स्वार्थपरता में हर एक व्यक्ति अपने सुख को प्रमुखता देते हैं, चाहे वह स्त्री हो या पुरुष कुसुम अंसल जी की कहानी स्पीड

ब्रेकर में 4 सहेलियाँ पत्रिका में आए हुए एक घटना के बारे में बताते हुए, एक स्त्री की स्वार्थता के बारे में बताते हुए कहती हैं कि "मिसेज महाजन अपनी 4 साल की बेटी को अकेले होटल में छोड़कर बिना आया के सारा दिन घूमती थी या यहाँ वहाँ ताश खेलती। सारी रात बेचारी लड़की को अकेले कमरे में बंद करके बार में बैठी रहती।"[2]

चित्रा मुद्‌गल जी ने कामकाजी नारी के जीवन की दफ्तर व घर से संबंधित विभिन्न समस्याओं का चित्रण किया है तथा कामकाजी नारी इन सभी समस्याओं का सामना कैसे करती है इसका बहुत ही संजीदगी से यथार्थ चित्रण प्रस्तुत किया है।

'ट्रेन छूटने तक' कहानी में चित्रा मुद्‌गल जी के संघर्षशील नारी जीवन का एक सुंदर पहलू दृष्टव्य है। इसमें एक ओर दफ्तरी वातावरण में स्त्री के प्रति पुरुषों की मानसिकता अभिव्यक्त हुई है तो दूसरी ओर उसी स्त्री का शोषण उसकी अपनी माँ द्वारा ही किया जा रहा है। कहानी की नायिका शोभा एक दफ्तर में टाइपिस्ट के पद पर कार्यरत है। उसके घर में माँ और उसका छोटा भाई है उन दोनों का खर्च भी शोभा की आय से ही निकलता है। इसलिए वह अपनी आमदनी बढ़ाने के लिए अतिरिक्त काम भी करती है। उसके भाई को पढ़ाई में बिल्कुल दिलचस्पी नहीं है फिर भी उसकी माँ उसे पढ़ाना चाहती है। अंत में उसका भाई एक ऐसी स्त्री से शादी कर लेता है, जिसका एक बेटा भी है। उसकी माँ इस शादी को बिल्कुल पसंद नहीं करती। फिर भी शोभा की नौकरी से उसे जो मिलता है उसका आधा भाग माँ भाई को दे देती है। शोभा के मन में शादीशुदा जीवन जीने की तमन्ना है, लेकिन उसकी माँ नहीं चाहती कि वह शादी करें क्योंकि वह उसे गाय की तरह दुहना चाहती है। यथा– "नौकरी का जुआ उसके कंधों पर से शायद कभी नहीं हट पाएगा शायद माँ नहीं चाहती कि वह अन्य लड़कियों की भाँति अपना घोंसला बनाए। पापा की मृत्यु के बाद घर का खर्च पूरा करने के लिए उसे दवाइयों की फैक्ट्री में पैकिंग गर्ल की नौकरी करनी पड़ी।"

यहाँ लेखिका ने शोभा के माध्यम से कामकाजी महिलाओं के संघर्ष एवं उसकी मानसिकता का यथार्थ चित्रण किया है।[3]

नारी समाज के साथ–साथ परिवार की भूमिका निभाने वाली है भारतीय समाज में पारिवारिक व्यवस्था को अधिक महत्व दिया जाता है मुख्यतः स्त्री परिवार से अलग होकर नहीं जी सकती अलग जीने पर भी कई समस्याओं को झेलना पड़ता है इसलिए परिवार में कितने कष्ट होने पर भी परिवार में ही रहना पसंद करती है। आजकल समाज में स्त्री को एक खिलौना बनाकर उसके अस्तित्व तक को मिटाया जा रहा है। सपने के भीतर कहानी में सत्तो अविवाहित है। बाप के पहले मरने के कारण तीन भाई वृद्धा माँ और बहन को अकेले छोड़ कर नौकरी की तलाश में भाग जाती है जीविका के लिए ट्यूशन करनी पड़ती है अपनी खुले मानसिकता के कारण गाँव के लोग निंदा करने लगते हैं फिर भी अपना जीवन जीने के लिए शांति तू को प्रेम करने से इस रिश्ते को कायम करना चाहते हैं तो उसे देखने के लिए वरना पसंद करती है तो भाई उस पर बहुत गुस्सा होता है

**"आज मैं इस हरामजादी को बीच–बीच से फाड़ डालूँगा।"[4]**

मृदुला गर्ग द्वारा रचित "तीन किलो की छोरी "में मृदुला जी स्त्री की उपेक्षा एवं अस्मिता को मार्मिक रूप से उजागर करती है। दवाई वाली दाई शारदाबेन निम्न जाति की होते हुए भी काम की हर स्त्री की सहायता करती है। उसे इस बात का दुख होता है कि तीन छोरियों को जनवाने के बाद भी उसे पैसे नहीं मिलते हैं। लल्लीबन के यहाँ 3 किलो वजन की स्वस्थ छोरी के पैदा होने पर भी किसी को खुशी नहीं होती बल्कि मनूबेन व्यंग्य करती है "3 किलो! 3 किलो! दूध है जो डिपो पर बेच आए।" 5 मृदुला जी स्त्री के परिश्रमी होने का चित्रण बिंबित करती हैं। यहाँ स्त्रियाँ दूध दूहती हैं, दूध फेडरेशन तक दूध पहुँचाती हैं, मजदूरी करके घर गृहस्थी चलाती हैं फेडरेशन में हिसाब–किताब लिखती हैं अपने मर्दो के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करती है फिर भी समाज में स्त्रियों को निम्न दर्जा ही दिया जाता है। लेखिका बार–बार शारदाबेन के मुँह से कहलवाती हैं कि "छोरे–छोरी में कोई फर्क नहीं रहाँ अब ।"[6] इस कहानी के द्वारा लेखिका स्त्री को एक चीज मानने वाले इस समाज को धिक्कारती हैं और उसकी समानता पर जोर देती है।

मृदुला गर्ग की कहानियों में नारी के स्वतंत्र अस्तित्व पर जोर दिया गया है। उनकी नायिकाएँ स्वच्छंदता से विचरना चाहती हैं। अपने व्यक्तित्व का विकास करना चाहती है बौद्धिक रूप से प्रौढ उनकी नारियाँ आजाद खयालात की औरतें हैं।

## संदर्भ :


1 डॉ. लक्ष्मी सागर वार्ष्णेय, आधुनिक कहानी का परिपार्श्व, पृ. 109–10

2. कुसुम अंसल, स्पीडब्रेकर कहानी संग्रह स्टार पब्लिकेशन ,पृ. 25

3. चित्रा मुद्गल, लाक्षाग्रह, ट्रेन छूटने तक, पृ. 132

4. देवेंद्र, सपने के भीतर समय बे समय, पृ. 88

5. मृदुला गर्ग, तीन किलो की छोरी, पृ. 152

6. मृदुला गर्ग, तीन किलो की छोरी, पृ. 153


---


**संपर्क : पीएच.डी. शोधार्थी, उच्च्व शिक्षा और शोध संस्थान, दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा, धारवाड़ (कर्नाटक)**

# 'गिलिगडु' में चित्रित वृद्ध जीवन संघर्ष

**डॉ. रेणुका बालेहोसुर**

समाज का छोटा सा अंश परिवार है। एक सुदृढ़ परिवार ही सुदृढ़ देश का निर्माण कर सकता है। भारतीय परंपरा में परिवार को पवित्र स्थान मिला है। घर को ही मंदिर मानकर घर में रहे बुजुर्गों को देवता मानने की संस्कृति पली हुई थी। परिवार तो प्रेम का बंधन है, विश्वास भरी नंदन है, सब मिलकर आगे बढ़ने की संधान है। पुराने ज़माने से ही भारत में संयुक्त परिवार की मेल– जोल सारे विश्व के लिए एक मिसाल बना हुआ था। परिवार संघठन भी भारतीय सभ्यता के लिए एक गरिमा बनी थी। सारे विश्व इस पारिवारिक रिश्तों के जड़ को प्रशंसा की नजर से देखते थे। लेकिन अब परिवार की परिभाषा बदल गयी है। जिस तरह आधुनिकता का हवा भारत पर चढ़ती गई उसी तरह मनुष्य में उपभोग संस्कृति की प्रवृत्ति धारण हुआ। लोगों की मानसिकता पूर्ण रूप से उपभोग की बन गयी। अपने स्वार्थ को पूर्ण कर लेना ही उसकी महत्वाकांक्षा बन गया। जिस तरह समाज में बाजारु संस्कृति की चकाचौंध व्याप्त होती गयी, उसी तरह उपभोग करना और फेंक देने का सिद्धांत प्रचलन होते चला। यह मानसिकता प्रबल होती। संवेदनशील मनुष्य भी वस्तु में तब्दील हो गया। वह समझने लगा कि घर के बुजुर्ग परिवार का बोझ है। उपभोग करना और फेंकने की मानसिकता का घर में रहने वाले वृद्धों पर भी प्रयोग करने लगा है।

पहले पूरे संयुक्त परिवार की व्यवस्था थी। वहाँ वृद्धों के प्रति आदर–सम्मान होता था, वे परिवार के मुखिया थे। वहाँ परस्पर सहयोग की भावना थी। घर के बुजुर्ग की सेवा, सुश्रुषा घर के सदस्य अपने कर्तव्य समझते थे। मनुष्य जीवन के विभिन्न अवस्थाओं को उसके महत्व के साथ मानते थे, लेकिन आज वृद्ध का तात्पर्य यह हो गया है कि उसका उपयोग हो गया उसे फेंक देना है यानी घर से निकालकर वृद्धाश्रम भेजना है, वह एक बोझ है। इस अवस्था में उन्हें सांत्वना देकर, मदद कर, कई रोगों से ग्रस्त उन्हें उत्साही बनाना आज की पीढ़ी का धर्म होना है लेकिन आज की पीढ़ी इतनी स्वार्थी हैं कि प्यार, विश्वास, श्रद्धा से अधिक उन्हें लाभ का लक्ष्य है। अगर वृद्धों से कोई उपयोग होता तो वे रख लेते है, नहीं तो प्राण रखकर पाले पोसे माता– पिताओं को वृद्धाश्रम भेजने के लिए भी नहीं हिचकिचाते। अगर उनके पास संपत्ति है तो वसूल होने तक रख लेते हैं, जैसे घर में पाला हुआ कुत्ते को भी उतनी असहनीय मानसिकता से गुजरना नहीं पड़ता। घर में पलनेवाला कुत्ते का स्थान भी उन वृद्ध लोगों से बेहतर है। वृद्धों की बढ़ती समस्या को उपन्यासकार चित्रा मुदगल जी ने अपने उपन्यास 'गिलिगडु' में अत्यंत मार्मिक ढंग से चित्रित की हैं 'गिलिगडु' उपन्यास दो वृद्धों की कथा है। एक है रिटायर्ड सिविल इंजीनियर जसवंत सिंहा जो कानपुर में रहते थे। और दूसरा कर्नल स्वामी हैं।

चित्रा मुद्‌गल के 'गिलिगडु' उपन्यास में आज की विघटित पारिवारिक परिस्थिति से उत्पन्न घर के वृद्धों की करूणाजनक अवस्था का चित्रण है। 'गिलिगडु' उपन्यास में जसवंत सिंह अपने बेटे नरेंद्र, बहू, पोते मलय– अनिल से उपेक्षा पाकर घुटन भरे वातावरण में जी रहे थे इसमें और एक परिवार कर्नल स्वामी का भी है, जो अपने चार बेटे–बहू, बेटियों के होने पर भी अनाथ सा जीवन बिता रहे थे। इन दोनों वृद्धों के जीवन की पहलुओं को अत्यंत मार्मिक रूप से चित्रित किया गया है।

'गिलिगड्डु' उपन्यास का प्रमुख वृद्ध पात्र हैं–बाबू जसवंत सिंह, जो एक रिटायर्ड सिविल इंजीनियर हैं। पत्नी के मृत्यु के बाद वे अकले पड़ जाते हैं। बाद में गहरे मित्र कर्नल साहब की मृत्यु से मानसिक द्वंद्व में पड़ जाते हैं। अकेले वे हृदयाघात से मरकर कई दिनों के बाद लाश को उनके घर से निकाला जाता है। हरिहर की स्मृति से दवाई लेने पर भी उनके रक्तचाप बढ़ता ही जाता है। मनोचिकित्सक डॉ. दत्ता समस्या विश्लेषित करते हैं। उनके सुझाव के अनुसार कानपुर में रहनेवाले बेटे के पास आते हैं, तब से उसकी मानसिक स्थिति बिगड़ती जाती है। कानपुर आते ही उन्हें इस बात से प्रसन्नता हुई थी कि चलो बेटे–बहू ने उन्हें जिम्मेदारी के काबिल तो समझा। अब तो उन्हें यह भी लगने लगा है कि "इस घर में वे सही अर्थों में किसी के लिए बुजुर्ग हैं तो वह केवल टॉमी है। पोते मलय– निलय के लाख नखरे उठाने का सुख उनकी थाली का कौर नहीं।"[1] वृद्धावस्था में टॉमी को संभाल नहीं सकते, फिर भी सुबह शाम को उस कुत्ते को घुमाना ही होगा। बेटे से इस बारे में कह भी नहीं सकते। जीवन का एक छोटा–सा द्वंद्व ही उस वृद्ध के बालमन को झकझोरता है। एक बार टॉमी को संभालते गिर जाते हैं तो कर्नल स्वामी उसे उठाकर घर तक छोड़ने आते हैं। इस पर बाबू जसवंत सिंह उन्हें घर चलकर एक कप काफी पीने का न्यौता भी नहीं दे सके। क्योंकि "घर की चौखट में दाखिल होते हो वे स्वयं को अपरिचितों की भाँति प्रवेश करता हुआ अनुभव करते हैं।"[2] कानपुर–दिल्ली आकर बहुत समय बीत चुका है लेकिन बेटे के घर में अब तक अपनापन का महसूस उसे कभी नहीं हुआ। इस तरह घर में रहकर भी अनाथ जैसे जीना उसे बहुत दुःखित करता है।

कर्नल स्वामी के कहने पर जसवंत सिंह जी 'मैकडोनल्ड्स' जाकर अपना पोता मलय का जन्मदिन मनाना चाहते हैं। लेकिन आज की पीढी बुजुर्गों से दूर रहना चाहती है। मलय अपने दादू से कहता है कि– "न न दादू! अपने साथ हम किसी भी बड़े को नहीं ले जाएँगे–पार्टी– बोरिंग हो जाएगी.....'[3] यहाँ पर चित्रा जी कहती हैं कि लोग वृद्ध के साथ समय काटना बेकार समझते हैं। बच्चों को अपने दादा, नाना, नानी से कोई लगाव नहीं है। वे अपनी सुविधाओं में स्वतंत्र रहना चाहते हैं। यहाँ पर बाबू जसवंत सिंह अपने पोतों के साथ खुशी मनाना चाह रहे थे, पर उसे लगा कि यह असंभव है। उसके जन्मदिन पर उपहार देना चाहते हैं, तो अदनान सामी के सी.डी लाने के लिए सी.डी की दुकान का पता नहीं मालूम। बुजुर्ग लोग बच्चों को खुशी देने का सोचते हैं फिर भी होता नहीं है। इसी तरह के द्वंद्व से फँसकर जसवंत सिंह मानसिक तनावों को झेलते रहते हैं। खुद में भी खुशी नहीं हैं और दूसरों को भी खुश करने के सामर्थ्य भी नहीं जुटा सके। व्यक्ति मानसिक रूप से

स्वस्थ है तो उसमें आत्मविश्वास रहता है। उससे व्यक्ति शारीरिक रूप से भी सबल बन सकता है। यहाँ पर जसवंत सिंह मानसिक द्वंद्वों से भरकर और कमजोर बन रहें हैं। उनके पेंशन के पैसे आते हैं। पैसों का कमी नहीं है, फिर परिवार में रहे आपसी दूरी मिटाना मुश्किल हो गया है। बेटा नरेंद्र हो, बहू सुनयना हो, पोते मलय–निलय सभी अपने संकुचित भाव से बाहर आ नहीं सकते, जो रिश्तों में प्रेम का अहसास हो। इससे व्यक्ति की मानसिकता कैसे सुदृढ़ बन सकी है। वृद्धों के मन को बच्चों के मन से तुलना करते हैं। वृद्ध बच्चे ही बन जाते हैं। उनको घरवालों के प्यार की आवश्यकता होती है, लेकिन यहाँ पर प्यार नहीं रिश्ता ही झूठ साबित हो रहा है। सिंहजी धीरे धीरे उदास हो जाते हैं। वह सोचते हैं कि "अगर नरेंद्र की अम्मा की भाँति निश्चय ही बहू सुनयना के लिए तुम्हारी कोई उपयोगिता होती। बूढ़ा ठेलुआ उसके किस काम का जो खाने – हगने के अलावा कुछ नहीं कर सकता।"[4] घरवाले वृद्धों को बोझ समझ रहे हैं। उससे कुछ काम होता तो रखना नहीं तो फेंक देना। चित्रा जी इनके व्यवहार से बड़ी दुःखी हैं कि वृद्धों के अस्तित्व के बारे में कोई मायने नहीं रखते। जसवंत सिंह भी अपने आपको अनुपयुक्त समझ रहे हैं, क्योंकि घरवालों की प्रतिक्रिया उसको यही समझने पर जोर दे रहा है।

चित्रा जी कहते हैं कि जब माता–पिता बच्चों के भविष्य के लिए अपने खाने–पीने में लगाम डालकर बच्चों के उन्नति के स्थान पर पहुँचाते हैं। लेकिन बच्चे बड़े होने पर अपने माता–पिता को रोटी खिलाने के लिए चिड़चिड़ाहट करते हैं। खुद उपवास रहकर बच्चों को खिलाते हैं लेकिन बच्चे बड़े होकर माता–पिता खाना खाये हैं या नहीं यह भी देखना नहीं चाहते। यह तो आगे की पीढ़ी के लिए प्रलयांतक होगा ही। जब कर्नल स्वामी जसवंत सिंह के खाने में पसंद के बारे में पूछते हैं तो बाबू जसवंत सिंह भावुक हो जाते हैं। उन्हें लगता है कि– "दरअसल दिल्ली आकर वे भूल ही गए कि भोजन में उनकी पसंद का कोई महत्व शेष है। अक्सर उन्हें वह खाना पडता है या खिलाया जाता है तो उनके ढीले और खोखले हो आए आँतों और बिगड़े हाजमें को मंजूर नहीं होता। पसंद की बात दरकिनार भी कर दें तो अखरने वाली बात है उनके नाश्ते–पानी का कोई समय नियत न होंना।"[5] लेखिका यहीं जिज्ञासा जताती है कि घर में पालने वाले कुत्ते के लिए हजारों रूपये खर्च करके उसका मन पसंद खाना लाया जाता है, खिलाया जाता है। अफसोस की बात यह है कि जन्म देनेवाले वृद्ध पिता का खाने में इतना तिरस्कृत भावना उपजी है। कानपुर में नरेंद्र की अम्मा के हाथों से स्वादिष्ट खाना खाकर यहाँ पर उसका जीभ बर्फ जैसा बन गया है। वे बहू सुनयना से कह भी नहीं सकते। इस तरह के द्वंद्व में पड़कर जिंदगी उदास बन गयी है। उनके खाने पीने के विषय में उनके खाने के विषय में बहू की उपेक्षा से उसे बहुत ही कष्ट होने लगा है। जसवंतजी को सहा नहीं जाता। परसों मेहमानों के लिए मुंगौड़े बनाकर बची हुई पीसी दाल फ्रिज में रखकर उनको चीला बनाकर परोसा। इस जसवंतजी का मन दर्द से भर जाता है। बवासीर के मरीज होकर इस तरह खाना उसके सेहत को अच्छा नहीं हैं। उसे पेट में ऐंठन–सी होकर बहुत तकलीफ होता है, लेकिन वे अपनी बहू से ये सब कह नहीं सकते एवं तकलीफों को झेल भी नहीं सकते। इस तरह के द्वंद्व में उसे जीना ही गम कर

दिया है। इस तरह खाने को इंकार करते हैं तो भी कैसे कर सकते है। वे अनिच्छा प्रकट करने की औकात नहीं रखते। वे सोचते हैं कि– "इच्छा अनिच्छा घरवालों की होती हैं। घर में आकर रहने वालों की नहीं।" इतने समय से घर में रहने पर भी उन्हें पराया ही समझा जा रहा है। अपनापन तो उन्हें कभी नहीं मिला। दिल्ली आकर वह हँसना ही भूल गये थे। कर्नल स्वामी से मिलने के बाद उसे लगा कि दिल्ली प्रवास में पहली बार शायद उनकी हँसी छूटी।"[6] इसके द्वारा लेखिका अभिव्यक्त करना चाहती है कि अपने ही खून से जन्मे बच्चे को हम ही बोझ बनते है यही जिंदगी का विपर्यास है।

दो तीन दिन से कर्नल स्वामी से मुलाकात नहीं हुई तो जसवंत जी परेशान हो गये थे क्योंकि उनकी मानसिक तनावों को कर्नल स्वामी के बातें मरहम जैसे कार्य करते नजर आता था–जसवंत जी को। उनको संपर्क करने के लिए टेलीफोन नंबर लिखे हुए पुर्जे को ढूँढ़ते समय उसे त्रिवेंद्रम से जाती–नातिनी भेजी हुई जन्मदिन कार्ड मिला, तब वे भावुक हो गये। कार्ड से ही उन्हें पता चला कि उनके जन्मदिन की तारीख नरेंद्र के घर ही पड़ी और मुँह छिपाए बीत भी गई। उन्हें याद आया कि पिछले दिनों में बेटा नरेंद्र टेलीफोन से बधाई देता था। अब दोनों एक ही छत के नीचे रहने पर भी दिन भर एक भी प्यार भरी बात नहीं करते थे। अंत करती हुई लेखिका जसवंत जी के द्वारा समाधान देती है कि– "विस्मृति ने अच्छा ही किया। असमर्थता में बढ़त करनेवाली तारीख कोई याद रखने वाली तारीख है......."[7] इससे यह पता चलता है कि बड़ों के प्रति कितनी उपेक्षापूर्ण व्यवहार हो रहा है। इस तरह गरम घी को थूक भी नहीं सकते और निगल भी नहीं सकते। आज वृद्धों के मानसिक स्थिति ऐसी हो गई है। वृद्धों की मानसिक स्थिति ऐसी ही है। वृद्धावस्था में जो वात्सल्य का अपेक्षा है उससे वंचित वृद्ध उलझन में ही जी रहे हैं।

कानपुर से दिल्ली आते समय अहलूवालिया साहब कहते हैं कि– "यहाँ रहकर बहनजी की स्मृतियों से मुक्त होना मुश्किल है। दिल्ली में दुःख भूल जाएंगे। प्यारे–प्यारे पोतों की हुड़दंगों में। बच्चे ही वियोग का इलाज है।"8 वहाँ तो एक ही परेशानी थी कि पत्नी की याद लेकिन यहाँ पर चारों ओर से उन्हें परेशानियाँ ही खदेड़ रही हैं। बच्चों के साथ हुड़दंग करने के लिए बच्चे तो दिन भर कंप्यूटर, गेम्स में खोये रहते हैं। दादू से तो उन्हें लगाव ही नहीं। उसकी जरूरत भी उनको नहीं पडी है।

दिल्ली में आकर उनके हर कार्य में सभी गलती ढूँढ़कर शिकायत ही करते रहे थे। वे सोचते हैं कि ये लोग बूढ़े को देखा ही नहीं है, अजीब का बात है। बहू सुनयना क्रोध से शिकायत करती है कि रोज सुबह कमरे की बत्ती बंद करना भूल जाते हैं। भूल जाने से बिजली का मीटर तो नहीं खामोश बैठ जाएगा। इस तरह कहने से पहले वह सोचती नहीं है कि विस्मृति बुढ़ापे में ही आती है। फिर भी जसवंत जी को बहुत दुःख होता है उनके मन की बात इस तरह है कि– "उम्र का रोना रोते तो क्या कोई रियायत मिलती ? मिलती होती तो बिना माँगे दे दी जाती।"[9] बूढ़ों के बारे में आदर, प्यार ही नहीं है, तो उसके रोने से कुछ भी फायदा नहीं है। लेखिका की आलोचना है कि वृद्धों को निकृष्ट माननेवाली पीढ़ी को उनके मन का दर्द का अहसास ही नहीं हो सकता है। वृद्धों का रोना भी बेकार बन जाती है। वृद्धों के बारे में शिकायत भी

ज्यादा रहते हैं, क्योंकि सभी उसे बेकार ही समझते हैं और बोझ भी मानने लगे है। वृद्ध के बातों को सुनने का सहन भी किसी में नहीं है वृद्ध जो भी करते है वह गलत ही समझते है, गलती को ही ढूँढ़ निकालते है। लेखिका इस उपन्यास में एक ऐसी घटना का निरूपण करती है उसके बारे में सुनकर कठोर व्यक्ति का हृदय भी रोने के लिए मजबूर बनता है। नरेंद्र के घर के सामने रहनेवाली पड़ोसन सुनयना से आरोप लगाती है कि अपनी बेटी को देखकर ससुर जी बुरो हरकत करते हैं। सुनयना को यही लगता है और वह जसवंत जी को उम्र एवं संबंध देखे बिना डाँटती है। अवमानना करती है। जसवंत जी उसे उसकी गलतफहमी के बारे में बताना चाहते हैं, लेकिन वह सुनने को तैयार नहीं हैं। तब जसवंत जी के मानसिक व्याकुलता के बारे में लेखिका टिप्पणी करती हुई कहती है कि– "काँपते हाथों से चश्मा उतार, सिरहाने की तिपाई पर टिका निष्प्राण से बिस्तर पर ढ़ह पड़े। एक क्षण को लगा कि घूमता सिर तेजी से भाग रही गाड़ी के टायरों से होड़ ले रहाँ आज के बाद शायद उनके धड़ से उनका सिर गायब हो जाए। किसी भी अवमानना, दुःख, सुख, उद्वेलन, क्षोभ, अपेक्षा, अनपेक्षा से मुक्त करता। अच्छा है मुक्त हो जाएँ।"[10] वृद्ध के मन की व्याकुलता उसे मृत्यु के बारे में सोचने के लिए मजबूर कर रहा है। यह तो कितनी सोचनीय बात है। जब अपने बच्चे छोटे रहते है तब माता–पिता बच्चों को अपनी आँखों के पलकों में रखकर पोसते हैं। बच्चे गिरे तो माता पिता के आँखो में आँसू आते हैं। पर बच्चे जब बड़े होते हैं तो माता–पिता की आँखों में खून भी आये उसे कुछ भी नहीं लगता है, यह तो आधुनिकता के स्वार्थ की आड़ में जी रहे छोटे परिवार का नतीजा है। बेटे नरेंद्र के घर आकर खुशी से बेटे, बहू, पोतों के साथ समय बिताना चाहते थे जसवंत सिंह लेकिन वह वृद्ध खुशी के बदले अपनी मृत्यु के बारे में सोचते हैं तो यह वृद्धों का आखिरी ही आशा होगी। इस तरह जीवन–मरण के द्वंद्व में पड़कर जसवंत जी को आगे की राह अंधेरे में ही खो गयी है। सुबह–सुबह और एक शिकायत बेटे नरेंद्र ने किया कि माले पर लिफ्ट खुली छोड़ने से सभी फ्लैटवालों को परेशानी हुआ है। तब जसवंत जी सोचते है– "इस घर में बच्चों की शिकायतें नहीं आती। बूढ़ों की आती हैं। इस सोसाइटी के लाग शायद कभी बूढ़े नहीं होंगे। न उनकी शक्ति क्षीण होगी न स्मृति। ऐसे अजर–अमर जन्में हैं, न कभी कोई कष्ट व्यापेगा न हारी– बीमारी।"[11]

लेखिका कहती हैं कि अक्सर बच्चों का शिकायत करना मामूली बात है लेकिन यहाँ पर बच्चों की शिकायत नहीं बूढों की शिकायत आती है तो लोगों की सोच कितने हद तक बिगड़ी है कि वृद्ध मानसिक संतुलन से जी ही नहीं सकते दिन भरदिन इन छोटी मोटी इरादों में डूबकर मानसिक क्षोभ से तड़पते हैं।

वृद्ध जब अपने बेटे के साथ रहते हैं, तो बेटे बहू के आज्ञानुसार ही रहना पड़ता है। वे स्वतंत्र रूप से कुछ भी कह नहीं सकते। कितना द्वंद्व उसमें उपजता है, उसका निवारण असाध्य है। नरेंद्र कहता है कि लॉकर का किराया बढ़ा है, इसलिए कानपुर के लाकर से माँ के गहनें सरेंडर करके दिल्ली में एक और लॉकर रखना चाहिए। इस बात को सुनकर जसवंत सिंह के गले में बड़ी देर तक कौर अटका रहाँ इस बात का वे कभी सोचे भी नही थे अब तो बहू

बेटे की नजर माँ की गहनें, कीमती साड़ियों पर हो टिका है। वे खाना छोड बेमतलब पानी छुटकते रहे। इस समय लेखिका जसवंत जी की मानसिकता पर टिप्पणी करती है कि– "एक वक्त था कि उन्हें भटकना नहीं पड़ता था। स्थिति कैसे बदल जाती है, कैसे बदल गई।"[12] वे मुहँ खोलकर इंकार कर देते हैं तो बेटे और बहू के गुस्से का शिकार होना पड़ता है। मंजूर करने के लिए पत्नी की यादें आने लगती है। वे अपने हाथों से छुड़ा नहीं सकते। इस तरह के संघर्ष, उन्हें झकझोर कर रख देता है। बाबू जसवंत सिंह शांति से जीवन जीना चाहते हैं, लेकिन बहू सुनयना के कटाक्ष भरे स्वर उनको चुभने लगता है। उन्हें लगता है, "क्यों बार–बार इस घर को अपना घर समझने की भूल कर बैठते हैं, जबकि उन्हें दसियों बार समझाया जा चुका है कि वे अपने काम से काम तक सीमित रहें।" वे पछताते हैं अपनी इस दयनीय स्थिति पर। बुजुर्ग होने के नाते घरवालों के लिए अपने अनुभव के दो बातों को भी वे मुँह से निकाल नहीं सकते। घर में पालतू कुत्ता टॉमी को भोंकने की स्वातंत्र्य है, पर घर में उनको बोलने की स्वतंत्रता नहीं है। इस बात का चित्रण लेखिका ने अत्यंत मार्मिक ढंग से इस उपन्यास में किया है।

इतने मानसिक संघर्षों को झेलते हुए वृद्ध अपने आपको संभालते हैं। लेखिका कहती हैं कि इनके लिए अंतिम तीर है 'वृद्धाश्रम'। "अपने ही बच्चे ऐसा बर्ताव करें तो बेचारे बूढे जीवन के चौथेपन में कहाँ जाएँ? क्या करें? क्या वार्धक्य वृद्धावस्था, वृद्धाश्रमों में बिताने के लिए इन बूढ़ों ने अपनी जवानी बच्चों के लिए गला दी। अपनी इच्छाओं पर अंकुश रखकर बच्चों की खातिर समान जुटाते रहे, क्या इस तपस्या का फल यही है।"[13] लेखिका ने बहुत ही सूक्ष्मता से बुढ़ापे की मानसिकता का वर्णन किया है। जसवंत सिंह अपनी पत्नी के गुजर जाने के बाद कानपुर से अपने बेटे नरेंद्र के पास दिल्ली आ गए। आते ही उनके लिए रहने हेतु कमरे की समस्या उठ खड़ी हुई। वह दो कमरेवाला फ्लैट है। एक कमरे में नरेंद्र है और एक कमरे में दो लड़के हैं। जसवंत जी को बालकनी में कुत्ते टॉमी के साथ रहना पड़ता है। वृद्ध है टट्टी, पेशाब के लिए रात में नीचे उतरने के लिए उन्हें बहुत ही कष्ट होता है। ऊपर से घुटनों का दर्द भी ज्यादा है। वह टॉमी जसवंत जी को आराम की नींद सोने नहीं देता है। तड़के उठने के लिए लगाए गए अलार्म को सुनते ही पहले उठकर कुँकुआना शुरू कर देता है। इससे जसवंत जी को सोने में बहुत तकलीफ होती है।

जब भी जसवंत जी 'आज तक' समाचार सुनने टी.वी लगाते हैं तो टॉमी की कंकुआहट नहीं फूटती तो बहू सुनयना म्यूजिक चैनल लगाने के लिए कहती है। इस घर में आने के बाद वे समाचार भी नहीं सुन सके टॉमी तो अक्सर म्यूजिक चैनल देखते ही रहता है। उन्हें लगता है कि, "इस घर में कुत्ते टॉमी को कितनी सुख–सुविधाएँ प्राप्त है उन्हें भी नहीं है टॉमी की सारी आवश्यकताएँ झट से पूर्ण होती हैं उनके याचना करने पर भी नहीं।"[14]

जब जसवंत जी की बेटी शालिनी भाई की तरफ से वृद्धाश्रम में रखने की बात बताती है तब उन्हें उस मानसिक क्षोभ को झेलना असह्य हो जाता है। उन्हें लगता है कि, "उनके भीतर और भीतर खंड़ाऊँ की खट्–खट् आँगन पार कर चौके की ओर बढ़ रही है। गाय का अग्रासन निकालकर चौके में

सबसे पहली थाली उन्हीं की परोसी जाएगी। वे घर के बुजुर्ग हैं......."[15] इस मानसिक आधात से जसवंत जी कफ का मरीज बन बिस्तर पर पड़े रहे। चोट पर चोट खाकर उन्हें उठने का मन ही न रहाँ उन्हें वनवास देने का अपनी ही औलादों का षड्यंत्र? द्वंद्व में पड़े ऊभ–चूभ होते रहे कि कोई पिता अपने ही परिवार के लिए तिरस्कार का विषय कैसे हो सकता है। उनके लिए अभी किसी ने किया ही क्या है? इस बात को सोचते–सोचते मानसिक रूप से वे असमर्थ बनते जा रहे हैं। बेटा अमरीका जा रहा है. लेकिन उसके मन में यह सोच आ गई कि बेटा नहीं है तो बेटी क्यों उनका संरक्षण करे। दोनों का पालन एक ही ढंग से उन्होंने किया। उसकी बेटी ने कहा कि माँ के गहने अपनी बेटी के लिए ही हैं। यह तो स्वार्थ से परे पीढ़ी का आशंकाजनक भविष्य को बता रही है। वृद्धावस्था में सहारे बनना बच्चे की जिम्मेदारी लेकिन बच्चे उस जिम्मेदारी को निभाने के लिए तैयार नहीं है, तो वृद्ध का जीवन, मानसिक संतुलन किस तरह हो सकता है इसका खुला चित्रण इस उपन्यास में है। अपने इस 'गिलिगडु' उपन्यास के बारे में चित्रा जी कहती हैं, 'हम वसुधैव कुटुबंकम्' की अवधारणा में आस्था रखनेवाले भारतीय समाज में उपभोक्तावाद ने जो अपनी प्रतिच्छवियाँ कायम की हैं। वे इतनी क्रूर और अमानवीय हैं कि यह गहरे महसूस होने लगा है कि उन पर अगर अभी से विचार नहीं किया जाएगा और आनेवाले खतरे को नहीं भाँपा जाएगा तो बहुत जल्द हम उन भयानक दुष्परिणामों के भागी होंगे जिनकी हमने कभी कल्पना भी नहीं की होगी।"[16] लेखिका वृद्धों की अवस्था को देखकर आगे की भविष्य के बारे में चिंतित होती हैं। इसीलिए इसी संकटग्रस्त भविष्य का परिचय अपने कथासाहित्य में चित्रित करते हुए पाठक को इससे अवगत करना चाहती है।

**संदर्भ ग्रंथ**


1."गिलिगडु – चित्रा मुद्गल– पृ.स. 10

2. वही–पृ.स. 14

3 वही–पृ.स. 33

4. वही–पृ.स. 37

5. वही–पृ.स. 38

6. वही–पृ.स 39

7. वही–पृ.स 46

8. वही–पृ.स. 47

9. वही–पृ.स 56

10 वही–पृ.स 60

11. वही–पृ.स 65

12. वही–पृ.स 87

13.नवभारत दिल्ली– चित्रा मुद्गल– 18 दिसंबर 1994

14. वही–पृ.स 11

15. वही–पृ.स. 97

16. वही–पृ.स 97



संपर्क : **बालेहोसुर, ता.– मुंडागोड, जिला– उत्तर कन्नड़, मो. 9742397149,**
**ईमेल : renukanagaraj06@gmail-com**

# उषा प्रियंवदा का कथा साहित्य : स्त्री मुक्ति का आख्यान

डॉ. किरण तिवारी

हिंदी साहित्य में महिला लेखिकाओं ने मन की गहराइयों को बड़े साहस एवं आत्मविश्वास से लिखने का प्रयास किया है। इन रचनाकारों ने अपने साहित्य की नायिका के माध्यम से कामकाजी महिलाओं की पीड़ा, संत्रास, उनके संघर्ष को प्रस्तुत करने की कोशिश की है। फलस्वरूप अभावग्रस्त एवं तनावग्रस्त मानसिकता ने शारीरिक यातना के साथ–साथ मानसिक संघर्ष को भी जन्म दिया है।

रचनात्मक कौशल से पूर्ण उषा प्रियंवदा का कथा–साहित्य सजग सामाजिक चेतना को बखूबी अभिव्यक्त करता है। नये और पुराने मूल्यों की टकराहट, अविवेकपूर्ण निर्णयों से होने वाले कटु परिवर्तनों का दर्द लेखिका ने सहज रूप से उभारा है। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् नारी जीवन में जो परिवर्तन आये हैं, जिन नये मूल्यों को आत्मसात करने और पुराने मूल्यों को अस्वीकार करने के लिए आज की नारी आकुल–व्याकुल है, इन सबको उषा प्रियंवदा ने अपने कथा – साहित्य में समेटा है।

आधुनिक हिंदी साहित्य परम्परा में उपन्यास एक महत्वपूर्ण एवं लोकप्रिय विधा के रूप में उभर कर आया है। आधुनिक भावबोध की एक अवधारणा अजनबीपन की भावना है। आधुनिक मनुष्य, प्रकृति, ईश्वर, समाज से कट गया है। संभवतः यह विश्व के इतिहास में पहली बार हुआ है जब मनुष्य एक तरफ दूसरे ग्रहों पर अपना साम्राज्य स्थापित करना चाहता है वहीं दूसरी ओर अपने ही समाज, परिवार व संसार से अलग–थलग पड़ गया है। एक तरफ समूचे विश्व से आभासी दुनिया और आभासी मित्रता के माध्यम से वह परिचित है तो वहीं दूसरी तरफ अपने पड़ोसी से ही अपरिचित, अनभिज्ञ है। चारों तरफ आबादी बढ़ रही है, भीड़ बढ़ रही है किंतु इस भीड़ में व्यक्ति अपने आपको ही अजनबी महसूस कर रहा है। कितना आत्म सीमित, संकुचित हो गया है आदमी आज इसे रामदरश मिश्र की ये पंक्तियाँ स्पष्ट करती हैं– "कैसा है यह एक साथ होना, दूसरे के साथ न हँसना न रोना, क्या हम भी लेटर बाक्स की चिट्ठियाँ हो गए हैं।" ('जुलूस जा रहा है'– रामदरश मिश्र) उषा प्रियंवदा के उपन्यास 'पचपन खम्भे लाल दीवारें', तथा 'रूकोगी नहीं राधिका' में भी मोनोटोनी से उत्पन्न ऊब को गहराई से रेखांकित किया गया है। साठोत्तरी महिला लेखिकाओं में एक सशक्त हस्ताक्षर के रूप में अपनी पहचान बनाने वाली उषा प्रियंवदा ने आधुनिक भारतीय नारी की छटपटाहट और उसकी विसंगतियों को अपने उपन्यासों में भलीभाँति उद्घाटित किया है। नारी का शोषण किस युग में नहीं हुआ है? आज भी 'नारी की झांई पड़त अंधा होत भुजंग' या 'ढोल गंवार शुद्र पशु नारी' जैसी पंक्तियों से नारी को छुटकारा

नहीं मिला है। आज भी विद्वानों की सभा में आए दिन ये पंक्तियाँ कोट की जाती हैं।

कभी नारी का साथ देते हुए पुरुष पर आक्रोश व्यक्त करने के अर्थ में तो कभी पुरुष का पक्ष लेकर नारी पर व्यंग्य कसते हुए। हाँ, इतना अवश्य समझ में आता है कि जिस व्यक्ति, वस्तु या विषय पर जितना विचार–विमर्श हो, जितना वाद–विवाद हो वह व्यक्ति, वस्तु उतना ही महत्वपूर्ण होता है। विषय उतना ही महत्वपूर्ण हो जाता है।

'पचपन खम्भे लाल दीवारें' उषा जी का पहला उपन्यास है। इस उपन्यास की नायिका सुषमा आज के बदलते परिवेश में पारिवारिक उत्तरदायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वाह करती देखी जाती है। वह उन मध्यवर्गीय नौकरीपेशा लड़कियों की प्रतिनिधि है जो खुद को मिटाकर अपने कर्तव्यों का पालन करती हैं। घर–परिवार की आँखों में चमक देख आत्मसंतोष का अनुभव करती है, किंतु उपन्यास के शुरुआती कथन से उसके अंतर्मन की पीड़ा का अनुमान स्वतः ही हो जाता है– "सब ओर सन्नाटा है, भयावह, अकेला सन्नाटा। सुषमा को लगा उसके प्राणों और रात्रि की आत्मा में घना साम्य है। जैसे ही कुछ मद्धिम स्वरों की प्रतिध्वनियों गूंजती हैं, मन में कुछ करवट लेता है और चुप हो जाता है, ऐसा ही अभेद, सर्वग्रासी अंधकार जीवन में सिमटता आता है।"[1]

वास्तव में यह भयावह सन्नाटा, यह सर्वग्रासी अंधकार उसके अंदर का अंधकार है, इसके मन का अंधकार है जो उसे बाहर के वातावरण में दिखाई दे रहा है। शिक्षित आत्मनिर्भर नारी के साथ सबसे बड़ा दुर्भाग्य यह होता है कि घर का आर्थिक बोझ उठाने के लिए तो उसे घर परिवार द्वारा स्वतंत्रता दे दी जाती है लेकिन जब उसके अपने निजी विषयों या विवाह आदि की बात आती है तो यही घर–परिवार, समाज उसके मार्ग में अवरोधक बन उसका जीना दूभर कर देता है।

कृष्णा मौसी द्वारा सुषमा की शादी की बात किए जाने पर उसकी माँ कितनी सफाई से हाथ झाड़ लेती है।... "तुम जानों कृष्णा, सुषमा की शादी तो अब हमारे बस की बात रही नहीं। इतना पढ़ लिख गई. अच्छी नौकरी है और अब तो क्या कहने हैं, हॉस्टल की वार्डन भी बनने वाली है। बंगला और चपरासी अलग से मिलेगा। बताओ, इसके जोड़ का लड़का मिलना तो मुश्किल ही है न।"[2]

यहाँ पर लेखिका ने मध्यवर्गीय मानसिकता को बखूबी चित्रित किया है। कामकाजी स्त्री की एक समस्या यह भी है कि कई बार कमाने वाली बेटी का विवाह माता–पिता नहीं करना चाहते, कारण कि उनकी आय का स्रोत खत्म हो जाएगा। इतना ही नहीं, सुषमा की माँ तो उसके नौकरी पेशा जीवन में दखलअंजादी करते हुए उस पर जिम्मेदारी का दबाव बनाए रखती है।

"भौरी (कामवाली) को निकाल दो और हॉस्टल के नौकरों से काम करवाओ। हॉस्टल में कुर्सी, मेजें बने तो घर के लिए भी कुछ सामान बनवा लो। पलंग है, अलमारी है, खाने की मेजें.... सब देने के काम आएगा। इतनी जमीन पड़ी है, साग–सब्जी लगवाओ।"

सुषमा की माँ का चरित्र इस भौतिकतावादी युग में स्वार्थपरता से लिप्त दिखाई देता है। सुषमा से उसका सम्बन्ध मात्र पैसों का ही रह गया है। सुषमा के कथन से ही इसका अनुमान लग जाता है।

"जब मैंने माँ को बताया कि मैंने नौकरी से इस्तीफा दे दिया है तो उन्होंने पूछा, और इन बच्चों का क्या होगा?" हर बार जब वह अपना कोई आभूषण बेचने को निकालती तो मुझे ऐसी दृष्टि से देखती जैसे उन सब मुसीबतों की उत्तरदायी मैं ही थी।"[4]

यह अमानवीयता है। इस प्रकार का चित्रण कर लेखिका डॉ० उषा प्रियंवदा ने शिक्षित नारी की एक नयी त्रासदी को उकेरा है। सुषमा पारिवारिक प्रतिबद्धता यानी परिवार के प्रति जिम्मेदारी की भावना का ही परिणाम है कि उसकी वैयक्तिक भावना कुण्ठित हो जाती है। वह एकाकी जीवन जीने का फैसला करते हुए अपने प्रेम की बलि चढ़ा देती है। वह जीना चाहती है पर मनचाहा जीवन जी नहीं सकती। यह उसकी विवशता है कि नील के आगमन से उसका सूना जीवन खिल उठता है, उसके सपने रंगीन हो जाते हैं किन्तु पारिवारिक जिम्मेदारियों के कारण वह अपने इस वैयक्तिक सुख का भी परित्याग कर देती हैं।

किंतु यदि प्रियंवदा जी को सुषमा पर आदर्श ही थोपना होता तो वह उसके मुख से उसकी सहेली मीनाक्षी के समक्ष उसके मन के इन भावों को क्यों प्रगट करवातीं– ''पैंतालीस साल की आयु में मैं भी एक कुत्ता या बिल्ली पाल लूंगी'.. उसे सीने से लगा कर रखूंगी मैं ! आज से सोलह साल बाद शायद तुम अपनी बेटी को लेकर इसी कॉलेज में आओ तब भी तुम मुझे यहीं पाओगी। कॉलेज के इन पचपन खम्भों की तरह स्थिर अचल।"[5] क्योंकि वह इसे ही अपनी नियति मान बैठी है। यहाँ कोरा आदर्शवाद ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण यथार्थवादिता है क्योंकि सच्चा आदर्शवाद यथार्थ की भूमि पर ही खड़ा होता है।

वस्तुतः उषा जी के नारी पात्र भावुकता के स्थान पर विवेक का ही वरण करते हैं। कुँवर नारायण के शब्दों में "किसी भी स्तर पर जीते – हुए वे (उषा प्रियवंदा के नारी पात्र) विवेक के ही तरफदार हैं। मानो लेखिका इस तथ्य के प्रति बराबर सचेत है कि विकासशील जीवन मूल्य मनुष्य की इच्छा–क्षमता से अधिक उसकी चिन्तन क्षमता पर निर्भर करते हैं।"[6]

उपन्यास में ही एक स्थान पर वह भले ही कहती है– "जीवन में बहुत महत्वपूर्ण काम हैं, सिर्फ विवाह ही तो नहीं है।"[7] मगर इसका यह अर्थ नहीं समझना चाहिए कि वह विवाह नहीं करना चाहती। विवाह की उम्र निकल जाने पर प्रायः इस प्रकार की बातें मन को भुलाने या बहलाने का बहाना होती हैं।

लक्ष्मीकांत वर्मा के उपन्यास "टेराकोटा की पात्र भिति अपनी प्रतिभा के बल पर आई.ए.एस. ऑफिसर बन जाती है। कार्य कुशलता के लिए उसे अपनी घरेलू जिन्दगी दाँव पर लगानी पड़ती है। वह अविवाहित ही रह जाती है। ढलती उम्र में उसे अपनी नौकरी और पद की व्यर्थता का अनुभव होने लगता है। मगर तब तक वक्त उसके हाथ से निकल चुका होता है।"[8]

पहले वह समझती थी कि शायद आर्थिक सुरक्षा की ही समस्या मनुष्य के लिए सबसे बड़ी समस्या होती है। लेकिन उस समस्या का हल निकाल लेने के बाद भी जैसे इसके अतिरिक्त बहुत कुछ बचा रहता है जिसके बिना जीवन का चलना कठिन हो जाता है।

आज जब शिक्षित आत्मनिर्भर नारी बहुत बड़ा दंभ भरती है अपने स्वावलम्बी होने का, ढिंढोरा पीटती है अपने सबल होने का, ऐसे समय में उषा प्रियंवदा जी की यह रचना मील का पत्थर जान पड़ती है. अपनी संस्कृति व सभ्यता को बचाए रखने के लिए।

इस सामाजिक एवं मनोवैज्ञानिक उपन्यास में उन्होंने एक भारतीय नारी की सामाजिक, आर्थिक विवशताओं में जन्मी यंत्रणा का मार्मिक चित्र उपस्थित किया है। लेखिका ने एकाकी नारी के जीवन में उठने वाली उलझनों गुत्थियों और समस्याओं का बखूबी चित्रण किया है।

सुषमा आज के परिवेश में पारिवारिक उत्तरदायित्वों का वहन करने के साथ–साथ अनेक संघर्षो को झेलती आधुनिक समाज की नौकरी पेशा युवतियों का प्रतिनिधित्व करती है। जो घरेलू समस्याओं की भट्ठी में जलकर अपने विवाह की उम्र गँवा बैठती हैं। सुषमा जैसी कई लड़कियों का दुर्भाग्य है कि घर का आर्थिक बोझ उठाने के लिए तो उन्हें समाज स्वतंत्रता दे देता है पर जहाँ जीवन के अन्य क्षेत्रों में स्वाधीनता की बात आती है तो यही समाज उनके पथ का अवरोधक बन उनका जीना दूभर कर देता है।

कालांतर में सुषमा के जीवन में नील प्रवेश करता है। अपने सूनेपन के साथी को पाकर उसके जीवन में प्रणय का नया बीज अंकुरित होने लगता है। नील को तन–मन से प्रेम करती है, किन्तु त्रासदी उसका पीछा नहीं छोड़ती क्योंकि नील आयु में सुषमा से पाँच साल छोटा है। सुषमा उन विषम परिस्थितियों के सामने विवश हो जाती है, जो उसके प्रेम में बाधक है। वह यह भी महसूस करती है कि नील के साथ प्रेम–प्रसंग में उसे सामाजिक टीका टिप्पणी, निंदा व अवहेलना ही मिलेगी। ऐसी मनःस्थिति में वह निरूपाय होकर स्पष्ट शब्दों में नील से कह देती है कि – "मेरी बहुत जिम्मेदारियाँ हैं, तुमसे तो कुछ भी छिपा नहीं है। पक्षाघात से पीड़ित बापू, दो बहनें, और भाई, सब कुछ मुझे ही देखना, करना है।"[9]

इस तरह अपने आप को उन्हीं पुरानी प्राचीरों में बंद करने के लिए वह उद्यत है, जहाँ से बाहर निकली थी। यह है मध्यवर्गीय परिवार की नारी की त्रासदी। जो खुद को मिटाकर अपने कर्तव्यों का पालन करती है। घर–परिवार की जिम्मेदारियों को बोझ नहीं समझती बल्कि आत्मसंतोष का अनुभव करती है। चाँद के संपादन के दौरान नारी के महत्व को प्रतिपादित करते हुए महादेवी वर्मा ने लिखा था "स्त्री की स्थिति समाज का विकास नापने का मापदंड है।"[10]

महिलाओं की अनेकविध समस्याएँ पहले थीं और आज भी हैं। शिक्षित, निरक्षर, नौकरी करने वाली, गृहिणी, विवाहित, अविवाहित, पीड़ित व अत्यंत महत्वकांक्षी स्त्रियों की समस्याओं का प्रभावी चित्रण हमें उषा प्रियंवदा के उपन्यासों में दिखाई देता है। ममता कालिया के 'बेघर' उपन्यास की नायिका

संजीवनी है जो नौकरी करती है, घर वालों के लिए आमदनी का माध्यम है। इसलिए परिवार वाले शादी से मना करते हैं। जैसे ही संजीवनी के जीवन में परमजीत आता है वैसे ही यह बात उन्हें कचोटने लगती है। ठीक यही स्थिति 'पचपन खम्भे लाल दीवारें उपन्यास की सुषमा की है। यहाँ सुषमा की माँ का चरित्र भौतिकतावादी युग में स्वार्थपरता से लिप्त दिखाया गया है। क्योंकि सुषमा से उनका सम्बन्ध मात्र पैसों का ही रह गया है, और कुछ नहीं।

कर्तव्य बोध के नाम पर सारे दायित्व संभालते हुए भी एकांत क्षणों में सुषमा का मन घर वालों के प्रति उपालंभ से भर उठता है। "यदि पिताजी चाहते तो क्या उसका विवाह नहीं कर सकते थे। लोग लाख प्रयत्न कर बेटी के व्याह का सामान जुटाते हैं। क्या उसी के पिता अनोखे थे? बात असल यह थी कि उन्होंने चाहा ही नहीं कि सुषमा की शादी हो, उनके अंतर्मन में यह बात अवश्य होगी कि सुषमा से उन्हें सहारा मिलेगा।"[11]

यहाँ मध्यवर्गीय समाज की विडम्बना एवम् मानसिकता का खुला चित्रण किया गया है। इस उपन्यास में दुखात्मक संवेदना की अत्यंत मार्मिक एवं भाव प्रवण अभिव्यक्ति हुई है।

उसके जीवन में नील का पदार्पण अंधेरे को चीरकर उदभाषित होने वाली किरण की तरह होता है, किन्तु वह उसका आश्रय लेकर भी सघन तिमिर से बाहर नहीं निकल पाती। अंधेरों में भटकना ही उसकी नियति है। लेखिका ने उसकी पीड़ा का अत्यंत ही यथार्थ चित्रण किया है "सुषमा को लगा कि वह जैसे शर– शैया पर लेटी है। बुरी तरह बिंधी हुई, दारूण यंत्रणा से छटपटाती हुई.... दुख के इन क्षणों में वह नितांत अकेली थी और आँखों की सजलता में उसे नील का बढ़ा हाथ भी न दिखाई देता था। सब कुछ कहाँ अब गया था, जीवन के प्रति उत्साह, परिवार के प्रति मोह, फूलों के रंग...सुषमा अकेली थी.... अपने दुःख, अपमान और लज्जा की गहराईयों में भटकती, आर्त चीत्कार करती हुई।"[12]

यहाँ सुषमा के अकेलेपन की पीड़ा का बड़ा ही मार्मिक चित्रण है। एक ओर सुषमा अपनी पारिवारिक जिम्मेदारी को महसूस करती है, वहीं दूसरी ओर नील के साथ आराम की जिंदगी भी नहीं बिता सकती क्योंकि समाज उसे जीने नहीं देगा। इसलिए वह अपने आपको उन्हीं प्रवाहों में बंद कर लेना चाहती है। जो नील के साथ के संवाद से जाहिर होता है "नौ साल से मैं इस कॉलेज में हूँ नील, पर यहाँ लोग किसी को जीने नहीं देते। इसलिए मैं तुमसे कह रही थी कि मेरी जिंदगी खत्म हो चुकी है। मैं केवल साधन हूँ। मेरी भावना का कोई स्थान नहीं। विवाह करके परिवार को निराधार छोड़ देना मेरे लिए सम्भव नहीं। मैंने अपने को ऐसी जिंदगी के लिए ढाल लिया है। तुम चले जाओगे तो मैं फिर अपने को उन्हीं प्राचीरों में बंद कर लूँगी।"[13]

परिवर्तित परिस्थितियों में आत्मनिर्भरता के साथ–साथ शिक्षा की व्यापकता बढ़ती जा रही है किंतु इस शिक्षा के कारण नारी के आर्थिक शोषण की एक नयी समस्या भी उत्पन्न हुई है। इस उपन्यास में इस समस्या को प्रमुखता से उषा जी ने उभारा है।

इनका दूसरा उपन्यास है 'रुकोगी नहीं राधिका' जो उच्चवर्गीय सामाजिक चेतना को रूपायित करता है। इसमें लेखिका के अनुभवों का दायरा भी कुछ विस्तृत हुआ–सा जान पड़ता है। भारतीय एवं पाश्चात्य सभ्यता का समावेश इस उपन्यास में दिखाई पड़ता है। साथ ही इस उपन्यास में आधुनिक जीवन के नये आयामों को उद्घाटित किया गया है। इस उपन्यास में एक ऐसी युवती की कहानी है जो खुद में उलझ गई है। उसने अपने घर में (भारत में) जो एकाकीपन झेला है, अमरीका पहुँच कर उसकी भयावहता और बढ़ जाती है। विदेश प्रवास का अनुभव उसके लिए कुछ ऐसा है, जैसा वह एक लंबी अंधकारमय, सर्द सुरंग में यात्रा कर रही है, जहाँ न लक्ष्य दिखता है, न उस सुरंग का कोई अंत नजर आता है।

राधिका अमरीका इसलिए गई थी क्योंकि क्षणांश में उसके ऊपर से एक तूफान गुजर गया था। अपने विधुर पिता को विद्या के साथ पुनर्विवाह करते देखकर उसके हृदय को भारी ठेस पहुँचती है। उसके मस्तिष्क में पिता की जो मूर्ति थी वह खण्डित हो जाती है। इस घटना के परिणामस्वरूप राधिका डैनियल पिटरसन नामक एक विदेशी पत्रकार के साथ भाग जाती है। अपने इस कृत्य से वह अपने पिता को मानसिक आघात पहुँचाना चाहती है, जो क्रिया न होकर प्रतिक्रिया है। अतः राधिका डैनियल के साथ सुखी वैवाहिक जीवन नहीं बिता सकती और अंत में उसे छोड़ देती है।

उपन्यास का अंत बड़े नाटकीय ढंग से होता है। कमरे के अंधकार में एक जुगनू मँडरा रहा है, जो आशा–निराशा में डूबते–उतराते आधुनिक जीवन की क्षणिकता का संदेश देता है। इस उपन्यास में उच्चवर्गीय जीवन की भयावहता, बौद्धिकता तथा भौतिकता के परिणाम स्वरूप पारिवारिक सम्बन्धों की टूटन को भली भाँति रेखांकित किया गया है।

उषा प्रियंवदा नारी स्वातंत्र्य की पक्षधर हैं। यही कारण है कि 'रूकोगी नहीं राधिका' की राधिका स्वच्छंद जीवन व्यतीत करने की दिशा में उन्मुख है। वह अपने पिता की इच्छा के विरुद्ध विद्रोह करती है। आप चाहते हैं, वही हमेशा क्यों हो? क्या मेरी इच्छा कुछ भी नहीं है? मैं आपकी बेटी हूँ यह ठीक है, पर मैं बड़ी हो चुकी हूँ और मैं जो चाहूँगी वही करूँगी।

राधिका भारत वापस लौटकर भी अपनी धरती से पहले की भांति जुड़ नहीं पाती। जिस व्यग्रता से वह लौटी थी, बहुत जल्द उसका मोहभंग हो जाता है। अपने बिखरते व्यक्तित्व को संभालने के लिए वह पहले अक्षय फिर मनीष की तरफ बढ़ती अवश्य है, पर कदम थके हुए ही रहते हैं। तभी विद्या की आकस्मिक मौत उसे पापा से जुड़ने का एक मौका देती है, लेकिन वह उसे स्वीकार नहीं करती और मनीष के पास जाने का मन बना लेती है। राधिका के जिस द्वंद्व का लेखिका ने बड़ी सूक्ष्मता, तन्मयता और मार्मिकता से अंकन किया है वह पाठकों को अभिभूत किए बिना नहीं रहता।

उषा प्रियंवदा का तीसरा उपन्यास 'शेषयात्रा' उनके सर्जनात्मक लेखन को एक नई दिशा देता है। इसे नारी जीवन की त्रासद स्थितियों का एक सबल दस्तावेज कहा जा सकता है। उपन्यास की नायिका अन्नु की साहसिक संघर्ष की गाथा की कलात्मक प्रस्तुति देखने योग्य है। नियति को भी बदलने में सक्षम अन्नु पति द्वारा तलाक दिये जाने के बाद 'अबला' से 'सबला'

बन जाती है। उच्चमध्यवर्गीय प्रवासी भारतीय समाज को इस उपन्यास में उसके समस्त व्यामोहों और अंतर्विरोधों के साथ उभारा गया है। विदेश से विवाह के लिए भारत आया प्रणव उसे प्रथम दृष्टि में ही पसंद करके विवाह कर लेता है। बिना माँ–बाप की अनु मामा–मामी के आश्रय में पली–बढ़ी है और पति के साथ अमरीका जाते ही जैसे एक जादुई लोक में पहुँच जाती है। स्कूल बेफिक्री और अल्हड़पन के दिनों की विदाई के बाद नए जीवन की यह सुहानी भोर उसे बड़ी मदमाती लगती है। पर आराम से पटरी पर चलने वाली जिंदगी की रेलगाड़ी तभी जैसे लड़खड़ाने लगती है। प्रणव का बदलता रूप और व्यवहार अनु को सिर्फ सालता ही नहीं चिंतित भी करता है। अचानक एक दिन रहस्योद्घाटन होता है कि डॉ. प्रणव की नई रूचि फिल्म निर्माण के साथ–साथ अपने कार्यक्षेत्र की सहयोगिनी चन्द्रिका के प्रति भी हो उठी है। सिर्फ एक चंद्रिका ही नहीं, प्रणव के सम्बन्ध तो शादी के पहले और बाद भी न जाने कितनी स्त्रियों से रह चुके हैं सब इन बातों को जानते हैं। नहीं जानती थी। केवल अनु जिसके निश्छल मन ने पति पर संदेह करना नहीं सीखा था।
इस वज्रपात से अनु हिल जाती है। हर देवी–देवता से वह अपने पति की वापसी की मनौती मानती है। लेकिन प्रवण की जगह उसे मिलता है प्रणव से तलाक। और हाँ, घर तथा घर का सारा सामान बेचने से मिले वे पचास हजार डॉलर भी हैं, जिसके आधे भाग की अधिकारिणी वह है। प्रणव सपने में भी नहीं सोच सकता कि अनु अपना हिस्सा लेगी। पर यहीं से आत्यंतिक प्रेममयी, समर्पणशील अनु एक नए रूप में प्रकट होती है।

न केवल यहाँ वह अपना प्राप्य लेती है, अपितु कण–कण बिखरते आत्मविश्वास को भी बहुत कुछ प्राप्त करती है। कैरियर, दूसरा पति, बच्चा सब कुछ....। मगर उससे विमुक्त होकर प्रणव चूक जाता है। जीवन यात्रा में सब कुछ हार जाता है। वर्षों बाद थके टूटे और रोगी प्रणव को सामने देखकर साहस, शक्ति और आत्मविश्वास से दीपित अनु के भीतर की संवेदनशील नारी पुनः विचलित हो उठती है और उसके अंदर एक रूलाई उठती है.... छोटी बच्ची की तरह रूलाई। वह अनु जो रो–रोकर देवी–देवताओं से मिन्नतें मांगा करती थी, वह अनु जो दस साल की जिम्मेदारियों और संघर्ष से कहीं लोप हो गई थी। अब नए आवेग से लौटकर अपने सामने रोगग्रस्त, जर्जर ओर टूटे हुए प्रणव को पाकर उससे लिपट जाना चाह रही है।

यही तो जीवन है। अंतर्विरोधों की भूमि, व्यामोहों का जगत। कुछ पाने और कुछ गँवाने की कर्मस्थली। इतना दर्द अकेले झेला? कहकर पूर्व पति की पीड़ा को गहराई से आत्मसात करने वाली अनु सब चाह कर भी उसके लिए कुछ नहीं कर सकती। हाँ, संयोग से हाथ आए मिलन के इन दो–चार क्षणों को अतींद्रिय हाथों से छू जरूर सकती हैं। बाहर रात खींचकर लम्बी हो रही है। पलंग पर पड़ा रोग से टूटा प्रणव, पास बैठी भरी–पूरी अनु! यह क्षण अपने हैं, उन दोनों के। जो उन्होंने साथ समय जिए थे।... प्यार, मनुहार, सुख, तुष्टि, दुख, यातना, क्रूरता, बेवफाई... उस जिंदगी के, जो उन्होंने नए सम्बन्धों ने... उसे रगड़ रगड़ कर लगातार धोया है। फिर भी कुछ आकृतियाँ, कुछ रूप, कुछ रंग उस बुनावट में अभी भी बचे हुए हैं।

अगली सुबह दोनों अपनी–अपनी जीवन यात्रा पर पुनः निकल पड़ते हैं। शायद आगामी मुलाकात की कोई सम्भावना न छोड़ते हुए।

इस प्रकार उषा प्रियवंदा जी के द्वारा जो उपन्यास लिखा गया उसके केंद्र में नारी ही रही है। उन्होंने अपने अनुभवों के आधार आज की नारी की सामाजिक नियति और मानसिकता को बड़ी गहराई से उभारा है। उषा जी ने अपने तीनों उपन्यासों में अति आधुनिक पढ़ी–लिखी स्त्री की कथा को उजागर किया है। स्त्री किस तरह स्वतंत्र निर्णय लेने की क्षमता रखने के बावजूद अजीब बेबसी और सामाजिक बन्धनों में अपने को घिरा पाती हैं। इसका बड़ा मार्मिक चित्रण इन उपन्यासों में देखने को मिलता है।

**संदर्भ :**


1. पचपन खम्भे लाल दीवारें – उषा प्रियंवदा, राजकमल प्रकाशन,1962, पृ. 5
2. वही, पृ. 9
3. वही, पृ. 78
4. वही, पृ. 56
5. पचपन खम्भे लाल दीवारें, ऊषा प्रियंवदा, राजकमल प्रकाशन, 1962, पृ.100
6. विवेक के रंग, सं. डॉ. देवीशंकर अवस्थी, भारतीय ज्ञानपीठ प्रकाशन, 1965 पृ. 37
7. पचपन खम्भे लाल दीवारें, उषा प्रियंवदा, राजकमल प्रकाशन, 1962, पृ. 10
8. टेराकोटा, लक्ष्मीकांत वर्मा, भारतीय ज्ञानपीठ, दिल्ली, पृ. 267
9. पचपन खम्भे लाल दीवारें, उषा प्रियंवदा, राजकमल प्रकाशन, 1962, पृ, 104
10. श्रृंखला की कड़ियाँ, महादेवी वर्मा, राधाकृष्ण प्रकाशन,1942, पृ. 9
11. पचपन खंभे लाल दीवारें, उषा प्रियंवदा, राजकमल प्रकाशन, 1962, पृ.56
12. वही, पृ. 33
13. वही, पृ. 33


---


**संपर्क : सहायक आचार्य, सूर्यापुरी, 1/ए 1, नायक चौक, देवी मंडप रोड, रातू रोड, राँची (झारखंड)– 834005, मोबाइल–9431358524**

# गीता में योग का स्वरूप : एक अध्ययन

☆ अजय चौधरी
☆ ☆ डॉ. नितिन घोमने

'श्रीमद्भगवद्गीता' में योग के स्वरूप को जानने से पूर्व हमें 'श्रीमद्भगवद्गीता' का परिचय जानना आवश्यक है, जो हम पूर्व में देख चुके हैं। 'श्रीमद्भगवद्गीता' के प्रत्येक अध्याय के अंत में लिखा है कि यह ब्रह्मविद्या का ग्रन्थ है, यह उपनिषदों का भाग है तथा यह एक योगग्रंथ अर्थात् योगशास्त्र है। 'श्रीमद्भगवद्गीता' को योगशास्त्र इसलिए भी कहा गया है क्योंकि इसके सभी अट्ठारह अध्यायों में योग का वर्णन किया गया है जिनमें से किसी एक की साधना से मनुष्य को मुक्ति प्राप्त हो सकती है, इस साधना के अलावा अन्य किसी साधना की आवश्यकता नहीं रहती। वही ज्ञान वास्तविक ज्ञान होता है जो ज्ञान मुक्ति के मार्ग की ओर अग्रसरित कराता है। अतः गीता में भी मुक्ति प्रदायक ज्ञान है। इस बात की पुष्टि स्वयं व्यास जी ने महाभारत के शांतिपर्व में प्रकट किया है। ''विद्या योगेन ऱक्षति'' अर्थात् ज्ञान की रक्षा योग से होती है। श्रीमद्भगवद्गीता को यदि योग का मुख्य ग्रन्थ कहा जाये तो कोई अतिशयोक्ति नही होगी। योग के आदि प्रवक्ता स्वयं श्रीकृष्ण भगवान है, इसलिए उन्हें योगेश्वर भी कहा गया है। आदि काल में भगवान ने गीता का उपदेश सूर्य भगवान् को दिया, सूर्य ने अपने पुत्र वैवस्वत मनु से कहा और मनु ने अपने पुत्र राजा इक्ष्वाकु से कहा, इस प्रकार योग को ऋषियों ने जाना।

**''इमं विवस्वते योगं प्रोक्तवाहनहमव्ययम्।**
**विवस्वान्मनवे प्राह मनुरिक्ष्वाकवेब्रबीत्।।'' गीता 4/1**

**श्रीमद्भगवद्गीता में योग :** गीता का दूसरा अध्याय ज्ञानयोग अर्थात् सांख्ययोग के नाम से जाना जाता है जिसमें ज्ञान को ही मुक्ति का साधन माना गया है। इसी ज्ञान के अंतर्गत 'समत्वं–योग' अर्थात् 'बुद्धि–योग' का वर्णन है जिसमें भगवान श्रीकृष्ण (52) अर्जुन से कहते हैं कि–

''**योगस्थः कुरु कर्माणि संग त्यक्त्वा धनंजय।**
**सिद्धयसिद्धयोः समो भूत्वा समत्वं योग उच्यते।।''**

**भगवद्गीता 2/48**

अर्थात् जो पुरूष समबुद्धि युक्त होकर कर्म करता है उसको पाप व पुण्य लिप्त नहीं होते, क्योंकि उसमें पाप–पुण्य के विचार ही पैदा नहीं होते। समबुद्धि युक्त पुरूष पुण्य और पाप को इसी लोक में त्याग देता है अर्थात् उनसे मुक्त हो जाता है। इसलिए भगवान श्रीकृष्ण अर्जुन से कहते हैं कि तू समत्वरूप योग में लग जा, यह समत्वरूप योग ही कर्मों में कुशलता है अर्थात् कर्मबंधन से छूटने का उपाय है।

गीता में 'सांख्य' तथा 'योग' शब्दों का जो प्रयोग हुआ है इनका तात्पर्य सांख्य दर्शन या योग दर्शन से नहीं है– गीता में सांख्य का अर्थ

'संन्यास–मार्ग' और योग का अर्थ 'कर्म–मार्ग' है। सन्यास की दृष्टि से कृष्ण ने अर्जुन को यह समझाने का प्रयत्न किया कि आत्मा अमर है, जब हम कहते हैं कि यह मर गया या मारा गया तब गलत बात कह रहे होते हैं, इसलिए युद्ध से भागने का प्रयत्न मत करो। परंतु संन्यासमार्गी का अर्थ ही है– कर्म को छोड़ देने वाला, इसलिए इस मार्ग पर चलकर मूलरूप में अर्जुन की शंका का समाधान नहीं होता। भगवान श्रीकृष्ण अब योग की (55) कर्मयोग या कर्म मार्ग की दृष्टि पर आ जाते है ऐसा मार्ग जिसमें कर्म तो नहीं छूटता वह तो करना ही होता है, परंतु कर्म करने में जो डर बना रहता है– युद्ध करूँगा तो पाप लगेगा यह डर छूट जाता है अर्थात् कर्मयोग में प्रारम्भ किए हुए कर्म का कभी नाश नहीं होता, और उल्टा फल मिल जाए– ऐसा दोष भी नहीं होता। कर्म–योग रूपी धर्म का थोड़ा–सा भी आचरण बड़े भय से मनुष्य की रक्षा करता है–

**नेहाभिक्रमनाशोऽस्ति प्रत्यवातो न विद्यते।**
**स्वल्पमप्यस्य धर्मस्य त्रायते महतो भयात्।। भगवद्गीता 2/40**

कहने का तात्पर्य यह है कि उपनिषदों तथा गीता काल में 'कर्म' का अर्थ उस समय चले हुए 'वैदिक कर्मकाण्ड' से था जिसकी अवहेलना करते हुए उपनिषद में लिखा है– 'प्लवा हयेते यज्ञरूपा' ये कर्मकाण्ड के पचड़े जीवन रूपी नदी को पार कराने वाले असुरक्षित बेड़े हैं।

अर्जुन कहीं 'कर्मयोग' से उस कर्मकाण्ड को न समझें इसलिए श्रीकृष्ण पहले कर्मकाण्ड की निस्सारता दिखाकर तब 'कर्मयोग' का प्रतिपादन करते हैं। कर्मकाण्ड के विषय में कहा जाता है कि जब तक यज्ञ पूरा न हुआ तो फल नहीं मिलेगा, बीच में कोई विघ्न आ गया तो फल नहीं मिलेगा। आगे भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं कि 'कर्म–काण्ड' में ये दोनों दोष हैं, जबकि हमारे 'कर्म योग' में कोई दोष नहीं है। कर्म–योग में जो कार्य किया जाता है वह अनासक्ति से ईश्वर को अर्पण करके किया जाता है इसलिए उसमें न 'अभिक्रमनाश' होता है न 'प्रत्यवाय।

निष्काम भाव से किये गये कर्म में जितना कर्म किया गया न तो वह नष्ट होता है, न उसमें किसी प्रकार के विघ्न की संभावना है, क्योंकि जब कर्म में फल की आशा ही नहीं रखी गई तब फल न मिलने का प्रश्न ही कहाँ उठता है? क्योंकि 'कर्म–योग' के इस मार्ग में 'निश्चयात्मिका' बुद्धि तो एक ही है, किन्तु अस्थिर विचार वाले विवेकहीन सकाम मनुष्यों की बुद्धियाँ निश्चय ही बहुत भेदों वाली और अनन्त होती है–

**व्यवसायात्मिका बुद्धिरेकेह कुरुनन्दन।**
**बहुशाका ह्यनन्ताश्च बुद्धयोऽव्यवसायिनाम्।।**
**भगवद्गीता 2/41**

श्रीकृष्ण अर्जुन से कहते हैं कि जो कर्मयोगी है उसकी निश्चयात्मिका बुद्धि एक ही होती है वे सदा एक ही लक्ष्य का ध्यान रखते हैं, बार–बार अपने विचारों को बदलते नहीं हैं। जबकि विवेकहीन व्यक्ति की अनेक कामनाएँ होती हैं जिनकी पूर्ति के लिए वे सकाम कर्म करने में ही रूचि लेते हैं जिससे उसके मन में विभिन्न प्रकार के विचार उत्पन्न होते हैं इसलिए वे कुछ भी ठीक से

निर्णय नहीं कर पाते हैं यह उनकी विवेकहीनता ही है। विवेकीजन ही निश्चयात्मिका बुद्धि वाले होते हैं।

परंतु इसके बाद यह योग बहुत काल से इस पृथ्वी लोक में लुप्त प्राय हो गया। अतः तू मेरा भक्त और प्रिय सखा है, इसीलिए वही यह पुरातन योग आज मैंने तुझको कहा है, क्योंकि यह बड़ा ही उत्तम रहस्य है अर्थात् गुप्त रखने योग्य विषय है। श्रीमद्भगवद् गीता के प्रत्येक अध्याय को योग की संज्ञा दी गयी है। इस प्रकार अठारह अध्यायों को क्रमशः निम्न योगों से अभिहित किया गया है, जो इस प्रकार है– 1.अर्जुनविषाद योग, 2.सांख्य योग, 3.कर्मयोग, 4.ब्रह्मयोग, (ज्ञान, कर्म और संन्यास योग), 5.कर्म सन्यास योग, 6. आत्मसंयम योग, 7.ज्ञानविज्ञान योग, 8.अक्षरब्रह्म योग, 9.राजविद्याराजग्रह्य योग, 10.विभूति योग, 11.विश्वरूपदर्शन योग, 12.भक्तियोग, 13.क्षेत्र–क्षेत्रज्ञ विभाग योग, 14.गुणत्रय विभाग योग. 15.पुरुषोत्तम योग, 16.दैवासुरसम्पद् विभाग योग, 17.श्रद्धात्रय विभाग योग एवं 18.मोक्षसंन्यास योग।

यदि इन सबका विश्लेषण किया जाए तो प्रत्येक छः अध्यायों में एक नवीन उपदेश है। पहले छः अध्यायों में पाँच की साधना प्रणाली का वर्णन है। जिन्हें कर्मयोग के अन्तर्गत रखा गया है। अगले छः अध्यायों में भगवान् ने अपने उपदेश का मूल अथवा गीता हृदय खोल कर रख दिया है तथा अपने शिष्य को दिव्यदृष्टि प्रदान की है। इसमें भक्ति योग है। अन्त के छः अध्यायों में भगवान् श्रीकृष्ण ने कुछ विशिष्ट एवं गूढ़ सिद्धान्तों की मीमांसा की है, जिन्हें समझने के लिए योग को पूर्णतः व्यवहार में लाने के लिए अत्यन्त आवश्यक है। यही ज्ञान योग है।

गीता में योग के विभिन्न रूपों का वर्णन किया गया है, परंतु गीता के अन्यान्य योगों में आपाततः योग के मुख्यतः तीन स्वरूप स्पष्ट दिखते हैं। इनका संक्षिप्त वर्णन इस प्रकार है– गीता के दूसरे अध्याय में योग के स्वरूप का वर्णन करते हुए कहा है कि– **''समत्वं योग उच्यते''। गीता 2/48**

अर्थात् जब साधक का चित्त सिद्धि और असिद्धि में समान बुद्धिवाला होता है, तब इस अवस्था में साधक का चित्त सुख–दुःख, मान–अपमान, लाभ–हानि, जय–पराजय, शीत–उष्ण, तथा भूख–प्यास आदि द्वन्द्व में समान बना रहता है। इस अवस्था में साधक सभी पदार्थों में समान भाव रखता है। इस अवस्था के कारण उसका अज्ञान नष्ट हो जाता है, सभी दुःख समाप्त हो जाते हैं। इसी समत्त्व भाव का नाम योग है। गीता के दूसरे अध्याय में ही योग की एक अन्य परिभाषा देते हुए भगवान् श्रीकृष्ण कहते हैं–

**''योगः कर्मसु कौशलम्''। गीता 2/50**

इस कथन का अभिप्राय है फलासक्ति का त्याग करके कर्म करना ही कर्मकौशल है। कर्म करते हुए यदि कर्ता कर्म में आसक्त हो गया तो वह कर्मकौशल नहीं कहलाता है। कर्त्ता की कुशलता तो यह है कि कर्म करके उसको वहीं छोड़ दिया जाये। हानि और लाभ, जय अथवा पराजय, कार्य–सिद्धि या असिद्धि के विषय में चिन्ता ही न की जाये। कर्म करते हुए यदि कर्त्ता उस कर्म का दास होकर रह गया तो वह कर्त्ता का अस्वातंत्र्य हुआ। कर्त्ता तो स्वतंत्र हुआ करता है।

यदि कर्म ने कर्त्ता को पराधीन कर दिया तो यह कर्म की विजय हुई कर्त्ता की नहीं। कर्ता का स्वातंत्र्य तो तब सिद्ध होता है जब कर्त्ता स्वेच्छया से कर्म का और उसके फल का त्याग कर देता है। अतः फलासक्ति का त्याग करके कर्म करना ही कर्मकौशल है। दुष्कृत में आसक्ति की अपेक्षा भी सुकृत में आसक्ति को छोड़ना और कठिन है। किंतु जिसको यह अनासक्ति योग की बुद्धि प्राप्त हो गई, वह दुष्कृत को और विशालतर सुकृत में बंधक लघुतर सुकृ त को– इन दोनों को त्याग देता है। इसलिए तू इस अनासक्ति–योग की प्राप्ति के लिए जुट जा। जो लोग इस अनासक्ति योग को प्राप्त कर लेते हैं, वे जन्म के बंधनों से घबड़ाते नहीं। विपरीत से विपरीत परिस्थितियों की दीवार को तोड़कर पार हो जाते हैं। इसी कुशलता का नाम योग है।

योग की एक अन्य महत्त्वपूर्ण परिभाषा देते हुए गीता के छठे अध्याय में भगवान् श्रीकृष्ण कहते हैं– मनुष्य का जीवन पर्यत दुःखों से संयोग बना रहता है। दुःखों के इसी संयोग का पूर्णतः वियोग हो जाना, दुःखों की सदा के लिए समाप्ति हो जाना ही योग है–

**"दुःखसंयोगवियोगं योगसंज्ञितम्।" गीता 6/23**

क्योंकि जब दुःखों की आत्यन्तिक निवृत्ति हो जाती है तो वे पुनः उत्पन्न नहीं होते। गीता में 'योग' शब्द को अनेक अर्थ में प्रयोग किया गया है, परंतु मुख्य रूप से गीता में ज्ञानयोग, कर्मयोग और भक्तियोग, इन तीन योग मार्गों का विस्तृत रूप में वर्णन किया गया है।

**ज्ञानयोग :** ज्ञानयोग के माध्यम से गीता उपदेश देती है कि यह समस्त दृश्य जगत् परमात्मा से ही उत्पन्न होता है और अंत में परमात्मा में ही लीन हो जाता है। अर्थात् ऐसा समझना चाहिए कि संपूर्ण भूत प्रकृति से उत्पन्न हुआ है और संपूर्ण जगत् का उद्भव एवं प्रलय का मूल कारण परमात्मा है।

**एतद्योनीनि भूतानि सर्वाणीत्युपधारय।**
**अहं कृत्स्नस्य जगतः प्रभवः प्रलयस्तथा।। गीता 7/6**

अब यहाँ यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि ज्ञानयोग का विषय क्या होना चाहिए? इस प्रश्न के उत्तर में यह कहा जा सकता है कि वह समग्र ज्ञान जिससे जीव परमपद् मोक्ष को प्राप्त कर सके। इसलिए मनुष्य को आत्मा, प्रकृति एवं ईश्वर को जानना आवश्यक है जिसे जानकर मनुष्य अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है।

गीता के सातवें अध्याय में दो प्रकार की प्रकृति अपरा और परा के स्वरूप का वर्णन करते हुए कहा गया है कि पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश, मन, बुद्धि और अहंकार यह आठ प्रकार से विभाजित मेरी जो प्रकृति है वह अपरा (जड़) प्रकृति है तथा दूसरी परा प्रकृति, जिससे यह सम्पूर्ण जगत् धारण किया जाता है, मेरी जीवरूपा परा अर्थात् (चेतन) प्रकृति है। आत्मा के स्वरूप का निरूपण गीता के दूसरे अध्याय में किया गया है।

आत्मा के स्वरूप का वर्णन करते हुए कहा गया है कि यह आत्मा न तो किसी काल में जन्म लेता है और न ही मरता है तथा न यह उत्पन्न होकर फिर होने वाला ही है। क्योंकि यह आत्मा अजन्मा, नित्य, सनातन और पुराना है। यह शरीर के मारे जाने पर भी नहीं मारा जाता।

**न जायते म्रियते वा कदाचिन्नायं भूत्वा भविता वा न भूयः।**
**अजो नित्यः शाश्वतोयं पुराणो न हन्यते हन्यमाने शरीरे।।**
**गीता 2/20**

इसी अध्याय में आत्मा के अन्य स्वरूपों का वर्णन करते हुए कहा गया है कि यह आत्मा अच्छेद्‌य। है, यह आत्मा अदाह्य, अक्लेद्य और निःसन्देह अशोष्य है, तथा यह आत्मा नित्य सर्वव्यापी, अचल और स्थिर रहने वाला सनातन है। **अच्छेद्‌योऽयमदाह्योऽयमक्लेद्योऽशोष्य एव च।**
**नित्यः सर्वगतः स्थाणुरचलोऽयं सनातनः।। गीता 2/24**

और यह आत्मा, अव्यक्त है, अचिंत्य है तथा यह आत्मा विकाररहित है। इसलिए हे अर्जुन! इस आत्मा को उपर्युक्त प्रकार से जानकर तू शोक करने योग्य नहीं है, अर्थात् तुझे शोक करना उचित नहीं है। इस प्रकार यह आत्मा ऐसी है, यह जानकर इस विषय में शोक करना योग्य नहीं है। आत्मा 'सर्वगत' अर्थात् सर्वव्यापक है। योग का आचरण करने वाला शुद्धात्मा जिसने अपने आत्मा और इन्द्रियों पर विजय पा लिया है ऐसा श्रेष्ठ पुरुष कर्म करता हुआ भी कर्म में लिप्त नहीं होता। कर्म का लेप न होने के लिए इसे सर्वात्मभाव की सिद्धि प्राप्त होनी चाहिए।

**योगयुक्तो विशुद्धात्मा विजितात्मा जितेन्द्रियः।**
**सर्वभूतात्मभूतात्मा कुर्वन्नपि न लिप्यते।। गीता 5/7**

गीता के आठवें अध्याय में परमदिव्य पुरुष (ईश्वर) के स्वरूप का वर्णन करते हुए कहा है कि ईश्वर सर्वज्ञ है, अतः उससे कुछ भी अज्ञात नहीं है। वह प्राचीन है और प्राचीन काल से अर्थात् सदा से ही सबका नियन्ता और शासनकर्त्ता है। वह सब जगत् का एकमात्र सर्वाधिकारी शासक है। वह सूक्ष्म से भी अतिसूक्ष्म है और सबका एकमात्र आधार है। उसके अखण्ड अनन्त स्वरूप का चिंतन करना बहुत कठिन कार्य है। वह स्वयं अत्यन्त तेजस्वी है, इसलिए उसके पास अंधकार नहीं रह सकता।

**कविं पुराणमनुशासितारमणोरणीयांसमनुस्मेरः।**
**सर्वस्य धातारमचिन्त्यरूपमादित्यवर्णं तमसः परस्तात्।। गीता 8/9**

इसी दिव्य परम पुरुष का सबको ध्यान करना चाहिए। प्रयाणकाल में, भक्तियुक्त होकर, भृकुटी में प्राणों को अच्छी प्रकार स्थापित करके, निश्चल मन से जो इसका ध्यान करता है, वह उस दिव्य परम श्रेष्ठ पुरुष (परमात्मा) को प्राप्त कर लेता है।

**प्रयाणकाले मनसाचलेन भक्त्या युक्तौ योगबलेन चैव।**
**भ्रुवोर्मध्ये प्राणमावेश्य सम्यक् स तं परं पुरुषमुपैति दिव्यम्।। गीता 8/10**

ऐसे समय ओंकार का जप और परमेश्वर का चिंतन करता हुआ जो शरीर को त्याग कर जाता है, वह निःसन्देह परमश्रेष्ठ गति को प्राप्त होता है। इसी ज्ञानयोग की पुष्टि के लिए गीता कर्मयोग का भी उपदेश देती है, क्योंकि निष्काम भाव से कर्म करने पर ही ज्ञान की प्राप्ति होती है। तभी उस ज्ञान से परमात्मा को प्राप्त किया जा सकता है। अब यहाँ कर्मयोग का उल्लेख किया जा रहा है– **कर्मयोग :** गीता के तीसरे अध्याय में कर्मयोग का वर्णन किया गया है। गीता में कहा है कि मनुष्य में कर्म करने की स्वाभाविक प्रवृत्ति है। एक क्षण भी मनुष्य कर्म किये बिना नहीं रह सकता।

**न हि कश्चित् क्षणमपि जातु तिष्ठत्यकर्मकृत्।**
**कार्यते ह्यवशः कर्म सर्वः प्रकृतिजैर्गुणैः।। गीता 3/5**

वह इच्छा से करे, अनिच्छा से करे, स्वभाव से करे अथवा कैसी भी वृत्ति से करे, उससे कर्म होना ही है। कुछ भी करो, कर्म छूटता नहीं। मनुष्य स्तब्ध रहा तो भी उस समय उससे स्तब्ध रहने का कर्म होता है। मनुष्य का शरीर स्तब्ध रखा गया, तो भी उसके मन के व्यापार बन्द नहीं होते, वह मन से मनन करके अनेक कर्म करता रहता है। निद्रा लेने का कर्म होता ही है तथापि उसमें स्वप्न आने लगे, तो वह स्वप्न देखने का भी कर्म करता है। यह कर्म कैसे रोका जाए? और यह सब न हुआ, ऐसा भी क्षणभर के लिए मान लीजिए; परंतु हर एक प्राणी जीवित रहने का कार्य तो करता ही है। श्वास–प्रश्वास, हृदय की धड़कन, आँखों का खोलना और मूँदना, ये कर्म शरीर के स्वभाव से ही होते हैं; इसके अतिरिक्त शरीर का जीर्ण होना, रोगी होना, निरोग रहना आदि कर्म होते हैं।

अतः मनुष्य का कर्मों का प्रारम्भ न करने का निश्चय और कर्मों के त्याग करने का निश्चय ये दोनों निश्चय अव्यवहार्य है। कर्म न करना तो एक क्षणमात्र भी संभवनीय नहीं है। मन से इन्द्रियों का संयम करके अनासक्त भाव से कर्म करने वाले की प्रशंसा करते हुए कहा है कि हे अर्जुन! जो पुरुष मन से इन्द्रियों को वश में करके अनासक्त हुआ समस्त इन्द्रियों द्वारा कर्मयोग का आचरण करता है, वही श्रेष्ठ है।

**यस्त्वन्द्रियाणि मनसा नियम्यारभतैर्जुन।**
**कर्मेन्द्रियैः कर्मयोगमसक्तः स विशिष्यते।। गीता 3/7**

इसलिए तू शास्त्रविहित कर्त्तव्य कर्म कर; क्योंकि कर्म न करने की अपेक्षा कर्म करना श्रेष्ठ है तथा कर्म न करने से तेरा शरीर–निर्वाह भी सिद्ध नहीं होगा।

**नियतं कुरु कर्म त्वं कर्म ज्यायो ह्यकर्मणः।**
**शरीरयात्रापि च ते न प्रसिद्धेदकर्मणः।। गीता 3/8**

'नियत कर्म' का आशय दो प्रकार से व्यक्त हो सकता है। एक नियत कर्म वह है जो धर्मशास्त्र के द्वारा प्रत्येक मनुष्य के लिए निश्चित हो चुका है। शम–दम–तप आदि ब्राह्मण के लिए; शौर्य, युद्ध से अपलायन, दान आदि क्षत्रिय के लिए; कृषि, गौरक्षा, वाणिज्य वैश्य के लिए और कारीगरी तथा परिचर्यादि कर्म शूद्र के लिए धर्मशास्त्र द्वारा निश्चित किये हुए कर्म हैं। चार वर्णों में उत्पन्न हुए मनुष्यों के इस प्रकार के चतुर्विध कर्म धर्मशास्त्र द्वारा निश्चित है। ये ही कर्म नियत कर्म हैं। अपना वर्ण और अपना आश्रम इनके लिए जो कर्म धर्मशास्त्र से नियत हुआ है, वह उस मनुष्य को सदा करना चाहिए।

दूसरा नियत कर्म का आशय 'सहज कर्म' या 'स्वकर्म' से है। सहज कर्म का अर्थ है– 'अपने जन्म के साथ जन्मा हुआ कर्म'। प्रत्येक मनुष्य के साथ उसका कर्म निश्चित रूप से जन्मता है। इसी प्रकार स्वकर्म का अर्थ– 'अपने भाव अर्थात् जन्म के साथ नियत हुआ कर्म'। इन दोनों शब्दों का अर्थ प्रायः एक ही है।

गीता में यज्ञार्थ कर्म करने का भी उपदेश दिया गया है। यज्ञ के लिए जो कर्म किये जाते हैं, उन यज्ञ कर्मों से मनुष्य को बंधन नहीं होता, परंतु जो दूसरे कर्म मनुष्य करता है उनसे मनुष्य को बन्धन होता है। इस कारण यज्ञ के लिए आसक्ति छोड़कर कर्म कर। अर्थात् यज्ञकर्म से मनुष्य बन्धन से छूटता है और तदर्थं यज्ञरहित अन्य कर्मों से मनुष्य को बंधन होता है।

**यज्ञार्थात्कर्म कर्म कौन्तेय मुक्तसंगः समाचर।। गीता 3/9**

यहाँ यज्ञ शब्द का केवल होम (हवन) अर्थ नहीं है। गीता के चौथे अध्याय में श्लोक संख्या 25 से 32 तक विविध यज्ञ कहे गए हैं। उनमें ये मुख्य हैं–इन्द्रियसंयमयज्ञ, द्रव्ययज्ञ, तपोयज्ञ, योगयज्ञ, स्वाध्याययज्ञ, ज्ञानयज्ञ इत्यादि। वेद में सभी श्रेष्ठ कर्मों को यज्ञ कहा है। **"यज्ञौ वै श्रेष्ठतमं कर्म।"** यज्ञों में होमहवन (अग्निहोत्र) भी एक यज्ञ है। मनुष्य के जीवन– व्यवहार में भी क्षण–क्षण में यज्ञ होते रहते हैं। मनुष्य का बोलना, चलना, खाना, पीना, सोना और जागना सब यज्ञरूप होना चाहिए। भगवद्गीता का यही उपदेश प्रारम्भ से अन्त तक स्पष्ट रीति से दिखता है। इस प्रकार से यज्ञकर्म आसक्तिरहित होकर निःस्वार्थ भाव से करनी चाहिए। इसलिए तू निरन्तर आसक्ति से रहित होकर सदा कर्त्तव्य कर्म को भलीभाँति करता रह, क्योंकि आसक्ति से रहित होकर कर्म करता हुआ मनुष्य परमात्मा को प्राप्त हो जाता है।

**तस्मादसक्तः सततं कार्यं कर्म समाचर**
**असक्तो ह्याचरन्कर्म परमाप्नोति पुरुषः। गीता 3/19**

**भक्तियोग :** परंतु ज्ञानयोग एवं कर्मयोग के लिए भक्ति का होना भी आवश्यक है, क्योंकि भक्ति के बिना निष्काम कर्म नहीं हो सकता। जब साधक भक्तियोग के माध्यम से अपना सर्वस्व भगवान् को अर्पित कर देता है तो उसकी सांसारिक पदार्थों में आसक्ति समाप्त हो जाती है। तभी परमात्मा को जान पाता है। गीता के बारहवें अध्याय में भगवान् श्रीकृष्ण ईश भक्ति (उपासना) करने वाले योगियों की श्रेष्ठता का वर्णन करते हुए कहते हैं कि जो परमेश्वर के सगुण रूप में मन लगाकर, नित्य परमेश्वर की सगुण भक्ति में तत्पर परमश्रद्धा से ईश्वर की सगुण उपासना करते हैं, वे योगियों में श्रेष्ठ योगी हैं। यह अपना निज मत है अर्थात् भगवान् श्रीकृष्ण के मत से 'व्यक्त रूप की उपासना करने वाले योगी श्रेष्ठ होते हैं।'

**मय्यावेश्य मनो ये मां नित्युक्ता उपासते।**
**श्रद्धया परयोपेतास्ते मे युक्ततमा मताः।। गीता 12/2**

श्रेष्ठ योगी होने के लिए तीन बाते आवश्यक हैं, वे ये हैं– 1. मनः आवेश्य– ईश्वर में मन लगाना।, 2. नित्ययुक्तः– ईश्वर से नित्य योग संबंध करना, कुशलता के साथ कर्म करना। 3. परया श्रद्धया उपेतः – श्रेष्ठ श्रद्धा से युक्त होना। ईश्वर का रूप वही है जो इस विश्व में दिखाई देता है। विश्व का वही रूप परमात्मा का अखण्ड रूप है। यह रूप अनंत है, उसमें जो अपनी उपासना के लिए योग्य है, वही लिया जावे और उसमें अपना मन पूर्णता के साथ लगाया जावे, जो कुछ किया जाए, वह अटल श्रद्धा से किया जावे। इस तरह जो भक्ति होती है, वही श्रेष्ठ भक्ति है।

निराकार ब्रह्म के स्वरूप का कथन और उसकी उपासना से भगवत्प्राप्ति की बात बतलाते हुए गीता के इसी अध्याय में कहा है कि जो

पुरुष इंद्रियों के समुदाय को भली प्रकार से वश में करके मन–बुद्धि से परे, सर्वव्यापी, अकथनीय, स्वरूप और सदा एकरस रहने वाले नित्य, अचल, निराकार, अविनाशी ब्रह्म को निरंतर एकीभाव से ध्यान करते हुए भजते हैं, वे सम्पूर्ण भूतों के हित में रत और सब में समान भाववाले योगी मुझको ही प्राप्त होते हैं।

**(क) ये ते त्वक्षरमनिर्देश्यमव्यक्तं पर्युपासते।**
**सर्वत्रगमचिन्त्यं च कुटस्थमचलं ध्रुवम्।।**
**(ख) सन्नियम्येन्द्रियग्रामं सर्वत्र समबुद्धयः।**
**ते प्राप्नुवन्ति मामेव सर्वभूतहिते रताः।। गीता 12/3–4**

ज्ञानयोग, कर्मयोग और भक्तियोग इन तीनों को एक साथ सिद्ध करने के लिए साधन के रूप में गीता ध्यान योग का विस्तृत वर्णन करती है।

**ध्यानयोग :** चित्त की चंचलता को दूर करने का सबसे उत्तम मार्ग ध्यानयोग है। ध्यान योग का वर्णन करते हुए गीता के छठे अध्याय में कहते है कि एकान्त में स्थित अकेला चित्त और आत्मा को वश में किये हुए, कामनाओं से रहित किसी भी प्रकार के दबाब से रहित योगी, अपने आप को निरंतर परमात्मा में लगावे।

**योगी युंजीत सततमात्मानं रहसि स्थितः।**
**एकाकी यतचित्तात्मा निराशीरपरिग्रहः।। गीता 6/10**

वह ध्यान किस स्थान पर किया जाये इसका वर्णन करते हुए योगेश्वर श्रीकृष्ण कहते हैं– पवित्र स्थान में, जिसके ऊपर क्रमशः कुशा, मृगछाला और वस्त्र बिछा हुआ हो। यह आसन न अधिक ऊँचा हो और न अधिक नीचा ऐसे आसन पर अपने शरीर को स्थिर करते हुए बैठकर साधना करनी चाहिए। आसन पर सिर और गर्दन एक सीध में रखते हुए चित्त और इंद्रियों की क्रियाओं को वश में रखते हुए मन को एकाग्र करके अन्तःकरण की शुद्धि के लिए योग का अभ्यास करें।

**(क) शुचौ देशे प्रतिष्ठाय स्थिरमासनमात्मनः।**
**नात्युच्छ्रितं नातिनीचं चैलाजिनकुशोत्तम्।। गीता 6/11**
**(ख) तत्रैकाग्रं मनः कृत्वा यतचित्तेन्द्रियक्रियः।**
**उपविश्यासने युंजयाद्योगमात्मविशुद्धये।।**
**(ग) समं कायशिरोग्रीवं धारयन्नचलं स्थिरः।**
**सम्प्रेक्ष्य नासिकाग्रं स्वं दिशश्चानवलोकयन्।।**
**गीता 6/12–13**

सीधे बैठकर अपनी दृष्टि को नासिका के अग्र भाग पर स्थिर करते हुए ध्यान का अभ्यास करना चाहिए। इस प्रकार अभ्यास करने से साधक का मन सहज रूप से एकाग्र हो जाता है। ध्यानयोग के लिए उपयुक्त आहार–विहार तथा शयनादि नियम और उनके फल का प्रतिपादन करते हुए कहा है कि हे अर्जुन! योग न तो बहुत खाने वाले का सिद्ध होता है और न तो बहुत कम खाने वाले का होता तथा यह योग न तो ज्यादा सोने वाले का और न सदा जागते रहने वाले का सिद्ध होता है।

**नात्यश्नतस्तु योगोऽस्ति न चैकान्तमनश्नतः।**
**न चाति स्वप्नशीलस्य जाग्रतो नैव चार्जुन।। गीता 6/16**

योगसाधक का आहार–विहार उचित होना चाहिए। उसकी सभी क्रियाएँ यथायोग्य होनी चाहिए। उसका सोना, जागना भी समय पर होना चाहिए क्योंकि जो साधक इन बातों का पालन करता है उसके लिए योगमार्ग दुःखनाशक होता है।

**युक्ताहारविहारस्य युक्तचेष्टस्य कर्मसु।**
**युक्तस्वप्नावबोधस्य योगो भवति दुःखहाँ । गीता 6/17**

ध्यानयोग का फल के बारे में बतलाते हुए गीता में कहा गया है कि वश में किये हुए मनवाला योगी इस प्रकार आत्मा को निरन्तर मुझ परमेश्वर के स्वरूप में लगाता हुआ मुझमें रहने वाली परमानन्द की पराकाष्ठा रूप शान्ति को प्राप्त होता है।

**युंजन्नेवं सदात्मानं योगी नियतमानसः।**
**शान्तिं निर्वाणपरमां मत्संस्थामधिगच्छति।। गीता 6/15**

यही अंतिम उच्चतम अवस्था है। ध्यानयोग के अन्तिम स्थिति को प्राप्त हुए पुरुषों के लक्षण के बारे में कहा गया है कि अत्यन्त वश में किया हुआ चित्त जिस काल में परमात्मा में ही भलीभाँति स्थित हो जाता है, उस काल में सम्पूर्ण भोगों से स्पृहारहित पुरुष योगयुक्त है, ऐसा कहा जाता है। भगवान् श्रीकृष्ण ने गीता में योग का फल बताते हुए कहा है कि जो साधक योग का आचरण करता है, जिसका हृदय शुद्ध है, जिसने अपने आपको जीत लिया है, जिसने अपने इन्द्रियों को जीत लिया है और जिसकी आत्मा सब भूतों की आत्मा बनी है, वह कर्म करता हुआ भी अलिप्त रहता है।

**योगयुक्तो विशुद्धात्मा विजितात्मा जितेन्द्रियः।**
**सर्वभूतात्मभूतात्मा कुर्वन्ननि न लिप्यते।। गीता 5/7**

इस प्रकार हम देखते है कि 'गीता' योगशास्त्र ही है। इसके सभी अध्यायों में योग की विस्तृत चर्चा मिलती है। इसमें योग साधक के लिए विभिन्न योग मार्गों का वर्णन किया गया है, जिसके अनुरूप प्रत्येक मनुष्य कोई एक मार्ग को अपनाकर परमलक्ष्य मोक्ष तक पहुँच सकता है।

**संदर्भ :**


1.
2. गीता यथारूप, 2/3
3. गीता यथारूप, 2/47
4. गीता यथारूप, 2/64
5. गीता– 3/11
6. श्रीमद्भगवद्गीता, साधक संजीवनी टीका, स्वामी रामसुखदास, गीता प्रेस, गोरखपुर
7. गीता रहस्य, बाल गंगाधर
8. सत्य के प्रयोग, महात्मा गांधी
9. श्रीमद्भगवद्गीता, 4/39
10. गीता– 6/5
11. गीता– 6/29
12. गीता– 9 /18
13. गीता– 9/22

# श्रीमद्भगवद्गीता में ज्ञान, कर्म व भक्तियोग की उपादेयता

वीना रानी

भारतीय दर्शन का मूल ज्ञान, कर्म व भक्ति है। ज्ञान, कर्म व भक्ति के ऊपर कुछ चिंतन आवश्यक व अपेक्षित है। इसके बारे में एक सूक्ति है –'ज्ञानं भारः क्रिया विनाश्'। गीता में ज्ञान, कर्म और भक्ति को मोक्ष का मार्ग बताया है। इस प्रकार से गीता को ज्ञानयोग, भक्ति योग व कर्मयोग की त्रिवेणी कहा गया है।

**ज्ञान योग :** शुध्द आत्मा स्वरूप का ज्ञान या आत्मचैतन्य की अनुभूति। उपनिषदों में इसे ब्रह्म अनुभूति से जाना जाता है। जैसे कि कहा गया है–

**"ऋते ज्ञानन्न मुत्तिः" (ज्ञान के बिना मुक्ति सम्भव नहीं है)**

आचार्य शंकर के अद्वैत ग्रंथ और उनके ऊपर लिखे गए भाष्य ग्रन्थों में ही ज्ञान योग का साहित्य झलकता है।

**ज्ञान योग का स्वरूप :** ज्ञान तथा योग इन दो शब्दो के मेल से ज्ञाऩयोग बना है। जिसमें ज्ञान का अर्थ है– लौकिक ज्ञान, वैदिक ज्ञान, साधारण ज्ञान, असाधारण ज्ञान, प्रत्यक्ष ज्ञान व परोक्ष ज्ञान।किंतु ज्ञान योग में इसका अर्थ इनसे अलग ही किया गया है। ज्ञान शब्द "ज्ञ"धातु से बना है, जिसका अर्थ है –जानना। इस जानने अर्थ में वस्तु का केवल बाह्य रूप ही समाहित नहीं है, बल्कि उसके वास्तविक रूप की अनुभूति भी होती है। इस प्रकार ज्ञानयोग का अर्थ हुआ– आत्मा स्वरूप की अनुभूति, ब्रह्म स्वरूप की अनुभूति, सच्चिदानन्द की अनुभूति, षड्दर्शनों में ज्ञान योग ब्रह्म चैतन्य को ही अपने अन्दर समाहित किए हुए है। उसी का मूल समस्त सृष्टि है। इसी कारण इसके मूल स्वरूप का ज्ञान होना या ब्रह्म की अनुभूति होना ही वास्तविक ज्ञान है।इसी अनुभूति को अनुभव कराने वाला ज्ञान योग ही है। मानव जीवन का उद्देश्य भगवान के साथ अपने संबंधों के आध्यात्मिक ज्ञान का विकास करना है। सूर्यदेव विवस्वान् नाम से जाना जाता है। समस्त ग्रहों का उद्गम स्थल सौरमण्डल ही है। जैसा कि ब्रह्म संहिता में कहा गया है–

**यच्चक्षुरेष सविता सकलग्रहाणां राजा समस्तसुर मूर्तिरशेष तेजाः।**
**यस्याज्ञाया भ्रमित सम्भृतकालचक्रो गोविन्दमादिपुरुषं तमहं भजामि।। 1**
**(ब्रह्म संहिता 5.52)1**

**ज्ञानयोग की विधि :** विवेकानन्द के कथनानुसार जो निषेधात्मक वस्तु होती है उनसे ध्यान हटाना और वास्तविक वस्तुओं पर ध्यान लगाना है और जो वास्तविक स्वरूप है – सत्, चित् एवं आनन्द है। गीता में श्रीकृष्ण को अतिमानव, सच्चिदानन्द विग्रह, दिव्य गुण तथा द्विकाल से परे माना है। वेदों में भी बताया गया है कि अद्वैत होते हुए भी भगवान के असंख्य स्वरूप है, जिस प्रकार वैदूर्यमणि अपना रंग बदलते हुए भी एक ही रहता है। उनके इन सारे

स्वरूपों को ज्ञान योग के माध्यम से ही भक्त समझ पाता है। वेदान्त सार में सच्चिदानन्दम् पर प्रकाश डाला है–

**अखण्ड सच्चिदानन्दमवाङ्मा मनसगोचरम।**
**आत्मानमखिलाधारमाश्रयेऽभीष्ट सिध्दये।। (वेदान्तसार 1.1)''2**

इसमें सदानन्द ने सच्चिदानन्दम् पर प्रकाश डालते हुए कहा है– वह ब्रह्म सत्, चित् और आनन्द स्वरूप है। सत् का अर्थ है तीनों कालो व लोकों में हमेशा विद्यमान रहने वाला है। उसका विनाश करना सम्भव नहीं है। संसार में उसके अतिरिक्त कुछ भी नहीं है। चित् का अर्थ है वह ब्रह्म चैतन्य रूप है– जितने भी सृष्टि में चेतन है वे सब ब्रह्म रूप है। ब्रह्म कभी अचेतन नहीं होता है। आनन्द का अर्थ है –कि दिव्य आनन्द की प्राप्ति। वह कभी भी दुःख रूप में नहीं होता है। ब्रह्म का आनन्द क्या है यह ज्ञान प्राप्ति के बाद ही संभंव होता है।

**ज्ञानयोग में ब्रह्म वाक्य :** उपनिषदों में श्रवण, मनन व निदिध्यासन को ब्रह्म वाक्य कहा गया है– श्रवण–छः प्रकार के लिङ्गों द्वारा सम्पूर्ण वेदान्तसूत्रों का अद्वितीय ब्रह्म में तात्पर्य निर्धारण करना श्रवण कहा जाता है या उपनिषदो में कही गयी बातों को सुनना श्रवण है।

**मनन :** जब श्रवण द्वारा यह निश्चय हो जाता है कि सभी का तात्पर्य अखण्ड वस्तु में है, तो वेदांत के अनुसार उसका निरंतर चिंतन करना मनन कहलाता है।

**निधि निदिध्यासन :**विरोधी अर्थात् शरीर आदि के विचारों से रहित अद्वैत ब्रह्म के विषय में अनुकूल विचार धारा का प्रवाह ही निदिध्यासन है। शरीरादि तत्व जड़ है जो अद्वैत के विरुद्ध है। अतः आत्मतत्व का चिंतन ही निदिध्यासन है।

ब्रह्म वाक्य मुख्य रुप से चार माने गये हैं–

1. अयमात्मा ब्रह्म, 2. सर्व खल्विदं ब्रह्म, 3. तत्त्वमसि, 4. अहम् ब्रह्मस्मि।

अयमात्मा ब्रह्म–इसमें मनुष्य यह आत्मा ही ब्रह्म है। इसके अतिरिक्त कुछ नहीं है। सर्व खल्विदं ब्रह्म–छान्दोग्य उपनिषद में बताया गया है– यह ब्रह्म ही निश्चय से सब कुछ है। तत्त्वमसि– तत्– त्वम्–असि (वह तुम ही हो)

2. तत्– तत् शब्द का अर्थ है– शुद्ध चैतन्य या ब्रह्म
3. त्वम्– त्वम् शब्द का अर्थ है– अज्ञानोपहित चैतन्य। वास्तव में यह शुद्ध चैतन्य का व्यष्टि रूप है। वस्तुतः वह अज्ञान के कारण ही शुद्ध चैतन्य सर्वज्ञ आदि के रूप में दिखाई देते है। वस्तुतः वह शुद्ध चैतन्य से अलग नहीं है।

**श्रीमदभगवदगीता के अनुसार योग :** गीता का मुख्य उपदेश योग है। इसी कारण गीता को योगशास्त्र के नाम से जाना जाता है। गीता के अनुसार मानव अज्ञान वंश बन्धन की अवस्था में पड़ जाता है। अज्ञान का अंत ज्ञान होता है। इसलिए गीता में मोक्ष पाने के लिए ज्ञान की महता पर प्रकाश डाला गया है। आत्मा और परमात्मा सम्बन्धी पूर्णज्ञान पर प्रकाश डाला गाया है।

जो मनुष्य यह जानता है कि शरीर तथा आत्मा क्या है– वह किसी भी अवस्था में चाहे शरीर जीवित है या मृत शोक नहीं करता है। गीता में अर्जुन का तर्क था कि राजनीति की अपेक्षा धर्म को अधिक महत्त्व मिलना चाहिए,

लेकिन उसे यह ज्ञान नहीं था कि पदार्थ, आत्मा तथा परमेश्वर का ज्ञान धार्मिक सूत्रों से भी बड़ा है, क्योंकि उसमें ज्ञान का अभाव था। जो वस्तु शोक के योग्य ही नहीं है, वह उनके लिए शोक कर रहा था। क्योंकि इस संसार में जो मनुष्य जन्म लेता है, उसकी मृत्यु निश्चित है, इसलिए शरीर इतना महत्त्वपूर्ण नहीं है, जितनी आत्मा है। वेदों में और उपनिषदों में बताया गया है भगवान अंश रूप में सभी जीवों में वास करते, केवल साधु पुरुष ही, जो एक ही ईश्वर को बाहर–भीतर देख सकता है, पूर्ण शान्ति प्राप्त कर सकता है।

**नित्यो नित्यानां चेतनश्चेतनानाम् एको बहूनां यो विदधाति कामान्।[3]**
**तमात्मस्थं येऽनुपश्यन्ति धीरास्तेषाम् शान्तिः शाश्वती नेतरेषाम्।।**
**(कठोपनिषद 2.2.13)**

जो वैदिक ज्ञान अर्जुन को दिया गया, वही शाश्वत ज्ञान है और वही विश्व के उन समस्त विद्वानों को दिया जाता है, जो विद्वान् होने का दावा करते है। प्रत्येक व्यक्ति को शरीर के किशी अंश में या पूरे शरीर में सुख–दुःख का अनुभव होता है, परंतु चेतना की व्याप्ति एक शरीर तक ही रहती है। एक शरीर के सुख–दुःख का बोध दूसरे शरीर को नहीं होता है।

**बालाग्रशतभागस्य शतधा कल्पितस्य च।**
**भागो जीवः स विज्ञेयः स चानन्त्याय कल्पते।।**
**(श्वेताश्वेत उपनिषद–4.2)''[4]**

यदि बाल के अग्रभाग को सौ भागो में विभाजित किया जाए और फिर उसके प्रत्येक भाग को सौ भागो में विभाजित जाए। इस प्रकार प्रत्येक भाग का माप आत्मा का परिमाप है।

परम सत्य का बोध ज्ञान की तीन अवस्थाओं में होता है– ब्रह्म सर्वव्यापी चेतना, परमात्मा या भगवान का अन्तर्यामी रूप जो समस्त जीवों के हृदय में विद्यमान रहता है और भगवान या भगवान श्रीकृष्ण। यदि मनुष्य ज्ञानी है, मनीषी है, किन्तु कर्म में प्रवृत नहीं है, तो उसका ज्ञान निरर्थक है, बेकार है। जैसा कि हितोपदेश में बताया गया है–

**शास्त्राण्यधीत्यापि भवन्ति मूर्खाः।''[5]**
**यस्तु क्रियावान् पुरुष सः विद्वान्।। (हितोपदेश– 1.171)**

**गीता का कर्मयोग :** योग का अर्थ है– समत्व की प्राप्ति (समत्वं योग उच्यते) सिद्धि, और असिद्धि सफलता और असफलता में समभाव रखना समत्व कहलाता है। निष्काम भाव से ईश्वर की प्रसन्नता के लिए कर्म करने से मनुष्य कर्म के बंधन से छूट सकता है। तथा आत्मा और परमात्मा विषयक दिव्य ज्ञान को प्राप्त कर सकता है। योग का एक अन्य अर्थ भी है–कर्मो का कुशलता से संपादन करना (कर्मसु कौशलम्)।

भारतीय प्राचीन साहित्य वेदों में ही निहित है। वेदों और धार्मिक ग्रन्थों में ही लोगों के जीवन मूल्य छिपे हुए है। वेदों में कर्म का महत्त्व स्पष्ट रूप से निहित है। जैसा कि ऋग्वेद में कर्म बताया गया है–

**भद्रं भद्रं क्रतुमस्मासु देहि।''[6] (ऋग्वेद– 10.22.13)**

अर्थात् हे परमात्मा! हमें कल्याणदायी श्रेष्ट कर्मों को प्रदान करो। मंत्रदृष्टा ऋषि कहते है कि जो प्रमादी है अथवा कर्म नहीं करता है। वह तो निश्चय ही दस्यु या चौर ही होता है।

**अकर्मा दस्युः।7 (ऋग्वेद–10.22.08)**

इसलिए मनुष्य को निष्ठापूर्वक सद्कर्मो को ही करना चाहिए। क्योंकि जब अंत समय निकट होता है, तो उसकी धन–संपति व काया कुछ भी काम नहीं आते। बल्कि उसके कर्म ही उसके सामने होते हैं। जैसा कि कहा गया है– **कृत स्मर।[8] (यजुर्वेद–40.15)**

वस्तुतः जो मनुष्य कर्मनिष्ठ होता है, विजयलक्ष्मी उसी के सामने नृत्य करती हुई नजर आती है। जैसे कहा भी गया है–

कृ**तं मे दक्षिण हस्ते।/जयो मे सत्य आहितः।।[9] (अथर्ववेद– 7.50.8)**

श्रीमदभगवद्गीता की प्रवृति कर्म में लिप्त होने की है।उसके फल की चाह में नहीं है। इसमें युद्ध से विमुख हुए अर्जुन को युद्ध करने के लिए प्रेरित किया गया है। इसमें गीता का ज्ञान सफल रहा है, इसलिए कह सकते है कि श्रीमदभगवद्गीता प्रधान ग्रन्थ है, वैसे तो इसमें भी निवृति का मार्ग बताया गया है लेकिन गीता का ज्ञान सर्वोत्तम है। गीता में कर्म के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए कहा गया है।

**संन्यासः कर्मयोगश्च निःश्रेयसकरावुभौ।**
**तयोस्तु कर्मसन्न्यासात्कर्म योगोविशिष्यते।।[10] (गीता–5.2)**

अर्थात् मुक्ति के लिए कर्म का परित्याग तथा भक्तिमय कर्मयोग दोनों ही श्रेष्ठ है, लेकिन इन दोनों कर्मों में से भक्तियुक्त कर्म ही श्रेष्ठ है।

इसलिए यह स्पष्ट है कि कर्मयोग ही श्रेष्ठ है। मनुष्य इन्द्रियों की तृप्ति के लिए नाना प्रकार के कर्मों को करता है। वह इस बात से अनजान रहता है कि कष्टों से युक्त उसका यह शरीर पिछले जन्मों के सकाम– कर्मों का ही फल है। यह शरीर नाशवान है। इन्द्रियों की तृप्ति के लिए कर्म करना श्रेष्ठ नहीं है। जब तक वह इसके मोह में फँसा रहेगा, उसका देहाँ तरण होता रहेगा। जब वह भगवान की भक्ति में लीन होगा तभी वह सांसारिक बंधन से मुक्त हो सकता है। गीता में कर्म के महत्त्व को अच्छी प्रकार से निरुपित किया गया है–**कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन।....[11] (गीता–2.47)**

इसमें बताया गया है कि मनुष्य का कर्म करने में ही अधिकार है, फल की इच्छा में नहीं है। यहाँ पर तीन बातें विचारणीय हैं– कर्म, विकर्म तथा अकर्म। कर्म वे होते है, जो प्रकृति के गुणों के रूप में किए जाते हैं। अधिकारी की सम्मति के बिना किए गए कर्म विकर्म कहे जाते है। अपने कर्मों को न करना विकर्म कहलाता है। हर व्यक्ति को अपने कर्म पर अधिकार है, किंतु उसे फल में आसक्ति न रखते हुए अपने कर्मों को करना चाहिए। आसक्ति चाहे स्वीकारात्मक हो या निषेधात्मक वह बंधन का कारण ही होती है। अकर्म पापयुक्त है। निष्काम कर्म ही निःसंदेह मनुष्य को मुक्ति की ओर ले जाने वाले होते हैं। भगवान की भक्ति में लगें रहकर बड़े–बड़े ऋषि, मुनिजन और भक्त गण अपने आप को कर्मों के फल के द्वारा इस भौतिक संसार से मुक्त कर लेते हैं। इस प्रकार वे जन्म मरण के चक्र से मुक्त हो जाते है, भगवान के पास जाकर उस अवस्था को प्राप्त कर लेते हैं जो समस्त दुःखों से दूर है। अपने अज्ञान के कारण मनुष्य यह समझ ही नहीं पाता है कि यह भौतिक संसार एक ऐसा स्थान है। जहाँ पग–पग पर संकट है। केवल अल्पज्ञानी मनुष्य ही यह सोचता है कि सकाम कर्म करते हुए वो सुखी रहेगा। लेकिन उसे तो यह पता

ही नहीं है कि इस संसार में कहीं पर भी, कोई भी शरीर ऐसा नहीं है जो दुःखों से रहित हो, किंतु जो ज्ञानी पुरुष भगवान के वास्तविक स्वरूप को समझ लेता है, वही वैकुण्ठ जाने का अधिकारी बन जाता है।

कर्म के प्रति निष्ठावान होना चाहिए, किन्तु कर्म फल के प्रति आसक्ति हमेशा परित्यज्य ही कही गयी है, इस विषय में गीता में कहाँ गया है–

**बुध्दि युक्तो जहातीह उभे सुकृतदुष्कृत।**
**तस्माद्योगाय युज्यस्व योगः कर्मसु कौशलम्।।[12] (गीता–2.50)**

इस भौतिक संसार में कुछ–ना–कछ उथल पुथल–चलती रहती है– उसका परिणाम चाहे कुछ भी हो– अच्छा या बुरा। जो पुरुष ऐसी उथल–पुथल और अच्छे–बुरे से विचलित नहीं होता है। वह कृष्णभावानामृत में स्थिर है। वह पूर्ण ज्ञान की स्थिति को प्राप्त कर लेता है। अणु आत्मा द्वारा शरीर का परिवर्तन भी एक तथ्य है। आधुनिक समय में विज्ञान के ज्ञानीजन आत्मा के अस्तित्व पर विश्वास नहीं करते है, लेकिन शक्ति साधना की व्याख्या भी नहीं कर पाते तथा उन परिवर्तनों को भी स्वीकार करते हैं। जो बाल्यकाल से युवावस्था तथा युवावस्था से तरुणावस्था और तरुणावस्था से वृद्धावस्था में होते है। यही परिवर्तन दूसरे शरीर में स्थानान्तरित हो जाते हैं–

**वांसासि जीर्णानि यथा विहाय नवानि गृह्णाति नरोऽपराणि।**
**तथा शरीराणि विहाय जीर्णान्यन्यानि संयाति नवानि देही।।[13] (गीता–2.22)**

परमात्मा अणु आत्मा की इच्छा पूर्ति उसी प्रकार करते हैं, जिस प्रकार एक मित्र दूसरे मित्र की करता है। आत्मा और परमात्मा की उपमा दो मित्र पक्षियों से की गई है। जो एक ही वृक्ष पर बैठे हैं। एक तो (अणु आत्मा) वृक्ष के फलों का उपभोग कर रहा है तथा दूसरा मित्र पक्षी (कृष्ण) उसको देख रहा है। यद्यपि दोनों ही समान गणों से युक्त हैं, लेकिन इनमें से एक तो भौतिक वृक्ष के फलों पर मोहित हो जाता, लेकिन दूसरा जो है वो अपने मित्र के कार्य– कलापों का प्रत्यक्ष दृष्टा है। कृष्ण साक्षी पक्षी है, जबकि अर्जुन फल भोक्ता पक्षी। अणु संबंध द्वारा ही उसके एक वृक्ष से दूसरे वृक्ष पर जाने या एक शरीर से दूसरे शरीर में जाने का कारण है। जीव आत्मा शरीर रुपी वृक्ष पर अत्यधिक संघर्षशील है, लेकिन ज्यों ही वह दूसरे पक्षी को अपना परम गुरु मानता है–त्यों ही सारे शोकों से विमुक्ति हो जाता है–

**समाने वृक्षे पुरुषो निमग्नोऽनीशया शोचति मुह्यमानः।**
**जुष्टं यदा पश्यत्यन्यमीशमस्य महिमानमिति वीतशोकः।।[14]**
**(मुण्डक उपनिषद–3.1.2)**

इस प्रकार श्रवण करके भगवान की परम महिमा को समझ कर शोक से मुक्त हो सकता है। मनुष्य को अपने कर्म अनासक्त भाव से करने चाहिए। कर्म को ब्रह्म का स्वरूप माना जाता है। गीता में कहा गया है–

**कर्मब्रह्मोद्भवं विधि ब्रह्माक्षर समुद्भवम।**
**तस्मात् सर्वगतं ब्रह्म नित्यं यज्ञे प्रतिष्ठितम्।।[15] (गीता–3.15)**

कर्म की महिमा तो सम्पूर्ण विश्व या अखिल संसार में व्याप्त है। क्योंकि कोई भी मनुष्य जो यहाँ जन्म लेता है, उसे कर्म तो करने ही पड़ते हैं, चाहे वो कम या ज्यादा हो या फिर अच्छे या बुरे। कर्म की महिमा का गुणगान गाते हुए भर्तृहरि कहते हैं कि–

**ब्रह्मा येन कुलालवत् नियमतो ब्रह्माण्डभाण्डोदरे।**
**विष्णुः येन दशावताचरिते क्षिप्तो महासंकटे।**
**रूदो येन कपालपाणि पुटके भिक्षाटनं कारितः**
**सूर्यो भ्राम्यति नित्यमेव गगने तस्मै नमः कर्मणे।।[16] (नीतिशतकम्–95)**

भगवान भी कर्म करने से बच नहीं सके हैं, उन्हें भी किसी ना किसी रूप में कर्म करना पड़ता है। महाकवि तुलसीदास भी कर्म के महत्त्व को स्पष्ट करते हुए कहते है कि–

**कर्म प्रधान विश्व करि राखा।[17] (रामचरितमानस–2–90–8)**

वस्तुतः अकर्मण्यता, आलस्य और निष्क्रियता का भाव है, और प्रमाद तो निश्चित रूप से मृत्यु के समान है, भर्तृहरि ने ठीक ही कहा है कि–

**आलस्यं हि मनुष्याणां शरीरस्थो महान् रिपुः।**
**नास्त्युद्यमसमो बन्धुः कृत्वा यं नावसीदति।।[18] (नीतिशतकम्–15)**

मनुष्य के शरीर में सबसे बड़ा शत्रु आलस्य ही है तथा परिश्रम के समान कोई बन्धु नहीं है, जिसको करके वह दुःख को प्राप्त नहीं करता है। इस जीव लोक में विद्वानों के लिए प्रमाद कुछ भी नहीं है, जो समुद्र को पार करके समृद्धि युक्त होकर कुनदियों को भी अपने अंदर समाहित कर लेता है। परमात्मा भी दिन–रात कार्य–कर्म में सलंग्न रहता है। जैसे–

**न मे पार्थास्ति कर्त्तव्यं त्रिषु लोकेषु किञ्चन्।**
**नानवाप्तमवाप्तव्यं वर्त एव च कर्मणि।।19 (गीता–3.22)**

**भक्ति योग :** 'श्रीमदभगवद्गीता' ज्ञान, कर्म व भक्ति विषयक श्रेष्ठ ग्रन्थ है। परम सत्य की अनुभूति की विभिन्न विधियों में भक्ति योग सर्वोत्कृष्ट है। यदि कोई मनुष्य भगवान का सान्निध्य चाहता है, तो उसे भक्ति अवश्य करनी चाहिए। यद्यपि परम सत्य ब्रह्म के साक्षात्कार के अनेक साधन है। लेकिन इन सब में भक्ति योग सर्वश्रेष्ठ कहा गया है। यह सबसे अधिक प्रत्यक्ष है और ईश्वर का सान्निध्य प्राप्त करने के लिए सबसे आसान मार्ग है। भक्ति योग के विधि– विधानों का अभ्यास करने के लिए मनुष्य को गुरु की नितान्त आवश्यकता होती है, जो उस आवश्यक कार्यो के बारे में बता सके। गुरु के आदेशानुसार भक्तियोग का अभ्यास करके ही भगवत प्रेम की अवस्था को प्राप्त कर सकता है।

आत्म साक्षात्कार की सब विधियों में भगवान की भक्ति को सर्वश्रेष्ठ बताया है। अच्छी संगत से ही मनुष्य में भक्ति के प्रति आसक्ति उत्पन्न होती है, जिसके कारण ही वह गुरु बनता है और उसके बचनों को वह श्रद्धा भक्ति व आसक्ति के साथ सुनता है। परम सत्य की राह को अपनाकर मनुष्य फल की इच्छा से रहित कर्मो को करता है, आत्मा तथा पदार्थ का ज्ञान पाने के लिए ध्यान लगाता है। किसी को भी जीवन निर्वाह के लिए वस्तुओं की चिंता नहीं करनी चाहिए। क्योंकि भगवत कृपा से सारी वस्तुएँ आसानी से प्राप्त हो जाती हैं। इस प्रकार हम निष्कर्ष रुप में कह सकते हैं, जब परमात्मा कर्त्तव्य करण के प्रति संलग्न होता है, तो हम उसमें निष्क्रिय भाव से युक्त कैसे हो सकते है। कार्य, कर्म और करण ही जीवन है, अकर्मणता तो निश्चित रुप से मृत्यु के समान है। इसलिए सभी मनुष्यों को अकर्मणता को छोड़कर निश्चित रुप से कर्म के प्रति निष्ठावान रहना चाहिए। कर्म तो इस संसार में सबसे श्रेष्ठ

व सर्वोपरि है। कर्म ही धर्म है तथा कर्म ही आत्मदर्शन का साधन है। जैसे कि किसी ने कहा है कि क्रियावान पुरुष ही विद्वान है और ज्ञानी पुरुष ही भक्ति योग के माध्यम से मोक्ष को प्राप्त कर सकता है।

**संदर्भ**


1. ब्रह्म संहिता (5.52)
2. वेदान्तसार (1.1)
3. कठोपनिषद (2.2.13)
4. श्वेताश्वेत उपनिषद (4.9)
5. हितोपदेश (1.171)
6. ऋग्वेद (1.123.13)
7. ऋग्वेद (10.22.08)
8. यजुर्वेद (40.15)
9. अथर्ववेद (7.50.08)
10. गीता (5.2)
11. गीता (2.47)
12. गीता (2.50)
13. गीता (2.22)
14. मुण्डकोपनिषद (3.1.2)
15. गीता (3.15)
16. नीतिशतक (95)
17. रामचरितमानस (2.90.08)
18. नीतिशतक (15)
19. गीता (3.22)

# वैदिक वाङ्मय में नारी एवं स्वास्थ्य : एक विवेचनात्मक अध्ययन

सुनीता देवी

वर्तमान युग में चारों ओर व्याप्त भौतिकता वाद के कारण मानव स्वास्थ्य पर अनुचित प्रभाव पड़ रहा है जिसके कारण मानव अस्वस्थता की ओर अग्रसर होता जा रहा है। मानव के जीवनयापन के लिए शरीर प्रथम साधन है। अतः इसका स्वस्थ रहना अत्यंत आवश्यक है। 'कुमारसम्भवम्' में तो कालिदास ने शरीर को ''धर्म का पहला साधन'' बताया है। **शरीरमाद्यम् खलु धर्मसाधनम्''**

मानव जो समाज का अभिन्न अंग है, उसमें नारी की अहम भूमिका है। अतः नारी का स्वस्थ रहना उतना ही आवश्यक हैं जितना शरीर में रीढ़ की हड्डी का। नारी एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता विशेष अपेक्षित विषय है, जिसकी जानकारी प्राप्त करने के लिए वैदिक वाङ्मय का अध्ययन उपयुक्त साधन है। क्योंकि वैदिक वाङ्मय में स्वास्थ्य संबंधी जानकारी वर्णित है, जिसमें रोगों के कारण एवं उपचार का भली–भाँति निर्देशन किया गया है। रोगों का मुख्य कारण दिनचर्या और खानपान का अव्यवस्थित हो जाना है। आज के समय में आहार और दैनिकचर्या अस्त–व्यस्त सी प्रतीत होती है। इसलिए जीवन को सुचारु एवं रोग मुक्त रखने के लिए वैदिक वाङ्मय में निर्देशित स्वास्थ्य संबंधी नियमों की जानकारी एवं पालन आवश्यक है। जिसके लिए वैदिक वाङ्मय का अध्ययन अपेक्षित है। वेद का व्युत्पत्तिलभ्य अर्थ है– ज्ञान।''[1] जीवन, जगत् और ईश्वर का यथार्थ ज्ञान वेद ही है। भारतीय मान्यता के अनुसार परमात्मा द्वारा प्रदत्त यह ज्ञान जिन मन्त्रों अथवा ऋचाओं में संग्रहित है, उन्हें वेद का नाम दिया गया है। वेद वे प्राचीन ग्रन्थ हैं, जिनमें इच्छित पदार्थों की प्राप्ति और अनिष्टकारी सम्भावनाओं से सुरक्षित रहने के दिव्य उपाय बताए गए हैं। जैसे इस भौतिक जगत् को देखने के लिए नेत्रों की आवश्यकता होती है, उसी प्रकार दिव्य तत्त्वों को जानने और समझने के लिए वेदरूपी नेत्रों की आवश्यकता होती है।

**''वेद का ज्ञान अनन्त है, क्योंकि यह ईश्वरीय ज्ञान है।''[2]**

**''यावद् ब्रह्म विष्ठितं तावती वाक्।''[3]**

वैदिक साहित्य चतुर्धा विभक्त है– संहिता, ब्राह्मण, आरण्यक, उपनिषद्। चार संहिता है– ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद, अथर्ववेद। मन्त्रों या ऋचाओं से संकलित भाग ऋचा कहलाता है। वेदों के चार उपवेद भी हैं– आयुर्वेद, शिल्पवेद, धनुर्वेद, गंधर्ववेद। मन्त्रों पर आधारित व्याख्या जिन ग्रन्थों में संकलित है, उन्हें ब्राह्मण ग्रन्थ कहा जाता है। आरण्यक ग्रंथ ब्राह्मण ग्रन्थों के वे भाग हैं, जिन्हें आरण्यक अर्थात् वनों में लिखा गया था। उपनिषद् जिन्हें वेदान्त भी कहा गया है, इनमें ब्रह्म विद्या अथवा अध्यात्म विद्या का वर्णन निहित है। वैदिक वाङ्मय में प्राणिमात्र के सुख की कामना सर्वत्र की गई है,

जहाँ पर मानसिक आध्यात्मिक सुख के विषय में लिखा गया है, वहीं पर शारीरिक सुख हेतु अर्थात् शरीर को स्वस्थ रखने के लिए आध्यात्मिक ऋषियों ने शरीर रचना पर विशेष ध्यान दिया। उन्होंने लिखा है—त्रिवंधुरेण त्रिवृता रथेना यातमश्विना महवः सोमस्य पीतये।।''[4]

अर्थात् बलदायक प्राण और अपान तथा माधुर्य आदि गुण से संयुक्त वीर्य—शक्ति को विलीन करने के लिए तीन प्रकार के बंधनों वाले— वात, पित्त तथा कफ, इन तीनों प्रकृति वाले पदार्थों से बँधे हुए तीन गुण सत्त्व, रजस् और तमस् इनके साथ वर्तमान 'रथ—स्वरूप' इस शरीर को प्राप्त हो। वैदिक ऋषि शरीर रचना से भली प्रकार परिचित थे और स्वस्थ कैसे रहा जाए, इसे अच्छी तरह जानते थे। यह सर्वविदित है कि स्वस्थ शरीर से ही जीवनयात्रा सुख और संतोष के साथ पूरी हो सकती है। वैदिक वाङ्मय में जहाँ मानव शरीर के स्वरूप रखने की बात कही गई, वहीं पर नारी एवं स्वास्थ्य की ओर भी ध्यान अग्रसर किया गया। वैदिक वाङ्मय में नारी के अनेक रूपों और गुणों का वर्णन किया गया। स्त्री की लज्जाशीलता रूपी गुण का वर्णन करते हुए लिखा गया।'' **अधः पश्यस्व मोपरि संतरां पादकौहर। मा ते कषप्लकौ दृशन्, स्त्री हि ब्रह्मा बभूविथ।''[5]**

लज्जाशीलता के साथ ही स्त्री के गौरव का भी वर्णन है। स्त्री ही ब्रह्म है। ब्रह्म सृष्टिकर्ता है, स्त्री संतानादि के द्वारा परिवार की वृद्धि करती है। वही विद्या—शिक्षा और ज्ञान का प्रसार करती है। जब स्वास्थ्य संबंधी बात कही जाती है तो स्वस्थ रहने के उपायों की जानकारी आवश्यक होती है। वेदों में मुख्यतः ऋग्वेद एवं अथर्ववेद में रोगों के कारण और उनके निवारण का विस्तार से वर्णन किया गया है। शरीरगत धातुओं को क्षीण करने वाले, नाड़ियों, प्राणों अथवा इन्द्रियों को शिथिल दुर्बल और निष्क्रिय बनाने वाले और प्रगति एवं अभ्युदय के बाधक उपताप का नाम रोग है।

**ऋग्वेद का औषधि सूक्त :—**

'ऋग्वेद' के दशम मण्डल में 'औषधियों' के संबंध में विस्तार से वर्णन मिलता है। यह आयुर्वेद के अंतर्गत आता है। **'औषधि' प्रति मोदध्वं पुष्पवती प्रसूवरीः। अश्वाइव सजित्वरीर्वीरुधः पारष्यिरावः।''[6]**

पुष्पों वाली फलों वाली, अश्वों के समान रोग पर विजय पाने वाली रोगी को नीरोग करने वाली लताओं वाली औषधियाँ रोगी के ऊपर प्रभावशाली होती है। ये औषधियाँ माता के समान होती हैं। एक वैद्य रोगी मनुष्य की इन्द्रियों, नाड़ियों, रक्त और हृदय के स्पंदन की परीक्षा करके इनके द्वारा रोगी का उपचार करता है। **इष्कृतिर्नाम को मातायो यूयं स्थ निष्कृतीः। सीराः पतत्रिणीः स्थन यदामयति निष्कृथ।''[7]**

इन औषधियों की माता पृथिवी 'इष्कृति' है। अतः ये 'निष्कृति' हैं। ये शरीर की नस—नाड़ियों में वेग से गति करती हैं और रोगी जिस रोग से पीड़ित हो रहा है, उसे बाहर निकालती है। ये औषधियाँ चन्द्रमा की चाँदनी में बढ़ती हैं, इनके अनेक प्रकार हैं, परंतु जो औषधि हृदय रोग के लिए हैं, वे उत्तम हैं। वै। अनेक प्रकार की दवाओं को मिलाकर रोगी को ठीक करता है। ये दवाएँ मिलकर और नया रूप धारण करने के बाद भी अपना—अपना प्रभाव बनाए

रखती हैं। ये औषधियाँ जड़ी–बूटियों के रूप में इस पृथिवी पर सर्वत्र फैली हुई हैं।

वैदिक काल में आर्य ऋषियों ने इन जड़ी–बूटियों की खोज की थी और अनेक प्रकार के रोगों पर उनका प्रयोग करके 'आयुर्वेद' को जन्म दिया था। ये औषधियाँ जड़ी–बूटियों को कूट–पीसकर व उनका रस निकालकर बनाई जाती थी। अथर्ववेद में अनेक स्थलों पर सभी प्रकार के रोगों के शमन के लिए विशिष्ट पदार्थों और जड़ी–बूटियों का उल्लेख किया गया है। 'गर्भरक्षक' औषधि 'ब्रज' है। आयुर्वेद में इसे 'काकजंघा' कहते हैं। रविवार के दिन इस औषधि की लकड़ी गर्भवती स्त्री की कमर में बाँध देने से गर्भपात कभी नहीं होता।[8]

'बंध्यापन' दूर करने के लिए अभिमन्त्रित सरसों का प्रयोग किया जाता है। ये मात्र कुछ उदाहरण हैं, जो यहाँ दिए गए हैं, जबकि अथर्ववेद में भेषज सूक्तों का प्रचुर भण्डार सुरक्षित है। अथर्ववेद में मन्त्रों द्वारा ही रोगों का शमन नहीं किया जाता, वहाँ 'आयुर्वेदीय चिकित्सा' का भी विधान बताया गया है।वैदिक वाङ्मय के अध्ययन से हमें ज्ञात होता है कि समाज में नारियों को बहुत गौरवपूर्ण स्थान प्राप्त था। प्राचीन काल में स्त्रियों की शिक्षा–दीक्षा की व्यवस्था अति शोभनीय थी और वे सामाजिक कार्यो से लेकर अध्ययन–अध्यापन युद्धों और वीरता में अपनी अमिट छाप छोड़ती थी। इन्द्राणी के सूक्त में स्त्रियों के गौरव का उल्लेख है। रोमषा ब्रह्मवादिनी से ज्ञात होता है कि स्त्रियाँ अध्यात्म का भी उपदेश करती थीं। एक मंत्र में इन्द्राणी को सेनानी के रूप में प्रस्तुत किया गया है। **इन्द्राण्येतु प्रथमाजीतामुषिता पुरः।''**[9] ब्राह्मण ग्रंथों में भी नारी का गौरव वर्णित है। **नारी को सावित्री कहा गया है।**[10] मनुस्मृति में स्पष्ट रूप से उल्लेख है कि–

**यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते, तत्र देवताः।**
**यत्रैतास्तु न पूज्यन्ते, सर्वास्तत्राफलाः क्रियाः।**[11]

जहाँ नारियों की पूजा होती है, वहाँ देवताओं का निवास होता है। जहाँ इनका आदर नहीं होता, वहाँ सारे धर्म–कर्म निष्फल हो जाते हैं। ऋग्वेद के एक सूक्त में शची (इन्द्राणी) का गौरव वर्णित है। शची का कथन है कि मैं समाज में अग्रगण्य हूँ। मैं उच्चकोटि की वक्ता हूँ।''[12]

ऋग्वेद और यजुर्वेद में स्त्री के लिए विशेषण दिए गए है। उनके शौर्य और गौरव गाथा का वर्णन किया गया है। किसी भी समाज एवं राष्ट्र की स्थिति को वहाँ की नारियों की दशा को देखकर आँका जा सकता है। पुरातन काल के गौरवमय सतयुगी समाज का श्रेय नारियों की उच्च स्थिति को दिया जाता है। वैदिक ग्रन्थों के अनुशीलन से स्पष्ट होता है कि तब समाज में स्वतंत्रता एवं समानता की भावना ओत–प्रोत थी। नारियों को हर स्तर पर सम्मान एवं श्रद्धा की दृष्टि से देखा जाता था। स्त्री का जीवन पवित्र, नियमित और संतुलित होगा, तभी वह प्रसन्नचित्त व नीरोग रह सकती है। अतः वेद का आदेश है कि वह अपने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर पूरा ध्यान दें। वेदसम्मत नारीविषयक स्वास्थ्य की अवधारणा को आयुर्वेदिक ग्रंथों की सहायता से विश्लेषित कर केवल नारी ही नहीं समग्र समाज के लिए ग्राह्य एवं प्रयोज्य बनाया जा सकता है।

**निष्कर्षतः** कहा जा सकता है कि मानव जीवन में स्वास्थ्य का विशेष महत्त्व है। वर्तमान समय में न केवल भारत अपितु विश्व भर में स्वास्थ्य के क्षेत्र में अनेकानेक अनुसंधान किए जा रहे हैं जिनमें नारी स्वास्थ्य भी एक विशेष विषय है। वैदिक काल से ही स्वास्थ्य को सर्वोपरि मानते हुए ऋषि–महर्षियों ने स्वास्थ्य एवं चिकित्सा संबंधी विशेष जानकारी को हमारे लिए संग्रहित किया जिसमें प्राकृतिक चिकित्सा, शल्यचिकित्सा, काय चिकित्सा, बाल चिकित्सा, वायु चिकित्सा, प्राणायाम चिकित्सा, अग्नि चिकित्सा, जल चिकित्सा, मृत चिकित्सा, यज्ञ चिकित्सा, मानसिक चिकित्सा, मनोवैज्ञानिक चिकित्सा, मन्त्र चिकित्सा, हस्त चिकित्सा, उपचार चिकित्सा आदि अनेकानेक चिकित्साओं का वर्णन वैदिक वाङ्मय में मिलता है। वैदिक काल से लेकर आधुनिक काव्यों में यत्र–तत्र नारी एवं नारी स्वास्थ्य का वर्णन दृष्टिगोचर होता है। इसी आवश्यकता को देखते हुए और स्वयं नारी होने के कारण नारी स्वास्थ्य से संबंधित कठिनाइयों को अनुभव करते हुए वैदिक वाङ्मय में नारी एवं स्वास्थ्य– एक विवेचनात्मक अध्ययन यह शोध पत्र वर्तमान में अत्यधिक प्रासंगिक है।

**संदर्भ**


1. संस्कृत साहित्य का इतिहास, उमाशंकर 'ऋषि प्रकाशन, पृ. सं
2. तैतीरीय ब्राह्मण, सायण भाष्य सहित, आनंद आश्रय पूना, 1938
3. ऋग्वेद, 10/114/2
4. ऋग्वेद, 8/85/8
5. वहीं, 8/33/19
6. वहीं, 10/97/3
7. वहीं, 10/97/9
8. भारतीय संस्कृति में नारी, डॉ. किरण टंडन, इस्टर्न बुक लिंकर्स, 2017
9. अथर्ववेद, 1/27/4
10. स्त्री सावित्री, जैमिनीय उपनिषद ब्राह्मण 4/27/17
11. मनुस्मृति, 3/156
12. ऋग्वेद, 10/159



**संपर्क : शोधार्थी, कुमाँऊ विश्वविद्यालय, नैनीताल, Email : sunitaphddevi@gmail.com**

# डॉ. शिवबहादुर सिंह भदौरिया का काव्य संसार

☆ डॉ. रत्नेश कुमार यादव
☆ ☆अमन वर्मा

साहित्य में गीत परंपरा का इतिहास सर्वप्राचीन है। वैदिक काल में 'गीत परंपरा' अपने वजूद में आ चुकी थी, ऐसा सामवेद में इंगित मिलता है। तत्कालीन समाज अपने ईष्ट की आराधना के लिए यज्ञों आदि अवसरों पर गीत का गायन करता था। वैदिक काल से प्रारंभ हुई यह परंपरा समय के साथ– साथ आगे बढ़ती रही। लोक के माध्यम से यह जन–जन में प्रसारित हुई तो साहित्य शास्त्र में भी यह साहित्य आचार्यों के बीच चर्चा का केंद्र बनी। समय ने इसमें तमाम उतार–चढ़ाव देखें और बींसवीं सदी के उत्तरार्द्ध में यही परंपरा 'नवगीत' के रूप में विकसित हुई। डॉ शिवबहादुर सिंह भदौरिया इसी नवगीत परंपरा के चमचमाते नक्षत्र हैं। हालांकि इनका काव्य बहुआयामी है, जिसमें उन्होंने गीत, नवगीत, दोहा, हाइकु, गज़ल आदि विधाओं पर पर्याप्त कलम चलाई तथापि उनकी पहचान नवगीतकार के रूप में साहित्य जगत में हुई। डॉ भदौरिया की प्रतिभा को शंभूनाथ सिंह जी ने 'नवगीत–संग्रह' के पहले भाग एवं नवगीत अर्धशती में स्थान देकर सम्मानित किया। वस्तुतः उनका काव्य संग्रहः वृहत् स्तर पर मूल्यांकन योग्य है। उनके प्रथम 'गीत संग्रह' 'शिज्जिनी' की भूमिका में आचार्य नंददुलारे वाजपेयी लिखते हैं–"इन गीतों में कवि का जीवन दर्शन भी अस्पष्ट एवं अनिश्चयात्मक है। ये निश्चय नहीं होता कि कवि की ये व्यक्तिगत और एकांतिक भावनाएँ उसे महादेवी जी की भाँति किसी उच्चतर आध्यात्मिक साधना की ओर ले जाएँगी अथवा ये उसे निराशा एवं निष्क्रियता के गर्त में ही गिरी रहने देंगी।"–(1)

डॉ. भदौरिया के गीत शिल्प और संवेदना की दृष्टि से कसावट लिए हुए है। कथ्य की कसौटी पर वह स्पष्टवादी प्रतीत होते हैं। उन्होंने प्रकृति के उपमानों का भरसक प्रयोग किया है। उनके प्रथम गीत संग्रह का नाम 'शिज्जिनी' है। ऐसा लगता है कि इस नामकरण के साथ उन्होंने 'गीत शिज्जिनी' अपने हाथों में धारण कर ली हो और उत्तरोत्तर गीतों का सृजन करते चले गये हों। डॉ भदौरिया अपने गीतों में पहले तो सूक्ष्म निरीक्षण करते दिखाई देते हैं फिर अपनी कल्पना शक्ति से उन्हें उपमान बनाकर अपनी बात कह देते हैं–

**किसी बूँद की जिंदगी सोचता हूँ/नदी की लहर में कभी मौन सोई**
**कभी हँस पड़ीं चांदनी से गले मिल/कभी बादलों का हृदय छेद रोई।–(2)**

मानवीकरण किसी गीतकार के लिए आवश्यक तंतु होता है। तमाम बिम्बों को वह प्रकृति अथवा नायिका के इर्द–गिर्द खोजता रहता है। इसमें विशेष यह है कि वह किसी आकृति को तो ठीक उसी प्रकार खींचता है जैसे कोई चित्रकार अपनी पुरानी कूँची से नए रंग भर रहा हो। हालाँकि देखने वाला तो चित्र देखकर ही आकर्षित होता है उसे भला नई अथवा पुराने कूँची से क्या मतलब?

डॉ. भदौरिया ऐसे ही शब्दशिल्पी हैं जो अपनी लेखनी से ऐसे मनोरम चित्र खींचते हैं जो कि अद्वितीय हैं। सन 1973 में 'पुरवा जो डोल गई' नाम से प्रकाशित संग्रह में इसी शीर्षक से संकलित गीत इस बात की गवाही देता है जिसमें वह पुरवा और घटाओं के माध्यम से प्रकृति का मानवीकरण करते दिखाई देते हैं–

**पुरवा जो डोल गई/घटा–घटा आँगन में जूड़े से खोल गई बूँदों का लहरा दीवारों को चूम गया/मेरा मन सावन की गलियों में झूम गया/श्याम रंग परियों से अंबर है घिरा हुआघर को फिर लौट चला बरसों का फिरा हुआ/मइया के मंदिर में/अम्मा की मानी हुई/डुग–डुग–डुग–डुग–डुग बधइया फिर बोल गई– (3)**

निश्चय ही उपर्युक्त पँक्तियों में ग्रामीण परिवेश के मकानों और बरसात के दिनों का एक चित्र बन जाता है। यह कहना बिल्कुल भी गलत नहीं होगा कि इस प्रकार डॉ. भदौरिया अपने समय के मौसम और प्रकृति के साथ तादात्म्य बना रहे हैं और एक शब्द चित्र के माध्यम से आज भी लोगों को रस–सिक्तकर रहे हैं।

डॉ. भदौरिया के गीतों में अनुभवजन्य अभिव्यक्ति दिखाई देती है। जीवन के प्रत्येक क्षण के उतार–चढ़ावों को भदौरिया जी महसूस करते हैं इसी कारण उनके गीत प्रत्येक वय के व्यक्तियों के लिए अभिव्यक्ति का माध्यम बन जाते हैं। बच्चे, बूढ़े, जवान कोई भी हो प्रत्येक का सहज राग भदौरिया जी के गीतों के साथ सहज रूप से चलता दिखाई देता है। उनका गीत 'जीकर देख लिया' इस बात की पुष्टि के लिए बाध्य करता हैं वे लिखते हैं?

**जीकर देख लिया/जीने में/कितना मरना पड़ता है**
**अपनी शर्तों पर जीने की/एक चाह सबमेंरहती है**
**किंतु जिंदगी अनुबंधों के/अनचाहे आश्रय गहती है**
**क्या–क्या कहना/क्या–क्या सुनना/क्या क्या करना पड़ता है।. –(4)**

इतना ही नहीं, इसी गीत के माध्यम से वह पाखंडियों पर भी निशाना साधते नजर आते हैं। वे समाज में तथाकथित संन्यासियों की जो दशा देखते हैं, उसे लिखते हैं– **मेरी कौन बिसात यहाँ ता/संन्यासी भी सांसत ढोते**
**लाख अपरिग्रह के दर्पण हो/संग्रह के प्रतिबिंब संजोते**
**कुटिया में/कोपीन कमंडल/कुछ तो धरना पड़ता है।– (5)**

देश की व्यवस्था पर अधिकांश कवि कुठाराघात करते है। भले ही उनकी अभिव्यक्ति का माध्यम अलग–अलग रहा हो। कोई उसे सपाटबयानी में ही कह देता है, कोई लक्षणा अथवा व्यंजना में। डॉ. भदौरिया भी जब देश की व्यवस्था को घायल देखते हैं तो उनका मन पीड़ित होता है जिसे वे अपने गीतों में कुछ इस प्रकार अभिव्यक्ति देते हैं–

**दुर्गंध तो वातावरण में है/बदनामी पवन की होती है**
**बादल भी हुए हैं आवारारुमरूस्थल में ज्यादा बरसे हैं**
**काली महलों की ताक में है/बिरवा पानी को तरसे हैं/करतूतें काली है माली की/**
**बदनामी चमन की होती है।– (6)**

डॉ. भदौरिया की गीत प्रतिभा संपूर्ण हिंदी साहित्य में सम्मानजनक स्थान रखती है। भिन्न–भिन्न आलोचकों ने उनके गीत–कर्म का समय–समय पर मूल्यांकन किया और उस पर अपनी सम्मतियाँ दर्ज कराई हैं। प्रख्यात आलोचक डॉ. सूर्यप्रसाद दीक्षित उनके बारे में लिखते हैं– "....डॉ. शिवबहादुर सिंह भदौरिया जी ने नवगीत को नई जमीन प्रदान की। इन के सभी गीत यथार्थ के धरातल पर विद्यमान हैं। वे जीवन मूल्यों के प्रति सचेत और प्रतिबद्ध हैं। आत्माभिव्यक्ति के माध्यम से अपरिग्रह, त्याग और सार्वजनिक हित के लिए आत्मोत्सर्ग का जो भाव उनके गीतों में व्यक्त हुआ है, वह अपने आंकलन के लिए किसी की अपेक्षा नहीं रखता"।–(7)

डॉ. भदौरिया निश्चित ही मूलतः नवगीतकार है किंतु उनका काव्यक्षेत्र यहाँ तक ही सीमित नहीं रहा उन्होंने इसके इतर भी अनेक रचनाएँ लिखीं। 'माध्यम और भी' नामक संग्रह में गज़लों, मुक्तको, मुक्त छंद कविताओं और हाइकु जैसी विधाओं को शामिल किया गया है। इस संग्रह की एक कविता 'बंसरी प्रेम की ऐसे नहीं बजती' में वे अनुभवजन्य अभिव्यक्ति देते नजर आते हैं और लिखते हैं– **जब तक आँख का काजल न बह ले/कामनाएँ दर्द को दूल्हा ना कह लें/लाख पटके सिर भले ही रूह कोई/प्रीति की डोली कभी–/ऐसी नहीं सजती।–(8)**

इसी संग्रह में अन्य विधा के रूप में शामिल 'हाइकु' में भी उन्होंने अपनी काव्य प्रतिभा से साक्षात्कार कराया है। 'हाइकु' जहाँ आज साहित्य से गायब होता–सा दिख रहा है वहीं डॉ. भदौरिया द्वारा उस विधा में रचना करना, निश्चय ही हिंदी साहित्य में हाइकू जैसी विधा के लिए संजीवनी का काम करता है। डॉ. भदौरिया हिंदी साहित्य में छंदबद्ध एवं छंदमुक्त कविता के युद्ध से महत्वपूर्ण अभिव्यक्ति को मानते हैं। वे मानते हैं कि अभिव्यक्ति महत्वपूर्ण है, अपेक्षाकृत बंधनों के–

**मुक्त–छंद कि/छंद में ढलू, मुझे/व्यक्त होना है।– (9)**

हाइकू के माध्यम से उन्होंने व्यंग्य भी किया है। चुनावी दौर में नेताओं को जनता के आगे पीछे दौड़ना, उनको तवज्जो देना निश्चित ही उस काक वर्ग की भाँति है जो वर्ष भर तो भगाए जाते हैं लेकिन पितृपक्ष के आते ही उनका इंतज़ार किया जाता है और उनका महत्त्व भी बढ़ जाता है–

**चुनावी भोज से ही/प्रत्यक्ष है।–(10)**

वहीं जब उनके मुक्तकों की तरफ जब ध्यान जाता है तो प्रतीत होता है कि उनमें कम शब्दों में ही अधिक कहने की क्षमता है उनके मुक्तक गागर में सागर लिए हुए हैं। उनका यह मुक्तक दृष्टव्य है–

**न सोता है सुलाए से, न जगता है जगाए से/यह दर्द है कि बेहया न भगता है भगाए से/यह पालतू सुआ की तरह प्यार भी अजब कुछ है/न पिंजडे को छोड़ता न उड़ता है उड़ाए से।–(11)**

भदौरिया जी ने पर्याप्त मात्रा में दोहों की रचना की है उनके दोहों में अध्यात्म, समाज, राष्ट्रीय परिवेश आदि दिखाई देते हैं उनके दोहों को 'गहरे पानी पैठ' नामक संकलन में संकलित किया गया है। अपने दोहों को उन्होंने 'शिवम' उपनाम से लिखा है। उन्होंने सभी को एकमात्र परमात्मा की संतान

माना है कोई भी छोटा बड़ा नहीं है। वे लिखते हैं– **परम पिता के पूत है ऐरा–गैरा कौन,/दवा दुआ सबके लिए, नत्थू– खैरा कौन।।–(12)**

इसी प्रकार डॉ भदौरिया जब मूर्ति पूजा की ओर लोगों को अधिक आकर्षित देखते है तो वे लिखते हैं–**कंकड़ पत्थर से बढ़ा, मन का अधिक लगाव,/"शिवम" दूर होता गया, हीरा मूल स्वभाव।।–(13)**

डॉ. भदौरिया को मंचों का फूहड़पन और मूर्ख बनाने की कल्पना नहीं भातीं। वे कहीं न कहीं इसकी पीड़ा को महसूस भी करते हैं और लिखते हैं–

**हमें और उलझा गए, मंचों के संवाद**
**इंकलाब के नाम पर, ज़िंदा मुर्दाबाद।।–(14)**

डॉ. भदौरिया के संपूर्ण काव्य को इतने में ही समेटना पर्याप्त नहीं होगा। निश्चय ही वह और भी अधिक विस्तार की गुंजाइश रखता है। भदौरिया जी का ठीक ढंग से मूल्यांकन हो, यह नवगीत परंपरा की भी माँग है और समय की भी। हिंदी साहित्य के बहुआयामी रचनाकार के रूप में भदौरिया जी का समग्र मूल्यांकन बहुत आवश्यक है। नवगीत के विकास यात्रा के प्रारंभिक कदमों में डॉ. भदौरिया का योगदान अमिट है।

**संदर्भ ग्रंथ**


1. शिज्जिनी–शिवबहादुर सिंह भदौरिया(भूमिका नंददुलारे वाजपेयी)– प्र.संस्करण 1953 साहित्य निकेतन कानपुर
2. वही
3. पूर्वा जो डोल गई– शिवबहादुर सिंह भदौरिया– प्रथम संस्करण 1973–ग्रंथम प्रकाशन कानपुर
4. नदी का बहना मुझमें हो– शिवबहादुर सिंह भदौरिया –प्रथम संस्करण 2000 –समन्वय प्रकाशन मलाड मुंबई
5. वही
6. लो इतना जो गया –डॉ. शिवबहादुर सिंह भदौरिया– प्रथम संस्करण 2003–अनुभव प्रकाशन साहिबाबाद
7. राघव रंग (अभिनंदन ग्रंथ)– फ्लैप– सूर्य प्रसाद दीक्षित– सम्पादक ओमप्रकाश अवस्थी–प्र. संस्करण 2013,उत्तरायण प्रकाशन लखनऊ
8. माध्यम और भी– शिवबहादुर सिंह भदौरिया– प्र. संस्करण 2004 –अनुभव प्रकाशन गाजियाबाद
9. 10, 11 वही
10. गहरे पानी पैठ–शिव बहादुर सिंह भदौरिया –प्र. संस्करण 2006–अनुभव प्रकाश गाजियाबाद
11. 12, वही


---


**संपर्क :** ✩ सहायक आचार्य, हिंदी एवं अन्य भारतीय भाषा विभाग, जम्मू केंद्रीय विश्वविद्यालय, जम्मू, राया सूचानी, बाग्ला, जिला–सांबा, जम्मू–181143 (यू.टी.जम्मू), मो. 9560046944, ratnesh.hnd@cujammu.ac.in

✩✩ अमन वर्मा (शोध छात्र), हिंदी एवं आधुनिक भारतीय भाषा विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज, उत्तर प्रदेश

# समकालीन हिंदी स्त्रीवादी कहानियों में नारी–विमर्श

डॉ. सी. संगीता

नारी मन की व्यथा को पूर्ण रूप से नारी ही व्यक्त कर सकती है। इस कथन को नवें दशक की महिला कहानीकारों ने सिद्ध कर दिखाया है। अर्थात् स्त्री ही स्त्री के हृदय को पूर्ण रूप से समझ सकती हैं। उसकी वेदना, संवेदना और हृदयंगम अनुभूतियों को उजागर करने में सफल हुई है। अतः हिंदी की महिला कहानीकारों ने अपने वर्ग की समस्याओं, विडंबनाओं और अन्याय, अत्याचारों और कुण्ठाओं को अपनी लेखनी का माध्यम बनाया है। जिससे समाज और स्त्री जगत की दृष्टि नारी की विविध समस्याओं की ओर अग्रसर हुई है। इन कहानियों से नारियों में चेतना और जागरूकता का उदय हुआ और इन समस्याओं को लेकर महिला कहानीकारों ने सैंकडों कहानियाँ रची हैं। इसमें हिंदी कहानी के पाठकों व हिंदी जगत को नारी जीवन से जुड़ी भागदौड़, उनकी अपनी निजी जिंदगी की झलक, अपनी इच्छा आकांक्षाओं, मर्यादाओं, शारीरिक और मानसिक अत्याचारों, द्वंद्वों, बेचैनियों, सम्मान की जद्दोजहद से गुजरती नारी की समस्याओं को बारीकी से जानने का मौका मिला है। इन नारी कहानीकारों ने स्वयं को पत्नी, पुत्री, बहन, माँ, भाभी आदि रूपों में प्रस्तुत करने में सफलता पाई है। इसने नारी मुक्ति की चेतना व नारी विमर्श जैसे मुद्दों को जन्म दिया तथा इससे नारी मुक्ति और नारी अस्मिता की लड़ाई को बल मिला। इससे प्रेरित होकर नारी स्वतंत्रता, नारी सम्मान के अधिकार जैसे विषयों को लेकर इन लेखिकाओं ने अपनी कलम चलाई। इससे नारी के लिए परम्पराओं और रूढ़ियों के बंधन से मुक्ति का रास्ता खुलना संभव हो पाया।

हिंदी कहानी जगत में अपनी लेखनी का लोहा मनवाने वाली सफल नारी कहानीकारों में मन्नू भंडारी, उषा प्रियंवदा, ममता कालिया, मीना अग्रवाल, मृदुला गर्ग, राजी सेठ, मालती जोशी आदि के नाम उल्लेखनीय हैं। वैसे तो आरम्भ से ही हिंदी कथा साहित्य में नारी से जुड़ी अनेकानेक समस्याओं, विडम्बनाओं आदि का उल्लेख किया गया है, परंतु नारी कथाकारों ने अपनी दुनिया को स्त्रीवादी दृष्टि से देखा। इसमें मन्नू भण्डारी, कृष्णा सोबती आदि लेखिकाओं की सुक्ष्म परख ने नारी को अधिकार दिलाने के पक्ष में ही थी। मन्नू भण्डारी ने अपनी कहानियों में नारी मन, नारी अस्मिता, उसकी पहचान और सामाजिक रूढ़ियों के विरुद्ध साहसपूर्ण संघर्ष को उजागर किया है। वह लिखती हैं कि कवयित्री की उपेक्षा नारी कथाकार के साथ यह कठिनाई और भी बढ़ जाती है कि उसे बिना लाक्षणिक भाषा का सहारा लिए अधिक खुलकर सामने आना पड़ता है। वह घिसेपीटे कथानकों और भाव को ही लेती रहे, तब तक तो ठीक है, लेकिन जहाँ जीवन और जगत के व्यापक क्षेत्रों को छूने का साहस उसने किया कि प्रत्यक्ष और परोक्ष वर्जनाएँ उसकी ओर उंगली उठाती सामने आ खड़ी होती है। स्त्रियों के प्रति सहानुभूतिपूर्ण दृष्टिकोण का चित्रण वह 'अकेली' नामक कहानी की पात्र शोभा बुआ के माध्यम से करती हैं। जो

पुत्र के खो जाने और पति के त्याग देने पर अपने अकेलेपन को दूर करने के लिए अड़ोस–पड़ोस और सगे–सम्बन्धियों के सभी कार्यों में सहृदय भाग लेकर अपने एकांत से लड़ती है। इस कहानी में शोभा बुआ उन महिलाओं का प्रतिनिधित्व करती है जो समझ में अकेलेपन के कारण बैचेनी और द्वंद्व का शिकार है। वह इतनी सहृदय स्त्री है कि जो अपने देवर के रिश्तेदारों के घर से शादी का न्योता आने के इंतेजार में व्याकुल है और उस शादी में जाने के लिए अपने पुत्र की एकमात्र निशानी सोने की अंगूठी को बेचकर उससे शादी में उपहार देने के लिए एक सिंदूरदानी खरीद लेती है। परंतु उसे कोई बुलावा न आने से बहुत ही निराश हो जाती है।

मन्नू भण्डारी की ही 'सजा' कहानी की 'आशा' एक संघर्षपूर्ण बदनसीब जीवन जीती मध्यवर्गीय आर्थिक विपन्नता की शिकार पात्र है। उसके पिता बीस हजार रुपए के गबन के आरोप में नौकरी से निष्कासित होते हैं। इस घटना से माँ का बीमार पड़ जाना, परिवार का गुजर–बसर मुश्किल होने के कारण अपने बच्चों को दूर चाची के घर पलने को भेजना, चाची का बच्चों पर अत्याचार, शोषण, पिता को सजा से मुक्ति कराने के लिए निरंतर संघर्ष तथा चार सालों के बाद सजा से पिता को रिहा करने के बाद कहानी को सकारात्मक मोड दिया गया है। इस कहानी में संकटों से घिरे मध्यवर्ग परिवार के बिखराव, कोर्ट कचहरी के कारण आर्थिक विपन्नताओं से लड़ती महिला की जद्दोजहद पिता को गबन के कलंक से मुक्त कराने की पुत्री की लड़ाई का संतोषजनक अंत है। दूसरी तरफ नारी को सचेत करती कहानी 'स्त्री सुबोधिनी' पुरूष के यौन शोषण से बचने की प्रेरणा देती है। कहानी की नायिका मैं अपनी स्वयं पर हुए अत्याचारों को आत्मकथात्मक शैली में बयान करती है। वह अपने प्रेमी शिंदे से प्रेम करती है पर शिन्दे उसे विवाहित होने का सच छुपा कर उससे अपनी काम पिपासा पूर्ण करता है। शिन्दे के ठगी और स्वार्थी कामुक रूप का पता उसे तब चलता है, जब वह शिन्दे के निमंत्रण पर गृहप्रवेश में उसके घर जाती है। वह स्वयं को शिन्दे की कामुकता का शिकार और उसके झूठे प्रेम से ठगी जाने से मानसिक हताशा का शिकार होकर पुनः अपने हॉस्टल लौटती है। यह कहानी नवयुवतियों के कामुक और विवाहित पुरूषों के झूठे जाल से बचने और उससे सतर्क रहने की प्रेरणा देती है।

मन्नू भण्डारी ने प्रेम में धोखा खाने वाली एक और नारी का चित्रण 'एक बार और' कहानी में किया है। इस कहानी की नारी पात्र अपने प्रेमी कुंज से सच्चा प्रेम करती है और उससे विवाह करना चाहती है पर उसका प्रेमी कुंज मधु नामक दूसरी लड़की से विवाह कर लेता है। अपने प्रेमी द्वारा तिरस्कार और धोखे को अपने मन में ही दबा लेती है और मन ही मन में कुंज के प्रेम की कल्पनाओं को याद कर दुःखी होती रहती हैं। इस कहानी में लेखिका ने नारी के पुरूषों के प्रति आसानी से आकर्षित होने और धोखा खाने वाली नवयुवतियों के स्वच्छ प्रेम का नकारात्मक यथार्थ चित्रण किया है। 'रानी माँ का चबूतरा' में एक ग्रामीण स्वाभिमानी एवं स्वावलम्बी नारी के संघर्ष को उजागर किया गया है। इस कहानी की नायिका गुलाबी स्वयं ही अपने शराबी पति को घर से निकाल देती है और सुरक्षा केंद्र में बच्चों को छोड़ कर मजदूरी करने जाती है। वह इतनी स्वावलम्बी है कि किसी भी गाँव के लोगों से

सहायता नहीं लेती। उसके मुँह जोर और फकड़ जबान के कारण गाँव वाले उसके चरित्र पर लांछन लगाते हैं। घर लौटते समय रास्ते में बेहोशी की हालत में जब वह गाँव वालों को मिलती है तो उसके पास से मजदूरी के पाँच रुपए और अपनी बेटी के लिए खरीदी गई हरी चूड़ियों के पैकेट को देख लोगों का संदेह दूर हो जाता है। इस कहानी में ग्रामीण स्त्री के समाज से विद्रोह और अपने बच्चों के प्रति समर्पित जीवन के यथार्थ को प्रस्तुत किया गया है।

मालती जोशी कृत 'सती' कहानी में परम्पराओं से चली आ रही विधवा समस्या को उजागर किया गया है। इसकी नायिका नीलम अपनी चाची और कान्ता भाभी जैसी विधवाओं पर होते अत्याचारों को देख कर दुःखी है, क्योंकि समाज और परिवार का उन विधवाओं के प्रति दुर्व्यवहार को देख कर मानसिक रूप से त्रस्त है। वह देखती है कि कांता भाभी विधवा होने पर भी नौकरी कर सास–ससुर, बच्चों, ननद की जिम्मेदारियाँ पूरी करती हैं। इसके बावजूद उन्हें अपनी सास की जली–कटी सुननी पड़ती है। अपनी ननद का विवाह करने पर भी उसकी सास उस पर कोई सहानुभूति, दया, प्रेम नहीं दिखाती। विधवाओं की इस दशा को देख कर नायिका नीलम को अपने पति के बीमार होने पर यह डर सताता है कि कहीं वह भी विधवा न हो जाये। वह मानसिक रूप से खोखली होती रहती है। उसे यह स्वीकार्य नहीं कि विधवा बन वह भी परिवार और समाज के दुर्व्यवहार का शिकार हो। अंत में यह सोचती हैं कि पति के साथ छोड़ने पर विधवा जीवन जीने के बजाए आत्महत्या कर सती हो जाए। इस कहानी में विधवा नारियों के जीवन संघर्ष की कहानी है।

मीना अग्रवाल कृत 'पीहर' कहानी में लव मैरेज की अपेक्षा अरेंज मैरेज को सही और नवयुवतियों के लिए हितकर बताया गया है। इस कहानी की नायिका लवी अपने परिवार के कहे अनुसार अपने प्रेमी आनंद को छोड़ कर धनवान व्यक्ति से शादी करती है जो उसे खुशहाल जिंदगी देता है। अपने प्रेमी से दूर होने का दुःख उसके मन से तब दूर होता है जब वह अपने भाई की शादी में अपने प्रेमी आनंद की पत्नी को देखती है। आनंद की गरीबी और अपने पति की अमीरी पर उसे अपने भग्य पर गर्व महसूस होता है। उसे अपने पति द्वारा प्राप्त जीवन सर्वपूर्ण लगने लगाता है।

सूर्यबाला कृत 'वे जरी के फूल' की नायिका रूक्की (रूक्मिनी) अनाथ होने के कारण विवाह की समस्या से त्रस्त है। वह सरकारी स्कूल में टीचर होने पर भी उसका विवाह नहीं हो पाता। वह अपनी राधा मौसी के घर के पास ही एक किराए का मकान लेकर रहती है। लेखिका ने इस कहानी के माध्यम से शिक्षित स्वावलंबी स्त्री के अनाथ होने के कारण विवाह की समस्या से जूझने का चित्रण किया है। महिलाओं का स्वभाव अधिक कोमल होता है। जिससे वह आकर्षण, प्रेम और घृणा आदि भावों के प्रति सरलता से आकर्षित हो जाती है। विवाहित महिलाओं की यह कमजोरी कई बार विवाहोत्तर संबंधों के कारण बनती है। चन्द्रकिरण सौनरेक्सा की कहानी 'तीसरी कोशिश' की पुनिया और 'अकेला' कहानी की नायिका दोनों ही विवाहोत्तर संबंधों के कारण पुरुषों की वासना का शिकार ही नहीं होतीं, बल्कि उनसे ठगी भी जाती हैं।

उषा प्रियंवदा कृत 'नदी होती लड़की' कहानी की नायिका 'जैनी' और भी अधिक स्वतंत्र व्यक्तित्व की नजर आती है। वह पति के होते हुए भी चार्ली

नामक युवक के साथ शारीरिक संबंध रखती है। इतना ही नहीं, जब उसका पति उससे संबंध बनाने आता है तो वह चार्ली को याद कर उसको मानसिक यातानाएँ देती है। जैनी के चार्ली के साथ संबंध होने की बात उसका पति जान कर भी कुछ नहीं कर पाता। वह महसूस करता है कि जैनी की आत्मा सिर्फ चार्ली की है। उसके पास तो केवल जैनी का शरीर है। जिसे जैनी एक वेश्या की तरह पूरी विरक्ति के साथ उसे सौंप देती है। इस बात के लिए वह जैनी को बात–बात पर चार्ली की याद दिला कर मानसिक यातनाएँ देता है।

कुलमिलाकर समकालीन महिला लेखिकाओं का नारी के प्रति जो रूझान दृष्टिगोचर होता है, उससे यह ज्ञात होता है कि सभी महिला लेखिकाओं ने अपने नारी पात्रों में परम्पराओं की जंजीरों को तोड़कर स्वच्छंद जीवन जीने की चाह दिखाई है। उन कहानियों में नारी अपनी मर्यादाओं के कारण मानसिक यातानाओं तथा रीति– रिवाजों के बंधनों से मुक्ति के लिए छटपटा रहीं है। नारी यौन सुख, नैतिक–नियमों को नकारने की दृढ संकल्पी है।

**संदर्भ :**


1. कहानी 'राजा', मन्नू भंडारी
2. कहानी 'अकेली', मन्नू भंडारी
3. कहानी 'पीहर', मीना अग्रवाल
4. सूर्यबाला, वे जरी के फूल (मुंडेर पर) पृ.54



**संपर्क : अंशकालिक प्राध्यापिका, यूपीजीसीएस, उस्मानिया यूनिवर्सिटी, हैदराबाद**

# हिंदी दलित कथा साहित्य का समाजशास्त्रीय अध्ययन

**डॉ. अजय कुमार**

मनुष्य समाज का अभिन्न अंग है। समाज के प्रति उसके रोष, प्रतिरोध, विद्रोह आदि भाव भले ही उत्पन्न हों, परंतु उसे अंततः समाज में ही जीवन– यापन करना होता है। अपने स्वतंत्र व्यक्तित्व के लिये भटकने वाले व्यक्ति को भी समाज में ही रहना पड़ता है। सामाजिक प्रगति के साथ–साथ ही उसमें वैचारिक प्रगति होती है। सामाजिक और भौतिक परिस्थितियों का प्रभाव मनुष्य पर पड़ना निश्चित है। इस बात का समर्थन करते हुए मार्क्स लिखते हैं– ''मनुष्य के जीवन विकास को प्रधानतः अर्थ और उत्पादन जनित परिस्थितियाँ ही नियंत्रित करती हैं और इस प्रकार मानव और मानव समाज का रूप बदलता रहता है।''[1] इसका निचोड़ रूप यह है कि समाज शोषक और शोषित दो भागों में बँटा हुआ हैं। बाहुबली वर्ग शोषक है जो धन, बल सम्पन्न होने के कारण शोषित वर्ग का खून चूसता रहता है। साहित्य में भी शोषक गर्व की विचारधारा का बोलबाला समसामयिक साहित्यिक कृतियों में दिखाई देता है। क्योंकि शोषक वर्ग धन का प्रलोभन देकर समाज की यथार्थ स्थितियों को साहित्य में आने से रोकता है। प्रत्येक युग में साहित्य के साथ यही होता आया है। अतः न केवल हिंदी साहित्य, बल्कि पूरे भारत का साहित्य युग सत्य से पलायन कर गया है।

समाजशास्त्र में समाज का यर्थाथ आइना प्रस्तुत किया जाता है और सच्चा समाजशास्त्री समाज का वैज्ञानिक विश्लेषण कर यथार्थ बोध करवाता है। विज्ञान से तात्पर्य है– विशेष प्रामाणिक ज्ञान। इससे अभिप्राय है कि समाजशास्त्र समाज का अध्ययन करने वाला विज्ञान है। इसमें समाज और मानवीय संबंधों के विषय में व्यवस्थित तथा क्रमबद्ध ज्ञान को उपलब्ध कराना है। प्रसिद्ध समाजशास्त्री के. युंग के अनुसार ''समाजशास्त्रीय अध्ययन अथवा सामाजिक अनुसंधान, नए कथ्यों की खोज या पुराने कथ्यों, उनके क्रमों पारस्परिक संबंधों, कारकों और उनको संचालित करने वाले स्वाभाविक नियमों के परीक्षण की व्यवस्थित पद्धति है।''[2]

आधुनिक समाजशास्त्र में स्वतंत्र अध्ययन की विशेषता में विकास देखा जा रहा है। आधुनिक समाजशास्त्री मर्टन ने समाजशास्त्रीय अध्ययन के लिये कुछ विशिष्ट मानदण्डों का निरूपण किया है। सोशियोलॉजी ऑफ लिवेयर द्वारा इंग्लैण्ड, अमेरिका में साहित्य का अच्छा अध्ययन किया गया है, जिसके परिणामस्वरूप पारिवारिक संदर्भों में बदलते हुए दृष्टिकोण, मूल्यों, आकांक्षाओं और अंतरपारस्परिक संबंधों में अनेक नये तथ्य प्रकाश में आये हैं।[3] किंतु समीक्षा के अध्ययन का श्रेय कार्लमार्क्स को ही जाता है। मार्क्सवाद द्वारा प्रतिपादित समाजशास्त्रीय समीक्षा पद्धति में दो प्रमुख दृष्टिकोण का मूल्यांकन किया जाता है। पहला उस कृति को जो विशेष रूप प्राप्त हुआ है उसका उस कृति के निर्माण का सामाजिक से क्या संबंध है? तथा दूसरा कृति विशेष या

आलोच्यकृति का तात्कालीन समाज पर क्या प्रभाव पड़ा? उसने सामाजिक जीवन की दिशा को किस प्रकार प्रभावित किया?[4]

इन दोनों तथ्यों से विदित होता है कि साहित्यकार को अपने साहित्य में व्यक्ति और समाज के विकास में सहायता करने की ताकत होनी चाहिए। आधुनिक विज्ञान के इस युग में युग और मार्क्स के सिद्धांतों का मूल्यांकन बढ़ता गया है, पर हिंदी साहित्य हो या भारतीय दलित साहित्य उसमें विशेषतः फूले एवं डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर के सिद्धांतों एवं विचारों का प्रतिपादन होता आ रहा है। इन्हीं के विचारों के आधार पर दलित साहित्य एक सैलाब रूप में फूट पड़ा है। जो आगामी समाज के लिए शुभ और समता लाने का संकेत है। दलित साहित्य पूरे समाज का साहित्य है और यह समाज को बदलने में कटिबद्ध है। यह साहित्य की मूल धारा से हट कर एक नए साहित्य का सर्जक है, जो नवीन मानवतावादी मूल्यों की स्थापना के लिये आतुर है। यह सवर्ण, ब्राह्मणवादी भेदभावपूर्ण दृष्टि नहीं, यह बस मानव समानता का दर्जा चाहने वाले महात्माओं की दृष्टि है। यह दलित साहित्यकारों की बराबरी की लड़ाई है। यह स्वाभिमान और आत्मसम्मान का संघर्षशील साहित्य है। यह कोई शिल्परहित व घटिया, भेदभाव का साहित्य नहीं, यह सच्चे समाज का, जातिविहीन, नये समाज एवं मानवतावाद का साहित्य है। यह सर्वहारा मजदूर वर्ग का साहित्य है, जो समाज का अंग है। समाज की पहचान है। यह दलित समाज का अनुभवजन्य यथार्थ पर आधारित साहित्य है। इसलिए इस साहित्य को वैज्ञानिक एवं समाजशास्त्रीय अध्ययन की आवश्यकता है, जो सामाज के सामने इसके औचित्य को प्रस्तुत कर सके। इसकी सार्थकता यथार्थता का मूल्यांकन कर सके तथा अन्य साहित्यों की अपेक्षा उत्कृष्ट, सर्वश्रेष्ठ एवं सफल साहित्य होने का दावा पेश कर सके।

ओमप्रकाश वाल्मीकि कृत 'कूड़ाघर' कहानी में दलित चेतना का यथार्थ प्रस्तुत किया गया है। इसमें दलितों के अंदर एक दूसरे को सीढ़ी बना कर ऊपर उठने की होड़ का चित्रण है। इसका मुख्य कथ्य आरक्षण के लागू होने की घोषणा को लेकर उठे बवाल को दिखा कर भारतीय सवर्ण समाज की विरोधी मानसिकता का उल्लेख किया है। इन्हीं की 'घुसपैठिये' कहानी में आरक्षण से उपजे आक्रोश और दलित छात्रों का मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न को मेडिकल कॉलेजों के संदर्भ में उल्लेख किया गया है। सवणों की कुदृष्टि को मेडिकल कॉलेजों के संदर्भ में आरक्षण का अर्थ सवर्णों की सीटों पर दलितों की घुसपैठ से है। सैली बलजीत की कहानी 'चांडाल नहीं' का नायक मुर्दों को जलाने की लड़की की गाड़ी का चालक होने के कारण चांडाल के पेशे से अभिहित होता है। अपने परिवार के पालन हेतु व्यवसाय की जड़ता का चित्रण है। यह दलित चेतना पर प्रश्न चिह्न लगाती कहानी है। रामधारी सिंह दिवाकर कृत 'चोर दरवाजा' भी दलित विमर्श एवं मार्क्सवादी चेतना को इंगित करती है। इसमें सवर्ण ठाकुरों के दलितों पर भेदभाव एवं अत्याचारों का चित्रण है। ओमप्रकाश वाल्मीकि कृत 'प्रमोशन' में दलित संवेदना को उजागर किया गया है। उदयप्रकाश कृत 'पीली छतरी वाली लड़की' में विश्वविद्यालयीन वातावरण में जातिभेद, बलात्कार, सरकारी धन का दुरूपयोग आदि सामाजिक बुराइयों को चित्रित किया गया है।

इनके अलावा भारतीय समाज में दलित जीवन की स्थिति एवं गति का चित्रण रमणिका गुप्ता कृत 'भूत सवार', प्रेमिला कृत 'महर्षि के अंगूठे की छाप', सत्य प्रकाश कृत 'लात', विपिन बिहारी कृत 'षडयंत्र' मधु संधु कृत 'स्वप्नदाह' वी. एल. नैय्यर कृत 'हमेशा से ही' सूरजपाल सिंह कृत 'हैरी कब आयेगा, साजिश, छूत कर दिया, सुशीला टाकभौरे कृत सिलिया, टूटता बहम, जयप्रकाश कर्दम कृत नो बार, परदेशी राम वर्मा कृत दिन–प्रतिदिन, रूपनारायण सोनकर कृत जहरीली जड़ें, मनोज सोनकर कृत जांच, रानी मीनू कृत 'हम कौन हैं' आदि उल्लेखनीय हैं।

जयप्रकाश कर्दम कृत 'छप्पर' दलित साहित्य का प्रथम उपन्यास है। इस उपन्यास ने साहित्य जगत पर अपना विषेश प्रभाव छोड़ा है। इसके अलावा भगवान दास कृत 'मैं भंगी हूँ' में समस्त दलित समाज के इतिहास की कहानी कही गई है। जो ब्राह्मणवादी छद्म से बार–बार मार खाता अपने दीन–दरिद्र जीवन जीने पर मजबूर होता जा रहा है। उसे जगाने–चेतने का काम लेखक ने इस पुस्तक में किया है। रूपनारायण सोनकर कृत, सूवरदान में दलित उत्पीड़न एवं समाज के प्रति उनके श्रमदान को कर्मदान की संज्ञा दी है। दलित समाज की पारस्परिक स्थिति उनके आक्रोश, विक्षोभ एवं चेतना का उल्लेख करने वाले हिंदी के दलित उपन्यासकारों में प्रेम कपाड़िया कृत मिट्टी की सौगंध, सत्यप्रकाश कृत जसतस भई सबेरा, मोहनदास नैमिशराय कृत मुक्ति पर्व, अजय नवारिया कृत उधार के लोग आदि के नाम लिये जा सकते हैं।

हिंदी दलित कथा साहित्य में निहित भारतीय समाज के यथार्थ एवं सच्चाई वैज्ञानिक विचारधारा से प्रभावित है या नहीं? उसके स्वरूप एवं दिशा का लेखकों ने कहाँ तक परिमार्जन किया है? इसकी उपलब्धियाँ क्या हैं? किस प्रकार लेखकों ने पुराने संदर्भ में नवीन प्रयोगों की खोज की है, आदि तथ्यों एवं कथ्यों की वैज्ञानिक जानकारी इस दलित कथा साहित्य में प्रस्तुत है। इन लेखकों ने समाज में निहित मनुवादी दृष्टि का विश्लेषण–विवेचन कर आज के दलित कथा साहित्य को समाज एवं साहित्य हेतु उपयोगी बनाया है। जिसका उद्देश्य सवर्णों की हीन भावना को वैज्ञानिक तर्कों और तथ्यों द्वारा करारा जवाब देना है। आज के संदर्भ में हिंदी दलित कथा साहित्य समाज को अम्बेडकरवादी विचारधारा से अवगत कर भावी पाठकों एवं शोधार्थियों का मार्ग सुलभ करना है।

**संदर्भ**

1. डॉ. सुन्दरलाल कथूरिया, नई कविता रस और सिद्धांत, पृ.42
2. डॉ. महेश दिवाकर, हिंदी नई कहानी का समाजशास्त्रीय अध्ययन, पृ. 20
3. डॉ. रघुवीर सिन्हा, हिंदी कहानी, समाजशास्त्रीय दृष्टि, भमिका, पृ.4–5
4. डॉ. महेश दिवाकर, हिंदी नई कहानी का समाजशास्त्रीय अध्ययन, पृ.20

**संपर्क : हिंदी विभाग, आर्ट्स एण्ड सोशल सांइस कॉलेज, उस्मानिया यूनिर्वसिटी, हैदराबाद–500007 (तेलंगाना)**

# समकालीन हिंदी कहानियों में स्त्री–पुरुष

डॉ. शकीला बेगम मुस्तफा

कहानी हर युग और हर पीढ़ी को अत्यंत प्रभावित करती आई है। आज भी उसका प्रभाव बहुत अधिक है। प्राचीन काल से वह समय के अनुसार अपने को सजाती संवारती आई है। "कहानी एक अक्षय निधि है। अनादि काल से कहानीकार अनेक देशों अनेक भाषाओं में मानव जीवन की रहस्यात्मकता और उसके परिवेश के रहस्यों का अन्वेषण करता आ रहा है मनुष्य के हृदय में अन्य को जानने और अपनी कहने की जो उत्सुकता जगती है वह कहानी को जन्म देती है।

समकालीन याने "जो इस काल में है"। साथ ही जिसमें इस काल की महत्वपूर्ण समस्याओं का चित्रण हुआ है। वह समकालीनता हैडॉ पुष्पाल सिंह ने इस संदर्भ में अपने विचार व्यक्त किए हैं–"परिस्थिति के अनुसार जो बदलाव की अपेक्षा व्यक्त की गई है वही आंदोलन के साथ में उभर गए हैं"1। इस दृष्टि से समकालीन कहानी आंदोलन भी इसी प्रकार का एक आंदोलन है। लेकिन यह सभी आंदोलन एक विशाल पेड़ की अनेक टहनियों के समान है, क्योंकि उनका अपना अलग अस्तित्व हो ही नहीं सकता। समकालीनता के संदर्भ में किरण बाला का मत है कि "समकालीनता एक काल में साथ–साथ जीना नहीं है। समकालीनता अपने काल की समस्याओं और चुनौतियों का मुकाबला करना है। समस्या और चुनौतियों में भी केंद्रीय महत्व रखने वाली समस्याओं की समझ से समकालीनता उत्पन्न होती है।"[2] डॉ. चंद्रशेखर के अनुसार समकालीन अतः समस्त समस्या में एकता की आधुनिकता है अर्थात उसकी प्रश्नता अथवा प्रश्न शीलता है अपना अपना एक समय होता है उस समय में स्थित समस्या एवं परिस्थितियों का सामना सामाजिक जीवन में व्यक्ति को करना पड़ता है सामाजिक जीवन में परिवार एक महत्वपूर्ण इकाई है।

पति और पत्नी परिवार का मूल आधार होते हैं किन्हीं दो भारतीय इतिहास में नारी और दलितों की स्थिति एक्सी रही है नारी का शोषण दलितों से भी अधिक हुआ है क्योंकि इसके लिए दोहरे मापदंड रखे गए उसे पूजा की वस्तु माना गया किंतु उसके प्रति व्यवहार निम्न स्तर ही रहा धीरे–धीरे नारी को पुरुष अपनी व्यक्तिगत संपत्ति मानने लगा अतः मात्र मात्र सत्तात्मक युग में नारी को जो दुर्गा देवी शक्ति आदि माना जाता था व्यवहार में स्थिति उसके विपरीत ही रही भूमि पत्नियों तथा राशियों की संख्या को सामंतों की प्रतिष्ठा का आधार माना जाता है रहा कभी देवदासी कभी नगरवधू कभी गाने काका उसका रूप इसका प्रमाण है कि पुरुषों को नारी का कामिनी रूप ही प्रिय रहाँ

किंतु राष्ट्रीय मुक्ति आंदोलन में नारी को समानता का दर्जा देने का प्रयास किया गया नारी ने स्वयं इस आंदोलन में भाग लिया अतः उसकी मानसिकता बदलने लगी स्वतंत्रता के बाद स्त्री और पुरुष के परस्पर संपर्क के अवसर निरंतर बढ़ रहे हैं सह शिक्षा और नौकरी उसके दो प्रमुख पक्ष में हैं

आज समाज में यह संपर्क प्राया स्वीकृति हो चुका स्वीकृत हो चुका है नारी शिक्षा के कारण उसकी हीन भावना समाप्त हो गई है पुलिस बनकर पुलिस ऑफिसर किरण बेदी खेल जगत की सुप्रसिद्ध पीटी उषा तथा माउंट एवरेस्ट बछेंद्री पाल तक नारी के कदम पहुंचे हैं।

समकालीन हिंदी कहानियों में वैवाहिक कारणों से दांपत्य जीवन में आई विषमताओं बिखराव और 2 टन को विशेषता रेखांकित करने का प्रयास किया गया है इसमें नारी स्वतंत्रता का अधिकार सामाजिक स्वतंत्रता तथा वयक्तिक मुक्ति आदि अक्षय उभारे गए हैं श्रम विभाजन तथा काम का स्वाभाविक प्रवृत्ति में दो कारण नारी पुरुष के साहचर्य और परिवार निर्माण का आधार है इन्हीं कारणों से पति–पत्नी के बीच विवाद दृश्य अलगाववादी जन्म लेते हैं दीप्ति खंडेलवाल ने अपनी कहानियों में स्त्री पुरुष के साहचर्य से उत्पन्न तनाव और दोष दूरियों को दूरियों का चित्रण किया है डूब डूबने से पहले कहानी में विकृत प्रेम को व्यक्त किया गया है स्टेनो टाइपिस्ट शीला कपूर अपने बॉस मल्होत्रा के साथ शारीरिक संबंध रखती है इस संबंध को लेकर उसके मन में कोई तनाव नहीं है इसका प्राइस चित्र बाद में करेगी वह मुक्त भोग में विश्वास रखती है इसी आधुनिकता से प्रेरित होकर वह अन्य युवकों से भी दैहिक संबंध रखती है पारंपरिक मूल्य अति शीघ्र गति से परिवर्तित होते दिखाई देते हैं आत्म घात कहानी में अविवाहित रजनी पहले रणबीर फिर सुभाष के साथ रहती है वह विवाह नामक संस्कार को नकार ती है शादी के बाद तो सारा रोमांस ही खत्म हो जाएगा शादी के बाद पुरुष सिर्फ पति बन जाता है और तीन सिर्फ पत्नी और पति पत्नी का यह खेल मैंने आज तक कॉमेडी होते नहीं देखा हमेशा ट्रेजेडी होती है रजनी केवल रोमांस को महत्व देती है विवाह और विवाह के पहले संबंधों को लेकर उसका दर्शन कुछ अलग ही दिखाई देता है।

समकालीन कहानी में विवाह की सार्थकता पर प्रश्नचिन्ह टांग दिया गया है इसका एक प्रमुख कारण काम तृप्ति बताया गया है इसी कारण तीसरे व्यक्ति की उपस्थिति का विस्तृत चित्रण हुआ है

"सतीश ऑल आलोक की कहानी बहुत देर बाद में विवाह के कुछ दिन बाद ही बीनू का पति उसे दूसरे से आलिंगन व्यवस्था में देखता है तो उसकी पत्नी निसंकोच कहती है इतने दकियानूसी मत बनो तुम चाहो तुम भी चाहो तो किसी लड़की से दोस्ती कर लो मैं बुरा नहीं मानूँगी। "विवाह संबंध और उसके अभी लिखित नियम यहाँ ध्वस्त होते दिखाई देते हैं प्रेम या रोमांस के लिए नारी किसी बंधन में बंधना नहीं चाहती है।

राजीव सेठी की कहानी किसके पक्ष में पति–पत्नी के तनावग्रस्त संबंधों पर आधारित है आपस में ना बनने के कारण दोनों तलाक ले लेते हैं पति दूसरी विवाह का विज्ञापन दे देता है बेलायह सहन नहीं कर पाती और विक्की के मित्र को उसे समझाने के लिए चुनती है वह कहती है जो भी कमजोर हो वह ताकतवर को अपना समर्पण कर दें और यह ताकतवर हो सकना पुरुषों की बपौती नहीं "नारी संघर्ष करना चाहती है उसकी चेतना जागृत होती है पति पत्नी के बीच उत्पन्न तनाव की समस्या यहाँ विवाह विच्छेद से समाप्त होती है।

मनिका मोहिनी कि अभी तलाश जारी है में मधु का विवाह से पूर्व तथा अपने प्रेमी के साथ हमबिस्तर होना दिखाया गया है मधु की सहेली मुक्ता भी पति को छोड़कर उसके साथ रहती है दोनों की सहेली में की सेक्स समस्या को उठाया गया है मैं को एक साथी की तलाश है काली व कुरूप होने के कारण उसे किसी का साथ नहीं मिलता वह मधु की गोद में सिर रखकर पकने लगती है तुम सब के लिए कोई ना कोई बना है क्या मेरे लिए कोई नहीं बना मधु मैं पागल हो जाऊंगी आई वांट आई वांट अ कंपनी" एकाकीपन अकेलेपन तथा प्रेमा भाव से संघर्ष दिखाई देता है वयक्तिक समस्या से जूझती नारी अपना आत्मविश्वास खो देती है।

समकालीन जीवन संघर्ष की कहानियां समाज के उच्च माध्य तथा निम्न सभी वर्गों को आधार बनाकर लिखी गई है महंगाई बेरोजगारी क्षमता अनुसार कार्य न मिल पाना योग्यता और प्रतिभा की अवहेलना तथा अवमानना आदि समस्याओं पर कहानियां विस्तृत प्रकाश डालती है अधिकांश कहानियां दांपत्य संबंधों पर पड़ने वाले प्रभाव को प्रदर्शित करती हैं।कहानियों में शाम को खाने पर गोपाल को साग सब्जी ना मिलने पर वह पूछता है तुम्हारे पास कुछ भी पैसे नहीं थे कमला ने कहा कि उसके पास कहाँ  से आएंगे इस प्रकार धीरे–धीरे उनमें एक विचित्र अविश्वास और मनमुटाव घर कर रहा था।"कपड़े पहन कर मनोज सरला के पास आकर बोला जरा ₹10 देना सर लाने तू न कर कहा अभी कल ही आपको ₹10 दिए थे क्या सब खर्च हो गए बाकी सब कहाँ  गए अजीब हो तुम कल कुतुब पर कुछ भी खर्च नहीं हुआ मनोज के स्वर में कुछ अजीब सी दयनीय ता थी अर्था भाव से परेशान दांपत्य जीवन में परिवार की गाड़ी पटरी पर लाने की कोशिश जारी है।

दीप्ति खंडेलवाल की कहानी शीर्षक हिना में पत्नी का चिड़चिड़ा स्वभाव अपने पति को भी नहीं छोड़ता इसका कारण आर्थिक अभाव है ही है पत्नी अपने पति से गेहूं लाने को कहती है किंतु जेब खाली होने से पति पूछता है कैसे जाऊं पत्नी उसे क्रोध से कहती है मुझे बेचकर "जीवन जीने की लिए रोटी की आवश्यकता होती है परंतु रोटी के लिए रुपयों की रुपयों का अभिनय नहीं किया जाता और इससे परेशान व्यक्ति अपने आप पर का आपा खो बैठता है दांपत्य जीवन में संघर्ष दिखाई देता है।

गाउन कहानी में पति–पत्नी के संबंधों में आर्थिक तंगी तथा परिवार के पोज के परिणाम स्वरूप उत्पन्न स्वप्निल मानसिकता को अभिव्यक्त करती है मधु और काशी के घर आर्थिक तंगी इतनी अधिक है कि विवाह के 10 वर्ष भी उन्हें हनीमून का एहसास नहीं दिला पाते अर्थ अभाव और सांस का शुष्क रूबेला व्यवहार मिलाकर उनके स्वप्न तोड़ देते हैं दोनों गाउन खरीदने का सपना देखते हैं मधु स्वप्न और वास्तविकता दोनों की टकरा हट और अंतर से भीतर ही टूट जाती है गाउन उनके लिए एक सपना ही बन जाता है और मधु केवल सस्ती साड़ी ही खरीद पाती है।

मार्केट में संवेदना नहीं रहती है वहाँ  सबसे बड़ा रुपया होता है साधारण नारी का एक सामान्य सा सपना भी आर्थिक समस्या के कारण पूरा नहीं होता कई इच्छाओं को मन में ही दबाना पड़ता है

अजीत सेठ की कहानी अंधे मोड़ से आगे अत्यंत सशक्त है टेक्निकल सेक्शन से के वर्कशॉप में कार्यरत सुरजीत की पत्नी आर्थिक तंगी से परेशान है वह सुरजीत के बॉस मिश्रा जी के निकट आकर सुरजीत को छोड़कर मिश्रा से विवाह कर लेती है उसका मन दोनों व्यक्तियों की तुलना करता है

अंतर इतना ही है वह अपने हाथ से रोटी पकाती सफाई करती कपड़े धोती थी यहाँ  नौकरों से करवाती है सुरजीत में एक प्रकार की आदतें थी तो मिश्रा में दूसरे प्रकार की वह एक प्रकार के प्रसंग से देर तक पहुँचता तो यह दूसरे प्रकार के।" अतः वह स्वयं हो अकेली अनुभव कर किसी से भी जुड़ नहीं पाती।

महानगरों की चकाचौंध से आदर्श व मूल्यों की कोई कीमत नहीं होती स्वार्थ हावी हो जाता है सही व गलत में अंतर करना मुश्किल होता है तब व्यक्ति के विचारों से अधिक रुपया बलवान होता है स्त्री–पुरुष संबंधों पर दैहिक आर्थिक तथा सामाजिक पक्षियों के पड़ने वाले प्रभावों से जो विभिन्न शेड्स बनी है उनका बड़ा चित्रण समकालीन कहानियों में मिलता है इस संदर्भ में अनमेल तथा अंतरजातीय विवाह तलाक आदि समस्याओं पर भी प्रकाश डाला गया है उल्लेखनीय है कि पारिवारिक संबंधों का चित्रण प्राया महिला कहानीकारों ने तथा नगरीय प्रवेश में किया है यह चित्रण प्रायः मध्यवर्गीय धरातल पर हुआ है।

**संदर्भ सूची**


1. पुशपाल सिंह, समकालीन कहानीः युगबोध का संदर्भ, पृष्ठ 3–4
2. डॉ. किरण बाला समकालीन हिंदी कहानी और समाजवादी चेतना, पृ. 7
3. डॉ. किरण बाला कामा समकालीन हिंदी कहानी और समाजवादी चेतना पृ. 9
4. विजय मोहन सिंह, आज की कहानी, पृ. 105
5. खंडेलवाल, नदी बहती है, आघात, पृ.104
6. सतीश आलोक, बहुत देर बाद, सारिका, पृ.36 (जून 1978)
7. राजी सेठ, अंधे मोड़ से आगे, पृ. 84
8. मणिका मोहिनी कामा अभी तलाश जारी है, पृ.68
9. महिप सिंह,उलझन, पृ.114
10. दीप्ति खंडेलवाल, सलीब पर, पृ.36
11. संपा, योगेंद्र कुमार लल्ला, हिंदी लेखिकाओं की श्रेष्ठ कहानियाँ, पृ.18
12. राजी सेठ, अंधे मोड़ से आगे, पृ.111



**संपर्क सूत्र : सहायक प्राध्यापक, पीजी विभाग, दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा धरवाड़, कर्नाटक**

# रूपनारायण सोनकर की कहानियों में चित्रित दलित अस्मिता

डॉ. दोड्डा शेषु बाबु

हिंदी साहित्य में समकालीन सामाजिक परिवेश के संदर्भ में रूपनारायण सोनकर का नाम महत्वपूर्ण माना जाता है। अंबेडकरवादी विचारधारा को आत्मसात करने के कारण इनका साहित्य दलित चेतना के विभिन्न पक्षों को विभिन्न रूपों में प्रस्तुत करने में आगे रहा है। कहानी, आत्मकथा, उपन्यास आदि विधाओं के माध्यम से सोनकर जी ने दलित चिंतन को समाज के सामने रखते आ रहे है। इनकी आत्मकथा 'नागफनी' दलित जीवन की यातनाओं को सूचित करने वाली एक महत्वपूर्ण नागफनी है। इनका ही उपन्यास 'सुअरदान' एक वैकल्पिक सामाजिक विचार को प्रतिस्थापित करने वाला है। इसी उपलक्ष्य में रूपनारायण सोनकर की कहानियां भी दलित जनता के विद्रोह स्वर को खुलेआम प्रकट करती है। जहरीली जड़े, रन्नो, खटीक का घर और खल–चल नीति आदि कहानियां दलित वेदना के तेवर को प्रकट करने में अग्रसर है।

रूपनारायण सोनकर अत्यंत संवेदनशील व्यक्ति होने के साथ–साथ उस संवेदनशीलता के व्यक्तित्व को अपनी रचनाओं के माध्यम से प्रकट करने में अग्रसर हैं। इसी कारण उनकी रचनाएं दलित समाज की सामाजिक संवेदना को स्पष्ट रूप में प्रस्तुत करने में सक्षम हैं। रूपनारायण सोनकर की और एक विशेषता यह है कि विषय के प्रति केवल संवेदना जताना ही नहीं, विषय से बाहर आने का रास्ता भी दिखाते है। ऐसे ही विचार इनकी कहानी 'रन्नो' में दिखाई देते हैं। सामाजिक और आर्थिक दमन नीति की साक्षी है 'रन्नो' कहानी की रन्नो। वह एक गरीब दलित महिला है। सामाजिक और आर्थिक रूप से निम्न होने के कारण और गरीबी की चपेट में आने के कारण उच्च वर्ण के लोगों के पास नौकरानी का काम करने में मजबूर है। इनकी दयनीय स्थिति का लाभ उठाकर इन्हें शारीरिक व यौन शोषण का शिकार बनाते हैं। ऐसी जीवंत कहानियां केवल रन्नो की ही नहीं, बल्कि वर्तमान में अनेक दलित महिलाओं के संदर्भ में हम देख सकते है। रन्नो के मां–बाप मरने के बाद वह कुलकर्णी परिवार में काम करने के लिए आती है। तब से सदानंद कुलकर्णी और वेदांत कुलकर्णी दोनों बाप बेटे उन पर लैंगिक हमले करते रहे हैं। इस संदर्भ में रन्नो कहती है कि "वेदांत कुलकर्णी अपने पिता सदानंद कुलकर्णी से दो कदम आगे गया है। जब उसकी पत्नी शालिनी कुलकर्णी मायके चली जाती है तो वह मेरे साथ हर रात घिनौनी हरकतें करता है। रात भर मेरे साथ शारीरिक संबंध बनाता है। उस समय मुझे साक्षात मृत्यु नजर आने लगती है जब बेटे के जाने के बाद पिता आ जाता है। वह भी मेरे साथ नीच हरकतें करता है।"[1] घरेलू काम के लिए गरीब लड़कियों को घर में रखना और इनसे घरेलू काम के साथ–साथ शारीरिक शोषण करने की अनेक घटनाएं पहले भी

है और आज भी हो रही है। हाल ही में 10 जुलाई 2021 में दिल्ली से मुक्त कराई गई झारखंड की लड़कियों की कहानियां इसी बात की साक्षी है। प्रभात खबर के अनुसार ''छोटी बच्चियों को बहला–फुसलाकर दिल्ली में अच्छी जिंदगी जीने का लालच देकर उन्हें दिल्ली लाते हैं और विभिन्न घरों में उन्हें काम पर लगाने के बहाने बेच देते हैं।"[2] लड़कियां मुक्त होने के अवसर पर कहती है कि ''हम लोग जितने दिन दिल्ली में रहे जिल्लत भरी जिंदगी जीते रहे। उन्होंने कहा कि काम खूब कराया जाता था परंतु उसके बदले ना सही से खाना मिलता था और ना ही पैसे बल्कि उनके साथ मारपीट की जाती और तरह–तरह की यातनाएं भी दी जाती थी।"[3] यही बात रूपनारायण सोनकर यहाँ पर स्पष्ट रूप में दिखाने की चेष्टा करते है। इस संदर्भ में वे कहानी के माध्यम से कहते हैं कि ''रन्नो को मैंने धीरज दिलाया कि मैं उसकी मदद करूंगा। मैं भी तुम्हारी तरह एक दलित हूं। मैं एक दलित उत्थान समिति से जुड़ा हूं''।[4] इतना ही नहीं, उन्हें सही जिंदगी का रास्ता भी दिखाते है। इसी प्रकार 'खल–छल नीति' कहानी में भी स्त्रियों के पक्ष में रहकर बात आगे बढ़ाते है। कहानी के मुख्य पात्र सत्यनारायण त्रिपाठी ने दलित महिला सुनयना को जबरदस्ती अपनी रखैल बनाकर रोज अत्याचार करता है। गाँव वालों के सामने बहन कहकर रात में अत्याचार करना उसका षड़यंत्र है। सुनयना गर्भवती बनने पर वह जिम्मेदारी लेने से इनकार करता है। सुनयना बहुत बार त्रिपाठी से दूर होना चाहती है, लेकिन त्रिपाठी भ्रष्टाचारी, गुंडई और सत्ता के आदमी होने के कारण असहाय स्थिति में उसी के साथ रहने पर विवश होती है। जब भी वह बाहर जाने के लिए सोचती है तो भद्दी–भद्दी गाली सुनना पड़ता या कभी–कभी मारपीट भी होती थी। सुनयना को धमकाने वाले अंदाज में त्रिपाठी गाली देते हैं कि ''साली तुझको झोपड़ी से निकालकर महल पर लाया हूं। वहाँ नमक रोटी खाती थी। यहाँ तुझे हलवा–पूरी खिला रहा हूं। तेरे लिए मैंने गाँव वालों की भी परवाह नहीं की''।[5] सुनयना की यातना और रुलाई त्रिपाठी पर कोई असर नहीं डालती है। वास्तव में त्रिपाठी उस गाँव के गुंडई आदमी थे। उनके खिलाफ आवाज उठाने पर अब तक 10 लोगों की हत्या हुई थी। इसी कारण सुनयना चुपचाप शोषण को सहती रही थी। वह हमेशा शोषण का बदला लेना चाहती है। लेकिन कैसे? इसी का समाधान के रूप में जब त्रिपाठी धरने पर बैठता है तो पानी के स्थान पर मिट्टी का तेल रखकर बदला लेती है। इस संदर्भ में वह स्वयं कहती है कि ''मेरे पेट में पल रहे बच्चे का पिता सत्यनारायण त्रिपाठी है। संकटा प्रसाद खटीक मुझे बहन कहते हैं। वह मुझ से राखी बंधवाते हैं। सत्यनारायण त्रिपाठी ने मुझे जबरदस्ती रखैल बना रखा था। त्रिपाठी के आत्मदाह करने वाले नाटक को मैं सुन रही थी। तेल के केन में इनके समर्थकों ने पानी भर रखा था। मैंने चालाकी से पानी वाले केन को हटाकर मिट्टी के तेल वाला केन रख दिया था। त्रिपाठी जैसे कुकर्मी अत्याचारी से छुटकारा पाना चाहती थी। त्रिपाठी की जान डॉक्टरों ने बचा ली, लेकिन वह जिंदगी भर के लिए कुरुप विकलांग हो चुका था।''[6] इतना ही नहीं, इनकी हर कहानी में दलित आत्मगौरव की बात झलकती है। बार–बार वह आत्मसम्मान के साथ जीने की इच्छा प्रकट करते रहते है। 'खल–छल नीति' कहानी के संकटा प्रसाद खटीक इलाहाबाद विश्वविद्यालय से

एम.ए. समाजशास्त्र पास होकर गाँव की सेवा करना चाहता है। गाँव में ही रहकर नई तकनीकी सामग्री के माध्यम से गाँव के कृषि क्षेत्र को सुधारना चाहता है, ताकि गाँव के दलित और गैर दलित कृषि के साथ साथ व्यापार के क्षेत्र में भी आगे बढ़ सके। संकटा प्रसाद के कार्यों से प्रसन्न होकर गाँव के लोगों ने उन्हें ग्राम प्रधान के रूप में चुन लिया है, लेकिन जातीय अस्मिता से चलने वाला सत्यनारायण त्रिपाठी को यह कदम अच्छा नहीं लगा है। बार–बार संकटा प्रसाद के कार्यों में अड़चनें पैदा करने की चेष्टा करता रहता है और कहता है कि ''साले खटीक ग्राम प्रधान को ना ठीक कर दिया तो मेरा नाम सत्यनारायण त्रिपाठी नहीं। यदि इस साले ने मेरे किसी काम में टांग अड़ाई तो साले को यमपुरी पहुँचा दूँगा''। संकटा प्रसाद के खिलाफ अपने पक्ष के लोगों को उकसाने पर भी त्रिपाठी से संकटा प्रसाद कहते हैं कि ''अरे भाई सही काम मैं सभी का करूंगा। बेईमानी मैं नहीं कर पाऊंगा।''[7] असल बात यह है कि ग्रामीण रोजगार योजना के तहत तालाब को गहरा करने के लिए त्रिपाठी ने 51 लोगों की सूची संकटा प्रसाद को सौंपी है। जो पिछले 5 साल से काम कर रहे थे, लेकिन वास्तव में 30 दलित या निम्न जातियों के लोग ही उसमें काम कर रहे थे। बाकी 21 लोग केवल रजिस्टर पर ही दिखते थे। तब तक यह एक निरंतर प्रक्रिया रही। इस फर्जी सूची पर आपत्ति जताने पर सत्यनारायण त्रिपाठी और संकटा प्रसाद की चर्चा इस प्रकार होती है कि ''देखो संकटा प्रसाद प्रत्येक बार मेरे 21 आदमी से अधिक काम करने वाले मजदूरों की लिस्ट में आते रहे हैं, तुमने इनका नाम क्यों काट दिया? संकटा प्रसाद बड़ी विनम्रता से कहता है कि "सत्यनारायण ने कहा ब्राह्मणों को कभी मजदूरी करते देखा है क्या? जो काम करता है वही मजदूरी पाने का हकदार है। संकटा प्रसाद के कहने पर त्रिपाठी कहता हैं कि मैं जो कहता हूं वही नियम कानून है और आगे कहता है अगर तुम नहीं करोगे तो इसका परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहो।''[8] इसी प्रकार दलित अस्मिता और स्वाभिमान से जुड़ी हुई बातें इनकी कहानियों में कदम– कदम पर मिलती है। 'खटीक का घर' कहानी इसका प्रमाण है। विवेकानंद तिवारी चमार लोगों से काम मुफ्त में लेना अपना अधिकार समझता है। इस काम के लिए उसने हिरवा के पिताजी को लगा रखा है। उसकी बातों को न मानने पर हिरवा के पिताजी और चमारों को गालियां खाना पड़ता है या उन सबकी पिटाई होती है। ऐसी भयानक स्थिति को जानकर हिरवा विचलित होता है और चमारों की बस्ती में जाकर उनको शिक्षित करने का प्रयत्न भी करता है। इस संदर्भ में वह कहता है कि ''आप लोग संगठित हो। किसी के भी बुलावे पर ब्राह्मणों के यहाँ बेगार करने मत जाओ। यदि कोई ब्राह्मण जबरदस्ती किसी को बुलाए तो पांच या छः आदमी एक साथ जाओ। यदि कोई ब्राह्मण इस चमार मोहल्ले में किसी को बुलाने आए और आप लोगों के ना जाने पर गाली दे तो आप लोग भी उसे गाली दो। यदि वह मारे तो आप लोग भी उसको मारो! ऐसा करने से वह दब जाएगा वह आप लोगों से बेगार नहीं कराएगा।''[9] वास्तव में कोई भी व्यक्ति अपने स्वाभिमान को स्वयं खोकर बेगारी का जीवन नहीं जीना चाहता है। लेकिन भारतीय समाज की वर्ण व्यवस्था में कुछ जातियों को निम्न घोषित कर निम्न स्थिति में रहने को बाध्य बनाया जाता है। इसके अनेक उदाहरण आज भी हमारे समाज में

मिलते हैं। जैसे ''सुल्तानपुर जिले के कोतवाली देहात के इस्लामगंज गाँव में बेगारी करने से मना करने पर दबंगों ने दलित महिलाओं की जमकर पिटाई की। विरोध करने पर तमंचा सटा महिलाओं से जेवरात छीन लिए गए और शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ितों की तहरीर तो ले ली पर ना चोटों का डॉक्टरी परीक्षण कराया और ना ही मुकदमा पंजीकृत किया है।''[10] इसी प्रकार ''फर्रुखाबाद में बेगार न करने पर दबंगों ने दलित मजदूर धर्मेंद्र दिवाकर की जबरदस्ती पिटाई कर उसका पैर तोड़ दिया।''[11] इतना ही नहीं "फतेहपुर जिले के थरियागाँव एरिया में दलित युवक के बेगार न करने से नाराज दबंगों ने उसे खंभे से बाँधकर पीटा और करंट लगाया। जबरदस्त टॉर्चर और मारपीट से युवक की आंख पर गंभीर चोट आई है।''[12] आज भी ऐसे अनेक उदाहरण हमें अगर मिलते है तो दोष किसका मानना चाहिए? इसी कारण इस कहानी के चमार भी विवेकानंद तिवारी से डर कर काम पर जाते हैं और कभी–कभी मारपीट के शिकार भी होते हैं। इस प्रथा के विरोध में आवाज उठाने पर धमकी देते हुए तिवारी कहता है कि ''साले तुम लोगों को ब्राह्मणों के घर के सामने इसलिए बसाया गया है ताकि तुम लोग चौकीदारी का काम कर सको। अभी गाली से बात कर रहा हूं। फिर लात से बात करूंगा।"[13] रूपनारायण सोनकर की कहानियों में तमाम सामाजिक विसंगतियों के खिलाफ आवाज उठाने के साथ–साथ उन विचारों में बदलाव भी मुख्य मुद्दा रहा है। इसी कारण परंपरागत रूप से आने वाली सामाजिक नियमावली के विरुद्ध इनकी कहानियां आवाज उठाती है। वर्ण व्यवस्था बनाम सामाजिक रीतियों पर प्रहार करना इनकी कहानियों का मुख्य उद्देश्य है। इसी उपलक्ष्य में लिखित कहानी जहरीली जड़े है। बारिश के कारण स्कूल के मैदान में गंदगी भरने पर उसे साफ करने का काम केवल दलित छात्र हीरालाल और मेहतर बच्चों को ही दिया जाता है। साफ करने पर ही उन्हें कबड्डी के खेल में स्थान मिलने की बात कही जाती है। इस संदर्भ में अध्यापक त्रिवेणी शंकर चौबे कहते हैं कि ''हीरालाल तू तो बड़ा कबड्डी का खिलाड़ी है। कबड्डी की प्रतियोगिता में तुझे खिलाया जाएगा। यदि मैदान साफ नहीं होगा तो तू खेल नहीं पाएगा। तू ही जाकर उन दोनों मेहतरों के साथ मैदान की सफाई करा दे।''[14] मास्टर की आज्ञा पर हीरालाल किताबों के बस्ता को कक्षा में ही छोड़कर झाड़ू पकड़ कर 3 घंटे मैदान साफ किया है। समस्त विद्यार्थी हीरालाल और उनके मित्रों को देखते रहे हैं लेकिन कोई भी सहायता करने के लिए आगे नहीं बढ़ा। इतना श्रम करने के बाद भी उन्हें सम्मान नहीं मिलता है। जाति बनाम भेदभाव ने हीरालाल को बाकी बच्चों से दूर बैठने के लिए कहता है। ''हीरालाल स्नान करके पुनः स्कूल पढ़ने के लिए आ गया। वह ब्राह्मण व ठाकुरों के लड़के लड़कियों के साथ बीच में बैठकर पढ़ता था। उसी तरह आकर बीच में बैठकर पढ़ना चाहता था। लेकिन हीरालाल का बस्ता लावारिस एक कोने में पड़ा था। स्कूल के छात्र छात्राएं उसको छूने से परहेज कर रहे थे तथा मास्टरों के व्यवहार में बहुत बड़ा परिवर्तन था। हीरालाल समझ नहीं पा रहा था कि वे लोग ऐसा क्यों कर रहे हैं?''[15] इसी प्रकार जहाँ मंदिर में दलितों का प्रवेश निषेध है उसी जगह साफ सफाई के लिए और गुंबदों की पुताई के लिए दलितों को इस्तेमाल किया जाता है इस कहानी में

हीरालाल को रामचरित पढ़ने और मंदिर में पूजा करने का अधिकार तो नहीं है बल्कि मंदिर की सफाई उन्हीं से करवायी जाती है। "तमिलनाडु के रामेश्वरम स्थित स्कूल में दलित बच्चों के द्वारा सेप्टिक टैंक साफ करने की घटना"[16] और "मध्यप्रदेश के दमोह जिला डोली गाँव में दलित बच्चों के साथ टॉयलेट साफ करवाना तथा मिड डे मील की थालियों से मैला उठाने की घटनाएं"[17] इसी का मुख्य उदाहरण है। जाति भेदभाव के कारण ही दलित बच्चों को सताया जाता है और स्कूल से उन्हें दूर रखने की साजिश भी इसमें छुपी है। अतः संक्षेप में यह कहा जा सकता है कि वर्तमान समाज की वास्तविक दलित पीडा को प्रस्तुत करने में रूपनारायण सोनकर की कहानियां अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। दलित जनता की वेदना, आक्रोश और आंदोलनों को विभिन्न उदाहरणों के साथ जनता के सामने रखने में वे अत्यंत सक्षम रहे हैं।

**संदर्भ**


1. रूपनारायण सोनकर, रन्नो, जहरीली जड़े, डायमंड बुक्स, नई दिल्ली, सं. 2005, पृ. 55
2. प्रभात खबर, 3 जून, शुक्रवार, 2022, ऑनलाइन एडिशन
3. हिंदुस्तान, 9 जुलाई, शुक्रवार, 2021 ऑनलाइन एडिशन
4. रूपनारायण सोनकर, रन्नो, जहरीली जड़े, डायमंड बुक्स, नई दिल्ली, सं. 2005, पृ. 58
5. रूपनारायण सोनकर, खल–छल नीति, जहरीली जड़े, डायमंड बुक्स, नई दिल्ली, सं.2005, पृ. 21
6. रूपनारायण सोनकर, खल–छल नीति, जहरीली जड़े, डायमंड बुक्स, नई दिल्ली, सं.2005, पृ. 26
7. रूपनारायण सोनकर, खल–छल नीति, जहरीली जड़े, डायमंड बुक्स, नई दिल्ली, सं.2005, पृ. 23
8. रूपनारायण सोनकर, खल–छल नीति, जहरीली जड़े, डायमंड बुक्स, नई दिल्ली, सं. 2005, पृ. 24
9. रूपनारायण सोनकर, खटिक का घर, जहरीली जड़े, डायमंड बुक्स, नई दिल्ली, सं. 2005, पृ.38
10. जागरण, 12 नवंबर, सोमवार, 2022, ऑनलाइन एडिशन
11. जे एन आई न्यूज, जून 3, 2011, ऑनलाइन एडिशन
12. नवभारत टाइंस, 27 जुलाई 2016 ऑनलाइन एडिशन
13. रूपनारायण सोनकर, खटिक का घर, जहरीली जड़े, डायमंड बुक्स, नई दिल्ली, सं. 2005, पृ.38
15. रूपनारायण सोनकर, जहरीली जड़े, जहरीली जड़े, डायमंड बुक्स, नई दिल्ली, सं. 2005, पृ. 17
16. रूपनारायण सोनकर, जहरीली जड़े, जहरीली जड़े, डायमंड बुक्स, नई दिल्ली, सं. 2005, पृ. 17
17. जनसत्ता. 3 अगस्त, 2017 ऑनलाइन एडिशन
18. भोपाल समाचार, नवंबर 12, 2017, ऑनलाइन एडिशन


---


**संपर्क : असिस्टेंट प्रोफेसर, हिंदी विभाग, मौलाना आजाद नेशनल उर्दू यूनिवर्सिटी, गच्ची बावली, हैदराबाद–500032, मो– 9985281090**

# हिसार में सामाजिक, आर्थिक और तकनीकी विकास

**सुनीता**

हिसार, हरियाणा के प्रमुख जिलों में से एक है, इसमें कई कमियाँ हैं। वर्तमान में हिसार के समग्र विकास के लिए कई विकास योजनाएँ लागू हैं। सामाजिक विकास का मुख्य उद्देश्य एक ऐसे समाज का विकास करना है जिसमें तकनीकी, सामाजिक और आर्थिक विकास शामिल हो। सामाजिक विकास में आत्म–विकास भी शामिल है क्योंकि आत्म–विकास के बिना समाज का विकास संभव नहीं है। एक जिले का विकास प्रौद्योगिकी, अर्थव्यवस्था और समाज के संदर्भ में समाज के विकास पर निर्भर करता है। सामाजिक विकास एक जिले के समग्र विकास का प्रतिनिधित्व करता है। यह उम्र, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, बुनियादी ढाँचे, साक्षरता और व्यवसाय की जाँच करता है। एक समाज में उत्पन्न होने वाली समस्या पूरे समाज को प्रभावित करती है, यह एक सामाजिक समस्या बन जाती है। सामाजिक मुद्दों में अपराध, असमानता, स्वतंत्रता, मानवाधिकार आदि शामिल हैं।

हरियाणा सरकार ने स्वास्थ्य, शिक्षा और बाल और महिला विकास के लिए सभी आवश्यक सुविधाएँ प्रदान की हैं। उन्होंने हिसार जिले के सभी लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल प्रदान की, और उचित बुनियादी ढाँचा बनाया गया है। सरकार किशोरों, माताओं, बच्चों और वृद्ध लोगों सहित सभी प्रकार के लोगों को स्वास्थ्य सेवा प्रदान करती है। हर दिन वे अपनी सुविधाओं में सुधार करने और बेहतर गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करने का प्रयास करते हैं। वे पुरानी बीमारियों और नशीली दवाओं की लत पर भी नजर रखते हैं। हिसार जिला हर दिन अपनी सुविधाओं में सुधार करने की कोशिश करता है और इस तरह, वे बीमारियों को कम करने का प्रयास करते हैं। शोध की पृष्ठभूमि हिसार जिले की प्रगति और विकास प्रदान करती है। शिक्षा के विकास के मामले में सरकार कई योजनाएँ और छात्रवृत्ति प्रदान करती है ताकि छात्र बिना किसी समस्या के अध्ययन कर सकें। हिसार जिले की सरकार छात्रों, खासकर अल्पसंख्यक छात्रों को कई स्कॉलरशिप देती है। अल्पसंख्यक समूह जैसे 'एससी, एसटी, ओबीसी' से संबंधित छात्रों को अपनी पढ़ाई पूरी करने के लिए कई सुविधाएँ हैं (कुमार, 2019)।

मजदूरों के बच्चों और उनकी पढ़ाई पर भी सरकार की नजर है, उन्होंने कार्यकर्ता के बच्चों की शिक्षा के लिए कई योजनाएँ और छात्रवृत्तियाँ शुरू कीं। इन योजनाओं और स्कॉलरशिप की मदद से बच्चे बिना किसी परेशानी के अपनी पढ़ाई पूरी कर सकेंगे। जिले का विकास बच्चों के विकास पर निर्भर करता है, बच्चे शिक्षित होंगे तो जिले के साथ–साथ देश का भी तेजी से विकास होगा। हिसार जिले की सरकार भी महिलाओं के विकास के लिए आवश्यक कदम उठाती है; वे केवल महिलाओं के लिए कई प्रकार की प्रतियोगिता की व्यवस्था करते हैं। महिलाओं के विकास के लिए कई योजनाएँ

हैं। जिले की पंचायतों के विकास के लिए जिला कई प्रोत्साहन देता है। समाज के विकास के लिए सरकार महिलाओं और युवा पीढ़ी को कई तरह के प्रशिक्षण देती है (शहरावत, 2020)।

## अनुसंधान उद्देश्य और उद्देश्य

इस शोध का मुख्य उद्देश्य हरियाणा के हिसार जिले के विकास का समग्र दृष्टिकोण प्रदान करना है। इसके उद्देश्य इस प्रकार हैं:

• हिसार जिले में समाज के विकास की पहचान करना और समाज में मुख्य मुद्दों का पता लगाना।

• हिसार जिले की कमियों के बारे में एक योजना विकसित करने के लिए और विकास के लिए क्या करने की आवश्यकता है इसके बारे में एक विचार देना।

• हिसार जिले के सामाजिक, तकनीकी और आर्थिक विकास को मापने के लिए।

• हिसार जिले के लोगों पर स्वास्थ्य मुद्दों, सामाजिक मुद्दों, आर्थिक स्थितियों और बुनियादी ढाँचे के प्रभाव का विश्लेषण करना।

• हिसार जिले में साक्षरता दर को उनके सामाजिक संदर्भ के रूप में तलाशने के लिए परिकल्पना HI हिसार जिला सामाजिक रूप से विकसित है और इसका व्यक्तियों के जीवन पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है।

एच. हिसार जिला सामाजिक रूप से विकसित नहीं है।

## साहित्य की समीक्षा

हिसार में सामाजिक और आर्थिक विकास के पैटर्न ज्ञानी एट अल के विचार के अनुसार (2022), 60 डेयरी उत्पादकों में से 73.3% औसत 43 वर्ष के मध्यम आयु वर्ग के थे। ये डेयरी उत्पादक औपचारिक रूप से बोलते हैं, इसलिए वे पर्याप्त शिक्षित हैं। सर्वेक्षण के आँकड़े ग्रामीण क्षेत्रों से एकत्र किए जाते हैं, डेयरी उद्योग को हिसार जिले का खजाना माना जाता है। भारत जैसे विकासशील देश में डेयरी किसानों की प्रोफाइल महत्वपूर्ण है। यह शोध हिसार जिले में किया गया था। डेटा हिसार जिले से एक किया जाता है, इसलिए यह हरियाणा का डेटा नहीं है। हिसार जिले का व्यवसाय मुख्य रूप से खेती है, इसलिए समाज का विकास इन किसानों के विकास पर निर्भर करता है।

## हिसार शहर का सामाजिक कल्याण

सामाजिक कल्याण का विचार हिसार जिले के लोगों के जीवन की गुणवत्ता और सामाजिक कल्याण के विचार से जुड़ा है। यह न केवल सामाजिक समस्याओं से बल्कि स्वास्थ्य, सांस्कृतिक जीवन, निर्णय लेने, जनसांख्यिकी और सामाजिक जीवन जैसे अन्य मुद्दों से संबंधित है। सामाजिक विकास का संबंध व्यक्ति के विकास से है, इसलिए इसका संबंध स्वयं के विकास से भी है। सामाजिक विकास का संबंध अर्थव्यवस्था और प्रौद्योगिकी के विकास से भी है। देश के विकास के लिए सामाजिक विकास आवश्यक है क्योंकि सामाजिक विकास के बिना देश का विकास संभव नहीं है। व्यक्तिगत समस्या सामाजिक समस्या नहीं है बल्कि सामाजिक समस्या किसी के लिए व्यक्तिगत समस्या हो सकती है। अवलोकन के अनुसार, सामाजिक समस्या कभी–कभी किसी व्यक्ति को प्रभावित कर सकती है (कुमार और रानी, 2019)।

## हरियाणा की विकास रिपोर्ट

हिसार जिले ने गरीबी को कम करके अपनी अर्थव्यवस्था का विकास किया, इससे पहले बड़ी संख्या में लोग गरीबी के स्तर से नीचे रहते थे। वर्तमान में गरीबी से नीचे जीवन यापन करने वालों का प्रतिशत कम हुआ है, यह काबिले तारीफ है। हिसार जिले का गरीबी प्रतिशत अब केवल 9 है लेकिन इससे पहले यह 35 था। इससे संकेत मिलता है कि हिसार जिला आर्थिक रूप से विकसित है। सिवाच एवं सिंह (2019) के कथन के अनुसार कृषि का उत्पादन भी बढ़ रहा है। हिसार जिला बागवानी और फूलों की खेती के क्षेत्र में भी विकसित हो रहा है। पशुधन अर्थव्यवस्था के विकास के मुख्य कारकों में से एक है। वे दूध, अंडे और मांस प्रदान करके पशु प्रोटीन की आवश्यकता को पूरा करते हैं। जल निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है और कृषि के लिए उपयोग किया जाने वाला पानी बहुत खराब गुणवत्ता का है।

## सूचना प्रौद्योगिकी

यह देखा गया है कि हिसार की सूचना प्रौद्योगिकी के संबंध में पिछले दिशानिर्देश विफल रहे हैं। इसलिए हिसार के सूचना प्रौद्योगिकी विभाग को इन नए दिशा–निर्देशों का पालन करना चाहिए। ये दिशा–निर्देश अधिकारियों के कर्तव्यों और शक्तियों के लिए हैं, कर्मचारियों के लिए कुछ दिशानिर्देश हैं जैसे कि उनके नियम और विनियम इन दिशानिर्देशों का पालन हिसार जिले की सरकार को करना चाहिए अन्यथा यह फिर सफल नहीं होगा। शेहरावत, (2020) के अवलोकन के अनुसार, कर्मचारियों को उनका वेतन और उनका मुआवजा दिशा–निर्देशों के अनुसार मिलेगा। इन दिशानिर्देशों में बजट, योजना और व्यय शामिल हैं। इन दिशा–निर्देशों को अगर सही तरीके से लागू किया गया तो हिसार जिले की सरकार का तेजी से विकास होगा।

## अनुसंधान दर्शन

सॉन्डर्स एट अल के विचार के अनुसार (2009), अनुसंधान दर्शन बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि अनुसंधान दर्शन मुख्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों और अनुसंधान के अनुपयुक्त क्षेत्रों की पहचान करने में मदद करता है। यह देखा गया है कि प्रत्यक्षवाद दर्शन इस शोध पत्र के लिए उपयुक्त है क्योंकि यह उपयुक्त डेटा एकत्र करने में मदद करता है। मात्रात्मक डेटा स्थिति को बेहतर तरीके से पहचानने में मदद करता है। तथ्यात्मक आँकड़े, जो एकत्र किए गए हैं, उपयुक्त हैं, इसलिए इस शोध पत्र में प्रत्यक्षवाद दर्शन महत्त्वपूर्ण है।

## अनुसंधान उपागम

अनुसंधान दृष्टिकोण बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह अनुसंधान की समग्र योजना में मदद करता है जैसे कि अनुसंधान को पूरा करने के लिए आवश्यक कदम। अनुसंधान दृष्टिकोण के प्रकार आगमनात्मक, निगमनात्मक और अपवर्तक हैं। आगमनात्मक विधि उपयुक्त है क्योंकि इस शोध के लिए आवश्यक डेटा संग्रह की गुंजाइश है। आगमनात्मक विधि रूपरेखा बनाने, विषयों की पहचान करने और घटनाओं की खोज करने में मदद करती है। यह शोध विनिर्देश से सामान्यीकरण तक सामान्यीकरण करता है। आगमनात्मक सिद्धांत एक शोध कार्य को तैयार करने में मदद करता है, पहले एक

अवलोकन होता है, फिर एक पैटर्न होता है और एक पैटर्न के बाद सिद्धांत बनाया जाता है।

## अनुसंधान रेखा चित्र

अनुसंधान डिजाइन एक शोध पद्धति को तैयार करने और सही प्रकार की तकनीक को चुनने में मदद करता है। चार प्रकार के शोध डिजाइन सह–संबंधपरक वर्णनात्मक, प्रयोगात्मक और आकस्मिक हैं। इस शोध के लिए एक वर्णनात्मक शोध डिजाइन उपयुक्त है क्योंकि वर्णनात्मक शोध डिजाइन वर्तमान स्थिति का वर्णन करता है और व्यवस्थित जानकारी प्रदान करता है। वर्णनात्मक अनुसंधान डिजाइन व्यवस्थित जानकारी के माध्यम से डेटा एकत्र करने में मदद करता है।

## डेटा संग्रह विधि

इस शोध में जो डेटा एकत्र किया गया है वह एक क्षेत्रीय सर्वेक्षण के माध्यम से एकत्र किया गया। द्वितीयक डेटा है। अतः यह कहा जा सकता है कि इसके प्रयोग से एकत्रित आंकड़ों को इस शोध के परिणामों की पहचान करने में सहायता मिलती है।

## सैम्पलिंग

क्षेत्र से एकत्र किए गए डेटा हिसार जिले के एक विशेष ग्रामीण क्षेत्र से एकत्र किए गए सर्वेक्षण हैं। इसलिए डेटा स्थान से स्थान पर भिन्न हो सकता है। हिसार जिले के लोगों की आय का मुख्य स्रोत कृषि है। 73.6% लोग कृषि पर निर्भर हैं और साक्षरता दर 75.23% है। 3 लाख से कम ग्रामीण आबादी वाले जिलों में 35 गाँव ों का चयन किया जाता है। प्रत्येक स्तर से चयनित गाँवों की संख्या का चयन किया जाता है। यह हरियाणा की कुल जनसंख्या और जिले की कुल जनसंख्या के अनुपात से निर्धारित होता है। यदि स्तर में सभी हरियाणा की कुल जनसंख्या कुल जनसंख्या का 25% है, तो उस स्तर से 5 गाँव ों को चुना गया है। यह भी आश्वासन दिया गया है कि हरियाणा के प्रत्येक स्तर से कम से कम 5 समुदायों को चुना जाएगा।

## प्रयोगात्मक अध्ययन

प्रयोगात्मक अध्ययन गतिविधियाँ सवाल पूछ रहे हैं– अनुसंधान प्रश्न विकसित किया गया है। पृष्ठभूमि शोध अनुसंधान क्षेत्र से संबंधित पृष्ठभूमि विकसित की गई है। निर्माण परिकल्पना सकारात्मक और नकारात्मक सामाजिक विकास विकास को डिजाइन किया गया है। प्रयोग के साथ परीक्षण प्रयोग बेहतर जिला स्थिति विश्लेषण द्वारा विकसित किया गया है। परिणाम का विश्लेषण जिले पर सामाजिक विकास के प्रभाव का विश्लेषण किया गया है। रिपोर्ट परिणाम अनुसंधान उद्देश्य को पूरा करके रिपोर्ट विकसित की जाती है।

## विश्लेषण

यह शोध हिसार जिले की प्रगति और विकास और हिसार जिले की वर्तमान स्थिति का समग्र विश्लेषण प्रदान करता है। चौधरी आदि के मतानुसार (2021), हिसार तेजी से प्रगति कर रहा है, हिसार जिले के समग्र विकास के लिए सरकार कई कदम उठाती है ताकि हिसार एक विकसित शहर बने। सरकार ने हिसार जिले के सामाजिक विकास के लिए कई योजनाएँ शुरू की, इसमें अर्थव्यवस्था, प्रौद्योगिकी और समाज का समग्र विकास शामिल है।

सरकार बच्चों की शिक्षा के विकास पर ध्यान दे रही है क्योंकि ये ही बच्चे समाज के भविष्य हैं। शिक्षा का विकास समाज के विकास में भी सहायक होता है। बच्चे उचित शिक्षा प्राप्त कर हिसार जिले के विकास पर कई तरह के विचार देंगे। समाज के विकास में अर्थव्यवस्था, प्रौद्योगिकी और समाज का विकास शामिल है। हरियाणा सरकार ने पहले ही समाज की समग्र प्रगति के लिए कई कदम उठाए हैं।

कई मुद्दे कभी–कभी समाज को प्रभावित करते हैं, इन्हें सामाजिक मुद्दे कहा जाता है। सामाजिक समस्याएँ जैसे– असमानता, साक्षरता दर, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, अपराध और स्वास्थ्य संबंधी मुद्दे। शोध से पता चला है कि हिसार एक विकसित शहर है लेकिन कुछ क्षेत्रों में सुधार की जरूरत है। हिसार जिले की सरकार अब जिन मुद्दों का सामना कर रही है, वे हैं पानी की समस्या, पानी की कमी। रोजगार की कमी हिसार की सबसे बड़ी समस्या है, पढ़े–लिखे लोग बहुत हैं लेकिन उन्हें पर्याप्त रोजगार नहीं मिलता है, इसलिए यह जिले के लिए एक समस्या पैदा करता है। कुमार और राहुल (2021) के बयान के अनुसार, हरियाणा के युवा अब कम कौशल के कारण बेरोजगारी की समस्या का सामना कर रहे हैं। हिसार एक विकसित शहर है लेकिन इसके बावजूद युवा पीढ़ी को पर्याप्त रोजगार नहीं मिल रहा है।

भ्रष्टाचार हिसार सरकार के लिए एक और बड़ी समस्या है; सरकार कम दर पर जमीन खरीद रही है। लेकिन अचल संपत्ति को उच्च दर पर बेच रही है। बिजली की समस्या भी है, लंबे समय तक बिजली कटौती के कारण किसानों और उद्योगों दोनों को बहुत नुकसान होता है। पवन और दीन, (2021) के अनुसार, हिसार जिले की सरकार को अब उपरोक्त चर्चा किए गए मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए और उन्हें जल्द से जल्द हल करने का प्रयास करना चाहिए। इन मुद्दों का समाधान करना बहुत जरूरी है अन्यथा यह हिसार जिले के समग्र विकास को प्रभावित करेगा। ये इस शोध पत्र के कुछ विश्लेषण और निष्कर्ष हैं।

**निष्कर्ष**

यह देखा गया है कि हिसार जिला अर्थव्यवस्था, प्रौद्योगिकी और समाज में अपनी प्रगति के कारण सामाजिक रूप से विकसित है। लेकिन जिला सामाजिक रूप से बिल्कुल भी विकसित नहीं है क्योंकि अभी तक कई मुद्दों का समाधान नहीं हुआ है। इन मुद्दों को हल करने की जरूरत है अन्यथा हिसार जिले का विकास नहीं होगा। हिसार जिला अपने बुनियादी ढाँचे, नीतियों, योजनाओं, शिक्षा और महिलाओं की प्रगति के कारण सामाजिक रूप से विकसित जिला है। सिवाच और सिंह (2019) के विचार के अनुसार, हिसार सामाजिक रूप से विकसित जिला है न कि सामाजिक रूप से विकसित शहर यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि हिसार जिला एक विकसित शहर है लेकिन कुछ क्षेत्रों में सुधार की आवश्यकता है।

वर्तमान समस्याओं को यथाशीघ्र हल करने की आवश्यकता है अन्यथा वे हिसार जिले की प्रगति को प्रभावित करेंगे। यह सिफारिश की जानी चाहिए कि सरकार को पानी की समस्या और बिजली की समस्याओं पर ध्यान देना चाहिए। सरकार को उच्च गुणवत्ता के साथ पर्याप्त पानी उपलब्ध कराना

सुनिश्चित करना चाहिए जिससे हिसार जिले के लोगों को अब इस समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। बिजली कटौती के मुद्दे को हल करने की जरूरत है अन्यथा यह औद्योगिक और कृषि दोनों कारकों को प्रभावित करता है। इन बिजली कटौती से बचने के लिए सरकार को सौर ऊर्जा का इस्तेमाल करना चाहिए। बेरोजगारी सबसे बड़ी समस्या है और इसे हल करने का एकमात्र तरीका उद्योग को बढ़ाना है, इस प्रकार युवाओं को उनकी योग्यता और पसंद के अनुसार रोजगार मिलेगा।

बेरोजगारी को रोकने के लिए सरकार को कृषि पर भी ध्यान देना चाहिए। हिसार जिला बेरोजगारी को कम करने के लिए कई नीतियाँ भी प्रदान कर सकता है। इस समस्या को हल करने का दूसरा तरीका औद्योगीकरण का विकेंद्रीकरण है। युवा पीढ़ी को भी उचित प्रशिक्षण प्रदान किया जाना चाहिए ताकि उन्हें नौकरी मिल सके। वे नौकरी पाने के लिए अपने कौशल को भी बढ़ा सकते हैं। यह अनुशंसा की जाती है। कि हिसार जिले को पर्यावरण जागरूकता पर भी ध्यान देना चाहिए।

## संदर्भ सूची


1. Chaudhary, B.S., Rani, R., Kumar, S., Sundriyal, Y.P. and Kumar, P., 2021. Analysis of land use/land cover mapping for sustainable land resources development of Hisar District, Haryana, India. In Remote Sensing and GIScience (pp. 151-165). Springer, Cham,
2. Nalwa, N. Patterns of Social and Economic Development in Hisar District Haryana.
3. Kumar, A., Kumar, V. and Rahul, G.A., 2021. A time series approach to forecast wheat yield in Hisar district of Haryana. The Pharma Innovation Journal, 10(7), pp.628-632.
4. Jaslam, P.M. and Kumar, M., POST STRATIFIED CROP YIELD ESTIMATORS AT BLOCK LEVEL IN HISAR DISTRICT OF HARYANA (INDIA).
5. Siwach, M. and Singh, A., 2019. Impact of watershed development programmes on livelihood conditions of farmers in Haryana. Journal of Rural Development, 38(1), pp.144- 170.
6. Pawan, M.K. and Deen, S., 2021. Rural Landuse Pattern in Hisar District: A Block Level Study. International Journal of Modern Agriculture, 10(2), pp.4689-4695.
7. Shehrawat, A., 2020. Awareness and Performance of Agricultural Development Schemes in Context of Farmers' Welfare in Haryana. Economic Affairs, 65(2), p.314655.
8. Nalwa, N., Patterns of Social and Economic Development in Hisar District Haryana.
9. Jyani, A., Aulakh, P.S., Singh, A. and Singh, H., 2022. A survey on productivity status of guava (Psidium guajawa L.) orchards in Hisar district of Haryana.
10. Kumar, S., Ghosh, S., Hooda, R.S. and Singh, S., 2019. Monitoring and prediction of land use land cover changes and its impact on land surface temperature in the central part of Hisar District, Haryana under Semi-Arid Zone of India. Journal of Landscape Ecology, 12(3), pp.117-140.
11. Kumar, N. and Rani, R., 2019. Regional disparities in social development: Evidence from states and union territories of India. South Asian Survey, 26(1), pp.1-27.



**संपर्क : जियोग्राफी, तोशाम, भिवानी, हरियाणा, ई.मेल :** sunitachetival 95@gmail.com

# हिंदी में रोजगार की संभावनाएँ

**डॉ. बसवराज के. बारकेर**

हिंदी आम जनता की राष्ट्रभाषा एवं संपर्क भाषा के रूप में अपनी सशक्त पहचान स्थापित करने में कोई कसर शेष नहीं छोड़ी। समूचे भारत में ही नहीं, बल्कि वैश्विक जगत में हिंदी ने अपनी विश्वस्तरीय फलक को पूरी मजबूती के साथ गढ़ने में सफलता के कगार को आत्मसात कर चला है और हिंदी भारत की राजभाषा के रूप विराजमान है। आज किसी विश्व बाजार जगत की माँग है। बहुराष्ट्रीय कंपनियों में हिंदी की बहुत माँग है। इसी के बदौलत हिंदी रोजगार की असंख्य, अपार संभावनाओं आज के द्वार खुले है। हमें केवल हिंदी को भलि–भाँति सीखना, बोलना, लिखना एवं पढ़ना होगा। अर्थात अच्छी तरह से घुलना एवं आत्मसात करना होगा, तभी जाकर हम निश्चित रूप से हिंदी में रोजगार को प्राप्त सकेंगे।

सबसे पहले हमें भाषा सहिष्णु होना अनिवार्य है अर्थात अपनी भाषा के प्रति गौरव, आदर एवं प्रेम की दर्शाते है, वैसे ही अन्य भाषाओं के प्रति भी तो भाव होना जरूरी है। चूँकि भाषा हमें आपस में बैर करना नहीं सीखाती, बल्कि भाषा संपर्क सेतु की तरह अपनी यात्रा या सफर–मानस को समेटते हुए गतिमान होती है। भाषा एक–दूसरे को जोड़ती है। विचारों का विनिमय कराती है। केवल भारतीय भाषाओं के प्रति ही नहीं, बल्कि विदेशी भाषाओं के प्रति भी हमें सहिष्णु होना चाहिए। चूँकि किसी भी भाषा को सीखने क्या हर्ष हो सकती है। प्रत्येक भाषा की अपनी विशेषता एवं संस्कार होते है। हमें उस भाषा के ज्ञान आँचलिकता एवं संस्कृति से अवगत होने का अवसर प्राप्त होगा।

आज हिंदी में रोजगार की अपार संभावनाओं के द्वार खुले हैं। हिंदी भाषा आज के बाजार तंत्र की राष्ट्रीय कंपनियों की, विज्ञापन क्षेत्रों की, अनुवाद क्षेत्र की, साइन–जगत की, साहित्य लेखन की, प्रयोजनमूलक, व्यावसायिक एवं क्षेत्र की, तकनीकी क्षेत्र की, वैज्ञानिक क्षेत्र की और संगणक तथा अंतर्जाल क्षेत्रों की तेजी से बढ़नेवाली तीव्र गति की वैश्विक भाषा बनकर विश्वस्तरीय फलक क्षमता को साबित करने में सिद्धहस्त बनी है। क्योंकि हिंदी अंतर्जाल की वैश्विक भाषा बनकर अंग्रेजों के साथ होड़ लगाते हुए अपने कदम तेजी से बढ़ा रही है अर्थात हिंदी  वैश्विक जगत में अपनी गति को बरकरार रखने में सदैव संघर्षशील पथ पर रत है।

एक सर्वेक्षण के अनुसार लगभग 70–75 करोड़ लोग अपने दैनिक जीवन में हिंदी का प्रयोग करते हैं। लगभग 50–55 करोड़ लोग हिंदी बोलते हैं। 1 अरब लोग हिंदी जानते और समझते हैं। भूमंडलीकरण के दौर में हिंदी दस्तक विश्व के लगभग सभी राष्ट्रों में दी है। हिंदी साहित्य सृजन लेखन, पठन–पाठन में छात्राओं की रूचि एवं साहित्य सृजन की भावना को विकसित करनी होगी। तभी हिंदी भाषा और भी होगी सदृढ़। हिंदी विश्व की दूसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा के रूप में उभर आया है। वर्तमान में

प्रिंटमीडिया, इलेक्ट्रानिक मीडिया, अंतरजाल, राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय मंच एवं संस्थाओं में हिंदी के प्रयोग का बोलबाला है।

हिंदी केवल एक भाषा ही नहीं है, बल्कि आय स्रोत का जरिया भी है। हिंदी भाषा का ज्ञान वर्तमान में युवाओं और बेरोजगारों के लिए द्वार खोलता है। बस हमें वहाँ तक पहुँचने की जिज्ञासा और रुचि को जगाना जरूरी है। आज विदेशी एजेंसियों से भी अनुवाद परियोजनाओं के अवसर प्राप्त होते है। यह कार्य आसानी से अंतरजाल के जरिए किया सकता है। वैश्विक दौर के बदौलत अमेरिका में हिंदी का 45 वर्ष पुराना इतिहास है, किंतु आज वैश्विक दौर के चलते स्थिति यह है कि वहाँ पर 100 से भी अधिक संस्थाओं में हिंदी की पढ़ाई होती है। भाषाओं के प्रति संकुचित मानसिकता से बहस निकलना होगा।

विदेशी कंपनियाँ भारत में कारोबार करने की इच्छुक हैं, तो उन्हें भी हिंदी प्रोफेशनल्स चाहिए। आज हिंदी में ब्लॉग वेबसाइट और मोबईल एप्स की भरमार है। इसलिए विदेशों में भी हिंदी जानकारों की बहुत बड़ी माँग है। सरकारी एवं गैर सरकारी सेक्टर के मीडिया हाउसों में फंक्शनल हिंदी के जरिए रोजगार की व्यापक सम्भावनाएँ मौजूद हैं। प्राइवेट टी.वी व रेडियो चौनल अपने हिंदी संस्करण ला रहे हैं। पर्याप्त मात्रा में हिंदी में समाचार पत्र–पत्रिकाएँ निकलने की प्रक्रिया जारी है। विशेषतः हिंदी के इन क्षेत्रों में नौकरी के भरपूर और विविध अवसर प्राप्त होते है। हिंदी एक ऐसी भाषा है, जो समूचे भारत में बड़ी आसानी से समझ ली जाती है। अतः हिंदी में आज निरंतर रोजगार की अपार संभावनाएँ बढ़ती ही जा रही है। वह समय अब लद गया, जब लोगों में एक मात्रा भाषा का भय था कि अंग्रेजी मात्र रोजगार की भाषा है। हिंदी अंग्रेजी के साथ दौड़ रही है। अगर अंग्रेजी रोजगार की भाषा है तो हिंदी भी उससे कम नहीं है। हिंदी में भी पर्याप्त रोजगार के भरमार उपलब्ध हो रहे हैं।

डिजिटल क्षेत्र में हिंदी से जुड़े कई एप मोबाइल और एंड्राइड पर उपलब्ध हैं। साथ ही टी.वी में भी टी.आर.पी जुटानेवाले कार्यक्रम हिंदी भाषा में ही संचालित किये जा रहे हैं। समूचे भारत के बहुसंख्यक जनता हिंदी को बोलती व समझती है, यह पुरे भारत की सम्पर्क सेतु भाषा बनकर उभर पड़ी है। इसिके बदौलत हिंदी को भारत की राष्ट्र भाषा दर्जा प्राप्त हुआ है। हिंदी केवल भारत में ही बोली जाने वाली भाषा नहीं बल्कि विश्व में बोली जाने वाली भाषा है। इसिके बदौलत आज भारी संख्या में विदेशी छात्र हिंदी सीखने की इच्छा से भारत पधार रहे हैं। चूँकि कई तकनीकी रोजगार हिंदी के बल पर प्राप्त हो रहे हैं।

आज के विश्व बाजार में हिंदी की माँग को देखते हुए आगामी दिनों में हिंदी निःसंदेह रूप से और भी रोजगारपरक भाषा के रूप अपने आप को स्थापित करने में कोई कसर शेष नहीं छोड़ेगी।

सच्चाई तो यह है कि रोजगार व्यक्ति के जीवन का अत्यंत महत्वपूर्ण पहलु है। और मूलभूत आवश्यक साधन भी है, जिससे हम अपनी आजीविका का यापन करते हैं। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में रोजगार का कोई न कोई माध्यम का चयन करना ही पड़ता है, ताकि वह अपने मूलभूत रोजमर्रा जीवन की

आवश्यकताओं, इच्छाओं एवं सपनों को पूरा कर सके। रोजगार हर जीवित व्यक्ति के लिए आवश्यक है। क्योंकि बिना रोजगार के लोग अपने और अपने परिवार का पालन–पोषण, उत्तम शिक्षा, मूलभूत आवश्यकताएँ, इच्छाएँ एवं माँगों और सपनों को साकार कर नहीं पायेंगे।

रोजगार हमें बहुत सारी चीजों से रूबरू करवाता है। हम जिसके बारे में नहीं भी जानते है। लेकिन रोजगार से हमे की विषयों का ज्ञान प्राप्त होता है। इस प्राप्त ज्ञान के बदौलत ही हम सफलता हासिल कर सकते हैं। बिना रोजगार के जीवन यापन करना मुमकिन नहीं होता। रोजगार कई प्रकार के होते हैं। जितने प्रकार के आय स्रोत होते है उतने ही प्रकार के रोजगार होते है। चाहे वो नौकरी पेशा हो, व्यवसाय पेशा हो या किसी अन्य प्रकार का रोजगार हो।

**रोजगार में शिक्षा की भूमिका :** यदि आप किसी क्षेत्र में रोजगार पाने के इच्छुक है तो बिना शिक्षा के यह मुश्किल है। चूँकि व्यक्ति जीवन में शिक्षा भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। शिक्षा के बिना मनुष्य अधूरा होता है। शिक्षा व्यक्ति के व्यक्तित्व पर काफी प्रभाव बनाए रखता है, जिससे जीवन में रोजगार प्राप्त करने में आसानी होती है। एक शिक्षित व्यक्ति में कौशल और सोच–समझकर निर्णय लेने की क्षमता होती है। वह किसी वस्तु की अच्छाई–बुराई के अंतर को समझ पाने में समर्थ होता है।

अध्यापन तथा निजी कंपनियों में नौकरियों के अलावा सिनेमा में पटकथा लेखन, संवाद लेखन, गीत लेखन में रोजगार की व्यापक संभावनाएँ हैं। टी.वी. में जिंगल्स और विज्ञापन लेखन की भारी माँग है। बीबीसी के साथ कई वेबसाइट हिंदी पोर्टल चला रहे हैं। प्रौद्योगिक क्षेत्र, संवाददाता आदि क्षेत्र में रोजगार की व्यापक संभावनाएँ हैं।

---

**संपर्क सूत्र : प्राध्यापक एवं हिंदी विभागाध्यक्ष महाराजा कॉलेज मैसूर (मैसूर विश्वविद्यालय मैसूर), मो. 9739935976, ईमेल– drbkbsr@gmail.com**

# कोरोना काल में लोगों की मीडिया आदतों में परिवर्तन का अध्ययन

डॉ. सुरेश कुमार

कोरोना काल के दौरान लोगों ने अपने घरों में रहते हुए मीडिया का भरपूर प्रयोग किया। टेलीविजन, इन्टरनेट एवं ओटीटी इत्यादि के माध्यम से ना केवल मनोरंजन संबंधी कार्यक्रम, अपितु सूचना एवं शिक्षा संबंधित कार्यक्रम भी खूब प्रचलित हुए। जिससे लोगों को घरों में रहकर समय व्यतीत करने में सहायता मिल सके। महामारी के इस दौर में जहाँ घरों में बंद व्यक्ति अपनों से दूर था, वहीं पर मीडिया ने उनको आपस में जोड़े रखा। प्रस्तुत शोध कार्य को पूर्ण करने के लिए ऑनलाइन सर्वेक्षण विधि का प्रयोग किया गया है। इसमें गूगल फॉर्म के रूप में एक प्रश्नावली तैयार की गई। जिसको 20 से 50 आयु वर्ग तक के लोगों को सोशल मीडिया की मदद से भेजा गया। वहाँ से प्राप्त आंकड़ों को ही शोध का आधार बनाया गया है।

समाज, सामाजिक परिवर्तन, माध्यम, संचार, जनसंचार, मीडिया उपकरण, कोरोनाकाल, मीडिया, आदत, अध्ययन। मीडिया और समाज दोनों में गहरा संबंध है। या यूं कहें कि दोनों ही एक सिक्के के दो पहलू हैं। समाज में मीडिया की भूमिका को जानने से पहले हम मीडिया शब्द का अर्थ समझते हैं। मीडिया का अर्थ है– जब संचार प्रक्रिया में तकनीक या तकनीकी उपकरणों का प्रयोग होता है, तब वह मीडिया कहलाता है। मीडिया को किसी भी देश की रीढ़ की हड्डी माना जाता है। भारत में मीडिया को कार्यपालिका, विधायिका एवं न्यायपालिका के बाद चौथे स्तंभ के रूप में जाना जाता है। क्योंकि मीडिया किसी भी राष्ट्र में होने वाले विभिन्न प्रकार के परिवर्तनों में अपनी सम्पूर्ण भागीदारी अदा करता है, चाहे वह पारंपरिक माध्यम, मुद्रित माध्यम, इलैक्ट्रोनिक माध्यम या नव माध्यम हो। इनमें सबसे प्राचीन पारम्परिक माध्यम हैं, ऐसे माध्यम जो प्राचीन समय में हमारे पूर्वजों ने संचार करने के लिए शुरू किए थे। परंपरागत माध्यम यांत्रिक न होकर व्यक्तिपरक थे। उस समय देवताओं और मनुष्यों के मध्य संचार का प्रमुख माध्यम नारदमुनि जी ही हुआ करते थे। मुद्रित माध्यम की शुरूआत गोवा में सबसे पहले छापाखाने (1780) से मानी जाती है। इसी के साथ संचार प्रक्रिया में तेजी से विकास होने लगा। जैसे–जैसे तकनीक ने अपने पाँव पसारने शुरू किए, वैसे–वैसे संचार करने के इन माध्यमों एवं तरीकों में भी परिवर्तन दिखाई देने लगे।

विल्बर श्रैम ने संचार के सिद्धांतों एवं प्रतिरूपों पर काफी शोध कार्य किया। श्रैम ने 1964 में मास मीडिया एण्ड नेशनल डेवलपमेंट तथा 1977 में बिग इंडिया और लिटिल मीडिया में भारत के विकास को सामने रखकर जनसंचार माध्यमों की विकास मूलक भूमिका को एक मुक्कमल आधार दिया है। मुद्रित माध्यम के पश्चात् इलेक्ट्रोनिक माध्यम अस्तित्व में आया। जिससे

समूचे विश्व में सूचना क्रांति को और अधिक तीव्रता मिली। सैमुअल मार्स (1884) ने टेलीग्राफ, अलैक्जेंडर ग्राह्म वेल (1876) ने टेलीफोन, एडिसन ने बल्ब, ईटली वैज्ञानिक गुग्लियो मारकोनी (1890) ने रेडियो, ली डे फोरेस्ट (1906) ने वैक्यूम ट्यूब तथा 1925 में जॉन लॉगी बेयर्ड ने टेलीविजन का आविष्कार करके पूरी दुनिया को चकित कर दिया। भारत में 1959 में श्वेत एवं श्याम (Black & White) तथा 1982 में रंगीन टेलीविजन के आगमन से सामाजिक, सांस्कृतिक तथा धार्मिक परिवर्तन नज़र आने लगे।

मीडिया की विकास–रूपी नैया यहीं पर नहीं रूकती, बल्कि यह नैया तो और अधिक तीव्र गति से दौड़ती हुई नज़र आती है। जिसकी हमने कभी कल्पना भी नहीं की थी। कम्प्यूटर, इंटरनेट और मोबाइल फोन के आगमन से तो मनुष्य कहाँ से कहाँ पहुँच गया। मनुष्य किसी भी वस्तु या खाद्य पदार्थ आदि के ऑनलाइन ऑर्डर देकर घर पर ही बैठे–बैठाए सभी कार्य को कुछ ही समय में संपन्न कर सकता है। 23 मार्च, 2020 में कोरोना वायरस से बचाव के लिए भारत सरकार ने समूचे भारत में लॉकडाऊन का आदेश जारी कर दिया। सभी सरकारी व निजी स्कूलों, महाविद्यालयों एवं दफ्तरों का अधिकतर कार्य संबंधित कर्मचारियों, अधिकारियों के द्वारा अपने घर (वर्क फ्रॉम होम) पर ऑलनाइन सम्पन्न किया जाने लगा। कोरोना काल के दौरान टेलीविजन पर महाभारत और रामायण को दोबारा से टेलीकास्ट किया गया। जिससे लोगों को घरों में रहकर समय व्यतीत करने में सहायता मिल सके। महामारी के इस दौर में जहाँ घरों में बंद व्यक्ति अपनों से दूर था, वहीं पर मीडिया ने उनको आपस में जोड़े रखा। समाज में क्या घटनाएँ घटित हो रही हैं? विज्ञान क्या तरक्की कर रहा है? राजनीति में कौन से परिवर्तन हो रहें हैं? कोरोना से बचाव के लिए क्या–क्या सावधानियाँ बरतनी हैं? आदि की जानकारी लोगों तक मीडिया के द्वारा ही पहुँच पाईं। इसलिए मीडिया को एक दर्पण की संज्ञा भी दी जाती है। मनुष्य अपने जीवनकाल का लगभग 70 प्रतिशत से अधिक समय संचार करने में व्यतीत करता है। यही संचार समाज़ को आपस में जोड़ने का कार्य भी करता है। यहाँ पर आवश्यकता है संचार और जन संचार में अन्तर को समझने की। आईए जानते हैं कि इनमें क्या अंतर हैं– संचार अंग्रेजी के कम्यूनिकेशन शब्द का हिंदी रूपान्तरण है। कम्यूनिकेशन शब्द लैटिन भाषा के कम्यूनिस से तथा क्रिया कम्यूनिकेयर से लिया गया है। जिसका अर्थ है–कॉमन, सांझा करना, बाँटना, चलना आदि। संचार संस्कृत के चर् धातु से बना है, जिसका अर्थ भी चलना ही होता है। कोलंबिया एनसाइक्लोपीडिया ऑफ कम्यूनिकेशन के अनुसार एक से दूसरे व्यक्ति तक संदेशों को अर्थपूर्ण रूप में भेजना ही संचार कहलाता है। कईं संचार विद्वानों ने संचार को इस प्रकार से परिभाषित किया है– 1. स्वगत संचार, 2. अंतरवैयक्तिक संचार, 3. समूह संचार, 4. सार्वजनिक संचार, 5. जन संचार

**साहित्य–समीक्षा :** सूचनाओं के सम्प्रेषण एवं ग्रहण करने के लिए समाज को हमेशा मीडिया पर ही निर्भर रहना पड़ता है। इसको गहराई से जानने के लिए विभिन्न विद्वानों ने उचित तर्क देते हुए अपने विचारों को इस प्रकार से प्रस्तुत किया है– कोलंबिया एन्साइक्लोपीडिया ऑफ कम्यूनिकेशन में पृष्ठ संख्या 173 के अनुसार किसी सूचना, विचार, अनुभव, संदेश, सूचना, ज्ञान आदि को दूसरों

के साथ साझा करना ही संचार कहलाता है और यह संचार लिखित, मौखिक के अतिरिक्त सांकेतिक आदि भी हो सकता है।

डॉ. अर्जुन तिवारी द्वारा लिखी पुस्तक 'जन संचार और हिंदी पत्रकारिता' के पृष्ठ संख्या 18 एवं 19 के अनुसार संचार और जनसंचार को बहुत ही सरलता से समझाने का प्रयत्न किया गया है। जिसमें बताया गया है कि संचार शब्द के आगे विशेषण *जन* शब्द को जोड़ दिया जाए तो जनसंचार बन जाता है। जिसका अर्थ है बहुत बड़ी संख्या में फैले लोगों को प्रभावित करना या उनसे संचार स्थापित करना। जॉर्ज ए. मिलर ने कहा है कि जन संचार का अर्थ सूचना को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुँचाना है।

महावीर अग्रवाल द्वारा लिखित पुस्तक 'लोक संस्कृति के आयाम एवं परिप्रेक्ष्य' के पृष्ठ संख्या 11 में संचार शब्द को एक तकनीकी शब्द बताया गया है। इसमें बताते हैं कि जहाँ संचार शब्द का जिक्र होता है तो वहाँ पर लैंस, माइक्रोफोन, स्क्रीन, उपग्रह, टीवी आदि की तस्वीर जेहन में उतर आती है। देहाती संस्कृति से संबंध रखने वाले इस पारम्परिक माध्यम में वहाँ संस्कृति, रीति–रिवाज, उत्सव, समारोह, परम्परा आदि को शामिल किया जाता है। पारम्परिक माध्यम के रूप में वहाँ की लोक–गाथाएँ, लोक–गीत एवं लोक–नृत्य काफी आकर्षण का केंद्र होती है।

जन संस्कृति क्या है? –ई. एम. एस. नम्बूदिरिपाद में बताया गया है कि मक्सिम गोर्की लोक संस्कृति की तुलना एक बिना तराशे पत्थर से करते हुए बताते हैं कि जिस प्रकार से कुशल दस्तकार बिना तराशे पत्थर को सुंदर प्रतीमा का रूप प्रदान करता है, उसी प्रकार एक प्रतिभाशाली लेखक भी अपनी रचनाओं को सुंदर ढंग से प्रस्तुत करता है। कार्ल मार्क्स बताते हैं कि जनता यानी मेहनतकश वर्ग ही संस्कृति का वास्तविक स्रोत होते हैं।

डॉ. अर्जुन तिवारी की पुस्तक 'जन संचार और हिंदी पत्रकारिता' के पृष्ठ संख्या 67 में मैकब्राइड आयोग 1988 के इस कथन का जिक्र किया है– ''जन सामान्य के प्रति अपने व्यापक आकर्षण और लाखों निरक्षर लोगों के गहनतम संवेंगों को छूने के अपने गुण की दृष्टि से गीत और नाटक का माध्यम अद्वितीय होता है।''

**शोध–विधि**

आधुनिक युग में हमारे सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक जीवन में शोध का विशेष महत्व होता है। प्रत्येक क्षेत्र में ज्ञान का क्रमिक विकास होता रहा है तथा शोध की इसमें महत्वपूर्ण भूमिका रही है। चयनित विषयों पर शोध करने के लिए कौन–सी शोध विधि कारगर साबित होगी? अथवा कौन–सी शोधविधि द्वारा सटीक आँकड़ों को प्राप्त किया जा सकता है? इसको ध्यान में रखकर ही शोधविधि का भी चयन किया जाता है। अगर ऐसा ना किया जाए तो सटीक आँकड़ों को प्राप्त करने में बहुत सारी कठिनाइयाँ आ सकती हैं।

रैडमैन एवं मोरी के शब्दों में– नवीन ज्ञान की प्राप्ति हेतु किए गए व्यवस्थित प्रयत्न को शोध कहते हैं।

प्रस्तुत शोध कार्य को पूर्ण करने के लिए ऑनलाइन सर्वेक्षण विधि का प्रयोग किया गया है। इसमें गूगल फॉर्म के रूप में एक प्रश्नावली तैयार की

गई। जिसको 20 से 50 आयु वर्ग तक के लोगों को सोशल मीडिया की मदद से भेजा गया। वहाँ से प्राप्त आँकड़ों को ही शोध का आधार बनाया गया है।

**व्याख्या**

शोध में 100 लोगों को शामिल किया गया। प्रश्नानुसार जो आंकड़े सामने आए हैं, वह निम्नलिखित हैं–

प्रश्न संख्या एक के अनुसार 90 प्रतिशत उत्तरदाताओं के पास समाचार पत्र उपलब्ध हैं। इनमें से 69 प्रतिशत उत्तरदाता एक ही समाचार पत्र खरीदतें हैं। 21 प्रतिशत के पास दो या दो से अधिक समाचार पत्र आते हैं। 18 प्रतिशत उत्तरदाताओं के पास पत्रिका आती है। लगभग 100 प्रतिशत उत्तरदाताओं के पास रेडियो उपलब्ध है, परंतु यह बात अलग है कि वह इसका प्रयोग करते हैं या नहीं। 100 प्रतिशत उत्तरदाताओं के पास टीवी उपलब्ध है। 14 प्रतिशत घरों में एक मोबाइल हैं। 19 प्रतिशत घरों में दो मोबाइल हैं। 20 प्रतिशत घरों में 3 मोबाइल हैं। 29 प्रतिशत घरों में 4 मोबाइल हैं। 18 प्रतिशत घरों में 5 या 5 से अधिक मोबाइल हैं। लगभग 100 प्रतिशत घरों में इंटरनेट की सुविधा है।

प्रश्न संख्या दो के अनुसार समाचार पत्र पर एक उत्तरदाता प्रतिदिन 40 मिनट व्यतीत करता है। जिनके घर में पत्रिका उपलब्ध है, वह लगभग 15 मिनट प्रतिदिन पत्रिका पढ़ने में व्यतीत करते हैं। परंतु रेडियो उपयोग संबंधी आँकड़ों के अनुसार रेडियो प्रत्येक व्यक्ति के मोबाइल में उपलब्ध है। परंतु 81 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने माना कि वह रेडियो का प्रयोग नहीं करते। जो 19 प्रतिशत उत्तरदाता रेडियो पर समय व्यतीत करते हैं, वह मुख्यतः समाचार या पुराने गाने सुनते हैं। टीवी पर एक व्यक्ति 1 घंटा 20 मिनट प्रतिदिन व्यतीत करता है। मोबाइल पर एक व्यक्ति लगभग 44 मिनट प्रतिदिन व्यतीत करता है। ज्ञात रहे यहाँ मोबाइल का अर्थ है– बातचीत करना है। एक व्यक्ति प्रतिदिन इंटरनेट पर 4 घंटे 20 मिनट व्यतीत करता है। जिसके लिए फोन का सहारा लिया जाता है। ज्ञात रहे यहाँ इंटरनेट से अभिप्राय सोशल नेटवर्किंग साइट्स, वेब सीरिज, गुगल सर्च इंजन, यूपीआई, ऑनलाइन ऑडर वेबसाईट्स आदि से है।

प्रश्न संख्या तीन के अनुसार 51 प्रतिशत उत्तरदाओं ने इंटरनेट को सबसे अधिक लोकप्रिय, 18 प्रतिशत उत्तरदाओं ने समाचार–पत्र को, 17 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने टीवी को, 10 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने मोबाइल को, तो वहीं सिर्फ 4 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने रेडियो को लोकप्रिय माना है।

प्रश्न संख्या 4 के अनुसार अधिकतर उत्तरदाताओं ने माना कि सोशल नेटवर्किंग साइट्स अफवाहों को हवा देने में अहम् भूमिका निभाती हैं।

प्रश्न संख्या 5 के अनुसार 52 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने समाचार पत्र को, 19 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने रेडियो, 12 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने टीवी को, 9 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने मोबाइल फोन को विश्वसनीय माना है। वहीं सिर्फ 8 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने इंटरनेट को विश्वसनीय माना है। यहाँ एक तथ्य का जिक्र करना मैं जरूरी समझता हूँ कि जहाँ एक ओर उत्तरदाता सबसे अधिक समय तो इंटरनेट पर व्यतीत करते हैं, परंतु उसे विश्वसनीय नहीं मानते हैं।

प्रश्न संख्या 6 के अनुसार 48 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने समाचार को अपनी पसंदीदा सामग्री माना। 26 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने गीत–संगीत को अपनी प्रिय सामग्री माना है। 14 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने फिल्म को प्राथमिकता दी। 9 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने माना कि वह अपने प्रिय माध्यम पर कोई नई कला सीखते हैं। 7 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने माना कि वह चैट करना पसंद करते हैं।

प्रश्न संख्या 7 के अनुसार 81 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने माना कि वह प्रतिदिन 1 जीबी डाटा का प्रयोग करते हैं। 12 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने माना कि वह प्रतिदिन 2 जीबी डाटा का प्रयोग करते हैं। 7 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने माना कि वह प्रतिदिन 3 जीबी या उससे अधिक का प्रयोग करते हैं।

प्रश्न संख्या 8 के अनुसार 53 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने माना कि वह जियो कम्पनी के इंटरनेट पर भरोसा करते हैं। 31 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने माना कि वह एयरटेल कम्पनी के इंटरनेट पर भरोसा करते हैं। 9 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने आइडिया पर भरोसा जताया। 7 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने वोडाफोन पर विश्वास किया है।

प्रश्न संख्या 9 के अनुसार 76 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने माना कि मीडिया ने उन्हें कोरोना महामारी से बचाव के उपाय बताए हैं। 15 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने इस सवाल का जवाब नहीं में दिया। 9 प्रतिशत ने कहा कि वह कुछ कह नहीं सकते।

प्रश्न संख्या 10 के अनुसार 81 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने माना कि मीडिया माध्यमों ने कोरोना महामारी के दौरान सरकार द्वारा जारी दिशा–निर्देशों को सही ढ़ंग से पहुँचाया है। 9 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने इस सवाल का जवाब नहीं में दिया। 10 प्रतिशत ने पता नहीं पर अपनी मुहर लगाई।

प्रश्न नम्बर 11 के अनुसार 82 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने माना कि कोरोना महामारी के दौरान जो कार्य मीडिया ने किया उस कार्य को कोई और संस्था इससे बेहतर तरीके से नहीं कर सकती थी। 6 प्रतिशत उत्तदाताओं ने इस सवाल का जवाब नहीं में दिया है। 12 प्रतिशत ने कह नहीं सकते में जवाब दिया।

प्रश्न नम्बर 12 के अनुसार 61 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने माना कि कोरोना महामारी के दौरान अफवाहों को फैलने से रोकने में मीडिया ने अहम् भूमिका निभाई है। 21 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने इस सवाल का जवाब नहीं में दिया। 18 प्रतिशत ने कहा कि कुछ नहीं कह सकते।

प्रश्न नम्बर 13 के अनुसार 48 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने माना कि कोरोना महामारी के दौरान भारतीय संस्कृति को सहेजने में मीडिया ने अहम् योगदान दिया। 39 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने नहीं में जवाब दिया। 13 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कुछ कह नहीं सकते में जवाब दिया।

प्रश्न नम्बर 14 के अनुसार 84 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने माना कि लाकडाऊन के दौरान घर पर मीडिया ही उनका एकमात्र साथी था। 9 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने नहीं में जवाब दिया। 7 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कुछ कह नहीं सकते में जवाब दिया।

प्रश्न संख्या 15 के अनुसार 88 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने माना कि लॉकडाऊन के दौरान उन्होंने सोशल मीडिया की सहायता से कोई नई कला सीखी है। 3 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने नहीं में जवाब दिया। 9 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कुछ कह नहीं सकते में जवाब दिया।

प्रश्न संख्या 16 के अनुसार 83 प्रतिशत उपभोक्ताओं ने सोशल मीडिया की मदद से पाक कला यानी भोजन बनाने की कला, 12 प्रतिशत ने अपने विषय से संबंधित पढ़ाई और 5 ने संगीत कला को सीखा।

**निष्कर्ष**

उत्तरदाताओं से प्राप्त आंकड़ों की व्याख्या करने पर पता चलता है कि कोरोना काल में समाचार पत्र, पत्रिका पढ़ने के समय में काफी गिरावट आई है। इस दौरान रेडियो का प्रयोग बहुत ही कम लोगों ने किया है। घर पर व्यतीत किए गए समय में सबसे अधिक समय इन्टरनेट चलाने में व्यतीत हुआ है। कोरोना काल में भारत सरकार द्वारा प्रतिबंधित किए जाने से पूर्व तक 'टिक–टॉक' सबसे पसंदीदा एप्प बनी हुई थी। लोकप्रियता के मामले में इंटरनेट ने बाकी सभी माध्यमों को काफी पीछे छोड़ दिया है। जहाँ एक ओर उत्तरदाता सोशल नेटवर्किंग साइट्स का प्रयोग बहुत अधिक समय तक करते हैं। वहीं उन्होंनें माना कि यह साइट्स अफवाहें फैलाने में सबसे अधिक दोषी हैं। यहाँ सरकार का यह फैसला सही साबित होता है कि जहाँ सरकार को यह अंदेशा होता है कि इस इलाके में अफवाहों के कारण जान–माल की हानि हो सकती है। वह इन साइट्स पर प्रतिबंध लगा देती है। सबसे अहम् तथ्य जो सामने आया कि समाचार पत्र अपनी विश्वसनीय साख बचाने में कामयाब हुए हैं।

**संदर्भ**


1. डॉ. शशि भूषण कुमार 'शशि', शोध संचयन (शोध–पत्रिका), जनवरी 2010, पृ.103, 107
2. डॉ. अर्जुन तिवारी, जन संचार समग्र, पृ.68
3. डॉ. अर्जुन तिवारी, जन संचार और हिंदी पत्रकारिता, पृ.8,19, 67, 71
4. महावीर अग्रवाल, लोक संस्कृति के आयाम एवं परिप्रेक्ष्य, शंकर प्रकाशन, दुर्ग मध्य प्रदेश, पृ.11, 78
5. प्रो. नामवर सिंह, इतिहास और आलोचना, राजकमल प्रकाशन। (ग्रंथशिल्पी इण्डिया) प्राइवेट लिमिटेड से प्रकाशित 'संचार माध्यम और पूँजीवादी समाज, सम्पादक : मुरली मनोहर प्रसाद सिंह से साभार।
6. कोलंबिया एन्साइक्लोपीडिया ऑफ कम्यूनिकेशन, पृ.173.
7. बिजनेस कम्यूनिकेशन डायनामिक्स, ड्यूओ चार्ल्स ई.मारविल पब्लिसिंग कम्पनी 1981, पृ.87.
8. डॉ. सुरेश कुमार, शोध–दिशा (विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त शोध–पत्रिका), अक्तूबर–दिसम्बर, 2022, पृ.89–94
9. डॉ. आबिद अली, सुरेश कुमार, हिंदी टेलीविजन समाचार चैनलों की सामाजिक जिम्मेदारी के बारे में दर्शकों की राय, पब्लिकेशन्स हाऊस (शोध–पत्रिका), दिसंबर, 2020, पृ.66–76.

# बामसेफ संगठन : गठन, स्थापना और विकास

अशोक कुमार

देश तथा प्रदेश दोनों ही स्तरों पर देखा जाय तो दलितों, शोषितों, निर्धनों और सामाजिक तथा आर्थिक दृष्टि से उपेक्षित लोगों की संख्या अधिक है। इन लोगों के चहुँमुखी विकास के लिए डॉ. अंबेडकर ने तो जिंदगी भर संघर्ष किया। दलितों, अछूतों एवं पिछड़ों के अंदर जागृति पैदा करने की जी तोड़ कोशिश की किंतु उन्हें यह परिणाम देखने को नहीं मिला जिसकी उन्होंने कल्पना की थी। डॉ. भीमराव अम्बेडकर के सत्प्रयासों का यह प्रभाव पड़ा कि दलित, शोषित, अछूत और निर्धन लोग अपने अस्तित्व को समझने को तैयार हुए और समाज की मुख्य धारा से जुड़ने को प्रयासरत हुए। इसका परिणाम आज देखने को मिल रहा है कि दलित और अछूत समझे जाने वाले लोग अब अपने शस्त्र और सामर्थ्य का प्रयोग करने लगे और समाज की मुख्य धारा से जुड़ गये।

डॉ. भीमराव अंबेडकर के समय के पूर्व की वर्ण व्यवस्था तथा अस्पृश्यता के खिलाफ एवं राजसत्ता प्राप्त करने से संबंधित क्रांतिकारी विचारों तथा तत्संबंधी आन्दोलनों का ज्ञान इतिहास के मध्यकाल में दलित संतों, गुरुओं व महात्माओं से आरंभ होकर ज्योतिबा राव फूले तथा पेरियार ई. वी. रामास्वामी नायकर तथा उत्तर भारत में स्वामी अछूतानन्द के आन्दोलन तक समाप्त होता है। स्वाभिमान आंदोलन के द्वारा पेरियार ने जाति, लिंग, असमानता, अंधविश्वास तथा अन्य धार्मिक रीति–रिवाजों का विरोध जारी रखा। उन्होंने ब्राह्मण संस्कृति के मुकाबले द्रविड़ संस्कृति का विकल्प खड़ा करने का प्रयास किया। उनका प्रमुख उद्देश्य समाज में ऐसे संरचनात्मक परिवर्तन लाने का था। जिसके अभाव में व्यक्ति की गरिमा स्थापित कर पाना संभव नहीं हो पा रहा था। वे विभिन्न जातियों के बीच संबंधों में पूर्ण परिवर्तन लाना चाहते थे। राजा राममोहन राय जैसे समाज सुधारकों की तुलना में पेरियार काफी आगे निकल गये। उन्होंने ब्राह्मणवादी विचारधारा तथा वेद और मनुस्मृति जैसे धर्मशास्त्रों को विभिन्न सामाजिक असमानताओं के संरक्षक के रूप में इंगित किया। हिन्दू समाज की जाति और लिंग पर आधारित असमानता, अंधविश्वास, उत्पीड़न और शोषण की व्यवस्था के विरुद्ध गैर ब्राह्मण और दलितों को पेरियार के उग्र समाज सुधार ने आकर्षित किया।

बामसेफ ज्योतिबाराव फूले, साहू जी महाराज, पेरियार रामास्वामी नायकर व डॉ. भीमराव अम्बेडकर को अपना आदर्श मानते हैं। आज बसपा के नेतृत्व को स्वीकार करते हुए दलित वर्ग जो हजारों वर्षों से अपमानित व तिरस्कृत था, जाग उठा है। शिक्षित हो, संगठित हो और संघर्ष करो के डॉ. अम्बेडकर के त्रिमंत्रण को अपनाकर हजारों वर्षों का अपमानित व पशुवत जीवन जीने से इंकार कर दिया और उनके अंदर नई चेतना तथा ऊर्जा का संचार

हुआ। यह नई चेतना पूरे देश में दलित–शोषितों के व्यापक हिस्से में फैल गयी।

भारतीय जन संगठनों के सामान्य परम्पराओं के अनुरूप ही बामसेफ भी मूलतः एक सामाजिक वर्ग विशेष से जुड़ा दल है, यह परिवर्तनवादी तथा अम्बेडकरवादी है। जो समता, स्वतंत्रता, न्याय और बंधुत्व पर आधारित है जिसका उद्देश्य सामाजिक परिवर्तन एवं आर्थिक मुक्ति व समता मूलक समाज की स्थापना करना है। कांशीराम के अनुसार संगठन का मुख्य उद्देश्य था 'सत्ता' क्योंकि सत्ता सभी तालों की मास्टर चाभी है जिससे विकास के हर दरवाजे खुलते हैं। सत्ता से राजनीति होती है और राजनीति से सत्ता मिलती है। कांशीराम की संगठनात्मक चिंतन मात्र तीन चरणों–क्रमशः प्रथम चरण–बामसेफ, द्वितीय चरण– डी.एस.फोर एवं तृतीय चरण–बसपा है, जो राजनैतिक दल के रूप में उभरते हुए राष्ट्रीय राजनैतिक दल का सम्मान हासिल किया। उत्तर भारत के सबसे प्रभावशाली प्रदेश में बसपा ने मायावती के नेतृत्व में अपनी चार बार सरकार का भी गठन किया जो निश्चित ही प्रभावशाली उपलब्धि रही है।

दी बैकवर्ड एण्ड माइनोरिटीज कम्युनिटीज, एम्पलाइज फेडरेशन व आधारस्तंभ है जिस पर कांशीराम का आधार टिका हुआ है। 6 दिसम्बर 1978 को नई दिल्ली से प्रारम्भ होने वाले बामसेफ का बीजारोपण 5 वर्ष पहले ही हो चुका था. जब कांशीराम ने सरकारी नौकरी करने वाले अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के कर्मचारियों को संगठित करने का निश्चय किया और बामसेफ, नामक गैर राजनीतिक संगठन की स्थापना की केंद्र सरकार, राज्य सरकार, स्थानीय निकायों, बैंकों, स्वशासित संस्थाओं, विद्यालयों और राजनीतिक क्षेत्र के प्रतिष्ठानों में कार्यरत दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक वर्गों के कर्मचारियों के बीच बामसेफ का प्रचार करने में कांशीराम को आशातीत सफलता मिली और उस समय करीब दो लाख कर्मचारी बामसेफ के सदस्य बन गये। काशीराम के अनुसार इसमें 500 पी एच.डी., 300 डॉ., 1500 वैज्ञानिक तथा 70000 स्नातक या स्नातकोत्तर हैं जो 1000 रू. प्रतिमाह से अधिक कमाते हैं। इसका वार्षिक सदस्यता शुल्क 12 रुपए है तथा अन्य 6 रूपये सालाना देते हैं।

भारतीय रिपब्लिक पार्टी की असफलता से सबक लेते हुए कांशीराम ने एक संगठन स्थापित करने का निर्णय लिया। काशीराम ने दिल्ली के पंचकुइयाँ रोड स्थित कम्युनिटी हाल में 6 दिसंबर 1978 को पढ़े–लिखे लोगों का पाँच दिवसीय सम्मेलन बुलाया जिसका मुख्य विषय निम्नलिखित था–1.डॉ. अम्बेडकर का अधूरा सपना पूरा करने पर विचार। 2. डॉ. अम्बेडकर के अधूरे सपने को पूरा करने के प्रति पढ़े–लिखे कर्मचारी वर्गों का दायित्व एवं योगदान।

**3. नया संगठन बनाने तथा अन्य विषयों पर विचार**

बामसेफ को कांशीराम के लिए ने पूरी तरह अनौपचारिक, अपंजीकृत और धार्मिक गैर आंदोलन और राजनीति से दूर रखना आवश्यक था, क्योंकि सरकारी कर्मचारियों को राजनीतिक आंदोलन में हिस्सेदारी की मनाही होती है। लेकिन बामसेफ के पीछे मकसद स्पष्ट रूप से राजनीतिक ही था। कांशीराम

उसे दलित आंदोलन के रूप में तैयार करना चाहते थे। बामसेफ अपने आप में एक नये तरह का विचार था उसकी मंजिल कर्मचारी यूनियन तक ही सीमित नहीं थी। इस संगठन के शिक्षित कर्मचारियों से यह आशा की जाती थी कि वे बहुजन समाज आंदोलन के लिए ब्रेन बैंक, टैलेंट बैंक और फाइनेशियल बैंक बन जायेंगे।

इसमें स्नातक और स्नातकोत्तर डिग्री धारण करने वाले बहुत से सदस्य शामिल हुए जिसमें से अधिकांश उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र के थे।

बामसेफ कर्मचारियों का संगठन है इसलिए इसके सदस्य प्रत्यक्ष रूप से आंदोलन में भाग नहीं ले सकते है। अतः ऐसे लोगों की आंदोलन में भागीदारी सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से डी. एस. फोर का गठन हुआ। डी.एस. फोर सामाजिक आंदोलन का संचालन करती है। बामसेफ इस कार्य के लिए उसे धन उपलब्ध कराता है तथा दिशा–निर्देश देता है। डी. एस. फोर पर बामसेफ का पर्याप्त नियंत्रण है। बामसेफ के सदस्य व्यवहारिक धरातल पर बसपा का पूरा सहयोग करते हैं। सिद्धांततः वे बसपा को ही समर्थन दे, ऐसी बाध्यता बामसेफ के सदस्यों पर नहीं है।

बामसेफ के वरिष्ठ कार्यकर्ता का मत है कि बामसेफ के ही कारण बसपा अनुशासित व सही ढंग से चल रही है। चुनाव में जो पैसा खर्च होता है उसका लेखा–जोखा बामसेफ द्वारा रखा जाता है, क्योंकि अधिकांश पैसा बामसेफ का होता है। चुनावी रणनीति निर्धारित करने में भी बामसेफ का पर्याप्त नियंत्रण होता है। जब तक बामसेफ का बसपा पर नियंत्रण रहेगा तब तक बसपा एक अनुशासित पार्टी के रूप में कार्य करती रहेगी। जब बामसेफ का नियंत्रण पार्टी पर से समाप्त हो जायेगा तो संभव है कि बसपा में भी अन्य पार्टियों की तरह दोष मुखरित हो जायेगा। बामसेफ एक पंजीकृत एवं औपचारिक संगठन है। कांशीराम कहते हैं कि केंद्र सरकार पदाधिकारियों को धमकी देकर बामसेफ को नुकसान पहुँचाने की कोशिश कर चुकी है। पहले ही उ.प्र. जैसे राज्य में उच्च वर्ग के राजनीतिज्ञ आक्रोशित हैं कि ये कर्मचारी बसपा को आर्थिक एवं नेतृत्व शक्ति प्रदान करते हैं।

बामसेफ एक संगठन है जो जिले से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक सभी स्तरों पर उभरा पिछड़े वर्गों के सरकारी कर्मचारियों में फैला असंतोष भी इसका कारण है। क्योंकि आरक्षण कोटा का ठीक से आंकड़ा लिया जाता है और जब कुछ पदों के लिए विज्ञापन दिये जाते हैं तो वे यह कहकर नहीं भरे जाते कि योग्य उम्मीदवार उपलब्ध नहीं हुए। कांशीराम का दावा है कि पिछड़े वर्गों के 50 प्रतिशत से ज्यादा यूपी के सरकारी कर्मचारी बामसेफ से सम्बद्ध हैं तथा सरकार के प्रत्येक क्रियाकलाप की खबर उन्हें देते हैं।

बामसेफ के माध्यम से दलित वर्ग के कर्मचारी और अधिकारी भी दलित वर्ग को अधिक प्रभावित करते थे। 20 अगस्त 1990 'सण्डे आब्जर्वर' नामक पत्रिका को कांशीराम ने बयान दिया था कि देश के करीब चार सौ सिविल सर्वेट बसपा के ब्रेन बैंक हैं। बामसेफ के करीब 26 लाख कर्मचारी कार्यकर्ता सारे देश में फैले हुए हैं जिनकी शुद्ध आय सालाना 10 करोड़ रूपये से अधिक है।

विषमतावादी समाज व्यवस्था का अध्ययन करने से पता चलता है कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़े वर्ग तथा धर्म परिवर्तित अल्पसंख्यक वर्ग इस देश की विषमतावादी समाज व्यवस्था से गंभीर रूप से पीड़ित है। इसलिए ज्योतिबा फूले, पेरियार ई.वी. रामास्वामी और डॉ. भीमराव अंबेडकर ने अपने आन्दोलन का लक्ष्य इस पारम्परिक समाज व्यवस्था को ध्वस्त करने का रखा।'' इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए उन्होंने एक विचारधारा विकसित की। ''जो लोग इस व्यवस्था से पीड़ित हैं, वही लोग व्यवस्था परिवर्तन के आंदोलन में सहगामी हो सकते हैं। उन्हीं को संगठित करना आवश्यक है। यानी शोषक और शोषित जातियों की स्पष्ट पहचान होना आवश्यक है। इसी बात को ध्यान में रख कर ज्योतिबा फूले ने केवल शोषित जातियों का आन्दोलन चलाया। इतना ही नहीं उन्होंने शोषक और शोषित जातियों में स्पष्ट सीमारेखा निर्धारित की। इसलिए उन्होंने शुद्र–अतिशूद्र बनाम शेठ जी–भट्ट जी की संकल्पना ईजाद की।''

परिवर्तन का सिद्धांत है कि शोषित और शासित मिलकर ही परिवर्तन कर सकते हैं। जब शोषक एवं शोषित तथा शासक और शासित एक साथ मिलकर रहते हैं तो न तो परिवर्तन संभव हो सकता है और न ही परिवर्तन का आधार निर्माण हो सकता। शोषक एवं शासक तथा शोषित और शासित मिलकर रहने का अर्थ है कि एक ही तालाब में भेड़–बकरी तथा शेर का पानी पीना और जब शेर को भूख लगती है तो बकरी की कोई खैर नहीं होती। इतिहास में जब–जब शोषक और शासक जातियों ने परिवर्तनवादी आंदोलन में घुसपैठ की तब–तब वह परिवर्तनवादी आन्दोलन तहस–नहस हुए हैं।

इसलिए वर्ग को इतिहास से सबक सीखते हुए बामसेफ ने यह निश्चय किया कि शोषक और शासक बुनियादी रूप से बामसेफ की सदस्यता नहीं दी जाय। यहीं फूले अम्बेडकरवादी विचारधारा है जो देश की विषमतावादी सामाजिक व्यवस्था को प्रभावित कर सकती है और ऐसी शक्तियों को परास्त कर सकती है अन्य विचारधारा नहीं कर सकती। इस विचारधारा की अहमियत को समझते हुए बामसेफ बड़ी कर्मठता से इस विचारधारा का पालन करती है। इसलिए केवल शोषित और शासित जातियों को लेकर ही आन्दोलन चलाना चाहती है। इस परिवर्तनवादी विचारधारा के साथ किसी भी कीमत पर कोई समझौता नहीं किया जा सकता।

**(क) गठन एवं स्थापना :** जिस प्रकार गंगा का उद्गम स्थल गंगोत्री हिमनदी है, यमुना का यमुनोत्री' है और सिंधु का उद्गम स्थल **'सिनका बाब'** नामक जलधारा है। नर्मदा का उद्गम मैकल पर्वत का **'अमरकंटक'** शिखर है।

दीनाभाना ही बामसेफ के निर्माण के पहले शक्स हैं जिन्होंने उसके निर्माण के लिए वातावरण का निर्माण किया। वे दिल्ली में सफाई का काम करने आये थे, वहीं पर बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर का सन् 1944 ई. में भाषण सुना था।

सन् 1964 में एक ऐसी घटना घटी जिससे रुके हुए फूले अम्बेडकरी आन्दोलन को नया मार्ग मिला। दीनाभाना ने अपने ही इंस्टीट्यूट में पदस्थ डी. के. खापर्डे का सहयोग लिया। उन्होंने यह घोषणा की कि ''मैं तब तक चैन से नहीं बैठूँगा जब तक बुद्ध जयंती और अम्बेडकर जयंती की छुट्टी लागू नहीं

हो जाती।'' डी.के. खापर्डे और कांशीराम भी उसी फैक्ट्री में सीनियर ऑफीसर सफाई कर्मचारी की बात सुनकर इन दोनों लोगों ने अन्य साथियों के सहयोग से बामसेफ नामक संगठन का 6 दिसम्बर 1973 में बीजारोपण किया।

बामसेफ का बीजारोपण यानी इसकी अवधारणा तो पूना में 6 दिसम्बर 1973 को की गई लेकिन पाँच साल बाद में दिसम्बर 1978 में दिल्ली में इसे मूर्त रूप दिया गया। साथ ही निश्चित किया गया कि बामसेफ को समाज के दिमाग का काम करना चाहिए और समाज से गाइड होने के बजाय समाज को गाइड करना चाहिए। बामसेफ रूपी भवन के दूसरे मजबूत स्तम्भ डी.के. खापर्डे के रूप में थे। यह यही व्यक्तित्व थी जिसने कांशीराम को बाबा साहब के साहित्य से परिचय कराया। इससे पूर्व कांशीराम को बाबा साहब के बारे में कुछ भी पता नहीं था। डी.के. खापर्डे ने कांशीराम को डॉ. अंबेडकर के आंदोलन के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

**संदर्भ :**


1. एम. के. पंचाग (2012), संतरैदाम जैनरैदाम दिव्यांश पब्लिकेशन लखनऊ।
2. डी. आर. जाटव (1990), डॉ. पी.आर. अम्बेडकर का राजनीतिक दर्शन, शीतल प्रिन्टर्स जयपुर (राज.)
3. रजनीकांत शास्त्री (1900) हिंदू जाति का उत्थान और पतन, किताब महल एजेंसी सरोजनी मार्ग इलाहाबाद।
4. डॉ. बी. आर. अंबेडकर (2001), हिन्दूत्व का दर्शन, आनंद साहित्य सदन सिद्धार्थ मार्ग, अलीगढ़ (उ.प्र.)
5. शोभिता जैन (2004), भारत में परिवार विवाह और नातेदारी, रावत पब्लिकेशन जवाहर नगर जयपुर।
6. बोधानन्द महास्थविर (2005), मूल भारतवासी और आर्य प्रकाशक आनन्द साहित्य सदन सिद्धार्थ मार्ग छावनी, अलीगढ़।
7. डॉ. नवल वियोगी (2004), प्राचीन भारत के शासक नाग, उनकी उत्पत्ति और इतिहास (एक जातीय विश्लेषणात्मक शोध प्रबंधन) प्रकाशक ब्लूमून बुक्स करोल बाग, नई दिल्ली।
8. भद्रशील रावत (2011), भारत की गुलामी में गीता की भूमिका प्रकाशक पश्चिम पुरी, नई दिल्ली।
9. नवल वियोगी (1985), सिंधु घाटी सभ्यता के सृजन कर्त्ता शूद्र और वर्णिक प्रकाशक अनुसंधान सीता नगर, लुधियाना (पंजाब)
10. डॉ. राधेशरण अनंत (1982), बैसाखियों के सहारे प्रकाशक– प्रबंधक साहित्य लोक 7–9 अनंतपुर रीवा बेनीगंज, इलाहाबाद
11. राहुल सांकृत्यायन (1993), दिमागी गुलामी प्रकाशक– किताब महल थार्नहिल रोड, इलाहाबाद।
12. बाब साहब डॉ. भीम राव अंबेडकर अनुवादक– भदंत आनन्द कौसल्यायन (1988), हिंदू धर्म की रिडल ब्राह्मणशाही की उहापोह, प्रकाशक– रिडल्स प्रकाशन, बुद्ध भूमि कामठी रोड, नागपुर।


---

**संपर्क : समाजशास्त्र विभाग, श्री खुशाल दास विश्वविद्यालय, हनुमानगढ़, राजस्थान**

कहानी

# लगन

**डॉ. शशिकांत मिश्र**

रूपा, अरी ओ रूपा कहाँ मर गई तू! कुलक्षणी, मर भी क्यों नहीं जाती। वाह रे वाह, ये तो यहाँ अजगर के समान सो रही है। तेरा बाप क्या यहाँ कुछ रख के गया है कि उठोगी और भैंस जैसे चर जाओगी। रामू का दूध कब गर्म होगा? उसका टिफिन बक्सा कब पैक करोगी? उसका स्कूल जाने का वक्त हो गया है। छिः छिः बात करते समय न मुँह पे लगाम, न सोते समय थोड़ी भी शर्म। आज तुझे यदि मैंने मजा नहीं चखाया, तो मेरा नाम राधा नहीं। आज तेरा हिसाब लेकर ही रहूँगी। एक तो इसका मामा है, जिसने अपनी लाड़ली भाँजी को सर चढ़ा रखा है। बात–बात पर इसे बच्ची कहता है। अरे, बच्ची होगी तो अपने क्त्र में, यहाँ मैं दिन–रात दौड़ती रहूँगी और यह पेट में ठूँसकर दो–चार काम करती नहीं कि आस–पड़ोस में घूमने निकल जाएगी।

इतनी सारी गालियाँ देते–देते रूपा की मामी रूपा के गाल पर दो–चार तमाचे जड़ देती है। बेचारी रूपा की आँखें नींद से पूरी तरह खुली ही नहीं, मामी उसकी चोटी को पकड़, उसे खींच–खींच कर रसोई घर में ला खड़ा कर देती है। रूपा सिसकते–सिसकते बर्तन माँजने लगी। घड़ी को देखा तो 8.30 बज चुके थे। उसके पास था मात्र एक घंटा। एक घंटे के अंदर उसे मामा के बेटे रामू के लिए दूध गर्म करना है और पूरे परिवार के लिए रोटी बनाना। उसके हाथ–पैर काँपने लगे–काम के बोझ से नहीं, मामी की मार और ऊपर से अपमानजनक बातों के कारण।

ऐसे तो पूरे घर का काम उसके बाँये हाथ का खेल हैं। अगर दूध या टिफिन बक्सा सही समय पर तैयार नहीं हुआ, तो पहले मामी तो मारेगी ही मारेगी, फिर मामा के घर लौटने पर झूठ–मूठ की बातें जोड़कर उनसे और मार खिलाएगी। यह था डर रूपा का।

सुबह की ठंड के कारण नाक से बहते पानी और मार से आँखों से बहते पानी को पोंछते हुए वह अपनी पूरी ताकत लगाकर 10 लोगों के लिए आटा सानने लगती है रूपा। आटे में पानी डालकर सानते समय गीले आटे उसकी छोटी–छोटी उंगलियों में ऐसे चिपक जाते कि मानों उंगलियों से उनको प्यार हो गया हो। फिर लंबी साँस ले, घड़ी की ओर देखती है रूपा। हाथ में अब सिर्फ आधा घंटा और है। रुंधे हुए गले से वह रामू को आवाज देती है। रामू, ओ रामू! आ मेरे भाई, आ जा, तेरा दूध गर्म हो गया है। तू पहले पी ले, फिर पढ़ाई कर। ये सुनते ही, भोर के रक्ताभ सूरज सी बड़ी लाल बिंदी पहन, सज–संवर कर मुँह में पान डाले, गाल फुलाए अंदर बैठी मामी चिल्लाने लगती है। ''अब दूध पीएगा तो खाना कब खाएगा? तेरे पास समय का ज्ञान है कि

नहीं? स्कूल जाने का समय हो गया है। अब वह दूध नहीं पीएगा कलमुंही! तू ही पी ले। मेरा खून चूसने से तो अच्छा है कि तू दूध पीकर शांत हो जा।''

रूपा दसवीं में पढ़ती थी। बचपन से गरीबी ने उसका पीछा नहीं छोड़ा। जबसे उसने होश संभाला है, तबसे रोज ही रात की नींद खराब हुई है। वह हर दिन रात में माँ को रोती हुई देखती थी। जब वह रात में देखती थी कि उसका शराबी बाप माँ के बालों को खींच–खींच कर इधर से उधर और उधर से इधर धक्का दे रहा है और रक्तमुंहा बना हुआ है, तब वह अपनी बड़ी दीदी सोना के फ्रॉक में मुँह छिपाए सिसक–सिसक कर रोते–रोते सो जाती थी। उसे पता नहीं होता था कि कितनी रात तक घर में चलता रहा द्रौपदी का वस्त्र–हरण और दुस्सासन का अट्टहास।

बचपन से रूपा अपनी दीदी को ही अपनी संरक्षक यानी माता, पिता, बहन सब कुछ मान लेती है। घर की गरीबी की बात छोड़ो। बाप तो निकला शराबी। कहीं कुछ काम धाम अगर कर भी लेता, तो पूरे पैसे शराब पर उड़ा देता था। घर में फूटी कौड़ी देना तो दूर, अपनी बेटियों को फटे–पुराने कपड़े में देखकर एक जोड़ा कपड़ा भी खरीदकर नहीं देता। माँ दिनभर प्राइवेट स्कूल में पढ़ाने के अलावा यहाँ वहाँ ट्यूशन पढ़ाते हुए जो कमाती, उसी में बेटियों की परवरिश होती। माँ की सदैव एक ही इच्छा रहती थी कि उसकी बेटियाँ पढ–लिखकर इस दुनिया में अपने–आपको संभालने के लायक बन जाएँ। वह अपनी सोना–रूपा जैसी दो बेटियों को बाप के कारनामों के बारे में न बताते हुए यही बताती रहती थी कि तुम दोनों लगन से पढ़ो–लिखो, कुछ बनो, इस दुनिया में अपने पैरों पर खड़े होने की कोशिश करो। तुम्हारे लिए मैं कोई कमी होने नहीं दूंगी। अपने पिता के बारे में सोचकर कभी दुःखी मत होना। आजकल कलयुगी पिताओं से और क्या आशा की जा सकती है? यह कहते–कहते वह आंचल में आँसुओं को छिपा लेती थी। इस प्रकार कई बार रूपा ने अपनी माँ की आँखों से आँसू बहते हुए देखा था और अपनी दीदी को माँ की आँखों को पोंछते हुए।

सोना, रूपा से मात्र दो ही साल बड़ी थी, किंतु थी समझदार। शराबी बाप जब नशे में चूर होता तथा माँ के घर में न होने पर उन पर अत्याचार करता था, तब रूपा को कोई डर नहीं था, क्योंकि रूपा की समझ में तो उसकी दीदी उसकी सबसे बड़ी रक्षक थी।

तब तक रूपा बड़ी तो हो गई थी, उसका शारीरिक विकास भी हो चुका था, किंतु परिवार की अशांत स्थिति के कारण उसका मानसिक विकास ठीक से नहीं हो पाया था। उसके अंदर हर समय अपने शराबी पिता का खूंखार रूप नाचने लगता था। वो बातें याद आते ही उसकी रूह कांप उठती थी।

जैसे–तैसे करके रूपा मैट्रिक की परीक्षा में अच्छे नंबर के साथ पास हो गयी, पर आगे की पढ़ाई के लिए उसे जो प्रेरणा चाहिए थी वह न घरवालों से मिली न दूसरों से। कोई भी क्यों दूसरे को प्रेरित करेगा? क्योंकि वर्तमान में सिर्फ प्रेरणा से काम बनने वाला नहीं है, प्रेरणा के साथ–साथ चाहिए पैसे, जिसके लिए रूपा थी मोहताज।

दीन को दीनबंधु मिलने की तरह एक दिन कोई फरिश्ता जैसे सपने में रूपा से आगे की पढ़ाई के लिए कहता है और रूपा आगे की पढ़ाई करने की बात ठान लेती है। दाखिला ले लेती है कॉलेज में। कॉलेज में जहाँ अन्य लड़कियाँ पहनकर आती हैं सुंदर–सुंदर आधुनिक कपड़े, वहीं रूपा अपने साँवले–सुगठित शरीर को वही पुरानी स्कूल ड्रेस से सजाकर जाती है। एक बड़ी होती लड़की के शरीर पर जिन अलंकारों की जरूरत होती है, वे अलंकार रूपा के शरीर पर नदारद थे। लेकिन सोना दीदी की प्रेरणा तथा मीठी बातें उसके सारे अभावों को पूरा कर देती थी।

अचानक एक दिन रूपा देखती है कि घर में कई लोग आये हुए हैं। दीदी भी बहुत सजी हुई है। पहले उसने कभी भी सोना दीदी को इस प्रकार सजे हुए नहीं देखा था। अपनी दीदी को इतनी सुंदर देखने के बाद उसके मन में कई प्रश्न उमड़ते–घुमड़ते बादलों की तरह टकराते जाते हैं। उसकी समझ में यह बात नहीं आती कि आखिर घर में यह हो क्या रहा है? इस बारे में पूछे तो आखिर किससे पूछे? दीदी तो शरमा–शरमा कर अपनी साड़ी के आँचल में मुँह छिपा रही है। अंततः वह हिम्मत बाँध अपनी नानी से पूछ लेती है– ''नानीजी, आज घर में क्या है?''

नानी जब बताती है कि कुछ ही दिनों में उसकी दीदी सोना की शादी हो जाएगी और वह बहुत दूर चली जाएगी, तब वह अपने–आपको अनाथ–सा महसूस करती है। उसके सिर पर वज्रपात हो जाता है और वह लड़खड़ाकर पास खड़ी दीवार से टिक जाती है। वह दीदी की शादी के लिए चिंतित नहीं थी, बल्कि दीदी की शादी के बाद उसकी सुरक्षा कौन करेगा और कॉलेज में फीस भरने से लेकर बात–बात पर उसे प्रेरणा कौन देगा–इस बात के लिए चिंतित थी।

दीदी की शादी का दिन जैसे–जैसे करीब आता था, वैसे–वैसे रूपा की आँखों से अश्रुधारा बाढ़ के पानी के बढ़ने की तरह तीव्र होने लगी थी। शादी के दिन घर के पास बारात पहुँचते ही रूपा अपने होने वाले जीजा की गोद में मासूम बच्चे की तरह बैठकर, उनसे अपनी दीदी को कुछ न कहने की प्रतिज्ञा ले लेती है और उसे भी साथ ले चलने की बात कह डालती है।

शादी करके दीदी के चले जाने के कुछ दिन बाद तक रूपा अपने–पराये के बीच के संबंध की परिभाषा ढूँढ़ती रही। कभी–कभी निराश मन से आकाश की ओर देखकर, उसमें अपना भविष्य ढूँढ़ा करती है। अब रूपा को यह एहसास हो गया कि उसे भी एक दिन शादी करके पराये घर में जाना ही होगा।

जब–जब उसके मन में अपनी शादी की बात आती, तब–तब उसकी आँखों के सामने माँ पर अपने शराबी बाप का अत्याचार, मारपीट की विभीषिका का दृश्य किसी फिल्मी रील की तरह चलने लगते।

दीदी की शादी के बाद वह पूरी तरह अपने मामा के यहाँ आ गयी और यहाँ नानी को उसने अपने सबसे करीब हो जाती है। माँ–बाप के प्यार की कमी तथा अपनी बड़ी बहन की हिम्मत सब कुछ उसे नानी से मिल गये। वह अपनी नानी की इतनी चहेती बन गयी कि उसके लिए नानी कोई फरिश्ते से कम नहीं। मामा के घर में मामियों के सताने के बावजूद, वह तूफान में

बड़े–बड़े वृक्षों के उखड़ने की तरह उखड़ नहीं जाती, बल्कि बाँस की तरह झुक जाती है।

नानी की कही बात ''बीज को पुष्पित–पल्लवित होने के लिए अपनी हस्ती को ख़ाक में मिटाना होता है'', को मन में गाँठ बाँध रूपा हर उत्पीड़न एवं कष्ट को सह लेती है, क्योंकि उसे कुछ बनना है, उसे अपने पैरों पर खड़ा होना है। अपनी माँ की तरह, शराबी पति का जुल्म नहीं सहना है।

डिग्री की पढ़ाई के बाद घरवालों के लाख मना करने के बावजूद वह एम.ए. की छात्रा के रूप में यूनिवर्सिटी में प्रवेश ले लेती है–पब्लिक एडमिनिस्ट्रेसन डिपार्टमेंट में। वह इतनी लगन से पढ़ाई करती कि डिपार्टमेंट के सहपाठी से लेकर प्रोफेसर तक सब उसे प्यार करने लगते हैं। धीरे–धीरे अपने निष्कपट मन तथा गहन स्वाध्याय से वह हर किसी के दिल पर राज करने लगी। इसकी मासूमियत को देखते हुए उसके सभी सहपाठी उसकी हर तकलीफ को दूर करने के लिए आगे आते गये।

मामियों के ताने न सह पाने के कारण कई बार रूपा भूखे पेट यूनिवर्सिटी आ जाती, किंतु हॉस्टल के साथी उसे अपने भोजन में से थोडा बचाकर कभी रोटी तो कभी सांबर मिला चावल ला देते और वह उसे खाकर लाइब्रेरी में पढ़ाई करती रहती। यूनिवर्सिटी के कई दुष्ट प्रवृत्ति के छात्रों ने उसके भोलेपन का गलत फायदा उठाने की कोशिश भी की, किंतु द्रौपदी की लाज बचाने हेतु भगवान कृष्ण के पहुँचने की तरह उसके कुछ खास मित्र उसे बचाने ठीक समय पर पहुँच जाते थे।

एम. ए. प्रथम वर्ष की पढ़ाई पूरी हुई कि नहीं घरवालों ने उसकी शादी तय कर दी, क्योंकि इधर गरीबी और शराबी पिता के कारण बदनामी, तो उधर दूसरों के घर में अपनी बेटी के ताने खाने की पीड़ा–रूपा की माँ सहन नहीं कर पा रही थी।

शादी तो तय हो गयी, किंतु एक अलग जात के अधेड उम्र के शराबी के साथ। लड़के के माँ–बाप ने उसे एक इंजीनियर बता कर शादी तय कर दी। शादी के मंडप में बैठी रूपा अपनी ओढ़नी की आड़ में देखती जा रही थी उस मूंछेदार लाल–लाल आंखों वाले अपने होने वाले पति को और अंधकारमय भविष्य में ढूँढ़ती जा रही थी अपने प्रेम के लिए स्थान। शादी के दिन उसके मित्रों ने उसे अपने साथ भाग जाने की बात कही, किंतु वह ऐसा करने से इंकार करती है और आजीवन उस शराबी के साथ रहने का प्रण ले लेती है, क्योंकि वह सामाजिक परंपरा और नियम–कानून रूपी मायाजाल को तोड़ना नहीं चाहती।

विवाह के चिर बंधन में बंधने के बाद शुरू हुआ रूपा के जीवन में महासंग्राम। इधर शराबी पति की प्रताड़ना तो उधर अपने पैरों पर खड़े होने के सपने को साकार करने की अदम्य इच्छा। इसी बीच उसने अपनी पढ़ाई जारी रखी। ससुरालवालों से संघर्ष करते, दिन–रात एक कर इतनी लगन से पढ़ाई की कि प्रथम प्रयास में ही उसने नेट की परीक्षा पास कर ली।

इस परीक्षा में पास होना सिर्फ उसके लिए ही नहीं, बल्कि उसके पूरे डिपार्टमेंट के लिए भी बड़े गर्व की बात थी। क्योंकि अभी तक डिपार्टमेंट के

किसी भी छात्र को नेट की डिग्री नहीं मिली थी। इसके बाद शिक्षा के लिए उसने अपने जीवन को तिल–तिल कर समर्पित कर दिया।

एम. ए. पूरा होने के बाद उसकी इच्छा थी कि वह पीएच.डी. करे, किंतु उसके पति को यह बात रास नहीं आई। जब रूपा पीएचडी करने की जिद्द पर अड़ गयी, तो शारीरिक अत्याचार के साथ–साथ उस पर मानसिक यातनाएँ भी शुरू हो गयीं। इन यातनाओं से तंग आकर रूपा मोम से बनी एक जैसी जड़ प्रतिमा बन गयी।

आँखों में भरे सपने पूरे न होने की स्थिति में उसने कई बार परिवार एवं समाज के कटघरों को तोड़ कर, न्याय का रास्ता अपनाने की तैयारी कर ली थी, किंतु तब तक वह अकेली हो चुकी थी। जीवन के रास्ते में पीछे मुड़कर देखती तो उसे कोई अपना हमसफर दिखाई नहीं देता। न तो अब हौसला बढ़ाने वाली नानी उसके साथ थी और न दीदी। नानी भी चल बसी थी और दीदी अपनी राह पर। कंधे पर अब उन मित्रों के हाथ भी नहीं थे, उसकी हर तकलीफ को दूर करने के लिए। जो मित्र एक समय अपनी बातों से उसके दुखी मन में खुशी भर देते थे, जो उसके चेहरा देखकर ही समझ जाते कि वह आज नहीं खाई है और हॉस्टल से छिपाकर लाया टिफिन बक्सा देते हुए कहते थे रूपा, तू पहले इसे खा ले और बाद में पढ़ाई कर। अब न वे प्रोफेसर थे–जो सेमेस्टर परीक्षा में प्रथम आने पर उसके हाथ में हस्ताक्षरित ब्लैंक चेक थमा देते थे और कहते थे रूपा, तू जितना चाहे उतना रुपया बैंक से निकाल ले और अपनी पढ़ाई के लिए सभी आवश्यक वस्तुएँ खरीद कर बढ़िया से पढ़ाई कर। अब शून्य आसमान को टकटकी लगाने के अलावा उसके पास और कोई उपाय नहीं थे।

सास के द्वारा बाँझ होने के ताने तथा पति की प्रताड़ना ने स्वयं के करियर को लेकर चिंतित रूपा को अपने विचारों पर ताला जड़ने के लिए बाध्य कर दिया। रूपा ने मान ली पति की बात और कोख में धारण कर ली एक नये जीवन को, इस आशा के साथ कि काश! यह नया जीवन आगे उसके जीवन की ज्योति बन जाए। परंतु संतान को कोख में ले लेने के बाद भी उस पर पारिवारिक प्रताड़ना कम नहीं हुई। गर्भ में बच्चा रहने के बावजूद, आर्थिक तंगी से निबटने के लिए उसने एक स्कूल में शिक्षिका के रूप में ज्वाइन कर लिया। स्कूल से लौटने के बाद यदि थोड़े समय के लिए भी वह विश्राम कर लेती तो सास के जुल्म उसके लिए असह्य हो जाते। गर्भ के महीनों में ऐसे कई दिन भी आये कि कभी–कभी उसे आस–पड़ोस के द्वार पर खाने के लिए थाली लेकर आर्त पुकार लगानी पड़ी। कई बार ऐसा भी हुआ कि उसके सामने से भोजन की थाली छीन ली गई। इस पर मन ही मन वह नारी जाति को कोसती। उसके निश्छल मन में एक धारणा बन गई थी कि एक नारी ही दूसरी नारी की वेदना को समझ सकती है, जैसे एक माँ अपनी बेटी को समझती है और उसकी नानी एवं दीदी उसे समझ पाती थीं। किंतु उसकी सास एक नारी होने के बावजूद कैसे नहीं समझ पाती थी गर्भवती नारी की हृदय वेदना को?

कंस की प्रताड़ना के बावजूद संसार में धर्म की रक्षा हेतु देवकी के गर्भ से कृष्ण के जन्म लेने की तरह रूपा के तप्त जीवनाकाश को शीतलता से भर देने हेतु उसकी गोद में आ गया मासूम मयंक। 'होनहार बिरवाँ के होत चिकने

पात' की तरह मयंक कुशाग्र बुद्धि तथा सर्वगुण संपन्न था। अपने दिल के टुकड़े मयंक को देख, रूपा की आँखों से निशिदिन बहने वाली जल धारा सूख गयी और उसके दिल में आ गई एक नई उमंग–उस मासूम मयंक को संसार में पहचान दिलाने की।

तब तक रूपा ने भी समेट ली थी अपनी पढ़ाई की पोथी। किंतु अपनी ज्ञान ज्योति से मासूम मयंक के जीवन को जाज्वल्यमान बनाने का सपना वह दिन रात देखने लगी थी। माँ बनकर एक महीना भी नहीं हुआ कि उसे पुनः ज्वाइन करना पड़ा स्कूल में, क्योंकि एक माँ होने के नाते उससे अपने बेटे को भूख से बिलबिलाना देखा नहीं जा रहा था। आखिर कितने दिन तक एक माँ सिर्फ और सिर्फ पानी पिलाकर मासूम बच्चे के रोने को बंद करेगी?

अपने विकास की गति को विराम न देते हुए, वह स्कूल छोड़ पुनः किसी कॉलेज में प्राध्यापिका के रूप में ज्वाइन करती है। बीच में कई साल गुजर चुके हैं और रूपा कई विद्यार्थियों का भग्य निर्माता भी बन चुकी है। आज वह उस कॉलेज को छोड़, पहुँच चुकी है उस यूनिवर्सिटी की कुर्सी पर एक प्रोफेसर के रूप में, जहाँ एक जमाने पहले वह विद्यार्थी थी और उस कुर्सी पर बैठे व्यक्ति से मिलने हेतु उसे अनुमति लेनी पड़ती थी। आज उसकी लगन रंग लायी है और वह आदर्श बन गई है अन्याय, अत्याचार, शोषण तथा शराब में डूबे इस समाज के लिए.......।

---

**संपर्क : अध्यक्ष हिंदी विभाग, एवी कॉलेज ऑफ आट्र्स, साइंस एंड कॉमर्स, दोमलगुड़ा, गगनमहल, हैदराबाद–500029, मो.नं : 9030963026**

*With Best Compliments from*

PITTI ENGINEERING SOLUTIONS — Since 1983 —

ISO 9001: 2008 World Class Quality Systems

# PITTI LAMINATIONS LIMITED

(AN ISO 9001-2008 CERTIFIED COMPANY)
MANUFACTURERS OF
ELECTRICAL LAMINATIONS AND STAMPINGS
FOR
INDUSTRIAL MOTORS, ALTERNATORS, GENERATORS,
WIND POWER GENERATORS, ENCODER MOTORS,
DC MACHINES, RAILWAY ALTERNATORS,
ELEVATORS AND DOMESTIC APPLIANCES

**AND FROM:**

Pitti Castings Pvt Limited
Pitti Electrical Equipment Pvt Limited
Pitti Holdings Pvt Limited
Pitti Components Limited
Badrivishal Pannalal Pitti Trust
Raja Bahadur Sir Bansilal Motilal Charitable Trust
Raja Bahadur Sir Bansilal Dharmarth Trust
Sri Pannalal Pitti Dharmarth Trust
Sri Ranganath Mandir Rangbagh Trust
Sri Rangbagh Trust
Sri Jagannath Mandir Trust
Sri Hanuman Mandir Trust
Sri Kanta Pitti Trust
Smt Jasodabai Trust
Sanskrit Sahitya Nidhi Trust
Ram Manohar Lohia Samata Nyas

**REGD.OFFICE**

6-3-648/401, 4TH FLOOR, PADMAJA LANDMARK
SOMAJIGUDA, HYDERABAD-500 082
PHONES : 23312770, 23312774, 23312768
FAX NO. : 23393985
E-MAIL : info@pittilam.com
SITE : www.pittielectriclam.com

# स्मृति शेष : प्रो. टी. मोहन सिंह जी

## विभिन्न साहित्यिक कार्यक्रमों में...

















**International Journal of All Research Education & Scientific Methods**

**UGC Certified Peer-Reviewed Refereed Multi-disciplinary Journal**
**ISSN: 2455-6211, New Delhi, India**
**Impact Factor: 7.429, SJR: 2.28, UGC Journal No. : 7647**

# Acceptance Letter

**Dated: 21/07/2022**

Dear Authors,

We are glad to inform you that your paper has been accepted as per our fast peer review process:

**Authors Name: Anamika Rai, Bhavya Jain, Surbhi Singh, Bandita Naik**

**Paper Title: Loneliness and Virtual Group Identities ~ A Correlational Study**

**Paper Status: Accepted**

**Paper Id: IJ-2107221015**

for possible publication in **International Journal of All Research Education & Scientific Methods, (IJARESM), ISSN No: 2455-6211", Impact Factor : 7.429**,

in the current Issue, **Volume 10, Issue 7, July - 2022**.

Kindly send us the payment receipt and filled copyright form asap. Your paper will be published soon after your payment confirmation.

**Best Regards,**

IJARESM Auth. Signatory INDIA

**Editor-in-Chief,**
**IJARESM Publication, India**
**An ISO & UGC Certified Journal**
**http://www.ijaresm.com**

नमनं वासुदेवाय नमनं ज्ञानराशये ।
नमनं प्रीतिकीर्तिभ्यां नमनं सर्वभूतये ।।

# नमन

## Naman

'प्रो. वासुदेव सिंह स्मृति न्यास' द्वारा प्रकाशित
यू.जी.सी. केयर की बहु-विषयी (Multidisciplinary)
सूची में क्रमांक-२८ पर नामांकित सान्दर्भिक अर्द्धवार्षिक
शोध-पत्रिका
ISSN : 2229-5585

*सम्पादक*

**डॉ. श्रद्धा सिंह**
प्रोफेसर– हिन्दी विभाग
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय
वाराणसी, उ.प्र.

**डॉ. हिमांशु शेखर सिंह**
सह आचार्य– हिन्दी विभाग
नेहरू ग्राम भारती मानित् विश्वविद्यालय
प्रयागराज, उ.प्र.

१७. हिन्दी पत्रकारिता की भाषा और ऑनलाइन पत्रकारिता ८६
डॉ. राघवेन्द्र मिश्रा
१८. हिन्दी भाषा-शिक्षण में सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी की उपयोगिता ९४
अजय कुमार सिंह
१९. नव-उपनिवेशवाद की डिजिटल दुनिया से नए सामंत युग में प्रवेश १००
डॉ. मुकेश कुमार राय
२०. विश्व की महाशक्तियों के बीच प्रतिस्पर्धा के दौर में दक्षिण एशियाई देशों के समक्ष चुनौतियाँ एवं सम्भावनाएँ १०५
स्वीटी कुमारी
२१. भारत के उत्थान में एनी बेसेण्ट का योगदान १११
प्रो. श्रद्धा सिंह
२२. सामाजिक परिवर्तन और धर्म के पारस्परिक सम्बन्ध के विषय में स्वामी विवेकानन्द के विचार ११९
गीतांश यादव, डॉ. संध्या मिश्रा
२३. चौरी-चौरा जनक्रांति का भारतीय राजनीतिक विचारधारा एवं परिदृश्य पर प्रभाव १२४
अभिषेक कुमार तिवारी
२४. पूर्वी उत्तर प्रदेश में कृषि विकास-स्तर १२९
डॉ. रवीन्द्र कुमार पाण्डेय
२५. कृषि-श्रमिकों के पलायन को रोकने में सूक्ष्म वित्तीय संस्थानों की भूमिका (बिहार राज्य के विशेष सन्दर्भ में) १३९
रिंकू कुमारी
२६. बिहार राज्य में लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण का बदलता स्वरूप १४४
संगीता कुमारी
२७. क्षेत्र के आधार पर परास्नातक स्तर के विद्यार्थियों के आत्मविश्वास का उनकी शैक्षिक निष्पत्ति पर प्रभाव १४९
डॉ. प्रेमचन्द्र यादव, शिवाश्रेय यादव
२८. किशोरावस्था के दौरान आत्म-अवधारणा एवं आत्म-सम्मान का विकास १५४
डॉ. सपना गुप्ता
२९. ग्रामीण किशोरियों में माहवारी सम्बन्धी जागरूकता एवं माहवारी-प्रबंधन (एक समाजशास्त्रीय अध्ययन) १६१
सुजाता चारण

**खण्ड-ग**

३०. Concept of Adhyatmik Diseases as Discussed in Ayurveda १६९
Dr. Rashmi Varshney
३१. Dynamics of Ahamkarain Academic Performance १७२
Namita Tayal, Nov Rattan Sharma

# Dynamics of *Ahamkara*in Academic Performance

**Namita Tayal***, **Nov Rattan Sharma****

**Abstract :** *Ahamkara* is the mechanism of 'I-maker'. It is characterized by a sense of Individuality, sense of doer-ship, identification, and sense of 'I and I-not'. *Ahamkara* is considered a meta-construct that incorporates various western self-related concepts like self-esteem, self-efficacy, self-confidence, and others. Generally, *ahamkara* defines one's relationship with self, their work, other people, and the world around them. This brings into light the relationship between self and work. Building upon the theory, the present research aimed at understanding the relationship between *ahamkara* and the academic performance of school students. For this purpose, quantitative approach was utilized wherein, sample of 200 students from $12^{th}$ standard were administered the '*Ahamkara* questionnaire' and their Grade Point Average (GPA) was collected. Correlation, Regression, and t-test were conducted on the data using SPSS-21. The results indicate a statistically significant curvilinear relationship between *ahamkara* and academic performance. Foremost, the impact of *ahamkara* on academic performance was found to be significant. Amongst the components of *ahamkara*, separation had a significant effect on academic performance but identification, agency, and individuality were found to be non-significant. Overall, the results suggest that *ahamkara* exerts a significant influence on academic performance.

***Keywords:*** *Ahamkara, Academic performance, identification, Separation, Agency, individuality*

**Introduction :** Academic performance is an essential element to the success of a student's career, school ranking, organization performance, and also the community at large. Academic performance has been the keen interest of researchers as well as practitioners due to its significant contribution in the process of growth and development of the child. Researchers have explored both the internal as well as external factors which may influence the academic performance of students. These factors can be classified into four categories namely family, school, social, and self-related factors. The shift from demographic or physical variables to psychological variables is not new to the field of educational research. Psychological variables are majorly dominated by factors related to self: such as self-concept, self-esteem, self-efficacy, self-confidence, self-image and others. These factors are the discovery of western body of knowledge and are limited in scope. An eastern concept that is wide in scope and incorporates all these western concepts is '*Ahamkara*'. *Ahamkara* is loosely translated into ego, pride or false identity. Despite this understanding, the concept of *ahamkara* in Indian scriptures is mentioned as a mechanism of 'I-maker'. It is described as an ability of the mind to take on identities by relating to oneself and others. Salagame (1999) has developed a componential model of *ahamkara* based on the religious texts; he presented the concept of *ahamkara* in light of four components i.e., individuality, agency, identification, and separation. This understanding expands the scope of the concept and helps us understand one's relationship with self, their work, the people around, and the world at large. Religious texts have connected *ahamkara*

*Research Scholar- Department of Psychology, Maharshi Dayanand University, Rohtak, India
**Professor- Department of Psychology, Maharshi Dayanand University, Rohtak, India.

Instructions for authors, subscriptions and further details:

http://qre.hipatiapress.com

# Dwelling into the Role of Ahamkara in Academic Performance: A Qualitative Inquiry

Namita Tayal[1], & NovRattan Sharma[2]

1) Department of Applied Psychology. Shyama Prasad Mukherji College. University of Delhi (India)
2) Department of Psychology. Maharshi Dayanand University (India)

Date of publication: June 6th 2023
Edition period: April 2023 – June 2023

To cite this article: Tayal, N., & Sharma, N. (2023). Dwelling into the Role of Ahamkara in Academic Performance: A Qualitative Inquiry. *Qualitative Research in Education, 12*(2), 83-115. http://dx.doi.org/10.17583/qre.10269

**To link this article**: http://dx.doi.org/10.17583/qre.10269

PLEASE SCROLL DOWN FOR ARTICLE
The terms and conditions of use are related to the Open Journal System and to Creative Commons Attribution License (CC-BY).

*Qualitative Research in Education Vol. 12 No. 2 June 2023 pp. 83-115.*

# Dwelling into the Role of Ahamkara in Academic Performance: A Qualitative Inquiry

Namita Tayal
*University of Delhi*

NovRattan Sharma
*Maharshi Dayanand University*

**Abstract**

A student's academic performance is conditioned on factors within the pupil or outside, in the environment. The Western body of knowledge emphasizes the positive role of "Self" and related variables such as self-esteem, self-efficacy, self-confidence, and others on the academic performance of students. An Indian counterpart to the concept of self is "Aham". The present study aimed at qualitatively understanding the role of Ahamkara in the academic performance of school students. For this purpose, a semi-structured interview technique was utilised for data collection. A total of 11 interviews were recorded and transcribed. Thematic Network analysis framework forwarded by Attride-Sterling (2001) was utilized for data analysis. Based on the analysis 4 global themes emerged. They are: Formation and maintenance of a sense of self through Identification; Active engagement of Self in the learning process leads to growth; Ignorance of Self, a path to failure; and Failure an opportunity to maintain the optimal sense of self.

**Keywords:** sense of self, academic performance, students, qualitative inquiry, thematic network analysis

2023 Hipatia Press
ISSN: 2014-6418
DOI: 10.17583/qre.10269

Hipatia Press
www.hipatiapress.com